पुस्तक मिलने का पता—

१—३१ सी, बांसतल्ला गली,

बड़ाबाजार, कलकत्ता।

२—सुराना प्रिन्टिङ्ग वर्क्स,

४०२, अपर चितपुर रोड, बड़ाबाजार, कलकत्ता।

नोट—पुस्तक छपने के पश्चात् जिनके रुपये आये हैं लाचार उनके नाम ग्राहक श्रेणी में नहीं दिये गये है।

प्रस्तावना

यों तो प्रत्येक प्राणी का दैनिक काम है कि वह अपने पञ्च भौतिक शरीर को कायम रखने के लिये भोजन किया करता है, पर मनुष्य जाति का तो परम कर्त्तव्य है कि वह शरीर निर्वाहक भोजन के साथ-साथ आत्मा के समुन्नायक ज्ञान रूप भोजन का भी सम्पादन किया करे। जिस तरह भोजन की प्राप्ति से शरीर बलवान कार्यक्षम रहता है, उसी तरह आत्मा को खुराक पहुंचाने मे वह समुन्नत--जागरूक—अपने आपको पहचानने में समर्थ होता है। फलतः मनुष्य जन्म सार्थक मूल्यवान् होता है, अगर ऐसा नहीं हुआ तो पशुओं की तरह जीवन गुजारते हुए अपने सुदुर्लभ मौके को खो कर मनुष्य आखिर पश्चात्ताप के गहरे गर्त्त मे गिर जाते हैं। किसी ने सच कहा है :—

आहार निद्रा भय मैथुनञ्च, सामान्य मेतत्पशुभिर्नराणाम्।
ज्ञानंहि तेषा मधिकं विशेषम्, ज्ञानेन हीनाः पशुभिः समानाः॥

अर्थात् भोजन, निद्रा, भय, मैथुन इत्यादि नैसर्गिक (रोजाना) कामों को जैसे मनुष्य किया करते है, वैसे ही पशु भी। इन सब कामों मे मनुष्यों और पशुओं मे कुछ फर्क नहीं है, फर्क केवल होता है, ज्ञान मे, ज्ञान मनुष्यों को होता है, पशुओं को नहीं। अगर मनुष्यों को ज्ञान न हो सका तो पशु तुल्य ही है।

पर सच पूछा जाय तो ज्ञान हीन मनुष्य पशुओं से भी समता के लायक नही है। एक गाय को लीजिये, वह अमृतोपम दूध विना किसी स्वार्थ के मनुष्यों को दिया करती है, उसके बच्चे (बैल) खेती के काम कर देते हैं; उन्हे हमलोग गाडी में जोत कर सवारी करते हैं—सामग्रिया ढोते है। भला बतलाइये, उनका क्या स्वार्थ है? पर ज्ञान हीन मनुष्य अपने स्वार्थ साधन के लिये एक दूसरे का गला घोंटने मे भी नहीं हिचकते। "ऋतुकाल मे ही भार्या से सहवास करना चाहिये" मनुष्यों के लिये ऐसी तत् तत् शास्त्रों की आज्ञा जहा पुस्तकों की टोकरियों मे पड़ी सडती है, वहा पशु जाति ठीक उसी भांति उसका पालन किया करती है, जिस तरह कि शास्त्रों ने मानव जाति के लिये आज्ञा दी है। फिर बतलाइये, मनुष्यों की पशुओं से समता कैसी?

अस्तु मनुष्यों का कर्त्तव्य है कि वे ज्ञानवान् बनें—विवेकवान् बनें ताकि स्वधर्म को निभा सकें। अगर स्वधर्म का पालन नहीं किया जाता है तो कोई कारण नहीं है कि कल्याण की प्राप्ति की जा सके।

"धर्म एव हतो हन्ति, धर्मो रक्षति रक्षितः"

धर्म अगर हत (नष्ट) होता है—पालित नहीं होता है तो वह मनुष्यके लिये लाभप्रद नहीं है और धर्म अगर सुरक्षित होता है तो वही उन्हे बचाता है। 'ध्रियते उद्ध्रियते संसार सागरदनेनेति धर्मः' जिसके बदौलत संसार-सागर से उद्धार होता है, वह धर्म है; और इस धम का पालन करना मनुष्यों का एकान्त कर्त्तव्य है। यद्यपि धार्मिक जगत् का उद्देश्य एकसा है पर रुचि वैचित्र्य से उद्देश्य की प्राप्ति के लिये साधन प्रकार—उपासनाक्रम अनेक हैं—विभिन्न है, यही कारण है कि धर्म भी अनेक नामों से अभिहित हुआ है, जैसे जैन, बौद्ध, वैदिक, ईसाई, मुस्लिम इत्यादि। इन धर्मों मे हमारा जैन धर्म एक खास महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है, आध्यात्मिक तरक्की के उम्दे (अच्छे) और पर्याप्त साधन रखता है। यह निश्चित तथ्य है कि जो इस धर्म की सच्ची उपासना करता है—ठोस अनुष्ठान करता है, वह ठाठ से कह सकता है :—

गर्वं वहसि रे खर्वे ! मुधा संसार वारिधे ।
गोस्पदी कृत्य त्वामस्मि संतरिष्यामि लीलया ॥

अर्थात् अरे क्षुद्र संसार समुद्र ! तू अपनी दुस्तरता के लिये वृथा घमण्ड करता है, मैं तुझे गोस्पद (गायका चरण चिह्न) बनाकर खेलते हुए पार कर जाऊंगा।

पर यह तभी हो सकता है, जब धर्म पालन की सच्ची लगन होगी—सच्चा प्रेम होगा। धार्मिक विषयों की कोरी जानकारी कामयाब नहीं हो सकती—मोक्ष साधिका नहीं हो सकती। कोई किसी रास्ते का नक्सा जानकर गन्तव्य स्थान पर नहीं जा सकता, उसके लिये चलने की आवश्यकता होगी। अतएव क्रिया की महत्ता महसूस करनी चाहिये। किसी ने सच कहा है :—

"शास्त्राण्यधीत्यापि भवन्ति मूर्खा, यस्तु क्रियावान् पुरुषः स विद्वान्।"

अर्थात् शास्त्रों को पढ़ कर भी लोग मूर्ख होते हैं जो क्रियावान होते हैं, वेही विद्वान है। अतएव मनुष्यों का कर्त्तव्य है कि वे प्रेम सद्भाव से धार्मिक अनुष्ठान किया करें।

अस्तु, जैनधर्म यद्यपि अनादि है—अनन्त है, फिर भी इसे सुचारु रूप में दुनिया की आखों के सामने लाने के लिये वर्त्तमानकाल में समय समय पर श्री ऋषभदेव स्वामी से लेकर भगवान् श्री महावीर स्वामी तक चौबीस तीर्थङ्कर हो चुके है। इसीलिये जैन साहित्य में ये तीर्थङ्कर भगवान् जैनधर्म के प्रवर्त्तक—जैनधर्म के संचालक कहे जाते है। कहना न होगा कि उनके उसी उपकार भार से झुककर आज जैन जगत् उन महापुरुषों मे से एक एक के प्रति "अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जन शलाकया। चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरुवे नमः॥" इस प्रकार श्रद्धाञ्जलि अर्पित करता है। अस्तु, भगवान् महावीर के निर्वाण के ६०९ वर्ष बाद जैनधर्म का दो भागोंमें विभाजन हो गया। श्वेताम्बर और दिगम्बर।

श्वेताम्बर जैनधर्म में भी दो विभाग है, श्वेताम्बर स्थानकवासी और श्वेताम्बर तेरापंथी। स्थानकवासी सम्प्रदाय में भी कितने उपविभाग हैं, इसी तरह तेरापंथियोंमें भी दो उपविभाग है, भीखमपंथी और वीरपंथी। पर इन विभाग-उपविभागों में बहुत कम अन्तर हैं, वस्तुतः मन्तव्य एकसा ही है।

दिगम्बर जैनधम में भी उसके बाद फिर दो विभाग हुए, बीसापंथी और तेरापंथी। बीसापंथी प्राचीन है, तेरापंथी अर्वाचीन, क्योंकि टोडरमलजी के जमाने में तेरापंथी धर्म चल पड़ा। बाद में और भी उपविभाग हुए हैं।

जैनधर्म को पूज्य पूजक रूप से दो भागों में विभक्त किया जा सकता है पूज्य पद से पञ्च परमेष्ठी के पाच भेद हैं, अरिहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय साधु, पूजक रूप से श्रावक।

अरीणा मष्ट कर्माख्य शत्रूणां हन्ता, अरिहन्ता, अर्थात् अष्ट कर्म रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने वाले 'अरिहन्ता" हैं, उसी का प्राकृत शब्द स्वरूप "अरिहन्त" है। अर्हितः सर्वैः पूजितः, अर्थात् सभी से जो पूजित हो वह 'अर्हंत' है। उसी का प्राकृत शब्द स्वरूप 'अरिहन्त' है। अरिहन्त का लक्षण इस प्रकार जैनधर्म में आंका गया है—

"जियंत रागारि जिणेसु णाणे सप्पाडिहेराइ समप्पहाणे।
संदेह संदोह रयं हरंते झाएह णिच्चंपि जिणेरिहंते॥"

नोट—अशोक वृक्ष, पुष्पवृष्टि, दिव्यध्वनि, चमर युगल, स्वर्ण सिंहासन, भामण्डल, दुन्दुभि, और छत्रत्रय, ये सब देवताओं के द्वारा भगवान् के विहारकाल में सेवाभाव से उपस्थित किये जाते हैं।

राग रूपी शत्रु के विजेता, अच्छे ज्ञान वाले, प्रधान प्रातिहार्य आदियों से युक्त, शंकाओं को दूर करने वाले अरिहन्तों का हमलोग हमेशा ध्यान करते हैं।

शरीरधारी होते हुए भी—शारीरिक, वाचनिक, मानसिक, सभी क्रियाओं को करते हुए भी आत्मा के ज्ञान, चारित्र आदि गुणों का—आध्यात्मिक शक्तियों का पूरा-पूरा विकास कर चुके हों, वे ही अरिहन्त हैं।

आत्यन्तिक सुख साधनात् सिद्धः; जिसने चरम सुख की प्राप्ति कर ली है, वह सिद्ध है। जैन शास्त्रों मे उन सिद्धों का लक्षण इस प्रकार कहा गया है :—

"दुट्ठ कम्मा वर णप्पमुक्के अणंत णाणाइ सिरी चउक्के।
समग्ग लोगग्ग पयप्पसिद्धे झाएह णिच्चंपि समत्त सिद्धे॥"

अर्थात् दुष्ट अष्टकर्म रूप आवरण से रहित अनन्तज्ञानादि* चतुष्टय से समन्वित समस्त लोक के अग्र भाग मे अवस्थित समस्त सिद्धों का हमलोग हमेशा ध्यान करते हैं। अरिहन्त की तरह सर्व शक्तिमान्, पर शरीर त्यागी हों, वे सिद्ध हैं। यद्यपि अष्ट कर्मों के विनाश से अरिहन्त की अपेक्षा सिद्ध श्रेष्ठ है, फिर भी व्यावहारिक दृष्टि से—परोक्ष स्वरूप वाले सिद्धों की सत्ता को बतलाने की हैसियत से—जैनधर्म के प्रचारक होने के विचार से अरिहन्त ही पहिले नमस्कार के योग्य हैं। ये दोनों सब के पूज्य ही हैं, पूजक नहीं।

आचारं ग्राहयति, आचारयति शिष्यम्, आचिनोत्यर्थान्, बुद्धिम्, आचारान् चेति आचार्यः। अर्थात् जो आचारों की शिक्षा दें या मोक्ष साधन का चुनाव करें अथवा निर्वाण साधिका बुद्धि का सम्पादन करे अथवा स्वयं धर्म पालन करने के लिये आचारों का चयन करें, वह आचार्य है। लक्षण इस प्रकार है :—

"पंचिंदिअ† संवरणो तह णव विह बंभचेर गुत्ति धरो।
चउविह कसाय मुक्को इय अट्ठारस गुणेहिं सजुत्तो॥
पंच महव्वय जुत्तो पंच विहायार पालण समत्थो।
पंच समिओ तिगुत्तो छत्तीस गुणो गुरु मज्झ॥"

अर्थात पञ्चेन्द्रियों के वशी कर्त्ता, नौ प्रकार के ब्रह्मचर्यों के बाढ़ के पालक, गुप्तिधर, चार कषायों से मुक्त, अट्ठारह गुणों से युक्त, पञ्च महाव्रतों के पालयिता, पञ्च विध आचारों के निभाने में समर्थ, पंच समितियों और तीन गुप्तियोंके धारक, अतएव छत्तीस गुणोको धारण करने वाले मेरे गुरु आचार्य हैं।

गच्छ के संचालन मे सक्षम, (क्षमावान) गच्छ के हिताहित के उत्तरदायित्वपूर्ण एवं देशकाल के समुचित ज्ञानवान् अपने छत्तीस गुणों के साथ-साथ सर्वसाधारण साधुओं के सत्ताईस गुणों के भी जो पालक हों वे आचार्य होते हैं। इनकी मान्यता उपाध्याय और साधुओं की अपेक्षा अधिक है।

अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्त चारित्र और अनन्तवीर्य ये ज्ञान चतुष्टय है।

† स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और कर्ण ये पञ्च ज्ञानेन्द्रिय हैं। कषाय :—क्रोध, मान, माया और लोभ ये चार कषाय हैं। पञ्च महाव्रत :—प्राणातिपात, मृषावाद अदत्तादान, मैथुन और परिग्रह, ये पञ्च महाव्रत हैं। पञ्चाचार :—ज्ञानाचार, दर्शनाचार, चारित्राचार, तपाचार और वीर्याचार, ये पाच आचार हैं। पञ्च समिति :—ईर्या समिति, भाषा समिति, एषणा समिति, आदान भण्ड मत्त निक्षेवणा समिति और परिट्ठावणियासमिति ये पाच समितिया हैं। तीन गुप्तिया :—मनोगुप्ति, वचन गुप्ति, और काय गुप्ति।

'उपेत्याधीयतेऽस्मात् स उपाध्यायः, जिसके पास आकर यति (साधु) लोग पढ़ा करें—शिक्षा प्राप्त कर सकें, वे उपाध्याय हैं।

"सुत्तत्थ वित्थारण तप्पराणं णमो णमो वायग कुंजराणं।
गणस्स संधारण सायराणं सव्वप्पणा वज्जिय मच्छराणं॥"

अर्थात् सूत्रों की व्याख्या करने मे तत्पर, गण के भार को वहन करने में समुद्र समान हों, प्रमाद तथा ईर्ष्या से मुक्त और वाचकों में मत्त गजेन्द्र की तरह अप्रतिहत प्रतिभा वाले उपाध्यायों को नमस्कार।

जिनमें साधुजन व्यवहृत सत्ताईस गुणों के साथ-साथ २५ गुण और, जोकि उपाध्याय पद के लिये जरूरी हैं, सूत्रों एवं अर्थों का सच्चा ज्ञान अध्यापन की क्षमता, बोलने की सुमधुर शैली इत्यादि विशेषताएं हों। गच्छ संचालन की योग्यता हो। वे उपाध्याय हैं। ये साधुओं की अपेक्षा अधिक सम्माननीय हैं।

साध्नोति पर कार्य मथवा मोक्ष कार्य मिति साधुः। जो बिना किसी स्वार्थ के दुनिया के मंगल विधायक हों या मोक्ष कृति के साधक हों, वे साधु हैं।

"खंतेय दंतेय सुगुत्ति गुत्ते मुत्ते पसंते गुण योग जुत्ते।
गयप्पमाए हय मोहमाये, झाएह णिच्च मुणि राय पाये॥"

अर्थात् क्षान्त, दान्त, पंच समितियों और तीन गुप्तियों के धारण करनेवाले, प्रशान्त, योग युक्त, प्रमाद रहित और मोह माया से असम्बद्ध मुनिराज के चरणों का नित्य ध्यान करते हैं।

जिनमे निजी विशेष सत्ताईस गुणों के साथ-साथ आचार्य एवं उपाध्याय के विशेष गुणों को छोड़कर और अशेष गुण समान हों, वे साधु हैं।

उपर्युक्त आचार्य, उपाध्याय और साधु ये तीनों पूज्य और पूजक भी हैं अर्थात् अपने से नीचे के पुरुषों के पूज्य और अपने से ऊपर के महात्माओं के पूजक हैं। जैसे आचार्य ! उपाध्याय से लेकर श्रावक पर्यन्त के पूज्य हैं और अरिहन्त एव सिद्ध के पूजक है। उपाध्याय, साधुओं और श्रावकों के पूज्य हैं पर आचार्य, अरिहन्त और सिद्ध के पूजक हैं। साधु, श्रावकों के पूज्य हैं पर आचार्य से लेकर सिद्ध पर्यन्त के पूजक हैं। फलतः आचार्य, उपाध्याय और साधु गुरु तत्त्व माने जाते हैं। अरिहन्त और सिद्ध केवल पूज्य है अतएव देव तत्त्व माने जाते हैं। हमारे जैनधर्म मे 'आवश्यक' वैसी ही महत्त्वपूर्ण वस्तु है जैसे शरीर मे प्राण सरिता में पानी, चन्द्रमा में रोशनी है। आवश्यक क्रिया जगत् में वही स्थान रखती है जो वैदिक संसार में संध्या, मुस्लिम समाज में नमाज, ईसाइयों मे प्रार्थना और पारसियों में खोरदेह अवस्ता रखती है।

शका होगी, वह आवश्यक क्रिया क्या है? दुनिया के क्षण-प्रतिक्षण नाशमान उपकरण में—दुःखान्त उपभोगों में न उलझ कर सम्यक्त्व, चेतना, चारित्र आदि गुणों को व्यक्त करने के लिये जिनकी दृष्टि-बिन्दु केवल आत्मा की ओर झुकी है, उनके लिये जो अवश्य करने लायक क्रिया है, वही आवश्यक क्रिया है। अवश्य कर्त्तव्य, निग्रह, विशोधि, वर्ग, न्याय, अध्ययन, इत्यादि आवश्यक के पर्यायवाची शब्द हैं। जैन समाज में दैवसिक, रात्रिक, पाक्षिक, चातुर्मासिक और साम्वत्सरिक रूप में आवश्यक क्रिया की जाती हैं। आचार्य, उपाध्याय, साधु, प्रातः सायं यह क्रिया अवश्य करेंगे अन्यथा साधु ही नहीं समझे जा सकते। श्रावकों के लिये इच्छाधीन है। जो श्रावक बारहव्रती, धर्मशील होते है वे तो नित्यप्रति करेंगे ही और जो व्यवस्थित रूप मे नित्यप्रति नहीं कर पाते, वे भी पाक्षिक, चातुर्मासिक, या साम्वत्सरिक तो करेंगे ही। यही कारण है कि श्वेताम्बर जैन समाज मे बच्चे-बच्चे 'आवश्यक' जानते है। दिगम्बर

जैन समाज में आवश्यक इस तरह समाहृत नहीं है। इसका कारण यह है कि आचार्यों की शृङ्खला टूट जाने से व्यवस्था भङ्ग सी हो गई है।

आम तौर पर 'आवश्यक' के छै विभाग हैं, सामायिक, चतुर्विंशति स्तव, वन्दन, प्रतिक्रमण, कायोत्सर्ग और प्रत्याख्यान।

पहला विभाग सामायिक है। सब प्राणियों के साथ सम भाव से पेश आना अर्थात् आत्मतुल्य व्यवहार करना सामायिक का लक्षण है। समता, सम्यक्त्व, शान्ति, सुविहित आदि सामायिक के लक्षण हैं। सामायिक के तीन भेद हैं; सम्यक्त्व सामायिक, श्रुत सामायिक और चारित्र सामायिक। सम भाव का पालन वस्तुतः सम्यक्त्व, श्रुत और चारित्र के द्वारा ही हो सकता है। अतएव ये भेदयुक्त युक्ती है। चारित्र के भी दो भेद हैं; देश चारित्र सामायिक और सर्व चारित्र सामायिक। 'देश' श्रावकों के लिये और 'सर्व' साधुओं के लिये उपयुक्त होता है।

जैनधर्म के प्रवर्त्तक चौवीस तीर्थङ्कर हुए हैं, वे वस्तुतः सर्वगुण सम्पन्न, जैनधर्म की—जैन समाज की चोटी के चूड़ामणि एवं आदर्श हैं अतएव इन महात्माओं की स्तुति करना ही 'आवश्यक क्रिया' का दूसरा विभाग बनाया गया है। इसके दो भेद होते हैं। एक द्रव्यस्तव, दूसरा भावस्तव। जल, चंदन, पुष्पादि वस्तुओं द्वारा तीर्थङ्करों की जो पूजा की जाती है, वह द्रव्यस्तव है और यह गृहस्थों के लिये उपयुक्त माना जाता है। तीर्थंकरों के सच्चे गुणों का कीर्त्तन करने का नाम भावस्तव है। यह साधुओं के लिये उपयुक्त है।

मन, वचन और शरीर के जिस व्यापार के जरिये पूज्यों के प्रति आदर प्रकट किया जाता है, वह वन्दन है। द्रव्य और भाव रूप दोनों चारित्रो से सुसम्पन्न आचार्य, उपाध्याय, प्रवर्त्तक, स्थविर, गणि, गणावच्छेदक आदि वन्दनीय हैं।

शुभ योग से अगर कोई गिरकर अशुभ योग के मैदान पर चला आया है और वहां से फिर शुभ योग के उच्चतम शिखर पर जाने की चेष्टा करता है अथवा अशुभ योग का परित्याग करके क्रमशः शुभ योग पर जाने का प्रयत्न करता है उसी का नाम 'प्रतिक्रमण' है।

निवृत्ति, निन्दा, परिहरण, वारण, गर्हा, शोधि इत्यादि प्रतिक्रमणके पर्याय वाचक शब्द हैं। प्रतिक्रमण का अर्थ वस्तुतः परावर्त्तन अर्थात् पीछे की ओर लौटना है। आत्म शक्तियों के सम्पादनार्थ प्रतिक्रमण इष्ट है अतएव उपर्युक्त सुप्रशस्त 'प्रतिक्रमण' कहा जाता है।

इस प्रतिक्रमण के पाच भेद हैं, दैवसिक, रात्रिक, पाक्षिक, चातुर्मासिक और साम्वत्सरिक। भूत, वर्त्तमान और भविष्य इन कालकृत भेदों से प्रतिक्रमण के तीन भेद हैं। भूतकाल के संचित दोषों के लिये पश्चात्ताप करना, वर्त्तमानकाल मे दोषों को पास न फटकने देना और भविष्य मे होने वाले दोषों को न होने देना, ये तीन कालकृत प्रतिक्रमण हैं।

सम्यक्त्व को प्राप्त करने के लिये मिथ्यात्व का परित्याग, विराग प्राप्त करने के लिये अविराग का त्याग, क्षमा आदि गुणों की प्राप्ति के लिये कषाय का परिहार और आत्म स्वरूप के लाभ के लिये सासारिक व्यापार से निवृत्त होना ये चार प्रतिक्रमण के लक्ष्य हैं। अर्थात् इन्हीं चारों का क्रमशः प्रतिक्रमण करना चाहिये।

हेय और उपादेय भेद से प्रतिक्रमण दो तरह का है, द्रव्य प्रतिक्रमण और भाव प्रतिक्रमण। द्रव्य प्रतिक्रमण वह है जो दोषों का प्रतिक्रमण करके फिर से उन्हीं दोषों को किया जाता है। यह बनावटी

प्रतिक्रमण है। अतएव त्याज्य है। अगर कोई एक दफे अपराध करके उसकी माफी मागता है तो वह क्षम्य है, पर यदि वह बार बार वही अपराध करता है तो वह क्षम्य नहीं हो सकता। दूसरा भाव प्रतिक्रमण है, जो निश्छल निष्कपट है, अतएव वही ग्राह्य है।

धर्म के लिये एकाग्र चित्त से शरीर की ममता का परित्याग करने का नाम कायोत्सर्ग है। कायोत्सर्ग को सफल बनाने के लिये घोटक आदि उन्नीस दोषों का बहिष्कार करना निहायत जरूरी है। कायोत्सर्ग से शरीर का निकम्मापन, बुद्धि कामान्ध, मेधा शक्ति की जडता चली जाती है। विचार शक्ति में तरक्की, सुख दुःख में तितिक्षा, भावना और ध्यान में दृढ़ता एवं अतिचार के चिन्तन मे असलियत आती है। कायोत्सर्ग में श्वासोश्वास का काल उतना माना गया है, जितना कि श्लोक के एक चरण के उच्चारण में लगता है।

प्रत्याख्यान आवश्यक क्रिया का छट्ठा विभाग है। प्रत्याख्यान का अर्थ त्याग होता है, द्रव्य और भाव इन दोनों का त्याग ही प्रत्याख्यान से सम्बन्ध रखता है। अनाज, कपड़े, रुपये वगैरह सासारिक पदार्थ द्रव्य है, अज्ञान असंयम प्रभृति त्याग करने योग्य भाव है। अज्ञानादि भावों को छोड कर ही जो द्रव्य त्याग किया जाता है और वह भाव त्याग के लिये ही किया जाता है, वही सच्चा प्रत्याख्यान है। शुद्ध प्रत्याख्यान सम्पादन करने के लिये श्रद्धान ज्ञान, वन्दन, अनुपालन, अनुभाषण और भाव छँ शुद्धियों की निहायत्त जरूरी है। प्रत्याख्यान करने से अनेक गुणों की प्राप्ति होती है, अतएव प्रत्याख्यान का दूसरा नाम गुण धारण भी है। प्रत्याख्यान से संवर होता है, संवर से तृष्णा नाश, तृष्णा के नाश से विलक्षण समता, समता से क्रमशः मोक्ष मिल जाता है।

यहां एक बात और ध्यान पर लाने की है कि जहा प्राचीन—परम्परा प्रतिक्रमण शब्द का व्यवहार केवल चौथे आवश्यक के लिये करती थी, वहां अर्वाचीन परम्परा छहों आवश्यकों के लिये व्यवहार करती है और यह व्यवहार खूब बद्ध मूल हो गया है।

यह उपर्युक्त आवश्यक क्रिया साधु और श्रावक दोनो को करने का शास्त्रीय अधिकार है, क्योंकि लिखा है :—

> "समणेण सावएण य आवस्सकायव्व यं हवइ जम्हा।
> अंते अहोणिसस्स य तम्हा आवस्स यं णाम॥"

अर्थात् सायंकालीन और प्रातःकालीन 'आवश्यक' श्रमण और श्रावक दोनों का अवश्य कर्त्तव्य है। इसी आवश्यक क्रिया का वर्णन प्रस्तुत ग्रन्थ में नौ विभागों में किया गया है। (१) सूत्र विभाग। (२) विधि विभाग। (३) पूजा विभाग। (४) आरती विभाग। (५) चैत्यवन्दन विभाग। (६) स्तवन विभाग। (७) स्तुति विभाग। (८) रासतथा सज्झाय विभाग और (९) स्तोत्र विभाग।

इसके अलावे परिशिष्ट है। परिशिष्ट में स्याद्वाद, सप्तभगी, सप्तनय, चार निक्षेप, मूर्त्तिवाद, मूर्त्ति पूजा. ईश्वर कर्तृत्व, जैनधर्म, आत्मनिन्दा, बारहमासी पर्व, बारहमासी पर्व मे तीर्थंकरोंके तथा दादा जी के जीवन चरित्र संक्षेप से है। इसके अलावा ८४ रत्नों के नाम उनके वर्ण और फल संक्षेप से मुहुर्तादि विषय भी दे दिये गये है, जो कि प्रत्येक आदमी के लिये उपयोगी सिद्ध हो सकते है।

यद्यपि उपर्युक्त 'आवश्यक क्रिया' को प्रतिपाद्य विषय बना कर रत्नसागर (उपाध्याय श्री जयचन्द जी संगृहीत) रत्न समुच्चय (महोमहापाध्याय श्री रामलालजी गणि संगृहीत) अभयरत्नसार (श्री शङ्कर दानजी शुभकरणजी नाहटा संगृहीत) पञ्च प्रतिक्रमण (प० श्री सुखलालजी संगृहीत) प्रतिक्रमण सूत्र सचित्र (प० श्री काशीनाथ जी संग्रहीत) इत्यादि बहुत से ग्रन्थ निकल चुके है, फिर भी प्रस्तुत ग्रन्थ मे

किसी न किसी रूप मे खास विशेषताएं है और वे काम की हैं। जहा कई पुस्तकों मे प्राचीन हिन्दी का उपयोग हुआ है, फलतः पाठको को कुछ असुविधा होती थी, इस पुस्तक में सामयिक हिन्दी का सनिवेश हुआ है। जगह-जगह पर आवश्यक टिप्पणिओं एवं कथाओं का उल्लेख भी किया गया है जो कि बड़ा ही उपयोगी तथा मनोरञ्जक सिद्ध होगा। किस सन् सम्वत् मे ? किसके द्वारा अमुकवस्तु क्यों बनायी गयी ? इत्यादि बातों का भी स्पष्टी करण यथा स्थान किया गया है, जो कि पाठकों के लिये रुचिकर प्रतीत होगा। अतिचारों मे स्वपुरुष सन्तोप पर पुरुष गमन विरमण व्रत स्त्रियों के लिये विशेपतया लिखा गया है, जो किसी ने आज तक अपने ग्रन्थ मे नहीं लिखा था। और पोसह सज्झाय अर्थ सहित लिखी गयी है जो अद्यावधि किसी भी पुस्तक मे उपलब्ध नहीं है। पूजा विभाग में शासनपति तथा रंग विजय खरतरगच्छीय जं० यु० प्र० वृ० भट्टारक श्री पूज्यजी श्री जिनचन्द्र सूरिजी महाराज की बनाई हुई पंचकल्याणक पूजा भी दी गयी है। इसी तरह और भी कई बाते लिखी गई है, जो अपना खास महत्त्वं रखती हैं। परिशिष्ट में जैन सिद्धान्तों का बहुत कुछ वर्णन किया गया है जिससे अनायास सैद्धान्तिक बातों का परिचय प्राप्त होगा।

एक बात मैं और बता देना चाहता हूं कि इस पुस्तक मे कई स्तोत्र तथा अन्य चीजें दी गई हैं, जिनमे अशुद्धिया जान पडती हैं, मैंने संशोधन करके हू-बहू उसी रूप मे लिख दिये हैं, जिस रूप मे कि वे प्राचीन लिपी मे हैं। इसी तरह और जगहों पर भी परम्परा की रक्षा के लिये कुछ त्रुटियों पर दृष्टिपात नहीं किया है, सुविज्ञ पाठक इसके औचित्य-अनौचित्य का विवेचन स्वयं कर लें। इसके अलावे यद्यपि मैंने त्रुटियों का संशोधन करने की बहुत चेष्टा की है, फिर भी दृष्टि दोप से अथवा मुद्रण दोषसे अशुद्धिया रह गई होंगी, आशा है, सहृदय स्वयं सुधार कर पढ़ेंगे।

यह पुस्तक बहुत पहले ही पाठकों के करकमलों में उपस्थित हुई होती, पर खेद है कि कई विघ्न बाधाओं के द्वारा, सरिता के पथ पर शिला खण्डों की तरह टाग अडा देने के फलस्वरूप आशातीत विलम्ब हो गया। एक तो झुंझुनू मे श्रावकों की पारस्परिक तनातनी—साम्प्रदायिक तनातनी को मिटाने का काम शिर पर आ पडा। बाद मे शरीर अस्वस्थ रहने लगा। इधर यूरोपीय विकराल रणचण्डी की बुभुक्षा शान्त करने में व्यस्त कल-कारखानों के कारण कागजों की मंहगी भी सामने नग्न नृत्य करने लगी। फलतः देर होना अवश्यभावी हो गया। खैर, हर्प है कि आज भी यह पुस्तक पाठकवृन्द की सेवा में "पत्रं पुष्पम्" की भेट लेकर उपस्थित हो रही है। आशा है, सज्जनवृन्द क्षीर नीर विवेक न्याय मेरी गलतियों व त्रुटियों की ओर ध्यान न देकर उपयुक्त विपयोंके नाते पुस्तक को अपना कर मुझे कृतकृत्य करने की अनुकम्पा दिखायेंगे।

अन्त मे 'श्री संघ' को धन्यवाद दिये बिना नहीं रह सकता, जिसने पुस्तक प्रकाशन के पहिले ही निःसंकोच आर्थिक सहायता देकर—अपनी उन्नत उदारता का परिचय दे मुझे प्रोत्साहन दिया है। साथ ही साथ पं० बबुआजी झा, प० गणेशदत्तजी चौधरी तथा मेरे गुरुभाई मोतीलाल को भी धन्यवाद है, इन लोगों ने इस पुस्तक के प्रकाशन मे विशेप सहयोग दिया है। इत्यल मनल्प जल्पनेन विज्ञेषु।

विनीत :—

सं० १९९८ ज्ञान पञ्चमी। **जैन गुरु पं० प्र० यति सूर्य्यमल्ल,**

कलकत्ता।

सूचना

हमें खेद है कि ब्लाक तैयार हो जाने पर भी कागज नहीं मिलने के कारण चित्र नहीं छापे गये।

—प्रकाशक।

विषय-सूची

सूत्र विभाग

विधि विभाग

पूजा विभाग

आरती विभाग

चैत्यवन्दन विभाग

स्तवन विभाग

स्तुति विभाग

रास तथा सज्झाय विभाग

स्तोत्र विभाग

परिशिष्ट

॥ इति ॥

बृहत् खरतरगच्छीय रङ्ग विजय सूरि आचार्यों के नाम

१ श्रीमन्महावीर स्वामी जी। २ श्री सुधर्मा स्वामी जी। ३ श्री जम्बु स्वामी जी। ४ श्री प्रभव स्वामी जी। ५ श्री यशोभद्र सूरि जी। ६ श्री संभूत विजय जी। ७ श्री भद्रबाहु स्वामी जी। ८ श्री स्थूलभद्र स्वामी जी। ९ श्री आर्य महागिरि जी। १० श्री आर्य सुहस्थिसूरि जी। ११ श्री आर्य सुस्थित सूरि जी। १२ श्री इन्द्रदिन्न सूरि जी। १३ श्री दिन्न सूरि जी। १४ श्री सिंहगिरि जी। १५ श्री वज्र स्वामीजी। १६ श्री वज्रसेन सूरिजी। १७ श्री चन्द्रसूरिजी। १८ श्री समंतभद्र सूरिजी। १९ श्री देव सूरिजी। २० श्री प्रद्योतन सूरि जी। २१ श्री मानदेव सूरि जी। २२ श्री मानतुङ्ग सूरि जी। २३ श्री वीर सूरि जी। २४ श्री जयदेव सूरि जी। २५ श्री देवानन्द सूरि जी। २६ श्री विक्रम सूरि जी। २७ श्री नरसिंह सूरि जी। २८ श्री समुद्र सूरि जी। २९ श्री मानदेव सूरि जी। ३० श्री विबुधप्रभ सूरि जी। ३१ श्री जयानन्द सूरि जी। ३२ श्री रविप्रभ सूरि जी। ३३ श्री यशोभद्र सूरि जी। ३४ श्री विमलचन्द्र सूरि जी। ३५ श्री देव सूरि जी। ३६ श्री नेमिचन्द्र सूरि जी। ३७ श्री उद्योतन सूरि जी। ३८ श्री वर्द्धमान सूरि जी। ३९ श्री जिनेश्वर सूरि जी। ४० श्री जिनचन्द्र सूरि जी। ४१ श्री अभयदेव सूरि जी। ४२ श्री जिनवल्लभ सूरि जी। ४३ श्री जिनदत्त सूरि जी। ४४ श्री जिनचन्द्र सूरिजी। ४५ श्री जिनपति सूरिजी। ४६ श्री जिनेश्वर सूरि जी। ४७ श्री जिन प्रबोध सूरि जी। ४८ श्री जिनचन्द्र सूरि जी। ४९ श्री जिन कुशल सूरि जी। ५० श्री जिन पद्म सूरि जी। ५१ श्री जिन लब्धि सूरि जी। ५२ श्री जिनचन्द्र सूरि जी। ५३ श्री जिनोदय सूरि जी। ५४ श्री जिनराज सूरि जी। ५५ श्री जिनभद्र सूरि जी। ५६ श्री जिनचन्द्र सूरि जी। ५७ श्री जिन समुद्र सूरि जी। ५८ श्री जिन हंस सूरि जी। ५९ श्री जिन माणिक्य सूरि जी। ६० श्री जिनचन्द्र सूरि जी। ६१ श्री जिन सिंह सूरि जी। ६२ श्री जिन राज सूरि जी। ६३ श्री जिन रङ्ग सूरि जी। ६४ श्री जिनचन्द्र सूरि जी। ६५ श्री जिन विमल सूरि जी। ६६ श्री जिन ललित सूरिजी। ६७ श्री जिन अक्षय सूरि जी। ६८ श्री जिनचन्द्र सूरि जी। ६९ श्री जिन नन्दिवर्द्धन सूरि जी। ७० श्री जिन जयशेखर सूरि जी। ७१ श्री जिन कल्याण सूरि जी। ७२ श्री जिनचन्द्र सूरि जी। ७३ श्री जिन रत्न सूरि जी।

खरतरगच्छीय जैन यति साधुओं के दीक्षित नामान्त पद ८४

१ अमृत। २ आकर। ३ आनन्द। ४ इन्द्र। ५ उदय। ६ कमल। ७ कल्याण। ८ कलश। ९ कल्लोल। १० कीर्त्ति। ११ कुमार। १२ कुशल। १३ कुंजर। १४ गणि। १५ चन्द्र। १६ चारित्र। १७ चित्त। १८ जय। १९ नाग। २० तिलक। २१ दर्शन। २२ दत्त। २३ देव। २४ धर्म। २५ ध्वज। २६ धीर। २७ निधि। २८ निधान। २९ निवास। ३० नन्दन। ३१ नन्दि। ३२ पद्म। ३३ पति। ३४ पाल। ३५ प्रिय। ३६ प्रबोध। ३७ प्रमोद। ३८ प्रधान। ३९ प्रभ। ४० भद्र। ४१ भक्त। ४२ भक्ति। ४३ भूषण। ४४ भण्डार। ४५ माणिक्य। ४६ मुनि। ४७ मूर्त्ति। ४८ मेरु। ४९ मंडण। ५० मन्दिर। ५१ युक्ति। ५२ रथ। ५३ रत्न। ५४ रक्षित। ५५ राज। ५६ रुचि। ५७ रंग। ५८ लब्धि। ५९ लाभ। ६० वर्द्धन। ६१ वल्लभ। ६२ विजय। ६४ विनय। ६४ विमल। ६५ विलास। ६६ विशाल। ६७ शील। ६८ शेखर। ६९ समुद्र। ७० सत्य। ७१ सागर। ७२ सार। ७३ सिंधुर। ७४ सिंह। ७५ सुख। ७६ सुन्दर। ७७ सेना। ७८ सोम। ७९ सौभाग्य। ८० संयम। ८१ हर्ष। ८२ हित। ८३ हेम। ८४ हंस। इति नन्दि।

पुस्तक प्रकाशित होने के पूर्व ग्राहक बनने वालों की

नामावली

संख्या			नाम	स्थान
५४	श्रीयुत्	वाबू	वहादुर सिंह जी सिंघी (संघवी)	कलकत्ता
२५	,,	,	कपूरचन्दजी श्रीमाल	हैदराबाद (दक्षिण)
२१	,,	,,	रायवहादुर सुखराज राय जी श्रीमाल	भागलपुर
२१	,	,,	भंवरलालजी रामपुरिया	वीकानेर
१५	,,	,	नथमलजी रामपुरिया	वीकानेर
१५	,,	,,	मेघराजजी अमरचन्दजी वोथरा	कलकत्ता
११	,,	,,	छिन्नूलालजी सोहनलालजी कर्णावट	,,
११	,,	,,	उदयचन्दजी हुकुमचन्दजी वोथरा	,,
११	,,	.	जेठाभाई जयचन्द	,,
११	,,	,,	सुरपतिसिंहजी दूगड	,,
११	,,	,,	रावतमलजी भैंरूदानजी कोठारी	वीकानेर
११			श्री संघ	मुलतान
१०	श्रीयुत्	वावू	शिखरचन्द रामपुरिया	वीकानेर
६	,,	,,	वुध सिंहजी वोथरा	कलकत्ता
६	,,	,,	सूरजमलजी वैंद	कलकत्ता
६	,,	,,	राय कुमारसिंहजी श्रीमाल	भागलपुर(नाथनगर)
७	,,	,	महाराज वहादुरसिंहजी दूगड	कलकत्ता
७	,,	,,	प्रसन्नचन्दजी वोथरा	,,
७	,,	,,	राय कुमारसिंहजी राजकुमारसिंहजी श्रीमाल	,,
७	,,	,,	चादमलजी वीरचन्दजी सेठ	वीकानेर
७	,,	,,	छोटेलाल अमोलकचन्द मोहनलालजी	कलकत्ता
७	,,	,,	निर्मलकुमारसिंहजी नवलखा	अजीमगंज
७	,,	,,	लालचन्दजी हनुमानदासजी वोथरा	कलकत्ता
५	,,	,,	सुन्दरलालजी खारड	,
५	,,	,,	गङ्गारामजी कल्याणमलजी श्रीमाल	झूझणू
५	,,	,,	जेसराजजी कस्तूरचन्दजी श्रीमाल	,,
५	,	,,	प्यारेलालजी ताम्बी	कलकत्ता
५	,,	,,	मुन्नीलालजी चुन्नीलालजी श्रीमाल	,,
५	,,	,	नवकुमारसिंहजी जयकुमारसिंहजी दुधेडिया	अजीमगंज
५	,,	,,	राजलालजी रोशनलालजी कोचर	कलकत्ता
५	,,	,,	उत्तमचन्दजी छाजेड	,,
५	,,	,,	लालचन्दजी मोतीचन्दजी	,,
५	,,	,,	सेठ जीतमलजी लोढा	,,

संख्या			नाम	स्थान
५	श्रीयुत्	बाबू	धन्नूलालजी पारसान	कलकत्ता
५	,,	,,	रावतमलजी हरखचन्दजी बोथरा	बीकानेर
५	,,	,,	केशवजी नेमचन्द	कलकत्ता
५	,,	,,	चिम्मनलाल वाडीलाल	,,
५	,,	,,	हेमचन्द दामोदर संघवी	,,
५	,,	,	जगतपतिसिंहजी दूगड	,,
४	,,	,,	अमरचन्दजी नाहर	,,
४	,,	,,	मंगलचन्दजी शिवचन्दजी भावक	पटना
४	,,	,,	ठाकुरलाल हीरालाल कम्पनी	कलकत्ता
४	,,	,,	मानसिंह मेघराज बहादुर	,,
४	,,	,,	साकरचन्द खुशालचन्द जवेरी	बम्बई
४	,,	,,	शंकरदानजी शुभकरणजी नाहटा	कलकत्ता
३	,,	,,	हीरालालजी खारड	,,
२	,,	,,	नथमलजी पदमचन्दजी श्रीमाल	,,
२	,,	,,	किशनचन्दजी धनराजजी कोचर	,,
२	,,	,,	पूरणचन्दजी सामसुखा	,,
२	,,	,,	लक्ष्मीचन्दजी सेठ	,,
२	,,	,,	कमलसिंहजी कोठारी	,,
२	,,	,,	मनोहरलालजी मांगीलालजी भनसाली	,,
२	,,	,,	केशरीचन्दजी धूपिया	,,
२	,,	,,	जोरावरमलजी डूंगरमलजी श्रीमाल	,,
२	,,	,,	छोटेलालजी बाफणा	,,
२	,,	,,	कन्हैयालालजी रूपचन्दजी बडेर	,,
२	,,	,,	सेठ रामचन्दजी हीराचन्दजी खजाञ्ची –	डेरा गाजीखान
२	,,	,,	आसकरणजी नाहटा	बीकानेर
२	,,	,,	मोतीलालजी वाठिया	,,
२	,,	,,	फतेसिंहजी छजलानी	कलकत्ता
२	,,	,,	रतनलालजी जैन	,,
२	,,	,,	रणजीतसिंहजी दुधेडिया	अजीमगंज
२	,,	,,	जालिमसिंहजी दूगड	,,
२	,,	,,	अमरचन्दजी बोथरा	नाथनगर
२	,,	,,	भवरसिंहजी भाडिया	भागलपुर
२	,,	,,	चम्पालालजी दफ्तरी	कलकत्ता
२	,,	,,	गंभीरसिंहजी श्रीमाल	,,
२	,,	,,	जालिमसिंहजी श्रीमाल	,,
२	,,	,,	हीरालालजी श्रीमाल	,,
२	,,	,,	जयसिंहजी नाहर	,,
२	,,	,,	विजयसिंहजी नाहर	,,
२	,,	,,	फतेसिंहजी नाहर	,,
२	,,	,,	अमोलकचन्दजी रायसाहब मन्नालालजी पारख	,,

संख्या	नाम	स्थान
२	श्रीयुत् बाबू रिखभचन्दजी दूगड	कलकत्ता
२	,, ,, धनपतरायजी लोढ़ा	,,
२	,, ,, हीरालालजी उमालालजी सीपाणी	,,
२	,, ,, कस्तूरचन्दजी मोघा	,,
२	,, ,, गणेशलालजी नाहटा	,,
२	,, ,, नवरतनमलजी सुराणा	,,
२	,, ,, दिलीपसिंहजी कोठारी	,,
२	,, ,, प्रेमचन्दजी नाहटा	,,
२	,, ,, ताजबहादुरसिंहजी दूगड	,,
२	,, ,, रतनलालजी बोथरा	,,
१	,, ,, मोतीलालजी श्रीमाल	झूंझणू
१	,, ,, पन्नालालजी कल्याणमलजी संघवी	कलकत्ता
१	,, ,, बिहारीलालजी बालचन्दजी श्रीमाल	झूंझणू
१	,, ,, मेघराजजी बोथरा	कलकत्ता
१	,, ,, जतनमलजी नाहटा	,,
१	,, ,, सरदारमलजी डागा	,,
१	,, ,, किशोरीलालजी खारड	,,
१	,, ,, नौबतरायजी बदलिया	,,
१	,, ,, प्रसन्नचन्दजी बोथरा	,,
१	,, ,, चांदमलजी नवरतनमलजी	,,
१	,, ,, धन्नालालजी गङ्गारामजी श्रीमाल	झूंझणू
१	,, ,, कालूरामजी बोथरा	कलकत्ता
१	,, ,, महादेवलालजी फूलचन्दजी	झूंझणू
१	,, ,, रणजीतमलजी छोगमलजी	डेरा गाजीखान
१	,, ,, रूपचन्दजी शम्भू रामजी	,,
१	,, ,, पन्नालालजी लक्ष्मीचन्दजी	,,
१	,, ,, रिद्धकरणजी बाठिया	बीकानेर
१	,, ,, पूनमचन्दजी सेठिया	,,
१	,, ,, मूलचन्दजी नाहटा	,,
१	,, ,, रावतमलजी रिद्धकरणजी बोथरा	,,
१	,, ,, रावतमलजी दूगड	,,
१	,, ,, प्यारेलालजी भंसाली	कलकत्ता
१	,, ,, फतेसिंहजी सकलेचा	,,
१	,, ,, मोतीचन्दजी बोथरा	अजीमगंज
१	,, ,, कमलापतजी कोठारी	,,
१	,, ,, श्रीपतसिंहजी दूगड	जीयागंज
१	,, ,, मुन्नालालजी बोथरा	,,
१	,, ,, जयप्रकाशजी जम्मड़	अजीमगंज
१	,, ,, रणजीतसिंह रेवतीपत पटावरी	,,
१	,, ,, महरचन्दजी विजयचन्दजी बदलिया	भागलपुर

संख्या			नाम	स्थान
१	श्रीयुत्	बाबू	छोटेलालजी भांडिया	कलकत्ता
१	,,	,,	बहादुरसिंहजी कुशालचन्दजी भांडिया	भागलपुर
१	,,	,,	रिखवदासजी महाराज बहादुरसिंहजी टाक	कलकत्ता
१	,,	,,	प्रसन्नचन्दजी चोरडिया	वालूचर
१	,,	,,	छोगमलजी चोपड़ा	कलकत्ता
१	,,	,,	जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा	,,
१	,,	,,	प्यारेलालजी मुकीम	,,
१	,,	,,	क्षेमचन्दजी चोरडिया	,,
१	,,	,,	फतेसिंहजी छाजेड़	,,
१	,,	,,	सीतारामजी वेगवानी	,,
१	,,	,,	जालिमसिंहजी कमलसिंहजी दूगड	भंडामारा
१	,,	,,	चादमलजी पन्नालालजी जूनीवाल	कलकत्ता
१	,,	,,	जवरीलालजी कोचर	,,
१	,,	,,	मोहनलालजी वदलिया	,,
१	,,	,,	गुलाबचन्दजी महमवाल	,,
१	,,	,,	गिरधरलालजी भीखाचन्दजी रसिकलालजी	,,
१	,,	,,	फतेचन्दजी कोचर	,,
१	,,	,,	पीरचन्दजी निहालचन्दजी वैंगाणी	,,
१	,,	,,	माणकचन्दजी सुक्खाणी	,,
१	,,	,,	चांदमलजी भांडिया	,,
१	,,	,,	रणजीतरायजी मुन्नीलालजी झाडचूर	,,
१	,,	,,	मोतीलालजी दुसाज	,,
१	,,	,,	लछमीनारायणजी कमलचन्दजी श्रीमाल	,,
१	,,	,,	हीराचन्दजी धाधिया	,,
१	,,	,,	अभयकुमारसिंहजी भांडिया	,,
१	,,	,,	दुलीचन्दजी बम्ब	टोंक
१	,,	,,	अमीचन्दजी गोलच्छा	कलकत्ता
१	,,	,,	हीरालालजी लूणिया	,,
१	,,	,,	हरिचन्दजी खारड़	,,
१	,,	,,	लखीमचन्दजी कोचर	,,
१	,,	,,	माणकचन्दजी जौहरी	देहली
१	,,	,,	इन्दरचन्दजी बोथरा	,,
१८	धर्मपत्नी		प्रसन्नचन्दजी सेठिया	कलकत्ता
१५	,,		लक्ष्मीचन्दजी कर्णावट	,,
५	,,		पदमचन्दजी सेठ	,,
४	,,		लेखरायजी श्रीमाल	नाथनगर भागलपुर
१	,,		भीखमचन्दजी सीपानी	मिरजापुर
१	,,		सोहनलालजी सुराना	बीकानेर
१	,,		अमरचन्दजी बोथरा	नाथनगर
१			महिला-समाज	डेरा गाजीखान
२			श्रीमती लीलम कुमारी राक्यान	देहली

॥ श्री अर्हद्भ्यो नमः ॥

जैन-रत्नसार

सूत्र विभाग

णमोक्कार मंत्र*

णमो अरिहंताणं
णमो सिद्धाणं
णमो आयरियाणं
णमो उवज्झायाणं
णमो लोए सव्वसाहूणं
एसो पंच णमोक्कारो सव्व पावप्पणासणो
मंगलाणं च सव्वेसिं पढ़मं हवइ मंगलं ।

---

* प्रा० व्या० अ० ८ पा० १ सू० २०६॥ असंयुक्तस्यादौ वर्तमानस्य नस्यणोवा भवति ॥ णरो नरो णई-नई, परन्तु पाइअ-सद्द-महण्णवो प्राकृत कोप में पृ० ४७२ भाग दूसरेमे "णमोक्कार" ण द्वारा ही सिद्ध किया है तथा जैन ग्रंथों में भी ण का प्रयोग ही विशेष मिलता है। अतः नमोकार न लिखकर सूत्रानुसार 'णमोक्कार' ऐसा लिखा गया है।

स्थापनाचार्यजी के १३ बोल

१ शुद्ध स्वरूप धारें, २ ज्ञान, ३ दर्शन, ४ चारित्र सहित, ५ सद्दहणा शुद्धि, ६ प्ररूपणा शुद्धि, ७ दर्शन शुद्धि, ८ सहित पांच आचार पालें, ९ पलावें, १० अनुमोदें, ११ मनोगुप्ति, १२ वचनगुप्ति, १३ कायगुप्ति आदरें।

खमासमण सूत्र

इच्छामि खमासमणो वंदिउं जावणिज्जाए निसीहिआए मत्थएण वंदामि।

सुगुरु सुखसाता

इच्छकारि सुहराई सुहदेवसि सुख तप शरीर निराबाध सुख, संयम, यात्रा निर्वहते हो जी। स्वामिन्! शाता है? आहार पानी का लाभ देना जी।

अब्भुट्ठिओमि सूत्र

इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! अब्भुट्ठिओऽहं अब्भिंतर देवसिअं खामेउं इच्छं खामेमि देवसिअं।

जं किंचि अपत्तिअं, परपत्तिअं, भत्ते, पाणे, विणए, वेआवच्चे, आलावे, संलावे उच्चासणे, समासणे, अंतर भासाए, उवरि भासाए, जं किंचि मज्झ विणय परिहीणं सुहुमं वा बायरं वा तुब्भे जाणह, अहं न जाणामि, तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

मुंहपत्ति के पच्चीस बोल

१ सूत्र अर्थ सच्चा सद्दहूं, २ सम्यक्त्व मोहनीय, ३ मिथ्यात्व मोहनीय, ४ मिश्र मोहनीय परिहरूं, ५ कामराग, ६ स्नेह राग, ७ दृष्टिराग परिहरूं*।

१ ज्ञान विराधना, २ दर्शन विराधना, ३ चारित्र विराधना परिहरूं, ४ मनो गुप्ति, ५ वचन गुप्ति, ६ काय गुप्ति आदरूं, ७ मनोदंड, ८ वचन दंड, ९ काय दंड परिहरूं†।

---

* ये सात बोल मुंहपत्ति खोलते समय कहने चाहिये।

† ये नव बोल दाहिने हाथ के पडिलेहण के समय बोलने चाहिये।

१ सुगुरु, २ सुदेव, ३ सुधर्म आदरूं, ४ कुगुरु, ५ कुदेव, ६ कुधर्म परिहरूं, ७ ज्ञान, ८ दर्शन, ९ चारित्र आदरूं* ।

अंग पडिलेहणा के २५ बोल

कृष्ण लेश्या, नील लेश्या, कापोत लेश्या परिहरूँ[1], ऋद्धिगारव, रसगारव, सातागारव परिहरूँ[2], माया शल्य, निदान शल्य, मिथ्यादर्शन, शल्य परिहरूँ[3], क्रोध, मान परिहरूँ[4], माया, लोभ परिहरूँ[5], हास्य, रति, अरति परिहरूँ[6], भय,शोक, दुगंछा परिहरूँ[7], पृथ्वीकाय, अप्पकाय, तेऊ-काय परिहरूँ[8], वायुकाय, वनस्पतिकाय, त्रसकाय परिहरूँ[9] ।

करेमि भंते सूत्र

करेमि भंते ! सामाइयं । सावज्जं जोगं पच्चक्खामि । जावनियमं पज्जुवासामि, दुविहं तिविहेणं मणेणं वायाए काएणं न करेमि न कारवेमि । तस्स भंते ! पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि ।

इरियावहियं सूत्र

इच्छाकारेण संदिसह भगवन् ! इरियावहियं पडिक्कमामि । इच्छं ।

इच्छामि पडिक्कमिउं इरियावहियाए विराहणाए गमणागमणे, पाणक्कमणे, बीयक्कमणे, हरियक्कमणे, ओसा-उत्तिंग-पणग-दग-मट्टी-मक्कडा संताणा संकमणे जेमे जीवा विराहिया एगिंदिया, बेइंदिया, तेइंदिया, चउरिंदिया, पंचिंदिया, अभिहया, वत्तिया, लेसिया संघाइया, संघट्टिया, परियाविया, किलामिया, उद्दविया, ठाणाओ ठाणं संकामिया, जीवियाओ ववरोविया, तस्स मिच्छामि दुक्कडं ।

तस्स उत्तरी सूत्र

तस्स उत्तरी करणेणं, पायच्छित्त करणेणं, विसोही करणेणं, विसल्ली करणेणं, पावाणं, कम्माणं, निग्घाएणट्ठाए ठामि काउसग्गं ।

---

* ये नव बोल बाएं हाथ के पडिलेहण के समय बोलना चाहिये ।

१ मस्तक पर मुंहपत्ति फेरना, २ मुंह पर, ३ हृदय पर, ४ दाहिने कन्धे पर, ५ बाएं कन्धे पर, ६ बांये हाथ पर, ७ दाहिने हाथ पर, ८ बाएं पैर पर, ९ दाहिने पैर पर फेरना ।

अणत्थ ऊससिएणं सूत्र

अणत्थ ऊससिएणं, णीससिएणं, खासिएणं, छीएणं, जंभाइएणं, उड्डुएणं, वाय निसग्गेणं, भमलीए, पित्त मुच्छाए, सुहुमेहिं अंगसंचालेहिं, सुहुमेहिं खेलसंचालेहिं, सुहुमेहिं दिट्ठि संचालेहिं एवमाइएहिं आगारेहिं अभग्गो अविराहिओ हुज्ज में काउसग्गो।

जाव अरिहंताणं भगवंताणं णमुक्कारेणं ण पारेमि।
ताव कायं ठाणेणं मोणेणं झाणेणं, अप्पाणं वोसिरामि॥

लोगस्स सूत्र[१]

लोगस्स उज्जोअगरे, धम्मतित्थयरे जिणे। अरिहंते कित्तइस्सं, चउवीसं पि केवली॥१॥ उसभमजिअं च वंदे, संभवमभिणं दणं च सुमइं च। पउमप्पहं सुपासं, जिणं च चंदप्पहं वंदे॥२॥ सुविहिं च पुप्फ दंतं, सीअल सिज्जंस वासुपुज्जं च। विमल मणंतं च जिणं, धम्मं संतिंच वंदामि॥३॥ कुंथुं अरं च मल्लिं, वन्दे मुणिसुव्वयं नमिजिणं च। वंदामि रिट्ठनेमिं, पासं तह वद्धमाणं च॥४॥ एवं मएअभिथुआ, विहुयरयमला पहीणजर मरणा। चउवीसंपि जिणवरा, तित्थयरा मे पसीयंतु॥५॥ कित्तिय वंदिय महिया, जे ए लोगस्स उत्तमा सिद्धा। आरुग्ग बोहिलाभं, समाहिवरमुत्तमं दितु॥६॥ चंदेसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहियं पयासयरा। सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धि मम दिसंतु॥७॥

जयउ सामिय सूत्र

जयउ सामिय जयउ सामिय रिसह सत्तुंजि, उज्जिति पहु नेमिजिण, जयउ वीर सच्चउरिमंडण, भरुअच्छहिं मुणिसुव्वय, मुहरिपास। दुह दुरिअ-खंडण अवर विदेहिं तित्थयरा, चिहुंदिसि विदिसि जि केवि तीआणागय-संपइअ वंदु जिण सव्वेवि॥१॥

कम्मभूमिहिं कम्मभूमिहिं पढ़म संघयणि उक्कोसय सत्तरिसय जिणवराण विहरंतलब्भइ ; नवकोडिहिं केवलीण, कोडिसहस्स नवसाहु गम्मइ। संपइ

---

१ लोगस्स में केवल चौबीस तीर्थङ्करों की स्तुति है।

जिणवर वीस, मुणि बिहुं कोडिहिं वरनाण, समणह कोडिसहस्सदुअ थुणिज्जइ निच्च विहाणि ॥२॥

सत्ताणवइसहस्सा, लक्खा छप्पन्न अट्ठ कोडीओ । चउसय छायासीया तिअलोए चेइए वंदे ॥३॥

वंदे नवकोडिसयं, पणवीसं कोडि लक्ख तेवन्ना । अट्ठावीस सहस्सा, चउसय अट्ठासिया पडिमा ॥४॥

जंकिंचि सूत्र

जंकिंचि नाम तित्थं, सग्गे पायालि माणुसे लोए ।
जाइं जिणबिंबाइं, ताइं सव्वाइं वंदामि ॥१॥

णमुत्थुणं सूत्र*

णमुत्थुणं अरिहंताणं भगवंताणं, आइगराणं तित्थयराणं सयं-संबुद्धाणं पुरिसुत्त-माणं, पुरिस-सीहाणं पुरिसवर-पुंडरीआणं पुरिसवर-गंधहत्थीणं, लोगुत्तमाणं लोगणाहाणं लोग-हिआणं लोग-पईवाणं लोग-पज्जोअ-गराणं अभय-दयाणं चक्खु-दयाणं मग्ग-दयाणं सरण-दयाणं बोहि-दयाणं धम्म-दयाणं धम्म-देसयाणं धम्म-णायगाणं धम्म-सारहीणं धम्मवर-चाउरंत-चक्क-वट्टीणं, अप्पडिहयवर-नाण दंसण-धराणं विअट्टछउमाणं, जिणाणं जावयाणं तिण्णाणं तारयाणं, बुद्धाणं बोहयाणं मुत्ताणं मोअगाणं, सव्वणूणं सव्वदरिसीणं सिवमयल-मरुअमणंतमक्खयमव्वाबाहमपुणरावित्ति सिद्धिगइ-नामधेयं ठाणं। संपत्ताणं । नमो जिणाणं जिअभयाणं ।

जे अ अईआ सिद्धा, जे अ भविस्संतिणागए काले ।
संपइ अ वट्टमाणा, सव्वे तिविहेण वंदामि ॥१॥

जावंत चेइआइं सूत्र

जावंति चेइआइं, उड्ढे अ अहे अ तिरिअ-लोए अ ।
सव्वाइं ताइं वंदे, इह संतो तत्थ संताइं ॥१॥

* णमुत्थुणं शक्रस्तव कहा जाता है कारण जब तीर्थङ्कर भगवान माता के गर्भ में आते है तब इसी पाठ से (शक्रेन्द्र) पहले देवलोक के इन्द्र स्तुति करते हैं ।

जावंत केवि साहू सूत्र

जावंत केवि साहू, भरहेरवय-महाविदेहे अ।
सव्वेसिं तेसिं पणओ, तिविहेण तिदंड-विरयाणं ॥१॥

परमेष्ठि-नमस्कार

नमोऽर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधुभ्यः ॥

उवसग्गहरं-स्तोत्र*

उवसग्गहरं-पासं, पासं वंदामि कम्म-घणमुक्कं।
विसहर-विस-णिण्णासं, मंगल-कल्लाण-आवासं ॥१॥
विसहर-फुलिंगमंतं, कंठे धारेइ जो सया मणुओ।
तस्स गह-रोग-मारी-दुट्ठ-जरा जंति उवसामं ॥२॥
चिट्ठउ दूरे मंतो, तुज्झ पणामोवि बहुफलो होइ।
णर-तिरिएसुवि जीवा पावंति ण दुक्खदोगच्चं ॥३॥
तुह सम्मते लद्धे, चिंतामणि कप्पपाय वब्भहिए।
पावंति अविग्घेणं जीवा अयरामरं ठाणं ॥४॥
इअ संथुओ महायस! भत्तिब्भर-निब्भरेण हिअएण।
ता देव दिज्ज बोहिं, भवे भवे पास जिणचंद ॥५॥

जय वीयराय सूत्र

जय वीयराय†! जगगुरु!, होउ ममं तुह पभावओ भयवं!
भव-निव्वेओ मग्गा-णुसारिया इट्ठफल-सिद्धी ॥१॥

---

* यह स्तोत्र चतुर्दशपूर्वधारी आचार्य भद्रबाहुजी का बनाया हुआ है जिसका प्रमाण कथाकार महाशय इस प्रकार देते है :—

उपसर्गहरस्तोत्र कृतं श्री भद्रबाहुना। ज्ञानादित्येन संघाय शान्तये मङ्गलाय च ॥

अर्थात् :—उपसर्गहरस्तोत्र श्री भद्रबाहु आचार्य जी ने संघ के मङ्गल व शान्ति के लिये बनाया।

† जय वीयराय, लोग विरुद्धचाओ इन दो गाथाओं से चैत्यवन्दन के अन्त में प्रार्थना करने की परम्परा प्राचीन समय से है, जिसकी सिद्धि श्री हरिभद्रसूरिकृत चतुर्थ पञ्चाशक गाथा ३२-३४ से होती है।

लोग-विरुद्धच्चाओ, गुरुजण-पूआ परत्थकरणं च ।
सुह-गुरु-जोगो तव्वयण-सेवणा आभवमखंडा ॥२॥

अरिहंत चेइयाणं सूत्र

अरिहंत चेइयाणं करेमि काउसग्गं वंदणवत्तियाए, पूअणवत्तियाए, सक्कारवत्तियाए सम्माणवत्तियाए, बोहिलाभवत्तियाए, निरुवसग्गवत्तियाए सद्धाए, मेहाए, धिईए, धारणाए, अणुप्पेहाए, वड्ढमाणीए, ठामि काउसग्गं॥

आचार्य आदि को वंदन

१ आचार्यजी मिश्र २ उपाध्यायजी मिश्र ३ जंगम युग प्रधान भट्टारक मिश्र* ४ सर्व साधु मिश्र ।

सव्वस्सवि सूत्र

सव्वस्सवि देवसिअ दुच्चितिय दुब्भासिअ दुच्चिट्ठिय तस्स मिच्छामि दुक्कडं ॥

इच्छामि ठामि सूत्र

इच्छामि ठामि काउसग्गं । जो मे देवसिओ अइयारो कओ, काइओ, वाइओ† माणसिओ उस्सुत्तो उम्मग्गो अकप्पोअकरणिज्जो दुज्झाओ दुव्विचिंतिओ अणायारो अणिच्छिअव्वो असावग-पाउग्गो नाणेतह दंसणे चरित्ताचरित्ते सुए सामाइए ; तिण्हं गुत्तीणं चउण्हं कसायाणं पंचण्हंमणुव्वयाणं तिण्हं गुणव्वयाणं चउण्हं सिक्खावयाणं बारसविहस्स सावगधम्मस्स जं खंडिअं जं विराहिअं तस्स मिच्छामि दुक्कडं ॥

पुक्खर-वर-दीवड्ढे सूत्र‡

पुक्खर-वर-दीवड्ढे, धायइ-संडे अ जंबुदीवे अ ।
भरहेरवयविदेहे धम्माइगरे नमंसामि ॥१॥
तम-तिमिर-पडल-विद्धंसणस्स सुरगण-नरिंद महियस्स ।
सीमाधरस्स वंदे, पप्फोडिअ-मोह-जालस्स ॥२॥

---

* वर्तमान श्री पूज्यजी का नाम लेकर ।
† काइओ वाइओ के पाठ में बारह व्रत की सूक्ष्म आलोचना है ।
‡ पुक्खरवर्दी मे ज्ञान की स्तुति है ।

जाई-जरा-मरण-सोग-पणासणस्स । कल्लाणपुक्खल-विसाल-सुहावहस्स ॥
को देव-दाणव-नरिंद-गणच्चियस्स । धम्मस्स सार मुवलब्भ करे पमायं ?॥३॥
सिद्धे भो ! पयओ णमो जिण मए णंदी सया संजमे ।
देवं नाग सुवन्न किण्णर गणस्सब्भूअ भावच्चिए ॥
लोगो जत्थ पइट्ठिओ जगमिणं तेलुक्क मच्चासुरं ।
धम्मो वड्डउ सासओ विजयओ धम्मुत्तरं वड्डउ ॥४॥
सुअस्सभगवओ करेमि काउस्सग्गं ।

सिद्धाणं बुद्धाणं सूत्र*

सिद्धाणं बुद्धाणं, पारगयाणं, परंपरगयाणं । लोअग्गमुवगयाणं, णमो सयासव्व सिद्धाणं ॥१॥ जो देवाणवि देवो, जं देवा पंजली णमं संति । तं देव देव-महिअं, सिरसा वंदे महावीरं ॥२॥ इक्कोवि णमोक्कारो, जिणवर वसहस्स वद्धमाणस्स । संसार सागराओ, तारेइ नरं व नारिं वा ॥३॥ उज्जित

---

* सिद्धाणं बुद्धाणं की पूर्व गाथामें सिद्धोंकी स्तुति है। दूसरी व तीसरी गाथा में भगवान महावीर की स्तुति है। चौथी में श्री नेमिनाथजी की स्तुति है। पाचवी में चौवीसों की स्तुति है।

सिद्धाणं बुद्धाणं सूत्र में अन्त की दो गाथायें सम्मिलिति करने का प्रमाण निम्नलिखित कथा से पाया जाता है :—

हस्तनागपुर निवासी धनसेठ एक समय गिरनार पर्वत पर संघ समेत यात्रार्थ गया। भगवान नेमिनाथजी की प्रतिमा को उसने वस्त्र, आभूषण, पुष्प, माला तथा सुगन्धित द्रव्यों से अष्टप्रकारी पूजा तथा अंगिया रची। उसी समय महाराष्ट्र देश का मलयपुर नगर वासी दिगम्बर मतानुयायी वरुण नामका सेठ भी संघ सहित वहां आया। धनसेठ द्वारा कृत प्रभु पूजा को देख, उसने द्वेषवश सम्पूर्ण पूजा सामग्री उतार, फिर से प्रभु का प्रक्षालन किया। इससे दोनों में वादाविवाद होने लगा। और दोनों निर्णयार्थं विक्रम राजा के गिरिनगर (गुजरात प्रदेश) में आये। रात्रि में धनसेठ को शासन देवी प्रगट हुई और उसने अन्त की दो गाथायें (उज्जित सेल सिहरे, चत्तारि अट्ठ दस दो) देकर कहा कि यह मेरे प्रभाव से तुम्हारे संघ में सब छोटे, बड़ों को याद हो जायेंगी। और यही राजसभा में प्रमाण स्वरूप काम आयेंगी। ऐसा ही हुआ। राजा ने धनसेठ का पक्ष प्रबल जान, श्वेताम्बर तीर्थ की घोपणा कर दी। तभी से यह दोनों गाथा प्रतिक्रमण में सम्मिलित कर दी गई। (श्री आत्मप्रवोध पृ० ६५—प्रकाशक श्री जैन आत्मानन्द सभा भावनगर।)

सेलसिहरे, दिक्खा नाणं निसीहिआ जस्स । तंधम्मचक्कवट्टिं, अरिट्ठ-नेमिं नमं सामि ॥४॥ चत्तारि अट्ठ दस दोय, वंदिया जिणवराचउ-व्वीसं । परमट्ठ निट्ठि अट्ठा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु ॥५॥

वेयावच्चगराणं सूत्र

वेयावच्चगराणं संतिगराणं सम्मदिट्ठि समाहिगराणं करेमिकाउसग्गं । अन्नत्थ० इत्यादि ॥

सुगुरु वन्दन सूत्र[1]

इच्छामि खमासमणो ! वंदिउं जावणिज्जाए निसीहिआए अणुजाणह मे मिउग्गहं । निसीहि, अहोकायं काय संफासं । खमणिज्जो भे किलामो । अप्प किलंताणं बहुसुमेणभे दिवसो वइक्कंतो ? जत्ता मे ? जवणि ज्जं च भे?

खामेमि खमासमणो ! देवसिअं वइक्कमं । आवस्सिआए पडिक्कमामि । खमासमणाणं देवसिआए आसायणाए तित्तीसन्नयराए जं किंचि मिच्छाए मण दुक्कडाए वय दुक्कडाए काय दुक्कडाए कोहाए माणाए मायाए लोभाए सव्व कालियाए सव्व मिच्छोवयाराए सव्व धम्माइक्कमणाए आसायणाए जो मे अइयारो कओ तस्स खमासमणो ! पडिक्कमामि निंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि ।

आलोउं सूत्र[2]

इच्छाकारेण संदिसह भगवन् ! देवसिअं आलोउं । इच्छं । आलोएमि

आलोयणा[3]

आजुणा चार पहर दिवस में मैंने जिन जीवों की विराधना की हो । सात लाख पृथ्वीकाय, सात लाख अप्पकाय, सात लाख तेउकाय, सात लाख वाउकाय, दस लाख प्रत्येक वनस्पतिकाय, चौदह लाख साधारण वनस्पति-

---

१ प्रतिक्रमण में इस सूत्र से मुखवस्त्रिका (मुंहपत्ति) चरवले (पूंजनी) के ऊपर रख उसे गुरु चरण स्थापना जान वन्दन किया जाता है । विशेष जानने के लिये आवश्यकनिर्युक्ति देखें ।

२ यह पाठ सम्पूर्ण पृष्ठ ७ में है ।

३ इस सूत्र में खड़े होकर चौरासी लाख जीवायोनि की आलोयणा की जाती है ।

काय, दो लाख बेइन्द्रिय, दो लाख तेइन्द्रिय, दो लाख चौइन्द्रिय, चार लाख देवता, चार लाख नारक, चार लाख तिर्यञ्च पञ्चेन्द्रिय, चौदह लाख मनुष्य। कुल चौरासी लाख जीवयोनियोंमें से किसी जीव का मैंने हनन किया हो, कराया या करते हुएका अनुमोदन किया हो वह सब मन, वचन, काया करके मिच्छामि दुक्कडं।

अठारह पापस्थानक आलोयणा[१]

पहला प्राणातिपात, दूसरा मृषावाद, तीसरा अदत्तादान, चौथा मैथुन, पांचवां परिग्रह, छठा क्रोध, सातवां मान, आठवां माया, नववां लोभ, दशवां राग, ग्यारहवां द्वेष, बारहवां कलह, तेरहवां अभ्याख्यान, चौदहवां पैशुन्य, पन्द्रहवां रतिअरति, सोलहवां पर परिवाद, सत्रहवां माया मृषावाद, अठारहवां मिथ्यात्वशल्य, इन पापस्थानोंमें से किसी का मैंने सेवन किया, कराया या करते हुए को अनुमोदन किया हो वह सब मन, वचन, काया करके मिच्छामि दुक्कडं।

ज्ञानोपकरणों की आलोयणा[२]

ज्ञान, दर्शन, चारित्र, पाटी, पोथी, ठवणी, कवली, नवकरवाली, देव, गुरु, धर्म की आशातना की हो, पन्द्रह कर्मादानों की आसेवना की हो, राजकथा, देशकथा, स्त्रीकथा, भुक्त (भोजन) कथा की हो, और जो कोई परनिन्दादि पाप किया हो, कराया हो, करते हुए का अनुमोदन किया हो सो सब मन, वचन, काया करके मिच्छामि दुक्कडं।

पोसह संध्या अतिचार।

ठाणे कमणे चंकमणे आउत्ते अणाउत्ते हरियक्काय संघट्टे बीयकाय संघट्टे थावरकाय संघट्टे छप्पइया संघट्टे सव्वरसवि देवसिय दुच्चिंतिय दुब्भासिय दुच्चिट्ठिय इच्छाकारेण संदिसह भगवन् इच्छं तस्स मिच्छामि दुक्कडं।

---

१ प्रतिक्रमणमें इस सूत्र द्वारा खड़े होकर अठारह पापस्थानोंकी आलोयणा की जाती है।

२ इस पाठ के द्वारा प्रतिक्रमणमें खड़े होकर ज्ञान तथा दर्शन के उपकरणों की आलोयणा की जाती है।

पोसह रात्रि अतिचार

संथारा उवट्टणकी आउट्टणकी परिअट्टणकी पसारणकी छप्पइआ संघट्टण की अचक्खु विसय कायकी, सव्वस्सवि राइअ दुच्चिंतिय दुब्भासिय दुच्चिट्ठिय इच्छाकारेण संदिसह भगवन् तस्स मिच्छामि दुक्कडं ।

श्रावक प्रतिक्रमण सूत्र[1]

वंदित्तु सव्वसिद्धे, धम्मायरिए अ सव्व साहूअ । इच्छामि पडिक्कमिउं, सावगधम्माइ आरस्स ॥१॥ जो मे वयाइआरो, नाणे तहदंसणे चरित्ते अ । सुहुमो अ वायरो वा, तंणिंदे तं च गरिहामि ॥२॥ दुविहे परिग्ग-हम्मि सावज्जे वहुविहे अ आरंभे । कारावणे अ करणे, पडिक्कमे देसिअं सव्वं ॥३॥ जं बद्ध मिंदिएहिं, चउहिं कसाएहिं अप्पसत्थेहिं । रागेण व दोसेण व, तंणिंदे तंच गरिहामि ॥४॥ आगमणे निग्गमणे, ठाणे चंकमणे (य) अणाभोगे । अभिओगे अ निओगे, पडिक्कमे देसिअं सव्वं ॥५॥ संका कंख विगिच्छा, पसंस तह संथवो कुलिंगीसु । सम्मत्तस्सइआरे, पडिक्कमे देसियं सव्वं ॥६॥ छक्काय समारंभे, पयणे अ पयावणे अ जे दोसा । अत्तट्ठा य परट्ठा, उभयट्ठा, चेव तंणिंदे ॥७॥ पंचण्ह मणुव्वयाणं, गुणव्वयाणं च तिण्ह-मइआरे । सिक्खाणं च चउण्हं, पडिक्कमे देसिअं सव्वं ॥८॥ पढमे अणु-व्वयम्मि, थूलग पाणाइ वाय विरईओ । आयरि अ मप्पसत्थे, इत्थ पमायप्प-संगेणं ॥९॥ वह बंध छविच्छेए, अइभारे भत्त पाणवुच्छेए । पढम वयस्स इआरे, पडिक्कमे देसिअं सव्वं ॥१०॥ बीए अणुव्वयम्मि, परिथूलग अलियवयण विरईओ । आयरिअ मप्पसत्थे, इत्थ पमाय प्पसंगेणं ॥११॥ सहसा रहस्स दारे, मोसुवएसेअ कूडलेहेअ । बीय वयस्सइआरे, पडिक्कमे देसिअं सव्वं ॥१२॥ तइए अणुव्वयम्मि, थूलग परदव्व हरण विरईओ । आयरिअ मप्पसत्थे, इत्थ पमाय प्पसंगेणं ॥१३॥ तेना हडप्पओगे, तप्पडिरूवे विरुद्ध गमणे अ । कूडतुल कूडमाणे, पडिक्कमे देसिअं सव्वं ॥१४॥ चउत्थे अणुव्वयम्मि,

---

[1] इस वंदित्तु सूत्र से दाहिना घुटना खड़ा करके श्रावक सम्बन्धी बारह व्रतों की आलोयणा की जाती है ।

णिच्चं परदार गमण विरईओ । आयरिअ मप्पसत्थे, इत्थ पमाय प्पसंगेणं ॥१५॥ अपरिग्गहिआ इत्तर, अणंग विवाह तिव्व अणुरागे । चउत्थ वयस्सइआरे, पडिक्कमे देसिअं सव्वं ॥१६॥ इत्तो अणुव्वए पंचमम्मि, आयरिअ मप्प-सत्थम्मि । परिमाण परिच्छेए इत्थ पमाय प्पसंगेणं ॥ १७ ॥ धण धन्न खित्त वत्थू रुप्प सुवण्णेअ कुविअ परिमाणे दुपए चउप्पयम्मि य पडिक्कमे देसिअं सव्वं ॥१८॥ गमणस्स उपरिमाणे दिसासु उड्ढं अहेअ तिरिअं च । वुड्ढि सइ अंतरद्धा, पढमम्मि गुणव्वए णिंदे ॥१९॥ मज्जम्मिअ मंसम्मिअ, पुप्फेअ फलेअ गंधमल्लेअ । उवभोग परिभोगे, बीयम्मि गुणव्वए णिंदे ॥२०॥ सच्चित्ते पडिबद्धे, अप्पोलि दुप्पोलिअं च आहारे । तुच्छोसहि भक्खणया, पडिक्कमे देसिअं सव्वं ॥२१॥ इंगाली वण साडी, भाडी फोडी सुवज्जए कम्मं । वाणिज्जं चेव य, दंत लक्ख रस केस विस विसयं ॥२२॥ एवं खुज्जंतं पिल्लण कम्मं निल्लछणंच दवदाणं । सरदह तलायसोसं, असई पोसंच वज्जिज्जा ॥२३॥ सत्थग्गि मुसलजंतग, तण कट्ठे मंत मूल भेसज्जे । दिण्णे दवाविए वा, पडिक्कमे देसिअं सव्वं ॥२४॥ न्हाणु वट्टण-वण्णग, विलेवणे सद्द रूव रस गंधे । वत्थासण आभरणे, पडिक्कमे देसिअं सव्वं* ॥२५॥ कंदप्पे कुक्कुइए, मोहरि अहिगरण भोग अइरित्ते । दंडम्मि अणट्ठाए तइयम्मि, गुणव्वए णिंदे ॥२६॥ तिविहे दुप्पणिहाणे, अणवट्ठाणे तहा सइविहुणे । सामाइय वितहकए, पढमे सिक्खावए णिंदे ॥२७॥ आण-वणे पेसवणे, सद्दे रूवे अ पुग्गलक्खेवे । देसावगासिअम्मि, बीए सिक्खावए णिंदे ॥२८॥ संथारुच्चारविही, पमाय तहचेव भोयणाभोए । पोसह विहि विव-रीए तइए सिक्खावए णिंदे ॥२९॥ सच्चित्ते णिक्खिवणे, पिहिणे ववए समच्छरे चेव । कालाइ क्कमदाणे, चउत्थे सिक्खावए णिंदे ॥३०॥ सुहिएसु अ दुहिएसु अ, जा मे अस्संजएसु अणुकंपा । रागेण व दोसेण व, तंणिंदे तं च गरिहामि ॥३१॥ साहूसु संविभागो, न कओ तव चरण करण जुत्तेसु ।

* देसिअं सव्वं के स्थान पर राई, पक्खी, चौमासी, सम्बत्सरी, प्रतिक्रमणों में राइअं, पक्खिअं, चौमासिअं, सम्बत्सरिअं सव्वं कहना चाहिये ।

संते फासुअ दाणे, तंणिंदे तं च गरिहामि ॥ ३२ ॥ इहलोए परलोए, जीविअ मरणेअ, आसंस पओगे। पंचविहो अइयारो मामज्झं हुज्जमरणंते ॥३३॥ काएण काइअस्स, पडिकम्मे वाइअस्स वायाए। मणसा माणसिअस्स, सव्वस्स वयाइआरस्स ॥३४॥ वंदणवय सिक्खा गारवेसु सन्ना कसाय दंडेसु। गुत्तीसु अ समिई सुअ, जो अइआरो अ तंणिंदे ॥३५॥ सम्मदिट्ठीजीवो, जइवि हु पावं समायरइ किंचि। अप्पोसि होइ बंधो, जेण न निद्धंधसं कुणइ ॥३६॥ तं पि हु सपडिक्कमणं, सप्परिआवं सउत्तर गुणं च। खिप्पं उवसामेई, वाहिव्व सुसिक्खिओ विज्जो ॥३७॥ जहा विसं कुट्ठ गयं, मंत-मूल विसारया। विज्जा हणंति मंतेहिं, तोतं हवइ निव्विसं ॥३८॥ एवं अट्ठविहं कम्मं, राग दोस समज्जिअं। आलोअंतो अ णिंदंतो, खिप्पं हणइ सुसावओ ॥३९॥ कय पावोवि मणुस्सो, आलोइअ णिंदिअ य गुरु सगासे। होइ अइरेग, लहुओ ओहरि अ भरुव्व भारवहो ॥४०॥ आवस्स एण एएण सावओ जइवि वहुरओहोइ। दुक्खाण मंत किरिअं, काही अचिरेण कालेण ॥४१॥ आलोअणा वहुविहा, नय संभरिआ पडिक्कमणकाले। मूलगुण उत्तरगुणे, तंणिंदे तं च गरिहामि ॥४२॥ तस्स धम्मस्स केवलि पण्णत्तस्स, अब्भुट्ठिओमि* आराहणाए, विरओमि विराहणाए। तिविहेण पडिक्कंतो, वंदामि जिणे चउव्वीसं ॥ ४३ ॥ जावंति चेइआइं, उड्ढेअअहे अ तिरिअ लोएअ। सव्वाइं ताइं वंदे, इह संतो तत्थ सताइं ॥ ४४ ॥ जावंत के वि साहू, भरहे रवय महाविदेहेअ। सव्वेसिं तेसिं पणओ, तिवि-हेण तिदंड विरयाणं ॥४५॥ चिरसंचिय पाव, पणासणीइ भव सय सहस्स महणीए। चउवीस जिण विणिग्गय, कहाइ बोलंतु मे दिअहा ॥४६॥ मम मंगल मरिहंता, सिद्धा साहू सुअं च धम्मोअ। सम्मदिट्ठी देवा, दिंतु समाहिं च बोहिं च ॥४७॥ पडिसिद्धाणं करणे, किच्चाण मकरणे पडिक्कमणं। असद्दहणे अ तहा, विवरीय परूवणाए अ ॥४८॥ खामेमि सव्वजीवे, सव्वे जीवा खमंतु मे। मित्ती मे सव्वभूएसु, वेरं मज्झं न केणई ॥४९॥ एवमहं

* यहां से सम्पूर्ण खड़े होकर ही पढ़ना चाहिये।

आलोइअ, णिंदिय गरहिअ दुगंछिउं सम्मं । तिविहेण पडिक्कंतो, वंदामि जिणे चउव्वीसं ॥५०॥

आयरिअ उवज्झाए सूत्र† ।

आयरिअ उवज्झाए, सीसे साहम्मिए कुलगणे अ । जे मे केइ कसाया, सव्वे तिविहेण खामेमि ॥१॥ सव्वस्स समण संघस्स भगवओ अंजलिं करिअ सीसे । सव्वं खमावइत्ता, खमामि सव्वस्स अहयंपि ॥२॥ सव्वस्स जीवरासिस्स, भावओ धम्म निहिअ निअचित्तो । सव्वं खमावइत्ता, खमामि सव्वस्स अहयंपि ॥३॥

चैत्यनमन स्तोत्र

सद्भक्त्या देवलोके रवि शशि भवने व्यन्तराणां निकाये, नक्षत्राणां निवासे ग्रहगण पटले तारकाणां विमाने। पाताले पन्नगेन्द्रे स्फुटमणि किरणै-र्ध्वस्त सान्द्रान्ध कारे, श्रीमत्तीर्थङ्कराणां प्रतिदिवसमहं तत्र चैत्यानि वन्दे ॥१॥ वैताढ्ये मेरुशृङ्गे रुचक गिरिवरे कुण्डले हस्तिदन्ते, वक्खारे कूट नन्दीश्वर-कनकगिरौ नैषधे नीलवन्ते। चैत्रे शैले विचित्रे यमक - गिरिवरे चक्रवाले हिमाद्रौ, श्रीमत्तीर्थङ्कराणां प्रतिदिवसमहं तत्र चैत्यानि वन्दे ॥२॥ श्रीशैले विन्ध्यशृङ्गे विमलगिरिवरे ह्यर्बुदे पावके वा, सम्मेते तारके वा कुलगिरिशि-खरेऽष्टापदे स्वर्ण शैले। सह्याद्रौ वैजयन्ते विमलगिरिवरे गुर्जरे रोहणाद्रौ, श्रीमत्तीर्थङ्कराणां प्रतिदिवसमहं तत्र चैत्यानि वन्दे ॥३॥ आघाटे मेदपाटे क्षिति तट मुकुटे चित्रकूटे त्रिकूटे, लाटे नाटे च घाटे विटपिघनतटे हेमकूटे विराटे। कर्णाटे हेमकूटे विकट तरकटे चक्र कूटे च भोटे, श्रीमत्तीर्थङ्कराणां प्रतिदिवसमहं तत्र चैत्यानि वन्दे ॥४॥ श्रीमाले मालवे वा मलयिनि निषधे-मेखले पिच्छले वा नेपाले नाहले वा कुवलय तिलके सिंहले केरले वा। डाहाले कोशले वा विगलित सलिले जङ्गले वाढमाले श्रीमत्तीर्थङ्कराणां प्रतिदिवसमहं तत्र चैत्यानि वन्दे ॥५॥ अङ्गे बङ्गे कलिङ्गे सुगत जनपदे सत्प्रयागे तिलंगे

---

† प्रतिक्रमण में इस सूत्र द्वारा, खड़े होकर, अंजली जोड़ तथा सिर नवा सकल श्रमण सङ्घ (मुनि समुदाय) से क्षमा याचना की जाती है।

गौडे चौडे मुरण्डे वरतर द्रविडे उद्रियाणे च पौण्ड्रे। आद्रे माद्रे पुलिन्द्रे द्रविड कवलये कान्यकुब्जे सुराष्ट्रे, श्रीमत्तीर्थङ्कराणां प्रतिदिवसमहं तत्र चैत्यानि वन्दे ॥६॥ चन्द्रायां चन्द्रमुख्यां गजपुर मथुरा पत्तने चोज्जयिन्यां, कोशाम्ब्यां कोशलायां कनकपुरवरे देवगिर्यांच काश्याम्। नासिक्ये राजगेहे दशपुर नगरे भद्दिले ताम्रलिप्त्यां श्रीमत्तीर्थङ्कराणां प्रतिदिवसमहं तत्र चैत्यानि वन्दे ॥७॥ स्वर्गे मर्त्येऽन्तरिक्षे गिरि शिखर ह्रदे स्वर्ण दीनीरतीरे शैलाग्रे नागलोके जल निधि पुलिने भूरुहाणां निकुञ्जे। ग्रामेऽरण्ये वने वा स्थलजल विषमे दुर्गमध्ये त्रिसन्ध्यं, श्रीमत्तीर्थङ्कराणांप्रतिदिवसमहं तत्र चैत्यानिवन्दे॥८॥श्रीमन्मेरौकुलाद्रौ रुचक नगवरे शाल्मलौ जम्बुवृक्षे, चोज्जन्ये चैत्यनन्दे रतिकर रुचके कौण्डले मानुषाङ्के। इक्षुकारे जिनाद्रौ च दधिमुखगिरौ व्यन्तरे स्वर्गलोके, ज्योतिर्लोके भवन्ति त्रिभुवन वलये यानि चैत्यालयानि ॥९॥ इत्थं श्रीजैन चैत्य स्तवन-मनुदिनं ये पठन्ति प्रवीणाः, प्रोद्यत्कल्याणहेतु कलिमल हरणं भक्तिभाज-स्त्रिसन्ध्यम्। तेषां श्रीतीर्थयात्रा फल मतुल मलं जायते मानवानां, कार्याणां सिद्धिरुच्चैः प्रमुदितमनसां चित्तमानन्दकारि ॥१०॥

श्री तीर्थमाला स्तवन

शत्रुंजय ऋषभ समोसरया, भला गुण भरया रे। सीधा साधु अनन्त तीरथ ते नमु रे॥
तीन कल्याणक तिहां थयां, मुगते गया रे। नेमीसर गिरनार ती० ॥१॥
अष्टापद एक देहरो गिरिसेहरो रे। भरते भराव्या बिम्ब ॥ ती० ॥

आबू चौमुख अति भलो, त्रिभुवन तिलो रे।
विमलवसइ वस्तुपाल ॥ ती० ॥ २ ॥

समेत शिखर सोहामणो, रलियामणो रे। सीधा तीर्थंकर बीस ॥
नयरी चम्पा निरखियें, हिये हरखीयें रे। सीधा श्रीवासुपूज्य ॥ ती० ॥३॥
पूरब दिशें पावापुरी, रिद्धें भरी रे। मुक्ति गया महावीर ॥ ती० ॥
जेसलमेर जुहारीयें, दुःख वारीयें रे। अरिहंत बिम्ब अनेक ॥ ती० ॥४॥
बीकानेरज वंदीये, चिर नंदीये रे। अरिहंत देहरा आठ ॥ ती० ॥
सोरिसरो संखेसरो पंचासरो रे। फलोधी थंभणपास ॥ ती० ॥ ॥५॥

अंतरीक अंजावरो, अमीझरो रे। जीरावलो जगनाथ ॥ ती० ॥
त्रैलोक्यदीपक देहरो जात्रा करो रे। राणपुरें रिसहेस ॥ ती० ॥ ॥६॥
श्री नाडुलाई जादवो, गौडी स्तवो रे। श्री वरकाणो पास ॥ ती० ॥
नंदीश्वरनां देहरां, बावन भलां रे। रुचक कुंडल चारू चार ॥ ती० ॥७॥
शाश्वती अशाश्वती, प्रतिमा छती रे। स्वर्ग मृत्यु पाताल ॥ ती० ॥
तीरथ जात्रा फल तिहां, होजो मुझ इहां रे। समयसुंदर कहे एम ॥ ती० ॥८॥ ❀

तीर्थ वन्दना*

सकल तीर्थ वंदूकर जोड़, जिनवर नामे मंगल कोड़ ।
पहले स्वर्गे लाख बत्तीस, जिणवर चैत्य नमूं निश दीस ॥१॥
बीजे लाख अट्ठाविश कह्या, तीजे बार लाख सरद्दह्या ।
चौथे स्वर्गे अडलख धार, पांचमे वन्दूं लाख जो चार ॥२॥
छठे स्वर्गे सहस पचास, सातमे चालीस सहस प्रसाद ।
आठमे स्वर्गे छ हजार, नव दशमे वन्दूं शत चार ॥३॥
इग्यार बारमें त्रणसें सार, नवग्रैवेके त्रणसें अढ़ार ।
पांच अनुत्तर सर्वे मली, लाख चोराशी अधिकां वली ॥४॥
सहस सत्ताणू त्रेवीस सार, जिनवर भवन तणों अधिकार ।
लांबा सो जोजन विस्तार, पचास ऊंचा बोहोत्तर धार ॥५॥
एक सो अस्सी बिम्ब परिमाण, सभा सहित एक चैत्ये जाण ।
सो कोड बावन कोड सम्भाल, लाख चौराणू सहस चौआल ॥६॥
सातमें ऊपर साठ विसाल, सवि बिम्ब प्रणमूं त्रणकाल ।
सातकोंड ने बहोंत्तर लाख, भुवनपति मां देवल भाख ॥७॥
एक सो अस्सी बिम्ब परिमाण, इक इक चैत्ये संख्या जाण ।
तेरसे कोड नव्यासी कोड, साठ लाख वन्दूं कर जोड़ ॥८॥
बत्रीशेंने ओगण साठ, तिर्छा लोक मां चैत्य नो पाठ ।
तीन लाख एकाणू हजार, तीनसें वीश ते बिम्ब जुहार ॥९॥

* इन स्तोत्रों से समस्त तीर्थों को वन्दन किया जाता है।

व्यंतर ज्योतिष मां वली जेह, शाश्वता जिन वन्दूं हूं तेह।
अगर सर्दी हो तो कपड़ा लेनेके लिये एक खमासमण देकर इच्छाकारेण पांगरणूं संदिसाहूं कहे। तब इच्छं कहे। फिर खमासमण देकर 'इच्छाकारेण॰ पांगरणूं पडिग्गहूं? कहे। तब इच्छं कहकर वस्त्र लेवे। सामायिक या पोसहमें कोई सामायिक या पोसह वाला श्रावक वन्दन करे तो 'वन्दामो कहे' और दूसरे श्रावक वन्दन करें तो सज्झाय करेह कहे'।

सामायिक पारने की विधि

प्रथम चरवला अथवा पूंजनी व मुंहपत्ति ले खड़ा हो एक खमासमण देकर इच्छाकारेण॰ सामायिक पारवा मुंहपत्ति पडिलेहूं? इच्छं कह मुंहपत्ति पडिलेहे फिर खमासमण कहे। बाद इच्छाकारेण॰ सामायिक पारूं? कहे। गुरु के पुणो वि कायव्वो कहनेके बाद 'यथाशक्ति कहे फिर खमासमण देकर इच्छाकारेण॰ सामायिक पारेमि? कहे। जब गुरु 'आयारो णमोत्तव्वो' कहे तब 'तहत्ति' कहकर आधा अंग नमा खड़े खड़े तीन णमोक्कार पढ़े। पीछे घुटने टेककर सिर नमा दाहिना हाथ आसन या चरवले पर रख भयवं दसण्णभद्दो॰[१] आदि पांच गाथा पढ़े। पीछे 'सामायिक विधि से लिया, विधि से पूर्ण किया, विधि करते कोई अविधि हुई हो। दस मन के, दस वचन के, बारह काया के। कुल बत्तीस दोषों में कोई दोष लगा हो तो मिच्छामि दुक्कडं कहे।

सामायिक सम्बन्धी विशेष बातें

१—सामायिक लेनेके बाद दीपक या बिजलीका प्रकाश शरीर पर पड़ा हो या प्रमाद किया हो तो 'इरियावहियं॰' तस्स उत्तरी॰ अणत्थ॰[२] कहकर एक

१—यह पाठ पृष्ठ १८ में है। २—यह पाठ पृष्ठ ३ में है।

लोगस्स० का काउसग्ग करे' उसको पार कर प्रगट लोगस्स० कहनेके बाद सामायिक पारने की विधि प्रारम्भ करे।

मन के दश दोष

१—दुश्मन को देख कर जलना। २ अविवेक पूर्ण बातें सोचना। ३ तत्त्व का विचार न करना। ४ मन में व्याकुल होना। ५ इज्जत की चाह करना। ६ विनय न करना। ७ भय का विचार करना। ८ व्यापार का चिन्तवन करना। ९ फल में सन्देह करना। १० निदान (न्याणा) पूर्वक फल संकल्प करके धर्मक्रिया करना।

वचन के दश दोष

१ दुर्वचन बोलना। २ हूंकार भरना। ३ पाप कार्य का हुक्म देना। ४ बिना काम बोलना। ५ कलह करना। ६ कुशलक्षेम आदि पूछ कर आगत स्वागत करना। ७ गाली देना। ८ बालकको खिलाना। ९ विकथा (निन्दा) करना। १० हंसी दिल्लगी करना।

काया के बारह दोष

१ आसन को स्थिर न करना। २ चारों ओर देखते रहना। ३ पाप वाला काम करना। ४ अंगड़ाई लेना। ५ अविनयकरना। ६ भीत आदि के सहारे बैठना। ७ मैल उतारना। ८ खुजलाना। ९ पैर पर पैर चढ़ाना। १० काम वासना से अंगों को खुला रखना। ११ जंतुओं के उपद्रव से डर कर शरीर को ढांपना। १२ ऊंघना। सब मिलाकर बत्तीस दोष हुए।

४—एक ही साथ दो या तीन सामायिक* करनी हो तो प्रत्येक सामायिक लेते समय सामायिक लेने की जो विधि है सो करनी। सामायिक पूर्ण होने पर एक ही दफे पारने की विधि करनी। लेकिन दूसरी या तीसरी सामायिक लेते समय 'सज्झाय करूं.?' इस वाक्य के

* सामायिक करनेवालों को ३२ दोषों में से निरन्तर (रोजाना) कम करने की जरूरत है।

स्थान पर 'सामायिक' में हूं ऐसा कहकर तीन णमोक्कार के बदले एक ही णमोक्कार बोलना।

संध्याकालीन सामायिक लेने की विधि

दिन के अन्तिम पहर में पौषधशाला, उपाश्रय या पौशाले आदि में जाकर या घर में ही एकान्त स्थान में उस स्थान का तथा वस्त्र का पडिलेहण करे। अगर देरी हो गई हो तो दृष्टि पडिलेहण करे फिर गुरु या स्थापनाचार्यजीके सामने बैठकर भूमि प्रमार्जन करके बांयीं ओर आसन रख, एक खमासमण दे, 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् सामायिक लेवा मुंहपत्ति पडिलेहूं' कहे। गुरु के 'पडिलेहेह' कहने पर 'इच्छं' कहकर मुंहपत्ति पडिलेहे। बाद खमासमण दे इच्छाकारेण॰ सामायिक संदिसाहूं ? इच्छं। कहे। फिर खमासमण देकर इच्छाकारेण॰ सामायिक ठाऊं ? इच्छं। कह कर आधा अंग नमा तीन णमोक्कार गिन 'इच्छकारी भगवन् पसायकरी सामायिक दंडकउच्चरावोजी' कहे। तदुपरान्त तीन बार 'करेमि भंते॰'[1], इरियावहियं॰, तस्सउत्तरी॰, अणत्थ॰ कह, एक लोगस्स॰का काउसग्ग करे। बाद पार के प्रगट लोगस्स॰[2] तक की सब विधि प्रभातकालीन सामायिक की तरह करे। फिर नीचे बैठकर दो वन्दना देवे। अगर तिविहार उपवास हो तो सिर्फ मुंहपत्ति का पडिलेहण करे, वन्दना न दे अगर चउव्विहार उपवास हो तो मुंहपत्ति और वन्दना दोनों ही न करे। बाद खमासमण दे 'इच्छाकार भगवन् पसायकरी पच्चक्खाण कराओजी' कहे। फिर 'करेह' कहने पर गुरु के मुख से या स्वयं किसी बड़े के मुख से पच्चक्खाण करे।

सामायिक की विधिओं में आये हुए भिन्न भिन्न शब्दों के अर्थ—

इच्छाकारेण संदिसह भगवन्—हे भगवन्! अपनी इच्छा से आदेश दो। इच्छं—आप की आज्ञा प्रमाण है। सामायिक संदिसाहूं—मुझे सामायिक करने का आदेश दें। सामायिक ठाऊं—मैं सामायिक लेता हूं। इच्छाकारी भगवन् पसायकरी—हे भगवन्। अपनी इच्छा से, कृपा करके। सामायिक दंडक उच्चरावोजी—सामायिक व्रत का पाठ मुख से बोलिये।

१--यह पाठ पृष्ठ ३ में हैं। २—यह पाठ पृष्ठ ४ में हैं।

तदुपरान्त खमासमण देकर 'इच्छाकारेण० सज्झाय संदिसाहूं ? 'इच्छं' कहे। फिर खमासमण देकर 'इच्छाकारेण० सज्झाय करूं' 'इच्छं' कह खड़े हो खमासमण दे आठ णमोक्कार गिने। बाद खमासमण दे 'इच्छाकारेण० वेसणूं संदिसाहूं' 'इच्छं' कहे। फिर खमासमण देकर 'इच्छाकारेण० वेसणूं ठाऊं, 'इच्छं' यह सब क्रमशः प्रभात की सामायिक की तरह करे।

अगर वस्त्र की आवश्यकता पड़े तो उसके लिये एक खमासमण देकर 'इच्छाकारेण० पांगरणूं संदिसाहूं ? 'इच्छं' इच्छाकारेण० पांगरणूं पडिग्गहूं' 'इच्छं' कह कर वस्त्र लेवे।

सामायिक पारने की विधि क्रमशः एक है।

राईप्रतिक्रमण की विधि

सर्वप्रथम पूर्व विधिवत् सामायिक ग्रहण करे। तदनन्तर एक खमासमण देकर 'इच्छाकारेण संदिसह' भगवन् चैत्यवन्दन करूं ? कहे। जब गुरु 'करेह' कहे तब 'इच्छं' कहकर 'जयउ सामिय जयउ सामिय'[१] का जयवीराय० की दो गाथा तकका सम्पूर्ण चैत्यवन्दन करे। बाद एक खमासमण देकर 'इच्छाकारेण संदिसह' भगवन् कुसुमिण दुसुमिण राई पायच्छित्त विसोहणत्थं काउसग्ग करूं ? कहे। तब गुरु के 'करेह' कहने पर 'इच्छं' कहकर 'कुसुमिण दुसुमिण राई पायच्छित्त विसोहणत्थं करेमि काउसग्गं' कहकर 'अणत्थ०' पढ़ कर 'चार लोगस्स०'[२] का या १६ णमोक्कार० का काउसग्ग करके 'णमो अरिहंताणं' कहे। पारकर प्रगट लोगस्स० कहे। (रात्रि में काम भोगादि बुरे स्वप्न

सामायिक की विधिओं में आये हुए भिन्न भिन्न शब्दों के अर्थ—

सज्झाय संदिसाहूं—मुझे स्वाध्याय करनेका आदेश दें। सज्झाय करूं—मैं स्वाध्याय करता हूं। वेसणूं संदिसाहूं—मुझे आसन पर बैठनेकी आज्ञा दें। वेसणूं ठाऊं—मैं आसन ग्रहण करता हूं। सामायिक पारूं मैं—सामायिक पारता हूं। पुणोवि कायव्वो—फिर भी करो। यथाशक्ति—जैसी मेरी शक्ति होगी। सामाइयं पारेमि—मैंने सामायिक पार लिया। आयारो णमोत्तव्वो—आचार्यों को नमस्कार करो। तहत्ति—आप का कथन सत्य है।

१—पृष्ठ ४ में है। २—पृष्ठ ४ में है।

आये हों तो चार लोगस्स० का। अगर प्रतिक्रमण का समय न हुआ हो तो ध्यान करे या स्वाध्याय करे। पीछे अनुक्रम से एक एक खमासमण पूर्वक 'आचार्य मिश्र' 'उपाध्याय मिश्र' 'वर्त्तमान जंगम युगप्रधान भट्टारक का नाम' तथा 'सर्व साधुओं' को अलग अलग वन्दन करे। पीछे 'इच्छकारी' 'समस्त श्रावकों को वन्दू' कहकर, घुटने टेक सिर नमाकर, दाहिना हाथ पूंजनी या चरवले पर रखकर, बायें हाथ में मुंह के आगे मुंहपत्ति रख 'सव्वस्स वि राइयं०'[१] पढ़े। (परन्तु इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! इच्छं। इतना न कहना चाहिये)। पीछे णमुत्थुणं०[२] पढ़ खड़े होकर 'करेमि भंते०'[३] 'इच्छामि ठामि काउसग्गं जो मे राइयो०', तस्सउत्तरी०', अणत्थ० कहकर चारित्र विशुद्धि निमित्तं एक लोगस्स० का या चार णमोक्कार,का काउसग्ग करे। बाद में उसको पारकर प्रकट लोगस्स० कह 'सव्व लोए अरिहंत चेइयाणं०' तथा अणत्थ० कहकर दर्शन विशुद्धि निमित्त एक लोगस्स० या चार णमोक्कार० का काउसग्ग करे। उसको पार 'पुक्खरवरदी वड्ढे०' सुअस्स भगवओ करेमि काउसग्गं वंदण०, अणत्थ० कह ज्ञानाचार की विशुद्धि के निमित्त आठ णमोक्कार का काउसग्ग करे अथवा 'आजुणा चार प्रहर रात्रि सम्बन्धी० सात लाख आदि आलोयणा पाठ का काउसग्ग में चिन्तवन करे। तदनन्तर काउसग्ग पार के सिद्धाणं बुद्धाणं० पढ़े। बाद प्रमार्जन पूर्वक बैठकर तीसरे आवश्यक की मुंहपत्ति पडिलेह कर भाव से दो वन्दणा देवे। पीछे 'इच्छाकारेण संदिसह' भगवन् राइयं आलोउं? कहे। गुरु के 'आलोएह' कहने पर इच्छं, आलोएमि जो मे राइयो सूत्र पढ़ कर 'आजुणा चार प्रहर रात्रि में मैंने जो जीव विराधे हों, सात लाख पृथ्वीकाय०[४] तथा अट्ठारह पापस्थानक० पढ़े। तदनन्तर 'ज्ञान, दर्शन, चारित्र, पाटी पोथी०', आलोएण सूत्र बोले। तदनन्तर 'सव्वस्सवि राइय०' कहकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्' कहकर रात्रि अतिचार का प्रायश्चित्त मांगे। गुरु के 'पडिक्कमेह' कहने के बाद इच्छं, 'तस्समिच्छामि दुक्कडं०' कहे। तत्पश्चात् प्रमार्जन पूर्वक आसन के ऊपर दाहिना घुटना ऊंचा करके,

१—पृष्ठ ७ में है। २—पृष्ठ ५ में है। ३—पृष्ठ ३ में है। ४—पृष्ठ ९ में है।

भगवन् सूत्र भणूं ? कहे। गुरुके 'भणेह' कहनेके बाद 'इच्छं' कहकर तीन णमोकार तथा तीन करेमिभंते०[१] पढ़कर 'इच्छामिं पडिक्कमिउं जो मे राइओ०[२]' तथा वंदित्तु०[३] सूत्र पढ़े। वंदित्तु सूत्रकी ४३ वीं गाथामें 'अब्भुट्ठिओमि पद आने पर खड़ा होकर शेष वंदित्तु को सम्पूर्ण करे। पीछे दो वन्दना देकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! अब्भुट्ठिओमि अब्भिंतर राइयं खामेउं० बोले। गुरु के 'खामेह' कहने पर 'इच्छं' कहकर प्रमार्जन पूर्वक घुटने टेक शरीर नमा दाहिने हाथ को चरवले पर रख तथा बायें हाथ से मुंहपत्तिका मुखके आगे रख 'खामेमि राइयं, जं किंचि अपत्तियं०[४]' सूत्र कहे। गुरुको 'मिच्छामि दुक्कडं' देनेपर दो वन्दना देवे। तदनन्तर 'आयरिअ उवज्झाए०' की तीन गाथायें कहकर, करेमिभंते०, इच्छामि ठामि०[५], तस्सउत्तरी०[६], अणत्थ० कहकर काउसग्ग करे। काउसग्ग में भगवन् महावीर स्वामी कृत छम्मासी तप का चिंतन छह लोगस्स या चौबीस णमोक्कार का काउसग्ग करे। और जो पच्चक्खाण करना हो तो मनमें धारकर काउसग्ग पारे। फिर प्रगट लोगस्स० कहकर उकडू आसनसे बैठकर छट्ठे आवश्यककी मुंहपत्ति पडिलेहे दो वन्दना[७] देवे।

पीछे 'सद्भक्त्या देवलोके०[८]' स्तव से सकल तीर्थों को मान पूर्वक नमस्कार करे और 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पसायकरी पच्चक्खाण कराओजी०' ऐसा कह, गुरु के मुख से या वृद्ध साधर्मिक के मुख से या स्थापनाजी के सामने पूर्व निश्चयानुसार पच्चक्खाण कर ले। बाद 'इच्छामो अणुसट्ठिं०' कहकर बैठ जाय और मस्तक पर अंजली रख 'णमो खमासमणाणं०, नमोऽर्हत्०' पढ़, पर समय तिमिर तरणिं०[९] की तीन गाथायें कहे। पीछे णमुत्थुणं० कह खड़े होकर 'अरिहंत चेइयाणं०[१०]' व अणत्थ०[११] पढ़ एक णमोकार का काउसग्ग करे और उसको नमोऽर्हत्० पूर्वक पारकर एक स्तुति (थुई) कहे। बाद 'लोगस्स० सव्वलोए० अरिहंत चेइयाणं० अणत्थ०' पढ़ एक णमोक्कार० का काउसग्ग करे और दूसरी स्तुति कहे। फिर

१—पृष्ठ ३। २—पृष्ठ ७। ३—पृष्ठ ११। ४—पृष्ठ २। ५—पृष्ठ ७। ६—पृष्ठ ३। ७—पृष्ठ ६। ८—पृष्ठ १४। ९—पृष्ठ १७। १०—पृष्ठ ७। ११—पृष्ठ ४।

'पुक्खरवरदी०[१] सुअस्स भगवओ करेमि० अणत्थ०' पढ़, एक णमोक्कार० का काउसग्ग पार तीसरी स्तुति कहे। तदनन्तर 'सिद्धाणं बुद्धाणं०[२] वेयावच्चग-राणं० अणत्थ०[३]' बोल एक णमोक्कार०का काउसग्ग पार चौथी स्तुति कहे। तत्पश्चात् 'शक्रस्तव'० पढ़ तीन खमासमण पूर्वक आचार्य, उपाध्याय तथा सर्व साधुओं को वन्दन करे।

यहीं राई प्रतिक्रमण की समाप्ति हो जाती है अगर विशेष भाव तथा स्थिरता हो तो उत्तर दिशा की तरफ मुख करके तीन खमासमण दे 'इच्छाकारेण० चैत्यवन्दन करूं?' 'इच्छं' कह श्री सीमंधर स्वामीका चैत्यवन्दन पढ़े। तदनन्तर 'जंकिंचि०, णमुत्थुणं०[४], जावंति चेइआइं०, जावंत केविसाहू०, नमोऽर्हत्०' कह श्री सीमंधर स्वामी के स्तवनों में से कोइ एक स्तवन बोलकर जयवीयराय०[५], अरिहंत चेइयाणं०, वंदणवत्तिआए० तथा अणत्थ० कहने के बाद अप्पाणं वोसरामि पर्य्यन्त एक णमोक्कार० का ध्यान करके 'नमोऽर्हत्०' कहकर श्रीसीमंधर स्वामीकी थुई कहे। इसी तरह तीन खमासमण देकर 'श्री सिद्धाचलजी' का चैत्यवन्दन, स्तवन और थुई। कहे अगर विशेष स्थिरता हो तो अष्टापदजी का चैत्यवन्दन, स्तवन, थुई कहे। तदनन्तर पडिलेहण करे। फिर सामायिक पूर्वोक्त विधि से पारे।

देवसिक प्रतिक्रमण की विधि।

प्रथम सन्ध्याकालीन सामायिक ग्रहण करे। फिर तीन खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् चैत्यवन्दन करूं?' कहे। गुरु के 'करेह' कहनेपर'इच्छं'कह,फिर 'जय तिहुअण०[६]'की।५ या ७गाथा,तक'जयमहायस०', 'णमुत्थुणं०[७], अरिहंत चेइयाणं०[८]', अणत्थ कह एक णमोक्कारका काउ-सग्ग करे। पार के 'नमोऽर्हत्०[९]' कह प्रथम थुई (स्तुति) कहे। तदनन्तर 'लोगस्स०', सव्वलोए०', 'अरिहंत चेइयाणं०', अणत्थ० कह,एक णमोक्कार

१-पृष्ठ ७। २-पृष्ठ ८। ३-पृष्ठ ४। ४-पृष्ठ ५। ५-पृष्ठ ६। ६-पृष्ठ १८। ७-पृष्ठ ५। ८-पृष्ठ ७। ९-पृष्ठ ६।

का काउसग्ग पार, द्वितीय स्तुति कहे। बाद 'पुक्खरवरदी०[१]', सुअस्स भगवओ०', अणत्थ० कह, एक णमोक्कारका काउसग्ग पार, तृतीय स्तुति बोले। पीछे 'सिद्धाणं बुद्धाणं०[२]', 'वेयावच्चगराणं०', अणत्थ० कह एक णमोक्कार का काउसग्ग पार, नमोऽर्हत्० कह के चौथी स्तुति कहे। पीछे बैठकर 'णमुत्थुणं०' पढ़े, एक एक खमासमण देकर क्रमशः 'आचार्य मिश्र०', 'उपाध्याय मिश्र०' वर्त्तमान गुरु मिश्र तथा सर्व साधुमिश्र० को वन्दन करे। बाद 'इच्छकारी समस्त श्रावकोंको वन्दू' कहे। तदनन्तर घुटने टेक, सिर नमा, दाहिना हाथ चरवला या पूंजनी पर रख के 'सव्वस्सवि देवसिय०' कहे। फिर खड़े होकर 'करेमि भंते०[३], इच्छामि ठामि काउसग्गं जो मे देवसियो०[४], तस्स उत्तरी०[५], अणत्थ०' कह आठ णमोक्कारका काउसग्ग करे फिर काउसग्ग पार के प्रगटलोगस्स०[६] पढ़, प्रमार्जन पूर्वक बैठ, तीसरे आवश्यककी मुंहपत्ति पडिलेहे दो वन्दना[७] देवे। पीछे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् देवसियं आलोउं इच्छं', गुरु जब 'आलोएह' कहे तब 'आलोएमि जो मे देवसिओ०, आजुणा चार पहर दिवस सम्बन्धी०[८], सातलाख०, अठारह पापस्थान०, ज्ञानदर्शन चारित्र पाटी पोथी० आदि आलोयणा सूत्र कहकर 'सव्वस्सवि देवसिय, इच्छाकारेण संदिसह भगवन्०' तक कहे। जब गुरु 'पडिक्कमेह' कहे तब 'इच्छं तस्स मिच्छामि दुक्कडं' कहे। बाद प्रमार्जन पूर्वक आसन पर बैठ, दाहिना घुटना ऊंचा कर, 'भगवन् सूत्र भणूं ?' कहे। गुरु के भणेह, कहने पर 'इच्छं' कह, तीन णमोक्कार तथा तीन करेमि भंते०[९] कहकर 'इच्छामि पडिक्कमिउं जो मे देवसिओ०' बोल 'वंदित्तु० सूत्र[१०] पढ़कर दो वन्दना[११] देवे। तब 'अब्भुट्ठिओमि०' सम्पूर्ण कहे बाद फिर दो वन्दना देवे। पीछे 'आयरिय उवज्झाए०[१२], करेमि भंते०, इच्छामि ठामि०, तस्सउत्तरी०, अणत्थ०' कह चारित्र विशुद्धी निमित्त 'दो लोगस्स' या आठ णमोक्कार का काउसग्ग पार के प्रगट लोगस्स० पढ़, 'सव्वलोए, अरिहंत चेइयाणं० अणत्थ०' कहकर एक लोगस्स या चार णमोक्कार का काउसग्ग करे। उसको पारकर

१—पृष्ठ ७। २—पृष्ठ ८। ३—पृष्ठ ३। ४—पृष्ठ ७। ५—पृष्ठ ३। ६—पृष्ठ ४। ७—पृष्ठ ६। ८—पृष्ठ ६। ६—पृष्ठ ३। १०—पृष्ट ११। ११—पृष्ठ ६। १२—पृष्ठ १४।

'पुक्खरवरदी०[१], सुअस्स भगवओ करेमि०, अणत्थ०' पढ़कर एक लोगस्स या चार णमोक्कार का काउसग्ग करे। बाद 'सिद्धाणं बुद्धाणं०, सुअदेवयाए करेमि काउसग्गं, अणत्थ०' कह, एक णमोक्कार का काउसग्ग कर 'श्रुत देवता की स्तुति-सुवर्ण शालिनी देयात्०[२]' कहे। अनन्तर 'खित्तदेवयाए करेमि काउसग्गं०, अणत्थ०[३] पढ़कर एक णमोक्कारका काउसग्ग पारे तथा क्षेत्रदेवता की स्तुति—'यासां क्षेत्रगताः सन्ति०' कहे। बाद खड़े होकर एक णमोक्कार पढ़े और प्रमार्जन पूर्वक बैठकर छट्ठे आवश्यक की मुंहपत्ति पडिलेहण कर भावसे दो वन्दना देवे। पच्चक्खाण न किया हो और सूर्यास्त होने-वाला होतो पहले पच्चक्खाण करले। बाद 'इच्छामो अणुसट्ठिं०[४]' पढ़कर बैठके मस्तक पर अंजली रखकर 'णमो खमासमणाणं०[५], नमोऽर्हत्सिद्धा०' कहे। बाद श्रावक 'नमोऽस्तु वर्धमानाय[६] की तीन श्लोक पढ़े और श्राविकाएं 'संसार दावानल[७] की' तीन श्लोक पढ़े। फिर 'णमुत्थुणं०' कह, एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण स्तवन भणुं?' कहे। गुरुके 'भणेह' कहने पर आसनपर बैठ के 'नमोऽर्हत्'०[८] कह एक बड़ा स्तवन (ग्यारह गाथा या इक्कीस गाथा का स्तवन) बोले। पीछे एक एक खमासमण देकर अनुक्रम से 'आचार्य मिश्र, उपाध्याय मिश्र' तथा सर्व साधुओं को वन्दन करे। पीछे दाहिना हाथ को चरवले पर रख और मुंहपत्ति के साथ बायें हाथ को मुंह के आगे कर 'अड्ढाइज्जेसु[९]' का पाठ बोले तत्पश्चात् एक खमासमण देकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् देवसिय पायच्छित्त विसोहणत्थं काउसग्गं' करूं? गुरु 'करेह' कहे तब 'इच्छं! देवसिय पायच्छित्त विसोहणत्थं करेमि काउसग्गं, अणत्थ०' कहकर चार 'लोगस्स' या १६ णमोक्कार का काउसग्ग पार प्रगट लोगस्स० बोले। अनन्तर खमासमण देकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् खुद्दोपद्दव उड्डावण निमित्त काउसग्ग करूं? इच्छं, खुद्दोपद्दव उड्डावण निमित्तं करेमि काउसग्गं, अणत्थ०[१०]' कह चार लोगस्स या १६ णमोक्कारका काउसग्ग पार प्रगट लोगस्स० कहे।

१—पृष्ठ ७। २—पृष्ठ २२। ३—पृष्ठ ४। ४—पृष्ठ २२। ५—पृष्ठ २२। ६—पृष्ठ २२। ७—पृष्ठ १७। ८—पृष्ठ ६। ९—पृष्ठ २३। १०—पृष्ठ ४।

तदनन्तर खमासमण देकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् चैत्यवन्दन करूं ?' इच्छं कहकर 'श्री सेढ़ी तटिनी तटे०[१]' आदि श्री स्तंभन पार्श्वनाथ चैत्यवन्दन कह के 'जंकिंचि०[२], णमुत्थुणं०, जावंत चेइआइं०, जावंत केवि-साहू०, नमोऽर्हत्०, उवसग्गहरं०, जयवीयराय०' दो गाथा सम्पूर्ण तक कह, एक खमासमण दे, 'सिरि थंभणट्ठिय पाससामिणो०' इत्यादि दो गाथायें पढ़े। पीछे श्री स्थम्भण पार्श्वनाथजी आराधवा निमित्तं करेमि काउसग्गं' कह खड़े होकर 'वंदण वत्तियाए०[३], अणत्थ०[४]' कह चार 'लोगस्स' या १६ णमोक्कार का काउसग्ग पार कर प्रगट लोगस्स०[५] कहे।

इसके बाद "श्री खरतर गच्छ शृङ्गार हार जंगम युग प्रधान भट्टारक दादाजी श्री जिनदत्त सूरिजी आराधवा निमित्तं करेमि काउसग्गं" कह अणत्थ० बोल, एक 'लोगस्स' या चार 'णमोक्कार' का काउसग्ग पार प्रगट लोगस्स० कहे। इसी तरह दादाजी* श्री जिनकुशल सूरिजीका चार णमोक्कारका काउसग्ग करे तथा पार के प्रगट लोगस्स० कहे। बाद खमासमण देकर प्रमार्जन पूर्वक आसन पर दाहिना घुटना ऊंचा कर, 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् चैत्यवन्दन करूं ? इच्छं कह कर 'चउक्कसाय०[६], अर्हन्तो भगवन्त०, णमुत्थुणं०[७] इत्यादि जयवीयराय०' दो गाथा पर्य्यन्त पढ़े बाद 'लघुशान्ति[८]' कहे। अन्त में पूर्वोक्त विधि से सामायिक पारे।

अथ पक्खी प्रतिक्रमण विधि

प्रथम पूर्ववत् सामायिक[९] लेवे। सम्पूर्ण जयतिहुअण[१०] वंदित्तु सूत्र पर्य्यन्त देवसिक प्रतिक्रमण करे। बाद एक खमासमण देकर 'देवसियं आलोइयं पडिक्कंता, इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पक्खिय लेवामुंहपत्ति पडिलेहूं? कहे। बाद गुरु के पडिलेहेह' कहने पर इच्छं कह, एक खमासमण दे मुंहपत्ति का पडिलेहण करे तथा दो वन्दना देवे। पीछे जब गुरु कहे 'पुण्यवन्तो भाग्यवन्तो छींक की जयणा करना, मधुर स्वर से प्रतिक्रमण सम्पूर्ण करना

* दिल्ली में मणिधारी श्री जिनचन्द्र सूरिजी महाराज का काउसग्ग किया जाता है।

१—पृष्ठ २४। २—पृष्ठ ५। ३—पृष्ठ ७। ४—पृष्ठ ४। ५—पृष्ठ ४। ६—पृष्ठ २४। ७—पृष्ठ ५। ८—पृष्ठ २४। ९—पृष्ठ ८६। १०—पृष्ठ १८।

एक बार खांसना या दोबार खांसना, मंडलमें सावधान रहना तथा देवसिय की जगह पक्खिय कहना' तब 'तहत्ति' कहे। पीछे खड़े होकर 'इच्छाकारेणं संदिसह भगवन् संबुद्धा खामणेणं अब्भुट्ठिओमि अब्भिंतर पक्खियं खामेउं'? कहे। गुरु जब 'खामेह' कहे तब घुटने टेक, दाहिना हाथ पूंजनी पर रख तथा मुंहपत्ति सहित बायें हाथ को मुख के आगे रख 'इच्छं खामेमि पक्खियं' कहकर यथाविधि पाक्षिक प्रतिक्रमण में 'पणरसण्णं दिवसाणं पणरसण्हं राइणं जंकिंचि अपत्तियं०[१]' कहे। गुरु जब 'मिच्छामि दुक्कडं०' कहे तदनन्तर खड़े होकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पक्खियं आलोउं? कहे। गुरु के 'आलोएह' कहने पर 'इच्छं आलोएमि जो मे पक्खिओ अइयारो कओ०[२]' इत्यादि बोलकर बृहद् अतिचार[३] बोले। पीछे 'सव्वस्सवि पक्खिय दुच्चिंतिय दुब्भासिय दुच्चिट्ठिय०, इच्छाकारेण संदिसह भगवन् तक कहे। तदनन्तर गुरु कहे 'पक्खिय[†] चउत्थेण पडिक्कमेह' तब 'इच्छं! मिच्छामि दुक्कड़' बोले तथा दो वन्दना[४] देवे। तदनन्तर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् देवसियं आलोइय पडिक्कंता पत्तेय खामणेणं, अब्भुट्ठिओमि अब्भिंतर पक्खियं खामेउं? बोले। गुरु जब 'खामेह' कहे तब 'इच्छं! खामेमि पक्खियं जंकिंचि०' का पाठ बोले तथा दो वन्दना देवे। तदनन्तर 'भगवन्! देवसियं आलोइयं पडिक्कंता पक्खियं पडिक्कमावेह' कहे। गुरु के 'सम्मं पडिक्कमेह' कहने पर 'इच्छं! करेमिभंते०[५], इच्छामि ठामि काउसग्गं०, जो मे पक्खियो०', कह एक खमासमण देकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् वंदित्तुसूत्र* संदिसाहू'? कहे। गुरु के 'संदिसावेह'

[†] पक्खी प्रतिक्रमण को उपवास किये बिना, चातुर्मासिक प्रतिक्रमण को बेला किये बिना और साम्वत्सरिक प्रतिक्रमण को तेला किये बिना नहीं करना चाहिये। ऐसी शास्त्रानुसार रीति है। परन्तु इतना न हो सके तो यथाशक्ति तपश्चर्या करके ही ये तीनों प्रतिक्रमण करना चाहिये।

* पक्खी सूत्र में पञ्चमहाव्रत और छठे रात्रि भोजन व्रत की आलोयणा है, इसलिये श्रावकों को पक्खी चौमासी सम्वत्सरी प्रतिक्रमण में नहीं बोलना चाहिये। कारण इस सूत्र को साधु ही बोल सकते हैं।

१—पृष्ठ २। २—पृष्ठ ७। ३—पृष्ठ २६। ४—पृष्ठ ६। ५—पृष्ठ ३।

कहने पर फिर एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् वंदित्तु सूत्र कहूं ? गुरु के 'कहेह' कहनेपर तीन णमोक्कार तीन करेमिभंते०, इच्छामिठामि काउसग्गं०[1] वंदित्तु सूत्र बोले। साधु नहीं हो तो श्रावक एक खमासमण देकर 'भगवन्! सूत्र भणूं ? कह कर इच्छं कहे तथा तीन णमोक्कार गिन कर 'वंदित्तु[2]' ध्यान में सूत्र बोले या सुने। बाकी के सब श्रावक 'करेमि भंते०, इच्छामि ठामि०[3], तस्सउत्तरी०, अणत्थ० कहकर काउसग्गमें खड़े हुए या बैठे हुए सुनें। वंदित्तु सूत्र ४३वीं गाथा तक पढ़े, 'णमो अरिहंताणं' कह काउसग्ग पार खड़े होकर तीन णमोक्कार गिन कर बैठ जाए। बाद तीन णमोक्कार,तीन करेमिभंते० पढ़ कर 'इच्छामि ठामि पडिक्कमिउं जो मे पक्खियो०' कह वंदित्तु सूत्र बोले। तदनन्तर एक खमासमण देकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! मूल गुण, उत्तर गुण विशुद्धि निमित्त काउसग्ग करूं ? गुरु के 'करेह' कहने पर 'इच्छं' कह 'करेमि भंते०, इच्छामि ठामि०[4], तस्सउत्तरी०, अणत्थ०' कह बारह लोगस्स* का काउसग्ग करे। पार कर प्रगट लोगस्स० कहे। तत्पश्चात् बैठ कर मुंहपत्ति का पडिलेहण कर दो वन्दना दे और 'इच्छाकारेणसंदिसहभगवन्!पक्खी संमत्ति खामणेणं अब्भुट्ठिओमि अब्भिंतर पक्खियं खामेउं ? कहे। गुरु के 'खामेह' कहने पर 'इच्छामि खामेमि पक्खियं जं किंचि०[5]' कहे। पीछे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पक्खियं खामणा खामूं ? कहे। गुरु के 'पुण्णवन्तो०' कहने पर तीन बार एक एक खमासमण दे तीन तीन णमोक्कार कह 'पक्खियं समात्ति खामणा खामेह' कहे। पीछे गुरुके 'णित्थारगा पारगा होत्था' कहने पर 'इच्छं' कह इच्छामो अणुसट्ठिं[6] कहे। फिर गुरु कहे 'पुण्यवन्तो०! पक्खियके निमित्त एक उपवास दो आयंबिल, तीन णिव्वि, चार एकासणा, दो हजार सज्झाय कर पक्खीकी पेठ पूरना तथा 'पक्खिय' के स्थान में 'देवसिय' कहना ऐसा कहने पर 'तहत्ति' कहे। पीछे दो वन्दना[7] देकर सदैव की भांति देवसिक प्रतिक्रमण

*४८ णमोक्कार।

१—पृष्ठ ७। २—पृष्ठ ११। ३—पृष्ठ ७। ४—पृष्ठ ७। ५—पृष्ठ २। ६—पृष्ठ २२। ७—पृष्ठ ६।

करे। विशेष इतना है कि श्रुत देवताका काउसग्ग करके 'कमलदल विपुल नयना०[1]' श्रुत देवी की थुई कहे बाद 'भुवण देवयाए करेमि काउसग्गं, अणत्थ०[2]' कह के एक णमोक्कार का पार के 'नमोऽर्हत्०, ज्ञानादिगुण-युतानां०' थुई कहे। फिर बाद में क्षेत्रदेवी का काउसग्ग पार के 'यस्याः क्षेत्र समाश्रित्य०' थुई कहे। इसके अनन्तर नमोस्तु वर्धमानाय०[3] का चैत्य-वन्दन कर बड़ा स्तवन अजित शांति पढ़े और यहां से पूर्वलिखित देवसिक प्रतिक्रमण के अनुसार विधि करे। पीछे यह विशेष है कि गुरु या श्रावक बड़ी शांति बोले तथा शेष श्रावक सुनें। फिर पूर्वोक्त रीति से सामायिक[4] पारे। अन्त में दादाजी का स्तवन कहे।

चौमासी प्रतिक्रमण की विधि

पूर्ववत् सामायिक तथा जयतिहुअण[5] सम्पूर्ण और वंदित्तु सूत्र पर्य्यन्त देवसिक प्रतिक्रमण करे। बाद एक खमासमण देकर 'देवसियं आलोइयं पडिक्कंता', इच्छाकारेण संदिसह भगवन् चौमासी लेवा मुंहपत्ति पडिलेहूं ? कहे। बाद गुरु के 'पडिलेहेह' कहने पर, इच्छं कह, एक खमासमण दे मुंहपत्ति का पडिलेहण करे तथा दो वन्दना देवे। पीछे जब गुरु कहे 'पुण्यवन्तो, भाग्यवन्तो' छींक की जयणा करना, मधुर स्वर से प्रतिक्रमण सम्पूर्ण करना, एक बार खांसना दोबार खांसना, मण्डल में सावधान रहना तथा 'पक्खिय की जगह चउमासी कहना' तब 'तहत्ति' कहे। पीछे खड़े होकर 'इच्छाकारेण संदिसह' भगवन् संबुद्धा खामणेणं अब्भुट्ठिओमि अब्भिंतर चउमासियं खामेउं ? कहे। गुरु के खामेह कहने पर घुटने टेक कर दाहिना हाथ पूंजनी पर रख तथा मुंहपत्ति सहित बायें हाथ को मुख के आगे रखकर 'इच्छं ! खामेमि चौमासियं' कहकर यथा विधि चौमासी प्रतिक्रमण में 'चउण्हं मासाणं अठण्हं पक्खाणं वींसोत्तर सयं राइं दियाणं 'जं किंचि अपत्तियं०[6]' कहे। गुरु जब 'मिच्छामि दुक्कड़ं' कहे। तदनन्तर खड़े होकर 'इच्छाकारेण संदिसह' भगवन् ! चौमासियं आलोऊं ?

१—पृष्ठ २२। २—पृष्ठ ३। ३—पृष्ठ २२। ४—पृष्ठ ८४। ५— पृष्ठ १८। ६—पृष्ठ २।

कहे। गुरु के 'आलोएह' कहने पर 'इच्छं ! आलोएमि जो मे चउमासिओ अइयारो कओ०' इत्यादि बोलकर वृहद् अतिचार बोले[1]। पीछे, सव्वस्स वि[2] चउमासियं दुच्चिंतिय दुब्भासिय दुच्चिट्ठिय० इच्छाकारेण संदिसह भगवन्' तक कहे। तदनन्तर गुरु कहे 'चउमासियं छट्ठेणं पडिक्कमेह' तब 'इच्छं ! मिच्छामि दुक्कड़ं' बोले तथा दो वन्दना[3] देवे। तदनन्तर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् देवसियं आलोइय पडिक्कंता पत्तेय खामणेणं अब्भुट्ठिओमि अब्भितर चउमासियं खामेउं ? बोले। गुरु जब खामेह कहे तब 'इच्छं ! खामेमि चउमासियं जं किंचि०[4]' का पाठ बोले तथा दो वन्दना देवे। तदनन्तर 'भगवन् ! देवसियं आलोइय पडिक्कंता चउमासियं पडिक्कमावेह' कहे। गुरु के 'सम्मं पडिक्कमेह' कहने पर 'इच्छं ! करेमि भंते०[5]' इच्छामि ठामि काउसग्गं जो मे चउमासियो०[6]', कहकर एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् वंदित्तु सूत्र संदिसाहूं' ? कहे। गुरु के 'संदिसावेह' कहने पर फिर तीन खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् ! वंदित्तु सूत्र[7] कहूं ? बोले। गुरु के 'कहेह' कहने पर तीन णमोक्कार गिने और तीन करेमि भंते० इच्छामि ठामि काउसग्गो० कहकर सूत्र बोले।

तीन खमासमण दे 'भगवन् ! सूत्र भणूं ? कह 'इच्छं' कहे और तीन णमोक्कार गिनकर 'वंदित्तु० सूत्र पढ़े, शेष सब श्रावक 'करेमि भंते०, इच्छामि ठामि०, तस्स उत्तरी०, अणत्थ०' कह काउसग्ग (ध्यान) में खड़े हुए या बैठे हुए सुनें। 'वंदित्तु सूत्र' के पूर्ण हो जाने पर 'णमो अरिहंताणं' कह काउसग्ग पार, खड़े हो तीन णमोक्कार गिन कर बैठ जाय। पीछे तीन णमोकार, तीन करेमिभंते० बोलकर 'इच्छामि ठामि पडिक्कमिउं जो मे चउमासियो०' कह प्रगट वंदित्तु सूत्र बोले। तदनन्तर एक खमासमण देकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् ! मूलगुण उत्तर गुण विशुद्धि[8] निमित्त काउसग्ग करूं ? गुरु के 'करेह' कहने पर 'इच्छं' कह 'करेमिभंते०

१—पृष्ठ २६। २—पृष्ठ ७। ३—पृष्ठ ६। ४—पृष्ठ २। ५—पृष्ठ ३। ६—पृष्ठ ७। ७—पृष्ठ ११। ८—चउमासी।

इच्छामि ठामि॰ तस्स उत्तरी॰ अणत्थ॰' कह कर बीस लोगस्स या अस्सी णमोक्कारका काउसग्ग करे। पार कर प्रगट लोगस्स॰ कहे। तत्पश्चात् बैठ करचउमासी समाप्त मुंहपत्तिका पडिलेहण कर दो वन्दना॰ देवे और 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् !' समाप्ति खामणेणं अब्भुट्ठिओमि अब्भितर चउमासियं खामेउं ? कहे। गुरु के खामेह कहने पर 'इच्छं खामेमि चउमासियं जं किंचि॰' कहे। फिर इच्छाकारेण संदिसह भगवन् ! चउमासिय खामणा खामूं ? कहे। गुरु के 'पुण्यवन्तो॰' कहने पर एक एक खमासमण तथा तीन तीन णमोक्कार चार बार बोलकर 'चउमासी समाप्ति खामणा खामेह' कहे। पीछे गुरु के 'पुण्यवन्तो॰ ! चउमासियके निमित्त दो उपवास, चार, आयंबिल, छ णिव्वि, आठ एकासणे, चार हजार सज्झाय करके चउमासिय की पेठ पूरना तथा चउमासिय के स्थानपर देवसिय कहना सब 'तहत्ति' कहें। पीछे दो वन्दना देकर सदैव की भांति देवसिक प्रतिक्रमण करे।

विशेषता इतनी है कि श्रुतदेवता का काउसग्ग करके 'कमलदल विपुल नयना॰[१]' आदि श्रुतदेवी की थुइ कहे। फिर 'भुवणदेवयाए करेमि काउसग्गं, अणत्थ॰' कह कर एक णमोक्कारका काउसग्ग 'नमोऽर्हत॰' कह पार कर 'ज्ञानादिगुणयुतानां॰' इत्यादि भुवन देवता की थुई कहे। बाद में क्षेत्र देवता का काउसग्ग पार कर 'यस्याः क्षेत्रं समाश्रिय॰' थुई कहे नमोस्तु वर्द्धमानाय णमोत्थुणं॰ कह और 'अजित शांति' बोलना। लघु स्तवन के स्थान में 'उवसग्गहरं॰*' कहे। प्रतिक्रमण पूर्ण होने पर गुरु से आज्ञा लेकर 'नमोऽर्हत॰' पढ़ के एक श्रावक बृहत् शांति बोले और शेष सब सुनें। फिर पूर्वोक्त रीति से सामायिक[२] पार कर अन्तमें दादाजी का स्तवन बोले।

साम्वत्सरिक प्रतिक्रमण की विधि

प्रथम पूर्ववत् सामायिक[३] लेवे तथा जयतिहुअण[४] सम्पूर्ण और

१—पृष्ठ २२। २—पृष्ठ ८४। ३—पृष्ठ ८६। ४—पृष्ठ १८।
† चउमासी। * श्री सेढी के चैत्यवन्दन में।

वंदित्तु पर्य्यन्त देवसिक प्रतिक्रमण करे। बाद एक खमासमण देकर 'देवसियं आलोइयं पडिक्कंता, इच्छाकारेण संदिसह भगवन् सम्वत्सरी मुंहपत्ति पडिलेहूं ? कहे। बाद गुरु के 'पडिलेहेह' कहने पर, 'इच्छं' कहकर खमासमण दे मुंहपत्ति का पडिलेहण करे तथा दो वन्दना देवे। पीछे जब गुरु कहे 'पुण्यवन्तो भाग्यवन्तो छींक की जयणा करना मधु स्वर से प्रतिक्रमण सम्पूर्ण करना एक बार खांसना दो बार खांसना मंडल में सावधान रहना और सम्वत्सरिय कहना' तब 'तहत्ति' कहे। पीछे-खड़े होकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन संबुद्धा खामणेणं अब्भुट्ठिओमि अब्भितर सम्वत्सरियं खामेउं ? कहे। गुरु के 'खामेह कहने पर घुटने टेक कर दाहिना हाथ पूंजनी पर रख तथा मुंहपत्ति सहित बायें हाथको मुखके आगे रख 'इच्छं! खामेमि सम्वत्सरियं' कहकर यथाविधि सम्वत्सरी प्रतिक्रमण में अधिक मास न हुआ हो तो 'बारसण्हं मासाणं* चउवीसण्हं पक्खाणं तण्णिसयसट्ठिं राइ दियाणं जं किंचि०[1]' 'आलोइय पडिक्कंता पत्तेय खामणेणं अब्भुट्ठिओमि अब्भितर सम्वत्सरियं खामेउं ? बोले। गुरु जब 'खामेह' कहे तब 'इच्छं! खामेमि सम्वत्सरियं जं किंचि०' का पाठ बोले तथा दो वन्दना देवे। तदनन्तर भगवन् देवसियं जं किंचि०' कहे। तदनन्तर खड़े होकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! सम्वत्सरियं आलोउं ? कहे। गुरु के 'आलोएह' कहने पर इच्छं'! आलोएमि जो मे सम्वत्सरियो अइयारो कओ०' इत्यादि बोलकर बृहत् अतिचार[2] बोले। पीछे 'सव्वस्सवि सम्वत्सरियं दुच्चिंतिय दुब्भासिय दुच्चिट्ठिय० इच्छाकारेण संदिसह भगवन्' तक कहे। तदनन्तर गुरु के 'सम्वत्सरियं अट्ठमेण पडिक्कमेह' कहने पर 'इच्छं! मिच्छामि दुकड़' बोले तथा दो वन्दना देवे। तदनन्तर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् देवसियं आलोइयं पडिक्कंता सम्वत्सरियं पडिक्कमावेह' कहे। गुरु के 'सम्मं पडिक्कमेह'

* तेरसण्हं मासाणं छव्वीसण्हं पक्खाणं तिण्णिसयं णव्वंराइ देयाणं।

१—पृष्ठ २। २—पृष्ठ २६।

कहने पर 'इच्छं ! करेमिभंते०[1] इच्छामि ठामि काउसग्गं[2] जो मे सम्वत्स-रियो०' कह एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् वंदित्तु सूत्र संदिसाहूं ? कहे । गुरु के 'संदिसावेह' कहने पर फिर एक खमासमण दे इच्छाकारेण संदिसह भगवन् ! सम्वत्सरी सूत्र कहे ? गुरु के 'कहेह' कहने पर तीन णमोक्कार गिनकर वंदित्तु सूत्र बोले ।

एक श्रावक तीन खमासमण दे भगवन् ! सूत्र भणूं ? कहकर 'इच्छं' कहे और तीन णमोक्कार गिनकर 'वंदित्तु सूत्र' बोले शेष सब श्रावक 'करेमि भंते० इच्छामि ठामि० तस्स उत्तरी० अणत्थ०' कह काउसग्ग में खड़े हुए या बैठे हुए सुनें । वंदित्तु सूत्र के पूर्ण हो जाने पर 'णमो अरिहंताणं' कह काउसग्ग पार, खड़े होकर तीन णमोक्कार गिनकर बैठ जाए । पीछे तीन णमोक्कार तथा तीन करेमि भंते० बोलकर 'इच्छामि ठामि पडिक्कमिउं जो मे सम्वत्सरियो०' कह प्रगट वंदित्तु[3] सूत्र बोले । तदनन्तर एक खमासमण देकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! मूल गुण उत्तर गुण विशुद्धि[4] निमित्तं काउसग्ग करूं ? गुरु के 'करेह' कहने पर 'इच्छं' कह 'करेमि भंते०' इच्छामि ठामि० तस्स उत्तरी० अणत्थ०' कहकर चालीस लोगस्स या १६०।१ णमोक्कारका काउसग्ग करे। पार कर प्रगट लोगस्स कहे। तत्पश्चात् बैठकर सम्वत्सरी मुंहपत्ति का पडिलेहण कर दो वन्दना देवे और इच्छा-कारेण संदिसह भगवन् ! समाप्ति खामणेणं अब्भुट्ठिओमि अब्भिंतर सम्व-त्सरियं खामेउं ? कहे । गुरु के खामेह कहने पर 'इच्छामि खामेमि सम्व-त्सरियं जं किंचि०' कहे । फिर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् ! सम्वत्सरियं खामणा खामूं ? कहे । गुरु के 'पुण्यवन्तो०' कहने पर एक एक खमासमण तथा तीन तीन णमोक्कार चार बार बोलकर 'सम्वत्सरि समाप्ति खामणा 'खामेह' कहे । इच्छामो अणुसट्ठिं०' बोले । पीछे गुरु के 'पुण्यवन्तो भाग्यवन्तो ! सम्वत्सरिय के निमित्त तीन उपवास, छ आयंबिल नव णिव्वि बारह एकासणें, छ हजार सज्झाय कर सम्वत्सरिय की पेठ पूरजो

१—पृष्ठ ३ । २—पृष्ठ ७ । ३—पृष्ठ ११ । ४—सम्वत्सरी ।

तथा सम्वत्सरीके स्थान पर देवसी कहना' कहनेपर सब 'यथाशक्ति' कहें। पीछे दो वन्दना[1] देकर सदैव की भांति देवसिक प्रतिक्रमण करे।

विशेषता इतनी है कि श्रुतदेवता का काउसग्ग करके 'कमल दल विपुल नयना०[2]' आदि श्रुतदेवी की थुइ कहें। फिर 'भुवण देवयाए करेमि काउसग्गं, अणत्थ०' कह के एक णमोक्कार का काउसग्ग पार कर 'ज्ञानादि गुण युतानां' इत्यादि भुवन देवता की थुई कहें। बादमें क्षेत्रदेवता का काउसग्ग पार कर 'यस्या क्षेत्र समाश्रित्य०' थुई कहे और 'बड़ा स्तवन' 'अजित शांति'-बोले और पक्खी प्रतिक्रमण की तरह प्रतिक्रमण पूर्ण होने पर गुरु से आज्ञा लेकर 'नमोऽर्हत्०' पढ़ के एक श्रावक 'बृहद् शांति' बोले और शेष सब सुनें। फिर पूर्वोक्त रीति से सामायिक पार कर अन्त में दादाजी का स्तवन बोले।

आठ प्रहर पौषध विधि

पोसह के उपगरण ले उपाश्रय (पौशाल) में जावे। वहां अगर गुरु महाराज न हों तो सामायिक विधि के अनुसार स्थापनाचार्यजी की स्थापना करके गुरुवन्दन करे। तदनन्तर एक खमासमण दे 'इरियावहियं०[3]' तस्स उत्तरी० अणत्थ० का पाठ बोल, एक लोगस्स का काउसग्ग कर प्रगट लोगस्स०कहे। बाद एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! पोसहलेवा मुंहपत्ति पडिलेहूं ?' 'इच्छं' ऐसा कहकर मुंहपत्ति की पडिलेहणा करे। तत्पश्चात् एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! पोसह संदिसाहूं ? इच्छं' फिर खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! पोसह ठाउं ? इच्छं' ऐसा कह एक खमासमण दे खड़ा हो जावे तथा हाथ जोड़, आधा अंग नमा तीन णमोक्कार गिनकर 'इच्छाकरण संदिसह भगवन्! पसायकरी पोसह दंडक उच्चरावोजी' कह पोसह का पच्चक्खाण गुरु या बृद्ध श्रावक से या स्वयं ही तीन बार उच्चर ले।

१—पृष्ठ ६। २—पृष्ठ २२। ३—पृष्ठ ३।

पोसह का पच्चक्खाण

करेमि भंते ! पोसहं, आहार पोसहं देसओ सव्वओ सरीर सक्कार पोसहं। सव्वओ बंभचेर पोसहं ? सव्वओ अव्वावार पोसहं। जावदिवसं अहोरत्तंवा पज्जुवासामी, दुविहं तिविहेणं मणेणं वायाए काएणं, ण करेमि ण कारवेमि, तस्स भंते पडिक्कमामि णिंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि।

फिर खमासमण देकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् ! सामायिक लेवा मुंहपत्ति पडिलेहूं ? इच्छं' कह एक खमासमण दे मुंहपत्ति पडिलेहे। तब एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् ! सामायिक संदिसाहूं ? इच्छं कहे। फिर खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् ! सामायिक ठाउं ? इच्छं' कह खमासमण दे खड़े होकर तीन णमोक्कार गिने। फिर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पसायकरि सामायिक दंडक उच्चरावोजी' बोलकर करेमिभंते०[१] का तीन बार पाठ सुने या बोले तदनन्तर एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् बेसणूं संदिसाहूं ? इच्छं', फिर खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् बेसणूं ठाउं ?, कहे। पीछे एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् ! सज्झाय संदिसाहूं ? इच्छं' तथा एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् ! सज्झाय करूं ? इच्छं' कहकर खमासमण दे खड़े ही खड़े आठ णमोक्कार गिने। अगर शीतकाल में वस्त्र की आवश्यकता पड़े तो उसके लिये एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पांगरणूं संदिसाहूं ? इच्छं' कह फिर एक खमासमण देकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन पांगरणूं पडिग्गहूं ? इच्छं' ऐसा कह वस्त्र ग्रहण करे पीछे एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् ! बहुवेलं संदिसाहूं ! इच्छं' और एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् ! बहुवेलं करूं ? इच्छं' इस प्रकार पौषध लेकर पूर्वोक्त रीत्यानुसार अगर पहले न किया हो तो राई प्रतिक्रमण[२] पूर्व विधि अनुसार करे। विशेष इतना है कि चार थुई के

---

१ पृष्ठ ३। २—पृष्ठ ८७।

देव वन्दन के बाद 'णमुत्थुणं०[1]' कहे तथा एक खमासमण दे, 'बहुवेलं' का आदेश लेकर पीछे आचार्यजी मिश्र० इत्यादि कहे। प्रतिक्रमण पूर्ण होने पर पडिलेहण की विधि करे।

पडिलेहण विधि

एक खमासमण देकर इरियावहियं०[2] तस्स उत्तरी० अणत्थ० कह एक लोगस्स का काउसग्ग पार प्रगट लोगस्स०[3] कहे। पीछे एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! पडिलेहण संदिसाहूं? इच्छं'। खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! पडिलेहण करूं? इच्छं' कह मुंहपत्ति का पडिलेहण करे। तदनन्तर एक खमासण दे इच्छाकारेण० अंग पडिलेहण संदिसाहूं? इच्छं' फिर एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण० अंग पडिलेहण करूं? इच्छं' कह धोती वगैरह पडिलेहे। फिर एक खमासमण पूर्वक 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पसाय करी पडिलेहण पडिलेहावोजी? इच्छं' ऐसा कह 'स्थापनाचार्यजी' का 'शुद्ध स्वरूप धारे' पाठ सहित पडिलेहणा कर उच्चस्थानपर विराजमान करे। पीछे खमासमण पूर्वक 'इच्छाकारेण० उपधि मुंहपत्ति पडिलेहूं? इच्छं' कह मुंहपत्ति का पडिलेहण करे। पीछे एक खमासमण पूर्वक 'इच्छाकारेण० उपधि पडिलेहण संदिसाहूं? इच्छं'। एक खमासमण पूर्वक 'इच्छाकारेण उपधि पडिलेहण करूं? इच्छं' कह वस्त्र कम्बल आदि पडिलेहे। तदनन्तर पौषधशाला की प्रमार्जना कर विधि पूर्वक एकान्त में कूड़ा करकट रख दे। अन्त में खमासमण दे 'इरियावहियं० तस्स उत्तरी० अणत्थ० कह, एक लोगस्स का काउसग्ग पार प्रगट लोगस्स० कहे। पीछे खमासमण पूर्वक 'इच्छाकारेण० सज्झाय संदिसाहूं? इच्छं' कह फिर एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण० सज्झाय करूं? इच्छं। कह तीन णमोक्कार गिन, 'उपदेशमाला[4] की सज्झाय पढ़े या सुने तथा फिर तीन णमोक्कार गिने।

इसके अनन्तर अगर गुरु महाराज आदि विद्यमान हों तो उनको

१—पृष्ठ ५। २—पृष्ठ ३। ३—पृष्ठ ४। ४—पृष्ठ ७५।

विधि पूर्वक वन्दन करे। पीछे पच्चक्खाण लेकर 'बहुवेलं का आदेश लेवे पीछे देवदर्शन करने के लिये जिन मन्दिर अवश्य जावे।

मन्दिर में जाकर इरियावहियं[१] पूर्वक विधि सहित भाव से चैत्य-वन्दन करके पच्चक्खाण करे। जिनमन्दिर, उपाश्रय, (पौशाल) आदि से निकलते समय तीन दफा 'आवस्सही' कहे तथा प्रवेश करते समय 'णिस्सिही' कहे। पीछे उपाश्रय में जाकर इरियावहियं० पडिक्कमे तथा स्वाध्याय या धर्मध्यान करे या व्याख्यान सुने। लघुनीति या बड़ीनीति परठनी हो तो प्रथम 'अणुजाणह जस्सग्गहो' कहे पीछे तीन बार 'वोसिरे' बोलकर इरियावहियं० कहे। पौन प्रहर* दिन चढ़नेपर एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन उग्घाडा पोरसी करूं? इच्छं' कहकर एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्!' इरिया वहियं० तस्सउत्तरी० अणत्थ० कह एक लोगस्स का काउसग्ग पार प्रगट लोगस्स० कहे। फिर एक खमासमण देकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! उग्घाडा पोरसी मुंहपत्ति संदिसाहूं? इच्छं' और एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! उग्घाडा पोरसी मुंहपत्ति पडिलेहूं? इच्छं'। ऐसा कह मुंहपत्ति का पडिलेहण करे। पीछे स्वाध्याय या ध्यान करे। जब काल वेला हो तो जिनमन्दिर या उपाश्रय या पौशाल में 'देव वन्दन'† करे।

अथ देव वन्दन विधि

प्रथम एक खमासमण देवे। पीछे इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! शक्रस्तव भणूं? इच्छं। कह शक्रस्तव (णमुत्थुणं) कहे। अनन्तर एक खमासमण दे 'इरियावहियं० तस्सउत्तरी० अण्णत्थ०[१] कहकर एक लोगस्स० का काउसग्ग पार कर प्रगट लोगस्स कहे। पीछे तीन खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन! चैत्यवन्दन करूं? इच्छं।'

---

* सूर्योदय से सवा दो घण्टे तक।

† पोसह करनेवाला यदि देवदर्शन न करे तो पांच उपवास के प्रायश्चित्त का भागी होता है, ऐसी शास्त्रोक्ति है।

१—पृष्ठ ४।

कह चैत्यवन्दन करे फिर जं किंचि० णमुत्थुणं०[1] कहकर खड़ा हो जाये। अरिहंत चेइयाणं०[2] अणत्थ०[3] कहकर एक णमोक्कार का काउसग्ग 'णमो अरिहंताणं' पूर्वक पार 'नमोऽर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधुभ्यः' कहकर प्रथम थुई कहनी चाहिये। पीछे लोगस्स० तथा अणत्थ० कह एक णमोक्कार का काउसग्ग पार दूसरी थुई कहे। पीछे 'पुक्खर वरदी वड्ढे०[4] सुअस्स भगवओ० अणत्थ०' कह एक णमोक्कार के काउसग्ग को सम्पूर्ण कर तृतीय थुई कहे। फिर 'सिद्धाणं बुद्धाणं०[5] वेयावच्चगराणं० तथा अणत्थ०' कहकर एक णमोक्कार का काउसग्ग सम्पूर्ण कर चौथी थुई कहे फिर नीचे बैठकर णमुत्थुणं० कहे। फिर खड़े हो 'अरिहंत चेइयाणं० और अणत्थ० पूर्वक एक णमोक्कार का काउसग्ग पार फिर प्रथम थुई कहे। बाद लोगस्स० सव्वलोए० अणत्थ० कह एक णमोक्कार का काउ-सग्ग पार दूसरी थुई कहे पीछे पुक्खरवरदी० सुअस्स भगवओ० अणत्थ० पूर्वक एक णमोक्कार का काउसग्ग पार तीसरी थुई कहे बाद सिद्धाणं बुद्धाणं० वेयावच्चगराणं० अणत्थ० पूर्वक एक णमोक्कार का काउसग्ग पार 'नमोऽर्हत्० कहे चौथी थुई बोले। बाद नीचे बैठकर णमुत्थुणं० से जयवीयराय० पर्य्यन्त चैत्यवन्दन करे और अन्त में णमुत्थुणं० कहे।

फिर बैठकर स्वाध्याय या ध्यान करे। अगर जल पीने की इच्छा हुई हो तो पच्चक्खाण पारने की विधि से पच्चक्खाण पार कर जल पीवे।

पच्चक्खाण पारने की विधि

प्रथम एक खमासमण दे 'इरियावहियं० तस्सउत्तरी० अणत्थ० कह कर एक लोगस्स० का काउसग्ग पार प्रगट लोगस्स० कहे। तदनन्तर एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! पच्चक्खाण पारने की मुंहपत्ति पडिलेहूं? इच्छं' कह खमासमण दे मुंहपत्ति का पडिलेहण करे। पीछे खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! पच्चक्खाण पारूं? यथाशक्ति' कह फिर खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! पच्चक्खाण पारेमि?

१—पृष्ठ ५। २—पृष्ठ ७। ३—पृष्ठ ४। ४—पृष्ठ ७। ५—पृष्ठ ८।

तहत्ति ।' कह एक णमोक्कार मुट्ठी बन्द करके गुणे । पीछे जो पच्चक्खाण किया हो उसका नाम लेकर पच्चक्खाण पारण गाथा पढ़े । पच्चक्खाण फासियं, पालियं, सोहियं तीरियं, किट्टियं, आराहियं जं च ण आराहियं तस्समिच्छामि दुक्कडं' बोल एक णमोक्कार गुणे । बाद खमासमण पूर्वक 'इच्छाकारेण० चैत्यवन्दन करूं ? इच्छं ।' कह 'जयउ सामिय०'[1] से 'जयवीयराय०'[2] तक सम्पूर्ण चैत्यवन्दन कहे तथा क्षणमात्र स्वाध्याय कर पानी पीवे । पीछे आसन पर बैठकर दिवस चरिमं का पच्चक्खाण ले बाद इरिया वहियं०[3] कहकर (आहार संवरण निमित्त) चैत्यवन्दन करे ।

यदि मलमूत्र की बाधा मिटाने जाना हो तो 'आवस्सहि' पूर्वक निर्जीव भूमि में या स्थंडिल के पात्रमें जावे और 'अणुजाणहजस्स गो' कह कर मलमूत्र परठे । पीछे प्राशुक जल से शुद्ध होकर तीन बार वोसिरामि कह 'मलमूत्र' वोसिरावे । पीछे 'णिस्सीहि' बोलते हुए "पौषधशालामें आवे और एक खमासमण देकर 'इरियावहियं०' कहे । अनन्तर एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् गमणागमणं आलोउं ? इच्छं ।' कहकर इस प्रकार गमणागमण आलोयणा करे । 'आवस्सही करी, प्रासुक देसे जइ, संडासा पूंजी, थंडिलो पडिलेही, उच्चार प्रश्रवण वोसिरावी । णिस्सीहि करी पौषधशाला में आवे । 'आवंति जंतेहिं जं खंडियं जं विराहियं तस्समिच्छामि दुक्कडं ।' ऐसा कह बैठकर स्वाध्याय या ध्यान करे और दिन के चौथे पहर में संध्या पडिलेहण की विधि करे ।

संध्या पडिलेहण विधि

प्रथम एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् ! बहु पडिपुण्णा पोरिसी ? इच्छं' बोल खमासमण दे 'इरियावहियं० तस्सउत्तरी० अणत्थ०[4] कह एक लोगस्स० का काउसग्ग पार प्रगट लोगस्स० कहे । तत्पश्चात् एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पडिलेहण करूं ? इच्छं' कह फिर खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पौषधशाला

१—पृष्ठ ४ । २—पृष्ठ ६ । ३—पृष्ठ ३ । ४—पृष्ठ ४ ।

का प्रमार्जन कर ? इच्छं।' कह मुंहपत्तिका पडिलेहण करे। फिर खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् अंगपडिलेहण संदिसाहू ? इच्छं।' खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् अंगपडिलेहण करूं ? इच्छं।' ऐसा कह आसन धोती आदि पडिलेहे और पौषधशाला की प्रमार्जना कर कूड़ा-करकट विधि पूर्वक एकान्तमें गेर दे और एक खमासमण दे 'इरियावहियं०' का पाठ कहे। तदनन्तर एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पसायकरी पडिलेहण पडिलेहावोजी ? इच्छं' ऐसा कह 'शुद्ध स्वरूप धारें'[1] बोलते हुए स्थापनाजी की पडिलेहण कर उच्च स्थान पर विराजमान करे।

पीछे एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण० उपधि मुंहपत्ति पडिलेहूं ? इच्छं' कह खमासमण देकर मुंहपत्ति का पडिलेहण करे। बाद खमासमण दे 'इच्छाकारेण सज्झाय संदिसाहूं ? इच्छं। फिर खमासमण दे 'इच्छाकारेण० सज्झाय करूं ? इच्छं।' कहकर एक णमोक्कार गुण उपदेशमाला[2] की सज्झाय कहे। पीछे णमोक्कार गिनकर पच्चक्खाण करे। यदि आहार किया हो तो दो वन्दना[3] देकर पच्चक्खाण करे। अन्त में एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण उपधि थंडिला पडिलेहण संदिसाहूं ? इच्छं। खमासमण दे 'इच्छाकारेण० उपधि थंडिला पडिलेहण करूं ? इच्छं।' खमासमण दे 'इच्छाकारेण० वेसणूं संदिसाहूं ? इच्छं।' फिर खमासमण दे 'इच्छाकारेण वेसणूं ठाउं ? इच्छं कहकर बैठे और वस्त्र, कम्बल, चरवला आदि का पडिलेहण। उपवास करने वाला वस्त्रादि की पडिलेहण कर कटिसूत्र और धोती[4] फिर पडिलेहे। पीछे उच्चार प्रश्रवण के २४ थंडिला पडिलेहे।

चौबीस थंडिला पडिलेहण पाठ

१ आगाढ़े आसण्णे उच्चारे पासवणे अणहियासे।
२ आगाढ़े मज्झे उच्चारे पासवणे अणहियासे।
३ आगाढ़े दूरे उच्चारे पासवणे अणहियासे।
४ आगाढ़े आसण्णे पासवणे अणहियासे।

१—पृष्ठ २। २—पृष्ठ ७५। ३—पृष्ठ ६। ४—स्त्रियां अपने २ वस्त्रों की पडिलेहणा करे।

५ आगाढ़े मज्झे पासवणे अणहियासे ।
६ आगाढ़े दूरे पासवणे अणहियासे ।
७ आगाढ़े आसण्णे उच्चारे पासवणे अहियासे ।
८ आगाढ़े मज्झे उच्चारे पासवणे अहियासे ।
९ आगाढ़े दूरे उच्चारे पासवणे अहियासे ।
१० आगाढ़े आसण्णे पासवणे अहियासे ।
११ आगाढ़े मज्झे पासवणे अहियासे ।
१२ आगाढ़े दूरे पासवणे अहियासे ।
१३ अणागाढ़े आसण्णे उच्चारे पासवणे अणहियासे ।
१४ अणागाढ़े मज्झे उच्चारे पासवणे अणहियासे ।
१५ अणागाढ़े दूरे उच्चारे पासवणे अणहियासे ।
१६ अणागाढ़े आसण्णे पासवणे अणहियासे ।
१७ अणागाढ़े मज्झे पासवणे अणहियासे ।
१८ अणागाढ़े दूरे पासवणे अणहियासे ।
१९ अणागाढ़े आसण्णे उच्चारे पासवणे अहियासे ।
२० अणागाढ़े मज्झे उच्चारे पासवणे अहियासे ।
२१ अणागाढ़े दूरे उच्चारे पासवणे अहियासे ।
२२ अणागाढ़े आसण्णे पासवणे अहियासे ।
२३ अणागाढ़े मज्झे पासवणे अहियासे ।
२४ अणागाढ़े दूरे पासवणे अहियासे ।

इनमें से ६ थंडिले शय्या के दोनों तरफ दाहिनी ओर तीन और बायीं ओर तीन पडिलेहे । ६ थंडिले दरवाजे के भीतर दोनों तरफ दाहिनी ओर तीन और बायीं ओर तीन पडिलेहे । ६ थंडिले दरवाजे के बाहर दाहिनी और बायीं तरफ पडिलेहे और अन्तिम ६ जहां उच्चार प्रश्रवण की जगह हो वहां दोनों दाहिनी और बायीं तरफ पडिलेहे ।

अब प्रतिक्रमण का समय हो गया हो तो प्रतिक्रमण करे । प्रति-

क्रमण में 'आजुणा चार प्रहर०' पाठ के स्थान पर 'पोसह संध्या अतिचार[1] बोले शेष विधि देवसिक के समान करे और खुद्दोपद्दव का काउसग्ग किये बाद एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण० सज्झाय संदिसाहूं इच्छं'। पुनः खमासमण दे 'इच्छाकारेण० सज्झाय करूं ? इच्छं'। ऐसा कह तीन णमोक्कार गुण सज्झाय करे। प्रतिक्रमण के बाद पहर रात तक स्वाध्याय या ध्यान करे। यदि लघुशंका करनी हो तो लघुशंका करे और वापस आकर 'भगवन् बहु पडिपुण्णा पोरिसी ?' ऐसा कह 'इरियावहियं० का पाठ कहे। संथाराका समय होनेपर रात्रि संथारा करे।

रात्रि संथारा विधि

एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् बहु पडिपुण्णा पोरिसी? इच्छं' कह खमासमण दे 'इच्छाकारेण०, इरियावहियं० तस्सउत्तरी० अणत्थ०[2] कह एक लोगस्सका काउसग्ग पार प्रगट लोगस्स० कहे। तद-नन्तर खमासमण दे 'इच्छाकारेण राई संथारा मुंहपत्ति पडिलेहूं इच्छं' कह मुंहपत्ति की पडिलेहणा करे। बाद खमासमण दे 'इच्छाकारेण० राई संथारा संदिसाहूं ? इच्छं।' पुनः खमासमण दे 'इच्छाकारेण० राई संथारा ठाउं ? इच्छं कह पुनः खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् चैत्य-वन्दन करूं ? इच्छं। ऐसा कह चउक्कसाय०[3]। णमुत्थुणं[4] पूर्वक जयवी-यराय० पर्य्यन्त सम्पूर्ण चैत्यवन्दन कर भूमिका प्रमार्जन कर संथारा बिछा, शरीर का प्रमार्जन कर, संथारे पर बैठ राई संथारे[5] का पाठ बोले।

दो घड़ी रात्रि शेष रहते उठे और णमोक्कार मंत्र गिने। तदनन्तर खमासमण दे 'इरियावहियं०[6] तस्सउत्तरी० अणत्थ०' कह एक लोगस्स का काउसग्ग कर प्रगट लोगस्स० कहे। पुनः खमासमण दे 'कुसुमिण दुसुमिण०' का काउसग्ग कर राई प्रतिक्रमण करे। 'सातलाख' की जगह पोसह रात्रि अतिचार[7] का पाठ बोले। इस प्रकार सम्पूर्ण प्रतिक्रमण कर, पडिले-

१—पृष्ठ १०। २—पृष्ठ ४। ३—पृष्ठ २४। ४—पृष्ठ ५। ५—पृष्ठ ५८। ६—पृष्ठ ३। ७—पृष्ठ ११।

हणके समय पूर्वोक्त विधिसे पडिलेहणा कर पौषधशाला का कचरा (कूड़ा) निकाल कर इरियावहियं० कहे। दो खमासमण देकर सज्झाय संदिसाहूं ? सज्झाय करूं ? आदेश मांगकर, उपदेशमाला[1] की सज्झाय पढ़ कर पोसह पारे।

पोसह पारने की विधि

खमासमण देकर इरियावहियं०[2] पढ़े। एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पोसह पारूं ? यथाशक्ति।' पुनः खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पोसह पारेमि ? तहत्ति।' कह खमासमण दे दाहिना हाथ नीचे रख तीन णमोक्कार गिन, खमासमण देकर मुंहपत्ति का पडिलेहण करे। पीछे खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् सामायिक पारूं ? यथाशक्ति।' पुनः खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! पोसह पारेमि।' 'तहत्ति।' खमासमण देकर आधा अंग नमाकर तीन णमोक्कार गिनकर भयवंदसण्ण०[3] का पाठ बोले। पीछे तीन णमोक्कार गिनकर उठ जाय।

दिन सम्बन्धी चउपहरी पौषध विधि

आठ पहर पौषध लेने की विधि के समान ही चार पहर पौषध लेने की विधि है। पोसह 'दंडक उच्चरते समय 'चउपहरी पौषध' निम्नलिखित पच्चक्खाण करे।

चउपहरी पौषध पच्चक्खाण

करेमिभंते पोसहं आहार पोसहं देसओ सव्वओ सरीर सक्कार पोसहं सव्वओ बंभचेर पोसहं सव्वओ अव्वावार पोसहं सव्वओ चउविहे पोसहे जावदिव संपज्जुवासामि दुविहं तिविहेणं मणेणं वायाए काएणं णकरेमि णकारवेमि तस्सभंते पडिक्कमामि णिंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि।

बाद पूर्ववत् सामायिक लेवे। यदि प्रतिक्रमण गुरु के साथ न किया हो तो गुरु के पास आकर पौषध और सामायिक पूर्ववत

१—पृष्ठ ७५। २—पृष्ठ ३। ३—पृष्ठ १८।

सब विधि करे। पीछे आलोयण खामणा आदि निमित्त मुंहपत्ति का पडिलेहण कर दो वन्दणा[1] देवे। बाद में 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् राइअं आलोउं? इच्छं', आलोएमि जो मे राइओ अइयारो०[2] पाठसे राइअं आलोवे। पुनः एक खमासमण देकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् अब्भुट्ठिओमि अब्भिंतर राइअं खामेउं? इच्छं', खामेमि राइअं 'जं किंचि०[3]' का पाठ बोले आदि विधि पूर्वक गुरु को वन्दन करे। तदनन्तर गुरु से पच्चाक्खाण ले। पीछे दो खमासमण देकर बहुवेलं संदिसावे। एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पडिलेहण संदिसाहूं? इच्छं', पुनः खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पडिलेहण करूं? इच्छं', कह मुंहपत्ति की पडिलेहण करे। पश्चात् एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् अंगपडिलेहण संदिसाहूं? इच्छं, पुनः एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् अंगपडिलेहण करूं? इच्छं' कह उपधि मुंहपत्ति पडिलेहे। अनन्तर खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पसायकरी पडिलेहण पडिलेहावोजी? इच्छं' कह सब वस्त्रों की पडिलेहण करे। बाद दो खमासमण पूर्वक सज्झाय संदिसाहूं? और सज्झाय करूं? इच्छं कह 'उपदेशमाला[1] की सज्झाय कहे या सुने। अन्तमें पिछले पहर पच्चाक्खाण करने के बाद एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् उपधि पडिलेहण संदिसाहूं? इच्छं' पुनः खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् उपधि पडिलेहण करूं? ऐसा कहकर पडिलेहण करे परन्तु थंडिला पद न कहे और न थंडिलों का पडिलेहण करे। शेष सब विधि आठ पहर पौषध विधि के समान है।

रात्रि सम्बन्धी चउपहरी पौषध विधि

दिन के चउपहरी पोसह लेने वाले का अगर रात्रि पोसहका भी भाव हुआ हो तो वह संध्या का पडिलेहण तथा पच्चक्खाण करने के बाद दो खमासमण देकर पोसह लेवा मुंहपत्ति पडिलेहे। तदनन्तर दो खमासमण दे

१—पृष्ठ ६। २—पृष्ठ ७। ३—पृष्ठ २।

पोसह का आदेश मांग कर तीन णमोक्कार गिन कर तीन बार पोसह दंडक उच्चरे। तदनन्तर सामायिक मुंहपत्ति का पडिलेहण कर पूर्वोक्त रात्रि संथारा विधि लिखी है उसी तरह सब विधि करे।

दिन का पौषध न किया हो और रात्रि का ही करना हो तो प्रथम सब उपगरणों की पडिलेहण कर इरियावहियं० बोले। पीछे चउव्विहार पच्चक्खाण करके दो खमासमण पूर्वक पोसह मुंहपत्ति पडिलेहे। फिर दो खमासमण दे पोसह का आदेश मांग कर तीन णमोक्कार गिन कर तीन बार पोसह दंडक उच्चरे।

रात्रि चउपहरी पौषध पच्चक्खाण

करेमि भंते पोसहं आहार पोसहं देसओ सव्वओ सरीरसक्कार पोसहं सव्वओ बंभचेर पोसहं सव्वओ अव्वावार पोसहं सव्वओ चउव्विहे पोसहे जावअहोरत्तिं पज्जुवासामि दुविहं तिविहेणं मणेणं वायाएकाएणं णकरेमि णकारवेमि तस्स भंते पडिक्कमामि णिंदामि गरिहामि अप्पाणं वोसिरामि।

इसके बाद सामायिक मुंहपत्ति का पडिलेहण कर पूर्वोक्त रात्रि संथारा विधि लिखी है, उसी तरह सब विधि करे। अन्त में पडिलेहण का आदेश मांगने के बाद अगर पडिलेहण न किया हो तो सब उपधि का पडिलेहण करे और सिर्फ दृष्टि पडिलेहे फिर उच्चार प्रश्रवण के चौबीस थंडिलों का भी पडिलेहण करे। शेष विधि पूर्ववत् है।

देसावगासिक लेने की विधि

प्रथम इरियावही०[१] तस्स उत्तरी० अणत्थ० कहे बाद में एक लोगस्स का काउसग्ग करे फिर लोगस्स०[२] कहे। देसावगासिक लेवा मुंहपत्ति पडिलेहूं मुंहपत्ति पडिलेहण करने के बाद इच्छामि० इच्छाकारेण० देसा-वगासि संदिसाहूं इच्छं इच्छामि० देसावगासि ठाउं कह तीन णमोक्कार गिने इच्छं इच्छामि० इच्छाकारेण संदिसह भगवन् पसायकरी देसावगासि

१--पृष्ठ ३। २—पृष्ठ ४।

क दंडक उच्चरावोजी देसावगासिक[1] दंडक तीन बार बोले। इसके बाद पूर्वोक्त सामायिक लेने की विधि करे।

देसावगासिक पारने की विधि

प्रथम इच्छामि०[2] इच्छा० देसावगासिक पारवा मुंहपत्ति पडिलेहूं। फिर इच्छामि० इच्छा० देसावेगासिक पारूं पुणोवि कायव्वो इच्छामि० देसावगासिक पारेमि 'तहत्ति' सामायिक पारने की विधिके अनुसार देसावगासिक पारे। देसावगासिक पारने की गाथा[3] पढ़े फिर तीन णमोक्कार गिने।

तपगच्छीय विशेष विधियां

सामायिक लेने की विधि

श्रावक श्राविका शुद्ध वस्त्र पहन, चौकी आदि उच्च स्थान पर पुस्तक या मालाको स्थापनकर भूमि प्रमार्जनके बाद आसन बिछा चरवला मुंहपत्ति लेकर आसन पर बैठे। बायें हाथ में मुंहपत्ति को मुख के आगे रख दाहिने हाथ को स्थापना के सम्मुख कर एक णमोक्कार पढ़ कर पंचिंदिय[4] सूत्र० उच्चरे। (अगर गुरु महाराज स्वयं विराजमान हों तो णमोक्कार और पंचिंदिय सूत्र की आवश्यकता नहीं।) पीछे एक खमासमण देकर इरियावहियं०[5], तस्स उत्तरी०, अणत्थ० बोल एक लोगस्स या चार णमोक्कार का काउसग्ग कर, 'णमोअरिहंताणं' कह पार कर प्रगट लोगस्स० कहे। पीछे खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! सामायिक लेवा मुंहपत्ति पडिलेहूं? इच्छं' कह मुंहपत्ति का पडिलेहण करे। तदनन्तर एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! सामायिक संदिसाहूं इच्छं' फिर खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! सामायिक ठाउं? इच्छं' कह खड़े हो, दोनों हाथ जोड़ कर एक णमोक्कार पढ़े और 'इच्छकारि भगवन् पसायकरी सामायिक दंडक उच्चरावोजी'

१—पृष्ठ ८२। २—पृष्ठ २। ३—पृष्ठ ८२। ४—पृष्ठ ५४। ५—पृष्ठ ३।

कहे। बाद गुरु महाराज अथवा अपने से बड़े से करेमिभंते सुने अन्यथा स्वयं ही उच्चरे। पीछे खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! वेसणूं संदिसाहूं ? इच्छं' कह फिर खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् वेसणूं ठाउं ? इच्छं कहे। पश्चात् फिर खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! सज्झाय संदिसाहूं ? इच्छं' कह फिर खमासमण दे इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! सज्झाय करूं ? इच्छं' कहकर तीन णमोक्कार गुणे। दो घड़ी प्रमाद सेवन न करते हुए धर्मध्यान या स्वाध्याय करे।

सामायिक पारने की विधि

प्रथम खमासमण दे इरियावहियं०[1], तस्स उत्तरी०, अणत्थ०, बोल एक लोगस्स का काउसग्ग पार प्रगट लोगस्स० कहे। तत्पश्चात् एक खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् सामायिक पारण मुंहपत्ति पडिलेहूं ? इच्छं कहकर मुंहपत्ति की पडिलेहणा करे। फिर खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन्! सामाइयं पारेमि ? यथाशक्ति' कहे। बाद खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् सामाइअं पारिअं, तहत्ति' कह, दाहिने हाथको आसनपर या चरवलेपर स्थाप (रख) मस्तक झुकाकर, एक णमोक्कार गिने, 'सामाइय वयजुत्तो०[2]' सूत्र पढ़े। बाद सामायिक सम्बन्धी मन, वचन और काया के ३२ दोषों की आलोचना कर, दाहिने हाथ को मुख के सम्मुख रख तीन णमोक्कार पढ़े।

राई प्रतिक्रमण की विधि

प्रथम सामायिक लेवे। पीछे खमासमण देकर 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् कुसुमिण दुसुमिण उड्डावणी राइअ पायछित्त विसोहणत्थं काउसग्ग करूं ? इच्छं।' कुसुमिण दुसुमिण उड्डावणी राइअ पायच्छित्त विसोहणत्थं करेमि काउसग्गं, अणत्थ०[3] पढ़कर चार लोगस्स का काउसग्ग पार प्रगट लोगस्स० कहकर खमासमण दे 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् चैत्यवन्दन

१—पृष्ठ ३। २—पृष्ठ ५४। ३—पृष्ठ ४।

करूं ? इच्छं' कह जगचिंतामणि[1] चैत्यवन्दन से जयवीयराय०[2] तक पढ़के चार खमासमण अर्थात् 'इच्छामि०, भगवानहं, इच्छामि० आचार्यहं, इच्छामि० उपाध्यायहं, इच्छामि० सर्वसाधुहं' कहकर खमासमण पूर्वक 'इच्छाकारेण० सज्झाय संदिसाहूं ? इच्छं।' फिर खमासमण दे 'इच्छाकारेण० सज्झाय करूं ? इच्छं' कहकर 'भरहेसर की सज्झाय[3] कहकर एक णमोक्कार कहें। बाद 'इच्छकारि सुहराई०' का पाठ कह 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् राई पडिक्कमणो ठाउं ? इच्छं' कहकर दाहिने हाथ को आसन या चरवले पर रख 'सव्वस्सविराइय दुच्चिंतिय०' पाठ कहे। बाद 'णमुत्थुणं०' कह खड़ा हो, 'करेमि भंते०[4], इच्छामि ठामि०[5], तस्स उत्तरी० अणत्थ०', कह एक 'लोगस्स' का काउसग्ग पार प्रगट 'लोगस्स०, सव्वलोए अरिहंत० अणत्थ०' कह एक 'लोगस्स का कायोत्सर्ग पार के 'पुक्खरवरदीवड्ढे०[6] सुअस्स भगवओ०, वंदणवत्तियाए० अणत्थ०' पढ़कर अतिचार की आठ गाथायें[7] अथवा आठ णमोक्कार का कायोत्सर्ग करके 'सिद्धाणं बुद्धाणं०[8] कहे। पीछे तीसरे आवश्यक की मुंहपत्ति का पडिलेहण कर दो वन्दना[9] देवे। बाद 'इच्छाकारेण राइयं आलोउं ? इच्छं, आलोएमि जो मे राइओ' पढ़कर सातलाख०[10], अठारह पापस्थान की आलोयणा कर 'सव्वस्सवि राइय०' कह, बैठकर दाहिने घुटने को खड़ाकर 'एक णमोक्कार, करेमि-भंते०, इच्छामि पडिक्कमिउं जो मे राइओ०' कहकर वंदित्तु[11] सूत्र पढ़े। पीछे दो वन्दना देकर 'इच्छाकारेण अब्भुट्ठिओमि अब्भितर राइयं खामेउं ? इच्छं, खामेमि राइयं०' पढ़कर दो वन्दना देकर, खड़े खड़े 'आयरिअ उवज्झाए०, करेमिभंते० इच्छामि ठामि० तस्स उत्तरी० अणत्थ०' कह सोलह णमोक्कार का काउसग्ग पार, प्रगट लोगस्स० कहके, छट्ठे आवश्यक की मुंहपत्ति पडिलेह कर दो वन्दना देवे। पीछे बैठकर 'सकल तीर्थ०' कह पच्चक्खाण करके 'सामायिक चउवीसत्थो वंदन, पडिक्कमण, काउसग्ग पच्चक्खाण किया है जी' कहे बैठकर 'इच्छामो अणुसट्ठिं०, णमो

१—पृष्ठ ५४। २—पृष्ठ ५५। ३—पृष्ठ ५७। ४—पृष्ठ ३। ५—पृष्ठ ७। ६—पृष्ठ ७। ७—पृष्ठ ५६। ८-पृष्ठ ८। ९—पृष्ठ ९। १०—पृष्ठ ९। ११—पृष्ठ ११।

खमासमणाणं०, नमोऽर्हत्०' पढ़कर 'विशाललोचन दलं०[1]' पढ़े। पीछे 'णमुत्थुणं०, अरिहंतचेइयाणं० अणत्थ०' कह एक णमोक्कार का काउसग्ग पार 'कल्लाण कंदं०'[2] की प्रथम थुई कहे। बाद लोगस्स०, सव्वलोए अरिहंत० कह एक णमोक्कार का काउसग्ग पार दूसरी थुई कहे। बाद 'पुक्खर वरदी वड्ढे०, सुअस्स भगवओ करेमि० कह एक णमोक्कार का काउसग्ग पार तीसरी थुई कहे और 'सिद्धाणं बुद्धाणं० वेयावच्चगराणं० अणत्थ० कह एक णमोक्कार का 'नमोऽर्हत्०' पूर्वक काउसग्ग पार चतुर्थ स्तुति कहे। पीछे बैठकर णमुत्थुणं० पढ़कर चार खमासमण पूर्वक 'भगवानहं' इत्यादि को वन्दन करके, दाहिने हाथ को चरवले या आसन पर रख 'अड्ढाइज्जेसु'[3] पढ़े। बाद खमासमण देकर बायां घुटना खड़ाकर श्री सीमंधर स्वामी का चैत्यवन्दन, स्तवन, जयवीयराय पर्य्यन्त करे! पीछे 'अरिहंत चेइयाणं० अणत्थ०' पढ़, एक णमोक्कार का कायोत्सर्ग 'नमोऽर्हत्०' पूर्वक पार श्रीसीमंधर स्वामी की थुई कहनेके बाद सामायिक पारने की विधि से सामायिक पारे।

अथ देवसिक प्रतिक्रमण की विधि

अंबिका बिरुद बखाणे, गुरु तेरा अंबिका । तुम युग प्रधान नहिं छाने गढ गिरनारपे अंबड श्रावक, ऐसो नियम चित्त ठाणे । युग प्रधान इस जग में कोई, देखूं जन्म प्रमाणे ॥ गु० २ ॥ कर उपवास तीन दिन बीते, प्रगटी अंबा ज्ञाने । प्रगट होय करमें लिख दीना, सुवरण अक्षर दाने ॥ गु० ३ ॥ या गुण संयुत अक्षर बांचे, ताको युग वर जाने । अंबड मुलक मुलकमें फिरता, सूरि सकल पतवाने ॥ गु० ४ ॥ आया पास तुम्हारे सद्गुरु, कर पसार दिखलाने । वासक्षेप उन ऊपर डाला, चेला बांच सुनाने ॥ गु० ५ ॥ सर्व देव हैं दास जिनों के, मरुधर कल्प प्रमाने । युग प्रधान जिनदत्त सूरिश्वर, अंबड शीश झुकाने ॥ गु० ६ ॥ उद्योतन सूरीने निज हाथे, चौरासी गछ ठाने । सो सब तुमरी सेवा सारे, चौरासी गछ माने ॥ गु० ७ ॥ जो मिथ्यात्वी तुमको न पूजे, सो नहिं तत्त्व पिछाने । भद्रबाहु स्वामी तुम कीर्त्तन, कीनी ग्रन्थ प्रमाने ॥ गु० ८ ॥ युग प्रधान परिकीनि गंडिका, गणधर पद वृत्ति माने । कहे रामऋद्धिसार गुरू की, पूजा धूप कराने ॥ गु० ९ ॥

॥ श्लोक ॥

अगर चन्दन धूपदशाङ्गजैः, प्रसरितैः खलु दिक्षु सुधूम्रकैः ॥ सकल मङ्गल वाञ्छितदायकं, कुशल सूरि गुरोश्चरणौयजे ॥१०॥ॐ ह्रीं श्रींपरम पुरुषाय

परम गुरुदेवाय भगवते जिन शासनोद्दीपकाय चरण कमलेभ्यो धूपं निर्वपामि स्वाहा ॥

दीप पूजा

॥ दोहा ॥

दीप पूज कर सुगुण नर, नित नित मंगल होत।
उजयालो जगमें जुगत, रहे अखंडित जोत ॥१॥

पूजन कीजोजी नरनारी, गुरु महाराज की हो पू० ॥ सिंधु देश में पंच नदी पर, साधे पांचो पीर। लोई ऊपर पुरुष तिराये, ऐसे गुरु सधीर ॥ पू० २ ॥ प्रगट होय के पांच पीरने, सात दिये वरदान। सिंधु देश में खरतर श्रावक, होवेगा धनवान ॥ पू० ३ ॥ सिंधु देश मुलतान नगर में बड़ा महोत्सव देख, अंबड़ और गच्छका श्रावक, गुरुसे कीना द्वेष ॥ पू० ४ ॥ अणहिलपुर पत्तनमें आवो, तो मैं जानूं सच्चा। बड़े महोत्सव आवेंगे, तूं निर्धन होगा कच्चा ॥ पू० ५ ॥ पत्तन बीच पधारे दादा, सम्मुख निर्धन आया। गुरु बतलाया क्यूंरे अंबड, अहंकार फल पाया ॥ पू० ६ ॥ मनमें कपट किया अंबडने, खरतर महिमा धारी। जहर दिया उन अशन पानमें, गुरु विध जानी सारी ॥ पू० ७ ॥ भणशाली मुखबर श्रावकसे, निर्विष मुद्रि मंगाई। जहर उतारा तब लोकोमें, अंबड निंदा पाई ॥ पू० ८ ॥ मरके व्यंतर हुवा वो अंबड, रजोहरण हर लीना। भणशाली व्यंतर वचनोंसे, गोत्र उतारा कीना ॥ पू० ९ ॥ सज्ज होय गुरु ओघा लेके, गोत्र बचाया सारा। ऋद्धिसार महिमा सद्गुरुकी, दीपक का उजियारा ॥ पू० १० ॥

॥ श्लोक ॥

अतिसुदीप्तिमयैः खलु दीपकैः, विमलकाञ्चनभाजनसंस्थितैः। सकलमङ्गल वाञ्छितदायकं, कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥ ११ ॥ ॐ ह्रीं परम पुरुषाय परम गुरुदेवाय भगवते जिन शासनोद्दीपकाय चरण कमलेभ्यो दीपं निर्वपामि स्वाहा।

अक्षत पूजा

॥ दोहा ॥

अक्षत पूजा गुरु तणी, करो महाशय रंग ।
क्षति न होवे अंगमें, जीते रणमें जंग ॥१॥

(अवधू सो जोगी गुरु मेरा)

रतन अमोलक पायो, सुगुरु सम रतन अमोलक पायो । गुरु संकट सब ही मिटायो ॥ सु० ॥ विक्रमपुर नगरी लोकनको, हैजा रोग सतायो । बहुत उपाय किया शांतिकका, जरा फरक नहीं आयो ॥ सु० २ ॥ जोगी जंगम ब्रह्म सन्यासी, देवी देव मनायो । फरक नहीं किनहीने कीना, हाहाकार मचायो ॥ सु० ३ ॥ रतन चिंतामणि सरिखो साहिब, विक्रमपुर में आयो । जैन संघका कष्ट दूर कर, जय जयकार वरतायो ॥ सु० ४ ॥ महिमा सुन माहेश्वर ब्राह्मण, सब ही शीश नमायो । जीवित दान करो महाराजा, गुरु तब यूं फरमायो ॥ सु० ५ ॥ जो तुम समकित व्रतको धारो, अबही कर दूं उपायो । तहत वचन कर रोग मिटायो, आनंद हर्ष वधायो ॥ सु० ६ ॥ जो कोई श्रावक व्रत नहिं धारयो, पुत्री पुत्र चढ़ायो । साधु पांचसै दीक्षित कीना, साधवियां समुदायो ॥ सु० ७ ॥ मंत्रकला गुरु अतिशय धारी, ऐसो धर्म दिपायो । ऋद्धिसार पर किरपा कीनी, साचो इलम बतलायो ॥ सु० ८ ॥

॥ श्लोक ॥

सरलतण्डुलकैरतिनिर्मलैः, प्रवरमौक्तिकपुंज वदुज्वलैः । सकलमङ्गल वाञ्छितदायकौ, कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥ ९ ॥ ॐ ह्रीं परमपुरुषाय परम गुरुदेवाय भगवते जिन शासनोद्दीपकाय चरणकमलेभ्यो अक्षतं निर्वपामि स्वाहा ।

नैवेद्य पूजा

॥ दोहा ॥

नैवेद्य पूजा सातमी, करो भविक चित चाव ।
गुरुगुण अगणित कुण गिणे, गुरुभव तारण नाव ॥१॥

(नेरी पूजा बनी है रसमें)

गुरु किया असुर को वशमें ॥ हो गुरु० ॥ बडनगरीमें आप पधारे, सांमेला धसमसमें । ब्राह्मण लोक बड़े अभिमानी, मिलकर आया सुसमें ॥ हो० २ ॥ महिमा देख सक्या नहिं गुरुकी, भरे मिथ्यात्वी गुसमें । मृतक गऊ जिन मंदिर आगे, रख दी सनमुख चसमें ॥ हो० ३ ॥ श्रावक देख भये आकुलता, कहे गुरूसे कसमें । चिन्ता दूर करी है संघकी, गउ उठ चाली धसमें ॥ हो० ४ ॥ मरी गऊको जीती कीनी, लोक रह्या सब हसमें । जाके गाय पड़ी रुद्रालय, संघ भया सब सुखमें ॥ हो० ५ ॥ ब्राह्मण पांव पडे सब गुरुके देख तमासा इसमें । हुकम उठावेंगे शिर ऊपर, तुम संततिकी दिशमें ॥ हो० ६ ॥ नमस्कार है चमत्कारको, कीनी पूजा रसमें । कहे रामऋद्धिसार गुरूकी, आनंद मंगल जशमें ॥ हो० ७ ॥

॥ श्लोक ॥

बहुविधैश्चरुभिर्वटकैर्यकैः, प्रचुरसर्प्पिषि पक्व सुसज्जकैः । सकलमङ्गल वाञ्छितदायकौ कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥८॥ ॐ ह्रीं परमपुरुषाय परमगुरुदेवाय भगवते जिन शासनोद्दीपकाय चरणकमलेभ्यो नैवेद्यं निर्वपामि स्वाहा ।

फल पूजा

॥ दोहा ॥

फल पूजा से फल मिले, प्रगटे नवे निधान ।
चिहुं दिशि कीरति विस्तरे, पूजन करो सुजान ॥१॥

(रथ चढ यदुनंदन आवत हैं)

चालो संघ सब पूजनको, गुरु समरयाँ सनमुख आवत हैं रे ॥चा०॥ आनंदपुर पट्टनको राजा, गुरु शोभा सुन पावत हैं रे ॥ चा० ॥ भेज्या निज परधान बुलाने, नृप अरदास सुनावत हैं रे ॥ चा० २ ॥ लाभ जान गुरु नगर पधारे, भूपति आय वधावत हैं रे, ॥ चा० ॥ राजकुमरको कुष्ठ मिटायो, अचरज तुरत दिखावत हैं रे ॥ चा० ३ ॥ दश हजार कुटुम्ब संग

नृपको, श्रावक धर्म धरावत हैं रे ॥ चा० ॥ प्रतापगढ़को पमार राजा, पुरमें गुरु पधरावत हैं रे ॥ चा० ४ ॥ दया मूल आज्ञा जिनवरकी, बारह व्रत उचरावत हैं रे ।चा०। चौहान भाटी पमार इन्दा पुन राठौड कहावत हैं रे ॥चा०॥ सीसोदा सोलंकी नरवर महाजन पदवी पावत हैं रे ॥ चा० ५ ॥ ऐसे सात राज समकित धर, खरतर संघ बनावत हैं रे ॥ चा० ६ ॥ कुष्ठ जलंदर क्षयी भगंधर, कइयक लोक जीवावत हैं रे ॥ चा० ॥ ब्राह्मण क्षत्री और माहेश्वर, ओस वंश पसरावत हैं रे ॥ चा० ७ ॥ तीस हजार एक लख श्रावक, महिमा अधिक रचावत हैं रे ॥ चा० ॥ कहत राम ऋद्धिसार गुरूकी, फल पूजा फल पावत हैं रे ॥ चा० ८ ॥

॥ श्लोक ॥

पनसमोच सदा फलकर्कटैः, सुसुखदैः किल श्रीफलचिर्भटैः। सकल मङ्गल वाञ्छित दायकौ, कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥ ९ ॥ ॐ ह्रीं परमपुरुषाय परम गुरुदेवाय भगवते जिन शासनोद्दीपकाय चरण कमलेभ्यो फलं निर्वपामि स्वाहा ।

वस्त्र अतर पूजा

॥ दोहा ॥

वस्त्र अतर गुरु पूजना, चोवाचंदन चंपेल ।
दुश्मन सब सज्जन हुवे, करे सुरंगा खेल ॥१॥

(मनडो किम ही न भाजे हो कुंथुजिन)

लखमी लीला पावे रे सुंदर, लखमी लीला पावे । जे गुरु वस्त्र चढावे रे सुं०, सुजस अतर महकावे रे सुं० ॥ दुरजन शीश नमावे रे सुं० ॥ दरिया बीच जहाज श्रावक की, डूबण खतरे आवे । साचे मन समरे सद्-गुरुको, दुखकी टेर सुनावे रे ॥ सुं० २ ॥ वाचंता व्याख्यान सुरीश्वर, पंखी रूपे थावे । जाय समुद्रमें जहाज तिराई, फिर पीछा जब आवे रे ॥ सुं० ३ ॥ पूछे संघ अचरजमें भरियो, गुरु सब बात सुनावे । ऐसे दादा दत्त-

कुशल गुरु, परचा प्रगट दिखावे रे ॥ सुं ४ ॥ बोथर गूजरमल्ल श्रावककी, दादा कुशल तिरावे। सुक्खसूरि गुरु समय सुंदरकी, जहाज अलोप दिखावे रे ॥ सुं० ५ ॥ बारेसे इग्यारे दत्तसूरि, अजमेर अनसन ठावे। उपज्या सौधरमा देवलोके, सीमंधर फरमावे रे ॥ सुं० ६ ॥ इक अवतारी कारज सारी, मुक्ति नगरमें जावे। कुशल सूरि देराउर नगरे, भुवनपती सुर थावे रे ॥ सुं ७ ॥ फागुन वदि अम्मावस सीधा, पूनम दरस दिखाये। मणिधारी दिल्लीमें पूज्यां, संकट सुपने नावे रे ॥ सुं० ८ ॥ रथी उठी नहीं देख बादशाह, वांही चरण पधरावे। वस्त्र अतर पूजा सद्गुरुकी, ऋद्धि-सार मन भावे रे ॥ सुं० ९ ॥

॥ श्लोक ॥

अखिलहीरशुभैर्नवचीरकैः, प्रवरप्रावरणैः खलु गंधतैः। सकल मङ्गल वाञ्छित दायकौ, कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥ १० ॥ ॐ ह्रीं परम पुरुषाय परम गुरुदेवाय भगवते जिन शासनोद्दीपकाय चरण कमलेभ्यो वस्त्रं सौगन्धितं निर्वपामि स्वाहा।

ध्वज* पूजा

॥ दोहा ॥

ध्वज पूजा गुरुराजकी, लहके पवन प्रचार।
तीनलोकके शिखर पर, पहुंचे सो नर नार ॥१॥

(जिन गुण गावत सुर सुन्दरी रे,)

ध्वज पूजन कर हरष भरी रे ॥ ध्व० ॥ सज सोले शिणगार सहेल्यां, श्री सद्गुरुके द्वार खरी रे। अपछर रूप सुतन सुत लीनी, ठम ठम पग झणकार करी रे ॥ ध्व० २ ॥ गावत मंगल देत प्रदक्षिणा, धन धन आनंद आज घरी रे। निर्धनको लखमी बकसावत, पुत्र बिना जाके पुत्र करी रे ॥ ध्व० ३ ॥ जो जो परतिख परचा देखा, सुणो भविक दिल बीच धरी

*ध्वजा पर गुरु महाराज से वासक्षेप अवश्य करानी चाहिये। और गुरुओंको भी भेट देनी चाहिये।

रे। फतेमल्ल भडगतिया श्रावक, पहली शंका जोर करी रे॥ ध्व० ४॥ परतिख देखूं तब मैं जानूं, प्रगट्या तत्क्षण तरण तरी रे। पुष्पमाल शिर केशर टीका, अधर श्वेत पोशाक धरी रे॥ ध्व० ५॥ मांग मांग वर बोले वाणी, फरक बतायो गुरु मेघ झरी रे। फरक बतायो दोय लाख पर, तेरी महिमा नित्य हरी रे॥ ध्व० ६॥ गैनचंद गोलेछाको तें, परतिख दीना दरस फरी रे। विक्रमपुरमें थंभ तुमारा, चित्र करावत सुर सुन्दरी रे॥ ध्व० ७॥ थानमल्ललूणियां पर किरपा, लखमी लीला सहज वरी रे। लखमीपति दूगडकी साहिब, हुंडीकी भुगतान करी रे॥ ध्व० ८॥ जा उपगार कर्‍या तैं मेरा, दीनी सम्मुख अमृत झरी रे। तेरि कृपासें सिद्धि पाई, जागे जस अरु भाग भरी रे॥ ध्व० ९॥ भूखा भोजन तिसिया पानी, भरत हजारी देव परी रे। विषम बखत पर सहाय हमारे, ऋद्धिसार की गरज सरी रे॥ ध्व० १०॥

॥ श्लोक

मधुरध्वनिकिङ्किणीनादकैर्ध्वजविचित्रितविस्तृतबासकैः। सकल मङ्गल वाञ्छित दायकौ कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥११॥ ॐ ह्रीं परम पुरुषाय परम गुरुदेवाय भगवते जिनशासनोद्दीपकाय शिखरोपरि ध्वजां आरोपयामि स्वाहा।

कलश

भट्टारक पदवी मिली, जीते वादी वृन्द।
कंठ विराजित सरस्वती, जगमें श्री जिनचन्द ॥१॥

॥ राग अशावरी॥

(पूजन जग सुखकारी सुगुरु तेरी पूजन)

तेरे चरण कमल बलिहारी॥ सु०॥ साह सलेम दिल्लीको बादशाह, सुनके शोभा तिहारी। भट्ट हरायो चरचा करके, भट्टारक पदधारी॥ सु० २॥ अम्मावसकी पूनम कीनी, चंद उगायो भारी। चढके गगन करी है चरचा सूरजसे तप धारी॥ सु० ३॥ उगनीसे चौदेकी सालमें, लखनउ नगर

मझारी। गोरा फिरंगी टोपीवाला, दिलमें यह बात बिचारी ॥ सु० ४ ॥ जैन श्वेताम्बर देव जो सच्चा, पूरे मनसा हमारी। वाणी निकसी राज्य तुम्हारा, होवेगा इकवारी ॥ सु० ५ ॥ अंधेकी खोली आंख सुरतमें, पूजे सब नर नारी। कहां लग गुण वरणूं मैं तेरा, तूं ईश्वर जयकारी ॥ सु० ६ ॥ उगनीसै† संवत्सर त्रेपन, मगशिर मास मझारी। शुक्ल दूज जिन-चंद सुरीश्वर, खरतर गच्छ आचारी ॥ सु० ७ ॥ कुशल सूरिके निज संतानी, क्षेमकीर्त्ति मनुहारी। प्रतिबोध्या जिन क्षत्रि पांचसै। जान सहित अणगारी ॥ सु० ८ ॥ क्षेमधाड़ शाखा जब प्रगटी, जगमें आनंद-कारी। धर्मशील साधू गुण पूरे, कुशल निधान उदारी ॥ सु० ९ ॥ या पूजन करतां सुख आनंद, अन धन लक्ष्मी सारी। कहत राम ऋद्धिसार गुरूकी, जय जय शब्द उचारी ॥ सु० १० ॥

॥ इति पूजा विभाग ॥

† यह पूजा उपाध्याय रामलालजीगणी ने सम्वत् १९५३ मार्गशीर्ष शुक्ला २ को बनाई है।

आरती-विभाग

शान्तिनाथ भगवानकी आरती

जय जय आरति शान्ति तुम्हारी, तोरा चरणकमलकी जाऊं बलिहारी ॥ जय० १ ॥ विश्वसेन अचिराजीके नंदा, शांतिनाथ मुख पूनम चन्दा ॥ जय० २ ॥ चालीस धनुष सोवन मय काया, मृगलंछन प्रभु चरण सुहाया ॥ जय० ३ ॥ चक्रवर्ति प्रभु पंचम सोहें, सोलम जिनवर जग सहु मोहे ॥ जय० ४॥ मंगल आरति भोरहि कीजे, जनम जनम को लाहो लीजे ॥ जय० ५ ॥ करजोड़ी सेवक गुण गावें, सो नरनारी अमर पद पावें ॥ जय० ६ ॥

संध्या आरती

ऋषभ अजित सम्भव अभिनन्दन, सुमति पदम श्री सुपासकी जय । महाराज कि दीनदयाल कि आरति कीजे ॥ चन्द सुविधि शीतल श्रेयांसा वासुपूज्य जय, जय जिनराज कि ॥ जय० १ ॥ विमल अनन्त धर्म हितकारी, जय जय शान्तिनाथ सुखकारी ॥ जय० २ ॥ कुंथुनाथ अर मल्लि मुनिसुव्रत, जिनवर नमि नमि सोवन काय कि ॥ जय० ३ ॥ नेमिनाथ प्रभु पार्श्व चिन्तामणि, वर्द्धमान भव पार कि ॥ जय० ४ ॥ कंचन आरति बहुविधि सजकर, लीजे अंग उछाह की ॥ जय० ५ ॥ सकल संघ मिल आरति करत हैं, आवागमन निवार कि ॥ जय० ६ ॥

नवपद आरती

जय जय जग जन वंछित पूरणं, सुरतरु अभिरामी । आतम रूप विमल कर तारक अनुभव करिनामी ॥ जय जय जग सारा, जय जय जग सारा । आरती पार उतारा, सिद्धचक्र सुखकारा ॥१॥ जगनायक जगगुरु जिन चंदा, भज श्री भगवंता । आतमराम रमा सुखभोगी, सिद्धाजयवंता ॥२॥ पंचाचार दिपैं आचारज, जुगवर गुणधारी । धारक वाचक सूत्र अर्थना,

पाठक भवतारी ॥ जय० ३ ॥ सम दम रूप सकल गुण ज्ञायक, मोटा मुनिराया । दरसन ज्ञान सदा जयकारक, संजम तपभाया ॥ जय० ४ ॥ नवपद सार परम गुरु भाखे, सिद्धचक्र सुखकारी । ए भव परभव रिद्धि सिद्धि दायक भवसागर वारी ॥ जय० ५ ॥ करजोड़ी सेवक गुण गावें, मन वंछित फल पावें । श्री जिनचन्द अखय पद पूजत, शिव कमला पावें ॥ जय० ६ ॥

"विंशति स्थानक आरती"

॥ जीया चतुर सुजान नवपद के गुण गाय रे ॥

पिया विंशति थान मंगल आरती गाय रे ॥आरती०॥ सुमति प्रिया कहे चेतन पतिको, निसुण वचन मन भाय रे ॥पि० १॥ यदि निजगुण परिणति तुम चहिये तिनको एह उपाय रे ॥ अरिहंत सिद्ध आचारज पाठक साधु सकल समुदाय रे ॥ पि० २ ॥ इत्यादिक विंशति पद समरण, भव भय हरण विधाय रे । एह आरती दुरति वारती, अनुपम सुरसुख दाय रे ॥ पि० ३ ॥ जैसे भगतें करत आरती, सकल सुरासुर राय रे । तैसे भवि तुम करोआरती, ए पद गुण चितलाय रे ॥ पि० ४ ॥ पंच प्रदीप से करत आरती, जे नित चित्त उलसाय रे । ते लही पंच चिदानंद घनता, अंचल अमर चढ़ पाय रे ॥ पि० ५ ॥ पंच प्रदीप अखंडित जोते, दुरमति तिमिर विलाय रे । एह आरती तुरत तारती, भव जल निपतत धाय रे ॥ पि० ६ ॥ पद जिनहर्ष ए करणी, मन हरणी करवाय रे । चन्द्र विमल शिव सिद्धि निद्धि धरणी वरणी किनविध जाय रे ॥ पि० ७ ॥

ऋषि मंडल आरती

जय जय जिनराजा, वारी जय जय जिनराजा । आरती करूं शिव-काजा भव भय दुख भाजा ॥ जय० १ ॥ ऋषभ अजित सम्भव जिनराया, अभिनंदन सुमति । पद्म सुपारश चंद्रा प्रभु सें, दूर हुवे कुमति ॥ जय० २ ॥ सुविधि शीतल श्रेयांस सवाई, करि बारम जिनकी । विमल अनंत धरम प्रभु शांति, हर आरति तन की ॥ जय० ३ ॥ कुंथुनाथ अर मल्लि

मुनि सुव्रत, नमि नेमि श्री कारी। पार्श्व जिनेश्वर वीर जिनंदा, आतम हितकारी ॥जय० ४॥ इण विधि आरती जे भवि करसी, भवसागर तिरसी। श्रीजिनचंद अखय पद फरसी शिव कमला वरसी ॥ जय० ५ ॥

शासन पति आरती

हां करो आरती प्रभु की रस में ॥ हां करो ॥ वीस स्थानक तप कर तीजे भव। हुए तीरथ पति सुसमें ॥ हां करो० १ ॥ स्वप्न चतुर्दश मातनिहारे। देव देवेन्द्र हुल्लसमें ॥ जिन अभिमुख हुय शक्रस्तव करि। सुरवर सबहि हरषमें ॥ हां करो० २ ॥ इन्द्र हुकुमसे धनद देवता, भरत खजाने ठसमें। तीन भुवनमें हरष भयो है, रोम रोम नस नसमें ॥ हां करो० ३ ॥ सरव कल्याणक आरती करके, किये कर्मकूं नष्टमें। दास चतुर के वंछित फल गये, अब नहीं संशय इसमें ॥ हां करो० ४ ॥

पञ्च ज्ञान आरती

जय जय आरती ज्ञान दिनंदा, अनुभव पद पावन सुख कंदा॥ जय० १ ॥ तीन जगत के भाव प्रकाशक, पूरण प्रभुता परम अमंदा॥ जय० २ ॥ मति श्रुति अवधि और मन पर्यव, केवल काटे सब दुख दंदा ॥ जय० ३ ॥ भव जल पार उतारण तारण, सेवो ध्याओ भविजन वृन्दा ॥ जय० ४ ॥ शिवपुर पंथ प्रगट ए सीधा, चौमुख भाखे श्री जिन चन्दा ॥जय० ५॥ अविचल राज मिले याही सों, चिदानंद मिलें तेज अमंदा ॥ जय० ६ ॥

पञ्च ज्ञान आरती

जय जग सुखकारी, वारी जय शम पद धारी।आरती करूं सहकारी, जय जग सुखकारी ॥ जय० ॥ अष्टाविंशति भेद करी ने, मति ज्ञाने राजे ॥ वारी मति ज्ञाने राजे ॥ ध्यावत पूजत भविजन केरा, भव संकट भाजे ॥ जय० १ ॥ भेद चतुर्दश अथवा विंशति, प्रवचन प्रति दाखे ॥ प्रव० ॥ श्री श्रुतज्ञान की महिमा जिनवर, स्वमुख थी भाखे ॥ जय० २ ॥ रूपी द्रव्य विषयी मर्यादा, करि अवधी सोहे ॥ करि० ॥ भेद षट्क संख्याती

जीवा, भविजन मन मोहे ॥ जय० ३ ॥ तूर्य ज्ञान मनपरयव कहिये, भेद युगम लहिये ॥ भेद० ॥ ऋजुमति विपुलमति सरदहिये, न्यूनाधिक गहिये ॥ जय० ४ ॥ लोक लोकोत्तर गत वस्तु, गुण पर्यव भासी ॥ गुण० ॥ केवल एक सहाय अनन्ते, भए निर्वृति वासी ॥ जय० ५ ॥ पंच ज्ञान की आरती करतां, भव आरती छाजे ॥ भव० ॥ जिम वरदत्त कुमर गुणमंजरि, तिम भक्ती काजे ॥ जय० ६ ॥ वृहत् भट्टारक खरतर पति जिन हंस सूरि राया ॥ हंस० ॥ तद पंकज मधुकर कंचन, निधि आनंद वरताया ॥ जय० ७ ॥

पञ्च ज्ञान आरती

जय जय आरती ज्ञान कि कीजे, जासे पांच ज्ञान प्राप्ती फल लीजे ॥ मति श्रुति अवधि सदा हितकारी, मन पर्यव केवल सुखकारी ॥१॥ त्रिपदी श्री अरिहंत उचारे, सूत्र की रचना करे गणधारे ॥२॥ साखा श्री निरयुक्ति वखाणें, प्रति साखा भाष्य मन आणें ॥३॥ करणी पत्र भविक हितकारी, टीका पुष्प सदा उपकारी ॥४॥ पहली आरती भविक उतारो, चउगति सुमन का संकट बारो ॥५॥ दूजी आरती आरति टारे, सर्व जीव को सब सुखकारे ॥६॥ तीजी आरती मन सुध करके, ज्ञानावरणी सबल रिपुथरके ॥७॥ चौथी आरती त्रिकरण करता, मुगति रमणि को होवे भरता ॥८॥ पांचमी आरती शुक्ल ध्यान जे ध्यावे, पंचमि गति निश्चय सो पावे ॥९॥ ऐसी पांचों आरती करिये, भवसागर लीलासे तरिये ॥१०॥ अमृत वर्द्धन सुगुरु वचनसे, दान सागर सेवे शुभ मन से ॥११॥ जय० ॥

पञ्च कल्याणक आरती

जय जय जिनराया, पंचकल्याणक शिव सुख दायक, भविजन मन भाया ॥जय० १॥ लक्षण लक्षित पञ्चकल्याणक, आनन्द हितकारी । श्रीमद् अर्हंत त्रिभुवन वंदित, दीक्षा गुणधारी ॥ जय० २ ॥ लोकालोक प्रकाशक केवल, उत्कट बेध बधाई । परमातम चिद्रूप अरूपी, चार अनन्त लय लायी ॥ जय० ३ ॥ पञ्चकल्याणक परम आराधक तारण तरण तरी, पञ्च

प्रमाद तजीने भविजन, जिन कल्याण धरी ॥ जय० ४ ॥ श्री जिनचन्द्र अखय निधि कारन सुध दर्शन दायी, त्रिकरण शुद्धे निश दिन ध्यावत शिव संपति पायी ॥ जय० ५ ॥

निर्वाण (कल्याणक) आरती

जय जगदीश्वर अति अलवेशर वीर प्रभूराया। पतित उधारण भव भय भंजण, बोध बीज पाया ॥ जय जय जिनराया, आरती करूं मन भाया होय कंचन काया ॥ जय० १ ॥ क्षत्रिय कुण्ड नगर अति सुन्दर, सिद्धारथ राया। सुदि आषाढ़ छट्ठके दिवसे, त्रिसला कुक्षी आया ॥जय०२॥ चौद सुपन देखी अति उत्तम, निज प्रीतम भाखे। अरथ भेद सहु निश्चे करिने, जिन गुण रस चाखे ॥ जय० ३ ॥ चैत्र सुदी तेरस दिन उत्तम, सहु ग्रह उच्च पावे। जन्म देई दिश कुमरी सहुना, आसन कंपावे ॥ जय० ४ ॥ उच्छव कर जावे निज थानक, इन्द्र सहू आवे। मेरु शिखर पर स्नात्र महोत्सव, करि आनन्द पावे ॥ जय० ५ ॥ वसुधारा वृष्टी कर सहु सुर, निज थानक जावे। सिद्धारथ करे जन्म महोत्सव अचरज सहु पावे ॥ जय० ६ ॥ कंचन वरण तेज अति दीपत, हरि लंछन छाजे। कुल इक्ष्वाकु अंग सहु लक्षण, शशि ज्यों मुख राजे ॥ जय० ७ ॥ दान सम्वत्सर दे प्रभु लेवे, चारित्र सुखदाई। मार्गशीर्ष दशमी वदि पक्षे, उत्तम तरु पाई ॥ जय० ८ ॥ बारे वरष छद्मस्थपना में, दुष्कर तप पाले। भादव सुद दसमी के दिनकूं, दोष सहू टाले ॥ जय० ९ ॥ केवल पाये सभी सुर संगे, पावापुरि आवे। गुणगण लंकृत देशना देके संघ सहू पावे ॥ जय० १० ॥ भूमंडल विच बहू जीवको, अविचल सुख देवे। सुरनर इन्द्र सभी मिल पूजे, जगमें यश लेवे ॥ जय० ११ ॥ चरम चौमासा पावापुरि करके, अन्त समय जाणी। हस्त पालकी शुक्ल सालमें, सोले पहर वाणी ॥ जय० १२ ॥ परियंकासन छट्ठ तपस्या, एक चित्त गुण धामी। कात्तिक कृष्ण अमावसके दिन, शिव कमला पामी ॥ जय० १३ ॥ इन्द्रादिक निर्वाण महोत्सव, करि प्रभु गुण गावे। देव मुखे गणधर गुरु

गौतम, सुणनें पछतावे ॥ जय० १४ ॥ वीतराग गुण मनमें धारी, अनित्य भाव भावे । केवल ज्ञान प्रगट होय तत्क्षण, सुरनर गुण गावे ॥जय० १५॥ निर्वाण कल्याणक शासन पतिकी आरती ज्यो गावे । शिव सुख लक्ष्मी प्रधान मिले जब मोहन गुण गावे ॥ जय० १६ ॥

दिवाली की आरती

जय जय जगदीश जिनेसर जगतारन राजा, धनधन कीरति तेरी इन्द्र करत बाजा जय जय अविकारा तुम जग आधारा, आरती अमर उतारा, भव आरतीटारा ॥ जय० १॥ षट् कायक प्रतिपालक, अंनुकपाधारी । निश्चय नयव्यवहारी, भविजन निस्तारी ॥ जय० २॥ मतिश्रुति अवधि सहित तुम, अंबोदर आए । देवनर मंगल गाए, पुष्पन बरसाए ॥ जय० ३ ॥ जन्म महोत्सव ज़ाना, चौसठ इन्द्रोंने । प्रभु मूरति कर लीनी, मेरू पर वीनें ॥ जय०४ ॥ क्षीरोदक हिमकलसें योजन शत शतके । जिन तनु लघु चित धरके, कर धर सब तनके ॥ जय० ५ ॥ अंतरयामी जाना, सब सुर मन तन की । पदनख मेरु कंपाये, भूसर जलथरकी ॥ जय० ६ ॥ घड़ड़ घड़ड़ घूमगिरि धरके, सुरगण सभि कंपे । प्रभुकृत जान खमाये, जय जय मुख जंपे ॥ जय० ७ ॥ अगम शक्ति जिन जाना, प्रफुलित जल ढारे । सुर-भिवस्त्र सब भूषण, चमरू झपटारे ॥ जय० ८ ॥ घुंगि धुनि धपमप पामा दल धोंको भेरन झलकारे । गुड़ड़ गुड़ड़ झांझां कठतारा नौवत सुर भारे ॥ ९ ॥ ताथेई ताथेई सचिगण नाचे, रिमझिम नूपूर का द्रुपदताल सुर गावे आनन्दकी वरखा ॥ जय० १० ॥ या विधि सबि जिनेन्द्रें सेवे, जग नायक जाना । अमृत उदय धन धन जिम नर भव, जिम घट परवाना ॥ जय० ११ ॥

नंदीश्वर द्वीप आरती

"जीया चतुर सुजाण नवपद के गुण गाय रे"

जीया अष्टम द्वीपमंगल आरती गाय रे । परमानंदपद एहीज, जपतां अजरामर सुख पायरे ॥जी० १॥ ऋषभानन चन्द्रानन वारिषेण, वर्धमान पद भाय रे ।

ए च्यारे जिन शाश्वत सोहे, समरण मंगल थाय रे ॥ जी० २ ॥ अष्ट प्रकारी पूज मनोहर, मन शुद्ध कर मन भाय रे। जन्म जरा दुःख दूर करण ते, कीजे एह उपाय रे ॥ जी० ३ ॥ पंच प्रदीप से आरती कीजे, डावे आवर्त्त कहाय रे। जो नर आरती पढ़े पढ़ावे, तो थाये सुर राय रे ॥ जी० ४ ॥ मंगल कारी विघन निवारी, सुखकारी लय लाय रे। पंचम गति पामे एह नामे जे गावे चितलाय रे ॥ जी० ५ ॥ एह आरती भवि-जन मोहे, नामे नवनिध थाय रे। सुखकारी ए सकल मनोहर, कर्पूरभद्र गुण गाय रे ॥ जी० ६ ॥

पंच तीर्थ आरती

जय जय आरती आदि जिनंद की, जय जय आरती आदि जिनंद की ॥ पहली आरती प्रथम जिनंदा, शत्रुंजय मंडण ऋषभ जिनंदा ॥ दूसरी आरती मरुदेवी नंदा, युगला धरम निवार करंदा ॥ जय० १ ॥ तीसरी आरती त्रिभुवन मोहे, रत्न सिंहासण प्रभुजी में सोहे। चौथी आरती नित्य नई पूजा, देव ऋषभदेव अवर न दूजा ॥ जय० २ ॥ पंचमी आरती प्रभु जी ने भावे, प्रभुजी ना गुण सेवक इण गावे। कर जोड़ी सेवक इम बोले, नहीं कोई माहरा प्रभुजी ने तोले ॥ जय० ३ ॥ जय जय आरती शांति तुमारी, तेरा चरण कमल की में जाउं बलिहारी। आरती कीजे प्रभु आदि जिनंद की, मृगलंछन की में जाउं बलिहारी। विश्वसेन अचिराजी के नंदा, शांति जिनंद मुख पूनम चंदा ॥ जय० ४ ॥ आरती कीजे प्रभु नेम जिनंद की, शंख लंछन की में जाउं बलिहारी। समुद्र विजय शिवा देवी को नंदा, नेमि जिनंद मुख पूनम चन्दा ॥ जय० ५ ॥ आरती कीजे प्रभु पाश जिनंद की, फणिंद लंछन की में जाउं बलिहारी। अश्वसेन वामा जी के नंदा, पाश जिनंद मुख पूनम चन्दा ॥ जय० ६ ॥ आरती कीजे महावीर जिनंद की, सिंह लंछन की में जाउं बलिहारी। सिद्धारथ त्रिशला के नंदा, वीर जिनंद मुख पूनम चन्दा ॥ जय० ७ ॥ आरती कीजे चौवीश जिनंद की, चौवीश जिनंद की में जाउं बलिहारी। चरण कमल नित सेवित इन्दा, चौवीश जिनंद मुख पूनम चन्दा ॥ जय० ८ ॥

मंगल दीपक

दीवो रे दीवो मंगलिक दीवो, आरति उतारण बहु चिरंजवो ॥ दी० १ ॥ सोहामण घर पर्व दीवाली, अंबर खेले अमरा बाली ॥ दी० २ ॥ वेपल भणे इण कुल अजुवाली, भावें भक्तें विघन नीटाली ॥ दी० ३ ॥ देल भणे इणें कलिकालें, आरति उतारी राजा कुमर पालें ॥ दी० ४ ॥ हम घर मंगलिक तुम घर मंगलिक, मंगलिक चतुर्विध संघ ने हो जो ॥५॥

मंगल दीपक

विविध रत्न-मणि जड़ित रचो, थाल विशाल अनुपम लावो। आरती उतारो, प्रभुजी नी आगे, भावना भावी शिव सुख भावे ॥ आ० १ ॥ भात चौद ने एक विस मेवा, भण त्रण वार प्रदक्षिणा देवा ॥ आ० २ ॥ जिम तिम जलधारा देई जंपे, जिम तिम दोहग थर थर कंपे आ०३॥ बहु भव संचित पाप पणा से, सब पूजामें भाव उल्लासे ॥ आ०४ ॥ चौद भुवन मां जिन जी कोई, नहीं आरति इम समजोई ॥ आ० ५ ॥

मंगल दीपक

चारो मंगल चार, आज म्हारे चारो मंगल चार। देखा दरस सरस जिनजीका, शोभा सुंदर सार ॥ आज० १ ॥ छिनु छिनु छिनु मन मोहन चरचो, घसी केसर घनसार ॥ आज० २ ॥ विविध जाति के पुष्प मंगाओ, मोगर लाल गुलाब ॥ आज० ३ ॥ धूप उखेवी ने करो आरती, मुख बोले जय २ कार ॥आज० ४॥ हर्ष धरी आदीसर पूजो, चौमुख प्रतिमा चार ॥ आज० ५ ॥ हेत धरी मन भावना भावो, जिम पामो भव पार ॥ आज० ६ ॥ सकल संघ सेवक जिन जीका, आनंद घन उपकार ॥ आज० ७ ॥

गौतम* गणधर आरती

जय जय गणधारा, गौतम गोत्र इन्द्र भूति नामें भवियण हित-

* ये दोनों गणधरों की आरती रंगविजय खरतर गच्छीय यति पन्नालालजी महाराजकी बनाई हुई है।

कारा ॥ जय० ॥ अष्टा पद गिरि भानु अवलंबन चौबीस जिन ध्याया। पनरह सौ तिहत्तर तापस, ते सहु समझाया ॥ जय० १ ॥ दी दीक्षा जिन को निज कर से, वे शिवपद पाया। अन्त वीर संयम नेह त्याग कर, केवल उपजाया ॥ जय० २ ॥ पद्मोदय कहे बारह वर्ष पर, पंचम गति पाई। दिलीप चरण सेवें करजोड़ी, जय शिवपद दाई ॥ जय० ३ ॥

सुधर्म गणधर आरती

जय जय पटधारी, भविजन शुभनिस्तारी, शिवसुख दातारी ॥जय०॥ पंचम गणधर सुधर्म स्वामी, पटधर पट पाया। वीर प्रभू निर्वाण गये पर, शासन दीपाया ॥ जय० १ ॥ जिन भाषित त्रिपदी अनुसारे, पूरब विस्तारे। द्वादशाङ्ग उपदेश करीने, भवियण कूं तारे ॥ जय० २ ॥ निज गुरु सेती वीस वरष पर, पाम्यो शिव थाने। पद्मोदय गुरु चरण पसाये, दिलीप लहे ज्ञाने ॥ जय० ३ ॥

श्री गुरुदेव आरती

जय जगदीश हरे, ॐ जय जगदीश हरे।

जय जय गुरुदेवा, ॐ जय जय गुरुदेवा। आरति हरो नित एहवा, सुख सम्पति मेवा ॥ जय० १ ॥ कुमति निवारन सुमति बधारन, पावन गुरु सेवा। कुशल करो गुरु सेवक पर सुख सानिध देवा ॥ जय० २ ॥ गुरु कल्पवृक्ष सम वांछित पूरन, दुःखमें सुध लेवा। संकट कष्ट मिटाय सबन के,दें समकित मेवा ॥ जय० ३ ॥ श्री जिनदत्त कुशल गुरुके, पद पङ्कज सेवा। श्री रत्नसूरिके शिष्य प्रवर हैं, सूरज यति देवा ॥ जय० ४ ॥

मणिधारी जी की आरती

जय जय मणिधारी, आरती करूं हितकारी, सुख सम्पति कारी ॥ जय० १ ॥ गुणमुनि आगर, महिमा सागर, भविजन हितकारी। दीन दयाल दया कर मो पर, जिन शासन वारी ॥ जय० २ ॥ ग्यारेसे सत्तानवे वरषें उपनी हरष बधाई। बारेसे तेतीसे वरषें, सुर पदवी पाई ॥ जय० ३ ॥

करजोड़ी सेवक गुण गावे, मन वांछित पावे । श्री जिनचन्द्र कृपा कर मो पर, मंगल माला घर आवे ॥ जय० ४ ॥

कुशल गुरु आरती

जय जय आरति सत् गुरु तेरी, कर पूरण आशा मन मेरी । जिलागर जगनन्द विख्याता, जयति श्री वर सतगुरु माता ॥१॥ संवत तेरसें छतीसे जाया, निव्यासी स्वर पदवी पाया ॥२॥ वीर जिनेश्वर चौपन ठामे, श्री जिन कुशल सुरीश्वर नामें ॥३॥ छाजेहड गोत्रीय कहंता, पटधारी जिन-चंद मुनिंदा ॥४॥ करजोड़ी सेवक गुण गावें, पूजत मन वंछित फल पावें ॥५॥

रत्नसूरिजी की आरती

जय जय आरति रतन सुरिन्दा, अनुभव पायो आप जिनंदा ॥ज०१॥ शान्ति दान्ति विद्याके सागर, संघका काटो भवभय फंदा ॥ ज० २ ॥ रङ्ग सूरिके गच्छमें सोहे, खरतर गच्छको परम आनंदा ॥ ज० ३ ॥ सूरज तुमको हृदयसे ध्यावें, आरति हरो गुरु, सदा मुनिंदा ॥ ज० ४ ॥

चक्रेश्वरी देवी की आरती

जय जय आरती देवी तुमारी, नित्य प्रणमूं हूँ तुम चरणारी ॥ जय० १ ॥ श्री सिद्धाचल गिरि रखवाली, नाम चक्केसरी जगसौ ख्याली ॥ जय० २ ॥ सुविहित गच्छ नी शासन देवी, सकल संघने सुक्ख करेवी ॥ जय० ३ ॥ निलवट टीलडी रत्न बिराजे, काने कुंडल दोय रवि शशि छाजे ॥ जय० ४ ॥ बांहे बाजूबंध बोरखा सोहे, नील वरण सहु जन मन मोहें ॥ जय० ५ ॥ सोवन मय नित्य चूड़ी खलके, पायल घूंघरडा घम धमके ॥ जय० ६ ॥ वाहन गरुड़ चढ्या बहु प्रेमे, तुझ गुण पार न पामू केमे ॥ जय० ७ ॥ चूनडी जडमां देह अति दीपे, नवसरा हारे जग सहु जीपे ॥ जय० ८ ॥ नित नित मानी आरती उतारे, रोग शोग भय दूर निवारे ॥ जय० ९ ॥ तसु घर पुत्र पुत्रादिक छाजे, मन वंछित सुख संपद राजे ॥ जय० १० ॥ देवचन्द मुनि आरती गावे, जय जय मंगल नित्य वधावे ॥ जय० ११ ॥

चक्रेश्वरी देवी की आरती

जय जय जिनपद सेवन कारक, जय जय जगदंबे। अहनिशि तुझ पद समरन, दिल विच ध्यान धरे ॥ जय० १ ॥ भविजन वंछित पूरन सुरतरु, चक्रेश्वरी अंबे। वसु भुज शोभित कनक छवी तनु, सेवित सुर वृन्दे ॥ जय० २ ॥ पंचानन तिम खगपति वाहन, आयुध हस्त धरे। ऋद्धि वृद्धि नित सेवक पावत, आनंद संघ करे ॥ जय० ३ ॥

यक्षराज की आरती

जय जय ऋषभ पदाम्बुज सेवक, जय जय यक्षराया, शासनके तुम रक्षक भविजन सुखदाया ॥जय० १॥ कामगवी जिन वंछित दायक, कंचन वरण सुहाया। संकट विकट निवारण कारण, वर कुंजर चढ़ि आया ॥ जय० २ ॥ उदधि भुजा करि शोभित तनु छवि, गुणनिधि सुरराया। आरत हरण करन आरती श्री संघ हुलसाया ॥ जय० ३ ॥

भैरव आरती

जैन के उद्योत भैरूं समकित धारी। शान्ति मूरति भविजन सुख-कारी ॥जैन० १॥ निर्मल जलसे न्हवण कराऊं, अंगिया रचाउं थांरी न्यारी न्यारी न्यारी। केशर चंदन घिसूं घनेरा, चरण चढ़ाऊं उंगली न्यारी न्यारी न्यारी ॥ जैन० २ ॥ भांति भांतिके पुष्प चढ़ाऊं, हार गुंथाउं कलियां न्यारी न्यारी न्यारी। अष्ट द्रव्य पूजामें लाऊं, भावना भाउं हितकारी शुभकारी ॥ जै० ३ ॥ हाथ खखरिया, पांव पकड़िया विच विच हीरा मोती लग रहे भारी। सेवक भैरूंजी से अरज करत हैं, नित प्रति लो बाबा ढ़ोक हमारी ॥ जै० ४ ॥

भैरव आरती

जैन के उद्योत भैरूं समकित धारी, शान्ति मूरति भवियण सुखकारी। घूंघर वाला केश सिंदूर से छवि के, केसर के तिलक सोहे, उगो मानो रवि के ॥ जैन० १ ॥ सिर पर मुकुट कुण्डल काने शोभतो। गल सोहे

धुक धुकी हिये हार मोहतो ॥ जैन० २ ॥ छड़ी लिये हाथ में देहरा के वारणा। पूजा करे नरनारी रखवारी के कारणा ॥ जैन० ३ ॥ रोग शोक दूर करो वैरी को भगाय दो। बालकों की रक्षा करो, अन्न धन पुत्र दो ॥ जैन० ४ ॥ पूरण कल्पतरु चाहे फलदाता है। पूजा लेवे नित प्रति रागे रंग माता है ॥ जैन० ५ ॥

॥ समाप्तोऽयं आरती विभागः ॥

चैत्यवन्दन-विभाग

श्री आदिनाथजीका चैत्यवन्दन

सुवर्ण वर्ण गजराज गामिनं, प्रलम्ब बाहू सुविशाल लोचनम् ।
नरामरेन्द्रैः स्तुतपाद पङ्कजं, नमामि भक्त्या ऋषभं जिनोत्तमम् ॥१॥

॥ श्री अजितनाथ चैत्यवन्दन ॥

श्री जितशत्रु नरेश नन्द, विजया तनु जात । गज लाञ्छन सोवन वरण, सोहे प्रभु गात ॥१॥ सार्द्ध च्यार शत धनुष मान, प्रभु उन्नत काय । आयु बहत्तर लाख पूर्व, जिन अजित अमाय ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए, नयरि अयोध्या ठाम । पञ्चाणू गणधर सहित, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ एक लाख मुनि तीस सहस, आर्या त्रिण लक्ष । दोय लाख श्रावक सहस, अठाणूं दक्ष ॥४॥ पण लख पैंतालीस सहस, श्रावकणी सार । देवी अजिता महायक्ष, नित सांनिधिकार ॥५॥ एक सहस मुनि साथ सुं ए, मास क्षमण तप जाण । प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री सम्भव जिन चैत्यवन्दन ॥

श्री संभव जिनराज देव, तनु सोवन वान । श्री जितारि सेना सुतन, पद तुरंग प्रधान ॥१॥ साठ लाख पूरव प्रगट, प्रभु आयु प्रमाण । धनुष चार सौ मान उच्च, प्रभुकाय वखाण ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए, सावत्थी पुर ठाम । इक शत दुय गणधर सहित, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ दोय लख मुनि त्रिण लख, समणि वली सहस छत्तीस । सहस त्रयाणूं तीन लाख, श्रावक सुजगीस ॥४॥ छ लख सहस छतीस शुद्ध, श्रावकणी सार । त्रिमुख यक्ष दुरितारि देवि, नित सांनिधिकार ॥५॥ एक सहस मुनि सांथ सुं ए, मास खमण तप जाण । प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री अभिनन्दन जिन चैत्यवन्दन ॥

श्री अभिनन्दन विश्वनाथ, कपिलाञ्छित पाय। श्री संवर सिद्धारथा, सुत सोवन काय ॥१॥ सार्द्ध तीन शत धनुष मान, प्रभु देह विराजे। आयु लाख पञ्चास पूर्व, अतिशय गुण छाजे ॥२॥ छठ्ठ भत्त संजम लियो ए, नयरि अयोध्या ठाम। गणधर इक शत सोल युत, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ त्रिण लख मुनि आर्या छ लख, वलि तीस हजार। सहस अठ्यासी दोय लख, श्रावक सुविचार ॥४॥ सहस सतावीस पांच लाख, श्रावकणी सार। यक्ष नायक कालीसुरी, नित सांनिधिकार ॥५॥ एक सहस मुनि साथ सुं ए, मास खमण तप जाण। प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री सुमति जिन चैत्यवन्दन ॥

कनक वरणी श्री सुमति नाथ, जपिये जसु नाम। मेघ नरेसर मंगला, अङ्गज अभिराम ॥१॥ धनुष तीन शत देह मान, जसु लाञ्छन क्रौंच। आयु लाख चालीस पूर्व, बहु सुकृत संच ॥२॥ छठ्ठ भत्त संजम लियो ए, नयरि अयोध्या ठाम। इक शत गणधर परिवर्यो, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ वीस सहस त्रिण लख, साधु पण लख तीस। सहस साध्वी श्रावक, दोय लाख सहस इकअसीस ॥४॥ पांच लाख सोले सहस, श्रावकणी सार। महाकालि सुर तुम्बरू, नित सांनिधिकार ॥५॥ एक सहस मुनि साथ सुं ए, मास खमण तप जाण। प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री पद्म प्रभ जिन चैत्यवन्दन ॥

देवि सुसीमानन्द चन्द, धर नरपति धाम। रक्त वरण प्रभु कमल अङ्क, पद्म प्रभु नाम ॥१॥ धनुष अढ़ाई सौ प्रमित, तनु उन्नत सोहे। आयु पूर्व तीस लाख, भव दुःख विछोहै ॥२॥ छठ्ठ भत्त संजम लियो ए, कौशाम्बी पुर ठाम। गणधर इक शत सात युत, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ तीस सहस त्रिण लख साधु, चौलख वीस सहस। साध्वी श्रावक दोय लाख छिहोत्तर सहस ॥४॥ पांच लाख वलि सहस पांच, श्रावकणी सार।

कुसुम यक्ष श्यामा सुरी, नित सांनिधिकार ॥५॥ त्रिण सय अड़ मुनि साथ सुं ए, मास खमण तप जाण । प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री सुपार्श्व जिन चैत्यवन्दन ॥

प्रहरसम समरूं श्री सुपास, काञ्चन सम काय । श्री प्रतिष्ठ पृथ्वी सुतन, स्वस्तिक जसु पाय ॥१॥ बीस लाख पूरब सकल, जसु आयु प्रमाण । धनुष दोय सौ मान देह, जसु उन्नत जाण ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए, पुरि वणारसी ठाम । पञ्चाणूं गणधर सहित, आपो शिव-पुर स्वाम ॥३॥ त्रिण लख मुनि चौ लख, समणि वलि, तीस हजार । सहस सत्तावन दोय लख, श्रावक गुणधार ॥४॥ सहस त्रयाणूं चार लाख, श्रावकणी सार । सुर मातङ्ग शान्ता सुरी, नित सांनिधिकार ॥५॥ पञ्चसयां मुनि साथ सुं ए, मास खमण तप जाण । प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री चन्द्रप्रभ जिन चैत्यवन्दन ॥

श्री महसेन नरेस नन्द, चन्द्रप्रभ स्वामी । शशि लाञ्छन उज्वल वरण, सेवूं सिर नामी ॥१॥ धनुष दोय सौ मान चारु, जसु उन्नत काय । आयु वरस दश लाख पूर्व, चन्द्रपुरी राय ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए, मात लक्ष्मणा नन्द । त्रयाणवें गणधर सहित, दूर करो दुख दन्द ॥३॥ दुय लख सहस पचास, साधु तिलख असी सहस । साध्वी श्रावक दोय लाख, पचास सहस ॥४॥ सहस इकाणूं च्यार लाख, श्रावकणी सार । भृकुटी देवी विजय यक्ष, नित सांनिधिकार ॥५॥ एक सहस मुनि साथ सुं ए, मास खमण तप जाण । प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री सुविधि जिन चैत्यवन्दन ॥

जय जय जिनवर सुविधिनाथ, उज्वल तनु वान । श्रीरामा सुग्रीव जात उरु, मकर प्रधान ॥१॥ दोय लाख पूरव प्रवर, जसु आय सुजान ।

धनुष एक सौ मान जास, तनु उच्च पिछान ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए, काकन्दी पुर ठाम । अठ्यासी गणधर सहित, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ दोय लाख मुनि सहस वीस, श्रमणी इक लक्ख । दोय लक्ख गुणतीस सहस, श्रावक सुध पक्ख ॥४॥ चौ लख इकहत्तर सहस, श्रावकणी सार । देवी सुतारा अजित यक्ष, नित सांनिधिकार ॥५॥ एक सहस मुनि साथ सुं ए, मास खमण तप जाण । प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री शीतल जिन चैत्यवन्दन ॥

श्री दृढ़रथ नन्दा सुतन, शीतल जिनराय । श्री वच्छ लाञ्छन कनकवान, सोहे जसुकाय ॥१॥ एक लाख पूरव बरस, जसु आयु प्रमाण । नेऊ धनुष प्रमाण देह, गुण नयण निहाण ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए, भद्दिलपुर वर ठाम । इक्यासी गणधर सहित, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ एक लाख मुनि षट् अधिक, श्रमणी एक लख । दो लख निव्यासी सहस, श्रावक सुध पक्ख ॥४॥ सहस अठावन च्यार लाख, श्रावकणी सार । देवि अशोका ब्रह्म यक्ष, नित सांनिधिकार ॥५॥ एक सहस मुनि साथ सुं ए, मास खमण तप जाण । प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री श्रेयांस जिन चैत्यवन्दन ॥

जय जय विष्णु नरेश नन्दन, विष्णु तनु जात । खड़्ग लाञ्छन कनक वान, सुन्दर तर गात ॥१॥ असी धनुष सुप्रमाण देह, जित तेज दिणन्द । लाख चौरासी बरस आयु, श्रेयांस जिणन्द ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए, नगर सिंहपुर नाम । छिहोत्तर गणधर सहित, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ सहस चौरासी शुद्ध साधु, इक लख त्रिण सहस । साध्वी श्रावक दोय लाख, गुण्यासी सहस ॥४॥ चौ लख अड़तालीस सहस, श्रावकणी सार । यक्षराज सुर मानवी, नित सांनिधिकार ॥५॥ एक सहस मुनि साथ सुं ए, मास खमण तप जाण । प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री वासुपूज्य जिन चैत्यवन्दन ॥

बारम जिनवर वासु पूज्य, बहु सुजस निधान। श्री वसुपूज्य जया सुतन, माणिक सम यान ॥१॥ महिष लञ्छन सत्तर धनुष, जसु देह प्रमाण। बरस बहत्तर लाख जासु, आयुष्य पिछाण ॥२॥ चउत्थ भत्त संजम लियो ए, चम्पापुरी शुभ ठाम। बासठ गणधर सूं जुगत, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ सहस बहुत्तर सुद्ध साधु, साध्वी इक लख। दोय लाख पनरे सहस, श्रावक सुध पख ॥४॥ चौ लख सहस छतीस, मान श्रावकणी सार। चण्डा देवी कुमार यक्ष, नित सांनिधिकार ॥५॥ षट् सय मुनि परिवार सुं ए, मास खमण तप जाण। प्रभु सीधा चम्पापुरी, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री विमल जिन चैत्यवन्दन ॥

श्री कृतवर्म कुलावतंस, श्यामा तनु जात। सूकर लाञ्छन कनकवान, श्री विमल विख्यात ॥१॥ धनुष साठ सुप्रमाण जासु, तनु उच्च विराजे। आयु वच्छर साठ लाख, जसु निरमल छाजे ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए, कम्पिलपुर शुभ ठाम। गणधर सत्तावन सहित, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ मुनिवर अड़सठ सहस मान, अड़सय इक लख। श्रमणी श्रावक अड़ सहस, ऊपर दोय लख ॥४॥ च्यार लाख सुश्राविका, चौबीस हजार। षण्मुख सुर विदिता सुरी, नित सांनिधिकार ॥५॥ छ सहस मुनि परिवार सुं ए, मास खमण तप जाण। प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री अनन्त जिन चैत्यवन्दन ॥

जय जय देव अनन्तनाथ, सोवन सम वान। सुजसा देवी सिंहसेन, कुल तिलक समान ॥१॥ श्येन लञ्छन धर तीस लाख, संवच्छर आय। सुन्दर धनुष पचास मान, उन्नत जसु काय ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए, नयरि अयोध्या नाम। निज पचास गणधर सहित, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ मुनिवर बासठ सहस मान, तह बासठ सहस। आर्या श्रावक

दोय लाख, ऊपर छ सहस ॥४॥ चार लाख चउदे सहस, श्रावकणी सार । अंकुशा सुरी पाताल यक्ष, नित सांनिधिकार ॥५॥ सात सहस परिवार सुं ए, मास खमण तप जाण । प्रभु सीधा सम्मेत गिरि करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री धर्म जिन चैत्यवन्दन ॥

पनरम प्रणमूं धर्म नाथ, सुव्रता तनु जात । भानु भूप सुत वज्र अङ्क, काञ्चन सम गात ॥१॥ धनुष पैंतालीस मान, जासु तन उन्नत जाण । संवच्छर दश लाख शुद्ध, जसु आयु प्रमाण ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए, नगर रत्नपुर नाम । तयालीस गणधर सहित, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ चौसठ सहस सुसाधु, चार सय बासठ सहस । श्रमणी श्रावक दोय लाख, ऊपर चौ सहस ॥४॥ च्यार लाख तेरे सहस, श्रावकणी सार । किन्नर कन्दर्पा सुरी, नित सांनिधिकार ॥५॥ अड़हिय सय परिवार सुं ए, मास खमण तप जाण । प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री शान्ति जिन वन्दन ॥

विपुल निर्मल कीर्ति भरान्वितो, जयति निर्जरनाथ नमस्कृतः । लघु विनिर्जित मोह धराधिपो, जगति यः प्रभु शान्ति जिनाधिपः ॥१॥ विहित शान्त सुधारसमज्जनं, निखिल दुर्ज्जय दोष विवर्ज्जितम् । परम पुण्यवतां भजनीयतां, गतमनन्त गुणैः सहितं सताम् ॥२॥ तमचिरात्मजमीश मधीश्वरम्, भविक पद्म विबोध दिनेश्वरम् । महिम धाम भजामि जगत्त्रये, वर मनुत्तर सिद्ध समृद्धये ॥३॥

॥ पुनः ॥

सोलम जिनवर शान्ति नाथ, सेवो सिर नामी । कञ्चन वरण शरीर कान्ति, अतिशय अभिरामी ॥१॥ अचिरा अङ्गज विश्वसेन, नरपति कुल-चन्द । मृग लाञ्छन धर पद कमल, सेवे सुरनर बृन्द ॥२॥ जगमां अमृत जेहवी, ए जास अखण्डित आण । एकमने आराधतां, लहिये कोड़ि कल्याण ॥३॥

॥ श्री शान्तिनाथ जिन चैत्यवन्दन ॥

सोलम जिनवर शान्तिनाथ, सोवन सम काय। विश्वसेन अचिरा सुतन, मृग लाञ्छित पाय ॥१॥ चालीस धनुष प्रमाण, उच्च जसु देह विराजे। आयु वच्छर लाख एक, जलधर धुनि गाजे ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए, हथणा पुर वर नाम, निज गणधर छत्तीस युत, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ बासठ सहस सुसाधु, छ सय वलि इकसठ सहस। श्रावक साध्वी दोय लाख, वलि नेऊ सहस ॥४॥ सहस त्रयाणूं तीन लाख, श्रावकणी सार। निर्वाणी सुरी गरुड़ यक्ष, नित सांनिधिकार ॥५॥ नव सय मुनि परिवार सुं ए, मास खमण तप जाण। प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री कुन्थुनाथ जिन चैत्यवन्दन ॥

जय जय जग गुरु कुन्थु नाथ, श्री माता जाय। सूर नरेश्वर अङ्ग जात, काञ्चन सम काय ॥१॥ देह धनुष पैंतीस मान, लाञ्छन जसु छाग। सहस पच्याणूं वर्ष आयु, वल तेज अथाग ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए, हत्थणा पुर वर ठाम। निज गणधर पैंतीस युत, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ साठ सहस मुनि श्रमणि, संघ साठ हजार छ सै। इक लख गुणयासी सहस, श्रावक सुध उलसै ॥४॥ सहस इक्यासी तीन लाख, श्रावकणी सार। सुर गन्धर्व बला सुरी, नित सांनिधिकार ॥५॥ एक सहस मुनि साथ सुं ए, मास खमण तप जाण। प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री अर जिन चैत्यवन्दन ॥

देवी नन्दन देवनाथ, अरनाथ प्रधान। लाञ्छन नन्द्यावर्त्त नाम, वपु काञ्चन वान ॥१॥ तात सुदर्शन धनुष तीस, जसु देह प्रमाण। सहस चौरासी वर्ष आयु, अति निर्मल नाण ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए, हथिणाउर पुर ठाम। निज गणधर तैंतीस युत, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ साधु सहस पचास मान, साठ सहस श्रमणी। सहस चौरासी एक लाख

श्रावक सुमति घणी ॥४॥ सहस बहोत्तर तीन लाख, श्रावकणी सार। धारणि सुरी यक्षेश सुर, नित सांनिधिकार ॥५॥ एक सहस मुनि साथ सुं ए, मास खमण तप जाण। प्रभु सीधासम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री मल्लि जिन चैत्यवन्दन ॥

उगणीसम श्री मल्लिनाथ, नील वरण काय। देवी प्रभावती कुम्भराय, नन्दन जिनराय ॥१॥ कलश लञ्छन पचवीस धनुष, तनु उच्च पिछाण। सहस पचावन वर्ष मान, जस आयुस जाण ॥२॥ अट्ठम भत्ते व्रत लियो ए, नगरी मिथिला नाम। गणधर अट्ठावीस युत, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ जसु चालीस हजार साधु, पंचावन सहस। साध्वी श्रावक एक लाख, तैंयासी सहस ॥४॥ तीन लाख सत्तर सहस, श्रावकणी सार। सुर कुबेर धरण प्रिया, नित सांनिधिकार ॥५॥ एक सहस परिवार सुं ए, मास खमण तप जाण। प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री मुनि सुव्रत जिन चैत्यवन्दन ॥

श्री हरिवंश सुमित्र राय, पद्मा तनु जात। श्री मुनि सुव्रत कृष्ण वर्ण, त्रिजगति विख्यात ॥१॥ कच्छप लाञ्छन धनुष वीस, तनु उन्नत सोहे। आयु तीस हजार वर्ष, भविजन मन मोहे ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए, राजगृही पुर नाम। निज अढार गणधर सहित, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ तीस सहस मुनि जासु, सीस पंचास सहस। साध्वी श्रावक एक लाख, बावत्तर सहस ॥४॥ तीन लाख पंचास सहस, श्रावकणी सार। नर दत्ता सुरी वरुण यक्ष, निधि सांनिधिकार ॥५॥ एक सहस मुनि साथ सुं ए, मास खमण तप जाण। प्रभु सीधा सम्मेत गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री नमि जिन चैत्यवन्दन ॥

जय जय विजय नरेश नन्द, काञ्चन समकाय। नील कमल लांछन वरण श्री नमि जिनराय ॥१॥ आयु दश हजार वर्ष, वप्रा सुत सार। धनुष पनर जसु देह मान, उत्तम गुणधार ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए,

नगरी मिथिला नाम। निज गणधर सतरे सहित, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ त्रीस सहस मुनि जासु सीस, इमचल सहस। श्रमणी श्रावक एक लाख, वलि सत्तर सहस ॥४॥ त्रिण लख अड़तालीस सहस, श्रावकणी सार। भृकुटि यक्ष गंधारि देवी, नित सांनिधिकार ॥५॥ एक सहस मुनि साथ सुंए, मास खमण तप जाण। प्रभु सीधा सम्मेतगिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ श्री नेमि जिन चैत्यवन्दन ॥

समुद्र विजय सुत नेमिनाथ, कृष्ण वरण काय। शौरीपुर अवतार जासु, शंख लञ्छन पाय ॥१॥ देह धनुष दशमान उच्च, हरिवंश विख्यात। संवच्छर इक सहस आयु, धन शिवा सुजात ॥२॥ छट्ठ भत्त संजम लियो ए, नयरि द्वारिका नाम। गणधर इग्यारे सहित, आपो शिवपुर स्वाम ॥३॥ सहस अढारे शुद्ध साधु, तह चालीस सहस। श्रमणी श्रावक एक लाख, गुणहत्तर सहस ॥४॥ तीन लाख छत्तीस सहस, श्रावकणी सार। अम्बा-देवि गोमेध सुर, नित सांनिधिकार ॥५॥ मुनि पण सय छत्तीस सुंए, मास खमण तप जाण। प्रभु सीधा गिरनार गिरि, करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ पार्श्व जिन चैत्यवन्दन ॥

श्रयामि तं जिनं सदा मुदा प्रमाद वर्जितं, स्वकीय वाग्विलासतो जितोरुमेघगर्जितम्। जगत्प्रकाम-कामित प्रदान दक्षमक्षतं, पदं दधान-मुच्चकैरकै तवोपलक्षितम् ॥१॥ सतामवद्यभेदकं प्रभूत सम्पदां पदं, वलक्ष-पक्षसङ्गतं जनेक्षण क्षण प्रदम्। सदैव यस्य दर्शनं विशां विमर्दितैनसां, निहन्त्यसातजातमात्मभक्तिरक्त चेतसाम् ॥२॥ अवाप्य यत्प्रसाद मादितः पुरुश्रियो नरा, भवन्ति मुक्ति गामिनस्ततः प्रभाप्रभास्वराः। भजेयमाश्व से-निदेव देवमेव सत्पदं, तमुच्चमानसेन शुद्ध बोध वृद्धि लाभदम् ॥३॥

॥ पार्श्व जिन चैत्यवन्दन ॥

श्री अश्वसेन नरेशनंद, वामा जसु मात पन्नगलांछन पार्श्वनाथ, नील वरण गात ॥१॥ अति सुन्दर जिनराज देह, नव हाथ प्रमाण बरस एकसौ मान आयु, जसु निरमल नाण ॥२॥ अट्ठम तप संजम लियेए, नयरि

बनारसी नाम गणधर दस परिवार युत, आपो शिवपुर धाम ॥३॥ सोलह सहस मुनि जास शीश, अडतीस सहस। श्रमणी श्रावक एक लाख, चौसठी सहस ॥४॥ त्रिणलख गुण चालीस सहस, श्रावकणी सार, पार्श्व यक्ष पद्मावती, नित सांनिधिकार ॥ ५ ॥ तेतीस मुनि परिवार सुं ए, मास खमण तप जाण प्रभु सीधा सम्मेतगिरि करो संघ कल्याण ॥६॥

॥ वीर जिन चैत्यवन्दन ॥

वरेण्य गुणवारिधिः परमनिर्वृतः सर्वदः, समस्त कमलानिधिः सुरनरेन्द्र कोटिश्रितः। जनाति सुखदायको विगत कर्म वारो जिनः, सुमुक्तजन सङ्गमस्त्वमसि वर्द्धमान प्रभो ॥१॥ जिनेन्द्र भवतोऽद्भुतं मुखमुदार बिम्ब स्थितं, विकार परिवर्जितं परम शांत मुद्राङ्कितम्। निरीक्ष्य मुदितेक्षणः क्षणमितोऽस्मि यद्भावनां जिनेश! जगदीश्वरोद्भवतु मे सर्वदा ॥२॥ विवेकिजनवल्लभं भुविदुरात्मनां दुर्लभं,-दुरन्तदुरित व्यथाभर निवारणे तत्परम्। तवाङ्गपद पद्मयोर्युगमनिन्ध वीर प्रभो, प्रभूत सुख सिद्धये मम चिराय सम्पद्यताम् ॥३॥

॥ वीर जिन चैत्यवन्दन ॥

वन्दूं जगदाधार सार शिव संपति कारण। जन्म जरा मरणादि रूप भव ताप निवारण ॥ श्री सिद्धारथ तात मात, त्रिशलातनु जात। सोवन वरण शरीर वीर, त्रिभुवन विख्यात ॥ अमृत रूपे राजतो ए, चौवीसमों जिनराय। क्षमा प्रमुख कल्याण मुनि, आपो करि सुपसाय ॥१॥

॥ चतुर्विंशति जिन चैत्यवन्दन ॥

आदिनाथ पहला नमूं, शिवदायक स्वामी। अजितनाथ बीजा नमूं जग अंतरजामी ॥१॥ श्री संभव त्रीजा नमूं, त्रिभुवन हितकारी। अभिनन्दन चौथा नमूं प्रभु जगदाधारी ॥२॥ सुमतिनाथ जिन पांचमां, सुमति तणा दातार। पद्म प्रभु छट्ठा नमूं, पहोता मुक्ति मझार ॥३॥ श्री सुपार्श्व जिन सातवां, कह्याकर्म चकचूर। चन्द्र प्रभ जिन आठवां, पाम्यासुख भरपूर ॥४॥ सुविधिनाथ नवमां नमूं, प्रभुजी परमदयाल। दशवां श्रीशीतल

प्रभु काटी कर्मणी जाल ॥५॥ श्री श्रेयांस इग्यारवां, प्रभुजी गुण मणि-खाण। वासु पूज्य जिन बारवां, दीठा परम कल्याण ॥६॥ विमल नाथ जिन तेरवां, विमल विमल गुण खाण। अनन्त नाथ जिन सेवतां, प्रगटे आतम ज्ञान ॥७॥ धर्मनाथ जिन पनरवां, धर्मतणा दातार। शान्तिनाथ जिन सोलवां, तारे भवनो पार ॥८॥ कुंथुनाथ जिन सतरवां, तारक त्रिभुवन नाथ। श्री अरनाथ अढारवां, साचा शिवपुर साथ ॥९॥ मुनि सुव्रत जिन वीसवां, दीठा आवेदाय ॥१०॥ नमिनाथ इकवीसवां, धारक गुण समुदाय। नेमिनाथ बावीसवां, भक्ति करो चितलाय ॥११॥ आशापूरे पासजी, त्रेवीसमो जिनचन्द्र। वर्द्धमान चौवीसवां, प्रणमें सुरनर इंद ॥१२॥ ए चौवीसें जिन सदा, समरो चित हियलाय। आतम निर्मल कीजिये, प्रभुजी ना गुण गाय ॥१३॥ प्रभु समर्यां पातक कटे, कोटि विघन टलि जाय। अम्बालाल करजोडि ने, प्रणमें जिनवर राय ॥१४॥ संवत उगणीसें इग्यारमो ए, माह सुदी पंचमी सार। जिन गुण गाता प्रेमसूं, रत्नपुरी सुमझार ॥१५॥

श्री सिद्धाचल चैत्यवन्दन

श्री शत्रुञ्जय सिद्धक्षेत्र, दीठे दुर्गति वारे। भावधारीने जे चढ़े, तेने भवसागर पार उतारे ॥१॥ अनन्त सिद्धनो एह ठाम, सकल तीर्थनो राय। पूर्व नवाणूं रिषभ देव, ज्यांठवियो प्रभु पाय ॥२॥ सूरज कुंड सुहामणो, कविडयक्ष अभिराम। नाभिराय कुल मंडणो, जिनवर करूं प्रणाम ॥३॥

॥ सिद्धाचल चैत्यवन्दन ॥

विमल केवल ज्ञान कमला, कलित त्रिभुवन हितकरं। सुरराज संस्तुत चरण पंकज, नमो आदि जिनेश्वरं ॥१॥ विमल गिरिवर शृङ्गमंडण, प्रवर गुणधर भूधरं। सुर असुर किन्नर कोडि सेवित, नमो० २ ॥ करति नाटक किन्नरीगण, गाय जिनगुण मनहरं। सुर इन्द्र वलि २ नमे अहनिश, नमो० ३ ॥ पुण्डरीक गणपति सिद्ध साधी, कोडिपण मुनि मन हरं। श्री विमल गिरिवर शृङ्ग सिद्धा, नमो० ४ ॥ जिन साध्य साधन

सुर मुनिवर कोडिनंत ए गिरिवरं । मुक्ति रमणी वढ्या रंगे, नमो० ५ ॥ पाताल लोक सुरलोक मांही, विमल गिरिवर तो परं । नहिं अधिक तीरथ तीर्थपति, नमो० ६ ॥ इम विमल गिरिवर शिखर मंडण, दुख विहंडण ध्याइये । निज शुद्ध सत्ता साधनारथ परमज्योति निपाइये ॥ जित मोह कोह विछोह निद्रा, परमपद स्थित जयकरं । गिरिराज सेवा करण तत्पर, पद्म विजय सुहितकरं ॥७॥

॥ सिद्धाचल चैत्यवन्दन ॥

जय जय नाभि नरिंद नंद, सिद्धाचल मंडण । जय जय प्रथमजिणंद चन्द भवदुःख विहंडण ॥१॥ जय जय साधु सुरिंद बृन्द, वंदिय परमेश्वर । जय जय जगदानंद कंद, श्री रिषभ जिनेश्वर ॥२॥ अमृतसम जिन धर्म नु ए, दायक जगमें जाण । तुझ पद पंकज प्रीतिधर निसदिन नमत कल्याण ॥३॥

श्रीसीमंधर जिन चैत्यवन्दन

जय जय त्रिभुवन आदिनाथ, पंचम गति गामी । जय जय करुणा शान्त दांत, भविजन हित कामी ॥१॥ जय जय इन्द नरिन्द बृन्द सेवित शिरनामी । जय जय अतिशयानन्त, वन्त अन्तरगतिजामी ॥२॥ पूर्व विदेह विराजता ए, श्री सीमंधर स्वामी । त्रिकरण शुद्ध त्रिहुंकालमें, नित प्रति करूं प्रणाम ॥३॥

॥ सीमन्धर जिन चैत्यवन्दन ॥

श्री सीमंधर वीतराग, त्रिभुवन उपकारी । श्री श्रेयांस पिताकुले, बहु शोभा तुमारी ॥१॥ धन्य धन्य माता सत्यकी, जिण जायो जयकारी । वृषभ लञ्छन विराजमान वंदे नरनारी ॥२॥ धनुष पांचशें देहडि ए, सो हय सोवन वान । कीर्ति विजय उवज्झायनो, विनय धरे तुम ध्यान ॥३॥

॥ सीमंधर जिन चैत्यवन्दन ॥

सीमंधर परमात्मा, शिव सुखना दाता । पुक्खल वइ विजये जयो, सर्व जीवना त्राता ॥१॥ पूर्व विदेह पुंडर गिरी, नयरियें सोहे । श्री श्रेयांस

राजा तिहां, भवियण ना मन मोहे ॥२॥ चउद सुपन निर्मल लही, सत्य की राणी मात । कुन्थु अरजिन अंतरे, श्री सीमंधर जात ॥३॥ अनुक्रमे प्रभु जनमियां, वलि यौवन पावे । मात पिता हरखे करी, रुकमिणी परणावे ॥४॥ भोगवी सुख संसारना, संयम मन लावे । मुनि सुव्रत नमि अंतरे, दीक्षा प्रभु पावे ॥५॥ घाती कर्मनो क्षयकरी, पाम्यां केवल नाण । वृषभ लञ्छने शोभतां, सर्व भावना जाण ॥६॥ चौरासी जस गणधरा, मुनिवर एकसौ क्रोड़ । त्रण भुवनमां जोयतां, नहिं कोय एहनी जोड़ ॥७॥ दश लाख कह्या केवली, प्रभुजीनो परिवार । एक समय त्रणकालना, जाणे सर्व विचार ॥८॥ उदय पेढ़ाल जिनातरे ए, थाशे जिनवर सिद्धि । जस विजय गुण प्रणमतां, शुभ वंछित फल लिद्धि ॥९॥

श्री नवपद चैत्यवन्दन

श्री अरिहंत उदार कांति अति सुन्दर रूप सेवो, सिद्ध अनन्त संत आतम गुण भूप । आचारज उवझाय साधु समतारस धाम, जिन भाषित सिद्धान्त शुद्ध अनुभव अभिराम ॥१॥ बोध बीज गुण संपदा ए नाण चरण तव शुद्ध । ध्यावो परमानन्द पद, ए नवपद अविरुद्ध ॥२॥ इह परभव आणंद कंद, जग मांहि प्रसिद्धो, चिंतामणि सम जाए योग बहु पुण्ये लद्धो । तिहुअण सार अपार एह महिमा मन धारो, परहर पर जंजाल जाल नित एह संभारो ॥३॥ सिद्ध चक्र पद सेवतां ए, सहजानंद स्वरूप । अमृतमय कल्याण निधि, प्रगटे चेतन भूप ॥४॥

॥ नवपद चैत्यवन्दन ॥

पहले पद अरिहंतना गुण गाऊं नित्ये । बीजे सिद्ध घणा तणा, समरो एक चित्ते ॥१॥ आचारज त्रीजे पद, प्रणमों बिहुं कर जोड़ी । नमिये श्री उवझायने, चौथे पद चित मोड़ी ॥२॥ पंचम पद सब साधु ने, नमतां न आणो लाज । ए परमेष्ठी पंच ने, ध्याने अविचल राज ॥३॥ दंसण शंकादिक रहित, पद छट्ठे धारो । सर्व नाण पद सातमें, क्षण एक न विसारो ॥४॥ चारित्र चोखूं चित्त थी, पद अष्टम जपिये । सकल भेद

बीच दान फल, तप नवमी तपिये ॥५॥ ए सिद्ध चक्र आराधतां, करे वंछित कोड । सुमति विजय कविराय नो, राम कहे करजोड़ ॥६॥

॥ नवपद चैत्यवन्दन ॥

जय जय श्री अरिहंत देव, द्वादश गुणधारी । जय जय सिद्ध महाराज, शत्रुगण हणिया भारी ॥१॥ जय जय सूरि उवझाय, पचवीस गुण-धारी । जय जय साधुशान्त दान्त भविजन हितकारी ॥२॥ ज्ञान चरण नमो, तपसेवो निरधारी । माणकचन्द प्रणमें सदा, नित वंदो नरनारी ॥३॥

॥ परमातम चैत्यवन्दन ॥

परमेश्वर परमात्मा, पावन परमिट्ठ । जय जय गुरु देवाधि देव, नयणे मैं दीट्ठ ॥॥१ अचल सकल अधिकार सार, करुणा रस सिन्धु । जगत जन आधार एक, निःकारण बन्धु ॥२॥ गुण अनन्त प्रभुता हरा ए, कुछ भी कहान जाय । राम प्रभु जिन ध्यान थी, चिदानन्द सुख थाय ॥३॥

॥ श्री पर्यूषण चैत्यवन्दन ॥

पर्व पर्यूषण आविया, पूजो जिन चौवीस । शासन जेहने दीपतो, जयवंतो जगदीश ॥१॥ अष्टम दीप को जाणिये, नन्दीश्वर शुभनाम । देवदेवी नाटक करे, करे प्रभु गुण ग्राम ॥२॥ अट्ठाई महोत्सव सुरकरे, पूजे नित प्रभु मेव । श्री जिन चारित्र सूरितणों माणक करे नित सेव ॥३॥

॥ पञ्चतीर्थ चैत्यवन्दन ॥

आदिदेव अरिहंत नमूं, समरूं तोरूं नाम । ज्यां ज्यां प्रतिमा जिन-तणी, त्यां त्यां करूं प्रणाम ॥१॥ शत्रुंजय श्री आदिदेव, नेम नमूं गिर-नार । तारंगे श्री अजितनाथ, आबू ऋषभ जुहार ॥२॥ अष्टापद गिरि ऊपरे, जिन चौबीसी जोय । मणिमय मूरति मानसूं, भरत भरावी सोय ॥३॥ सम्मेत शिखर तीरथ बडूं, ज्यां वीसे जिनपाय । वैभारक गिरि ऊपरे, श्री वीर जिनेश्वर राय ॥४॥ मांडव गढ़ नो राजियो, नामे देव सुपाश । ऋषभ कहे जिन समरतां, पहुंचे मन नी आश ॥५॥

॥ ज्ञान पञ्चमी का चैत्यवन्दन ॥

सकल वस्तु प्रति भास भानु निरमल सुख कारण, सम्यग् दर्शन पुष्ट हेतु भवजल निधि तारण । संयम तप आनंद कंद अज्ञान निवारण, भार विकार प्रचार ताप, तापित जन ठारण ॥१॥ स्याद्वाद परिणाम धर्म परिणति पड़िबोहन, साहु साहूणी संघ सर्व आराधन सोहन ॥ मोह तिमिर विध्वंस सूर, मिथ्यात्व पणासण, आतम शक्ति अनंत शुद्ध, प्रभुता परकासन ॥२॥ मति श्रुति अवधि विशुद्ध नाण, मनपर्यव केवल, भेद पचास क्षायोपस-मिक, एक क्षायक निर्म्मल दो परोक्ष, प्रथम तिहां दुगपरतक्ष दिसत सकल प्रत्यक्ष प्रकाशभास, ध्रुव केवल अपरमित्त ॥३॥ धर्म सकल नो मूल शुद्ध त्रिपदी जिन भाखे, बाहिर अंग प्रधान खंध गणधरसु प्रकासे ॥ शाखा श्री निर्युक्ति भाष्य पडि शाखा दीपे, चूरण टीका पत्र पुष्प संशय सब जीपे ॥४॥ ए पंचांगी सारबोध कह्यो जिन पंचम अंगे, नंदी अनुयोग द्वार शाखें मानो मनरंगे ॥ वीर परम पद जीत अनुभव उपगारी, अभ्यासी आगम निरुपम सुखकारी ॥५॥ मोह पंक हरनीरसम सिद्धान्त अबाधे, देव चन्द्र आणा सहित नय भंग अगाधे ॥ ए श्रुत ज्ञान सुहामणो सकल मोक्ष सुखकंद, भगते सेवो भविकजन पामो परमानंद ॥६॥

॥ द्वितीया चैत्यवन्दन ॥

राग द्वेष को मिटा लिये, बीज दिवस सुखकार । दुविध धर्म जिनवर कह्यो, साधु श्रावक सार ॥१॥ दोय बरस दोय मासमां, उत्कृष्ट जीवा जीव । आर्त्त रौद्रको दूर करी, आराधो शुभ भाव ॥२॥ भावो नित नित भावना, मुक्ति आराधन भाव । दूज तिथि आराधवा, माणक कहे चित चाव ॥३॥

॥ पञ्चमी चैत्यवन्दन ॥

नमूं नमूं पञ्चमि दिने, प्रभु श्री नेमिनाथ । पञ्चमि तप करवा थकी, मिले सिद्धनो साथ ॥१॥ पांच ज्ञान आराधिये, मति श्रुति अवधि जान । मन पर्यव चौथो कहो, पंचमो केवल ज्ञान ॥२॥ वरदत्तने गुणमंजरी, आराधो तप एह । श्री चारित्र सूरी तणों, माणक कहे धन तेह ॥४॥

॥ अष्टमी चैत्यवन्दन ॥

आठ त्रिगुण जिनवरनी, करूं नित प्रति सेव। दंड वीरज राजा थयो, अष्टमि तप नित मेव ॥१॥ आठ करम दूरे करो, करो प्रभु नित सेव। पार्श्व प्रभू नित ध्यावतां, वर्त्तें आनंद मेव ॥२॥ चैत्र वदी आठम दिने, जनम्या ऋषभ जिनंद। जिन चारित्र सूरी तर्णो, वंदे माणक चंद ॥३॥

॥ एकादशी चैत्यवन्दन ॥

एकादश पड़िमा वहो, पढ़ो इग्यारे अंग। एकादशी आराधिये, करिये गुरुनो संग ॥१॥ जन्म दीक्षा केवल लह्या, प्रभु श्री मल्लि नाथ। सुव्रता ए तिथि वही, गयो मुक्तिके साथ ॥२॥ मौन करी आराधिये, एकादशी शुभ मेव। जिन चारित्र सूरी तणों, माणक करे नित मेव ॥३॥

॥ चतुर्दशी चैत्यवन्दन ॥

चौद सुपन लहे मात ए, श्री जिनवर केरी। चौद रयनपति जेहना, प्रणमें पद फेरी ॥१॥ चउदश दश जिन वंदिये, भावधरीने आज। जन्म मरण मिट जात ए, फेरी चौदा राज ॥२॥ जंगम युग प्रधान ए, श्री चारित्र सुरिंद। पदम प्रमोद प्रसाद थी, लहे माणक विद्या वृन्द ॥३॥

॥ चैत्यवन्दन विभाग समाप्त ॥

स्तवन-विभाग

ऋषभ स्तवन

ऋषभ जिनेसर भेटवा रे लाल, मो मन अधिक उछाह सुखकारी रे। देश छपनमें दीप तोरे लाल, गुण गिरवी गजगाह ॥सु० १॥ लाल गोपाल सहू करे रे लाल, ऋषभ देवरी आण। अद्भुत महिमा जेहनी रे लाल, माने सहू राय राण ॥ सु० २ ॥ नवखण्ड संध्या अंगनो रे लाल, दीसे परतिख रूप। दीठो कोई न दूसरो रे लाल, इण युगल स्वरूप ॥ सु० ३ ॥ दूर थकी हूं आवियो रे लाल, यात्रा करण जिनराज। सुख कूरम नजर निहालियो रे लाल, महर करी महाराज ॥ सु० ४ ॥ लांघ्या कब घट घाट जे रे लाल, लांघी विषमी नाल। दरसण दीठे ताहरो रे लाल, भांज गया जंजाल ॥ सु० ५ ॥ निरखी मूरत सांवली रे लाल, नयन भये लयलीन। जिना सारखी रे लाल, भेद गिणो मतिहीन ॥सु० ६॥ जगमें देवछे घणो रे लाल, ते चितमें न समाय। मेयो मधुकर मालती रे लाल, अवर न आवे दाय ॥ सु० ७ ॥ ध्यान धरे मन ताहरे सूंरे लाल, जाप जपे दिन रात। दरसण देखे भावसूं रे लाल, पूजा करे प्रभात ॥ सु० ८ ॥ पावे पूत अपूतिया रे लाल, धनहीणा धन होय। रोग शोक सगला टले रे लाल, गंज न सक्के कोय ॥ सु० ९ ॥ तारे भवसागर थकी रे लाल, टले गरभा वास। अजर अमर पदवी लहै रे लाल, विलसें लील विलास ॥ सु० १० ॥ तूं गति तूं मति तूं धणी रे लाल, तूं बान्धव तूं मीत। इण तीरथ दीठां थको रे लाल, आयो विमलगिरी चीत ॥ सु० ११ ॥ हूं गिरिवो हूं गुण निलो रे लाल, हूँ हुवो आज सनाथ। समकित कीधो निरमलो रे लाल, लाधो मुक्तिनो साथ ॥ सु० १२ ॥ भाव भले वर्द्धमान सूं रे लाल, पूजा कुसुम कपूर। देवदत्त वर प्रभाव सूं रे लाल, ज्ञान भक्ति भरपूर ॥ सु० १३ ॥ जागी पुण्यतणी दशा रे लाल, जो भेट्या देव जिनराज। तूठो देव त्रिभुवन धणी रे लाल, सेवकने शिवराज ॥ सु० १४ ॥ मुनिवर गुण सतरे सबें रे

लाल, मगसिर मास रसाल। श्री जिन रंग[†] पसावले रे लाल, फलिय मनोरथ माल ॥ सु० १५ ॥

ऋषभ देव स्तवन

॥ राग मांड ॥

थांरा दरशन पाया आज, दुखड़ा भांजे जी। म्हारा दुखड़ा भांग्या जाय, थांरो मुखड़ो देख्यां जी ॥ मरु देवी को लाड़लो जी, नाभि रायनो नन्द। विनीता मांही आवियो जी, पूजें इन्द्र अहमिन्द्र ॥ म्हारा० १ ॥ इक्ष्वाकु वंश मांही जनमियोंजी, सोवन सरिखी देह। वृषभ लञ्छन प्रभु तांहरोजी, आनन्द हर्ष घनेह ॥ म्हारा० २ ॥ वदी चैत्रकी अष्टमी जी, लीनो प्रभु अवतार। देव देवाङ्गना आविया जी, पूजन अष्ट प्रकार ॥ म्हारा० ३ ॥ नन्दीश्वर पर लेगयां जी, महोत्सव अठाई धार। समकित वां निरमल करी जी, लेख सिद्धान्त मझार ॥ म्हारा० ४ ॥ इम जो करणी आदरें जी, श्रावक श्राविका सार समकित सुध अपनी करें जी, उतरे भव जल पार ॥ म्हारा० ५ ॥ शत्रुञ्जय आबू सोहतां जी, देश मेवाड़ां आप। केशरियाजीके नामसूं जी, कटे पाप संताप ॥ म्हारा० ६ ॥ संबत् उणीसे सत्ताणवेंजी, नयरी कलकत्ता जान। पोष सुदी दशमी तिहां जी, मांडराग सुविहान ॥ म्हारा० ७ ॥ गच्छ खरतरमें राजियोजी, रतन सूरि सुखकार। यति* सूरजने धारियो जी, रिषभ देव आधार ॥ म्हारा० ८॥

आदिनाथ स्तवन

ऋषभ जिनेसर दिनकर साहिब, वीनतड़ी अवधारो रे जगनातारो, मुझ तारो जी कृपानिधि स्वामी। जग जशवाद प्रगट छे ताहरो, अविचल सुख दातारो रे ॥ ज० १ ॥ निज गुण भोक्ता, परगुण लोसा,

---

† यह स्तवन जैनाचार्य्य जं० यु० प्र० बृ० भट्टारक श्री जिनरंग सूरिजी महाराज ने बनाया है।

* यह स्तवन रंगविजय खरतर गच्छीय जैन गुरु पं० प्र० यति सूर्य्यमल्लजीने सम्बत् १९९७ पौष सुदी १० को बनाया है।

आतम शक्ति जगायो रे ॥ ज० ॥ अविनाशी अविचल अधिकारी, शिव-वासी जिन रायो रे ॥ ज० २ ॥ इत्यादिक गुण श्रवणे निसुणी, हूं तुज चरणे आयो रे ॥ ज० ॥ तूं रींझावण हेतू ततखिण, नाटक खेल मचायो रे ॥ ज० ३ ॥ काल अनन्त रह्यो एकेन्द्री, तरु साधारण पामी रे ॥ ज० ॥ वरस संख्याता वलि विकलेन्द्री, वेष धरचा दुःख धामी रे ॥ ज० ४ ॥ सुरनर तिरि बलि नरक तणी गति, पंचेन्द्री पणो धारचो रे ॥ ज० ॥ चौवीसे दंडक मांहि भमतो, अब तो हूं पिण हारचो रे ॥ ज० ५ ॥ भव नाटक नित प्रति कर नव नव, हूं तुझ आगल नाच्यो रे ॥ ज० ॥ समरथ साहिब सुरतरु सरिखो, निरखी तुझने जाच्यो रे ॥ ज० ६ ॥ जो मुझ नाटक देखी रींझिया तो मुझे वंछित दीजे रे ॥ ज० ॥ जे नवि रीझातो मुझ भाखो, वलि नाटक नवि कीजे रे ॥ज०७॥ लालच धरि हूं सेवा सारूं, तूं दुःखड़ा नवि कापें रे ॥ ज० ॥ दाता सेती सूंब भले रो, वहिलो उत्तर आपें रे ॥ ज० ८ ॥ तुझ सरिखा साहिब पिण म्हारे, जो नवि कारज सारो रे ॥ ज० ॥ जो मुझ करम तणी गति अवली, दोष न कोई तुम्हारो रे ॥ ज० ९ ॥ दीनदयाल दया करि दीजे, शुद्ध समकित सहि नाणी रे ॥ ज० ॥ सुगुण सेवक ना वाञ्छित पूरो, ते हिज गुण मणी खाणी रे ॥ ज० १० ॥ वर्ष अठारे गुणतालीसे, जेठ सुदी सोमवारो रे ॥ ज० ॥ लालचन्द प्रतिपद दिन भेट्या, बीकानेर मझारो रे ॥ ज० ११ ॥

अजित जिन स्तवन

(मारूं मन मोह्युं रे श्री विमला चले रे)

भक्तामर प्रणत मौलि मणि प्रभाणा, मुद्योतकं दलित पापतमो वितानम् । सम्यक् प्रणम्य जिनपादयुगं युगादा, वालम्बनं भवजले पततां जनानाम् ॥१॥ यः संस्तुतः सकलवाङ्मय तत्त्वबोधा, दुद्भूत बुद्धि पटुभिः सुरलोक नाथैः । स्तोत्रैर्जगत् त्रितयचित्त हरै रुदारैः, स्तोष्ये किलाहमपि तं प्रथमं जिनेन्द्रम् ॥ २ युग्मम् ॥ बुद्ध्या विनाऽपि विबुधार्चित पाद पीठ, स्तोतुं समुद्यत मतिर्विगत त्रपोऽहम् । बालं विहाय जल संस्थितमिन्दु बिम्ब, मन्यः क इच्छति जनः सहसा ग्रहीतुम् ॥३॥ वक्तुं गुणान् गुण समुद्र शशाङ्क कान्तान्, कस्ते क्षमः सुरगुरु प्रतिमोऽपि बुद्ध्या । कल्पान्त काल पवनोद्धत नक्र चक्रं, को वा तरीतु मलमम्बु निधिं भुजाभ्याम् ॥४॥ सोऽहं तथापि तव भक्तिवशान्मुनीश, कर्तुं स्तवं विगत शक्तिरपि प्रवृत्तः । प्रीत्याऽऽत्म वीर्य मविचार्य मृगो मृगेन्द्रं, नाभ्येति किं निज शिशोः परिपालनार्थम् ॥५॥ अल्पश्रुतं श्रुतवतां परिहास धाम, त्वद्भक्तिरेव मुखरी कुरुते बलन्माम् । यत् कोकिलः किलमधौ मधुरं विरौति, तच्चारु चाम्र कलिका निकरैक हेतुः ॥६॥ त्वत् संस्तवेन भव सन्तति सन्निबद्धं, पापं क्षणात् क्षयमुपैति शरीर भाजाम् । आक्रान्त लोक मलि नील मशेषमाशु, सूर्यांशु भिन्नमिव शार्वरमन्धकारम् ॥७॥ मत्वेतिनाथ ! तव संस्तवनं मयेद, मारभ्यते तनुधियाऽपि तव प्रभावात् ।

चेतो हरिष्यति सतां नलिनी दलेषु, मुक्ताफल द्युतिमुपैति ननूद बिन्दुः॥८॥ आस्तां तव स्तवनमस्तसमस्त दोषं, त्वत्संकथाऽपि जगतां दुरितानि हन्ति। दूरे सहस्र किरणः कुरुते प्रभैव, पद्माकरेषु जलजानि विकाशभाञ्जि ॥९॥ नात्यद्भुतं भुवन भूषण! भूतनाथ! भूतैर्गुणैर्भुवि भवन्तमभिष्टुवन्तः। तुल्या भवन्ति भवतो ननु तेन किं वा, भूत्याश्रितं य इह नात्म समं करोति ॥१०॥ दृष्ट्वा भवन्तमनिमेष विलोकनीयं, नान्यत्र तोष मुपयाति जनस्य चक्षुः। पीत्वा पयः शशि कर द्युति दुग्धसिन्धोः, क्षारं जलं जलनिधेरशितुं क इच्छेत ॥११॥ यैः शान्तराग रुचिभिः परमाणुभिस्त्वं, निर्मापितस्त्रिभुवनैक ललाम भूत। तावन्त एव खलु तेऽप्यणवः पृथिव्यां, यत्ते समानमपरं न हि रूप मस्ति ॥१२॥ वक्त्रं क ते सुर नरोरग नेत्र हारि, निःशेष निर्ज्जित जगत्त्रितयोपमानम्। बिम्बं कलङ्क मलिनं क निशाकरस्य, यद् वासरे भवति पाण्डुपलाश कल्पम् ॥१३॥ सम्पूर्ण मंडल शशाङ्क कलाकलाप, शुभ्रा गुणास्त्रिभुवनं तव लङ्घयन्ति। ये संश्रितास्त्रि जगदीश्वर नाथमेकं, कस्तान्निवारयति सञ्चरतो यथेष्टम् ॥१४॥ चित्रं किमत्र यदि ते त्रिदशाङ्गनाभि, र्नीतं मनागपि मनो न विकार मार्गम्। कल्पान्त काल मरुता चलिता चलेन, किं मन्दराद्रि शिखरं चलितं कदाचित ॥१५॥ निर्धूमवर्ति रपवर्ज्जित तैलपूरः, कृत्स्नं जगत्त्रयमिदं प्रकटी करोषि। गम्यो न जातु मरुतां चलिता चलानां, दीपोऽपरस्त्वमसि नाथ! जगत्प्रकाशः ॥१६॥ नास्तं कदाचिदुपयासि न राहु गम्यः, स्पष्टी करोषि सहसा युगपज्जगन्ति। नाम्भोधरोदर निरुद्ध महाप्रवाहः, सूर्याऽतिशायिमहिमाऽसि मुनीन्द्र लोके ॥१७॥ नित्योदयं दलित मोह महान्धकारं, गम्यं न राहु वदनस्य न वारिदानम्। विभ्राजते तव मुखाब्जमनल्प कान्ति, विद्योतयज्जगदपूर्वशशाङ्क बिम्बम् ॥१८॥ किं शर्वरीषु शशिनाऽह्नि विवस्वता वा, युष्मन्मुखेन्दु दलितेषु तमस्सुनाथ। निष्पन्न शालि वन शालिनि जीव लोके, कार्यं कियज्जलधरैर्जल भार नम्रैः ॥१९॥ ज्ञानं यथा त्वयि विभाति कृतावकाशं, नैवं तथा हरिहरादिषु नायकेषु। तेज स्फुरन्मणिषु याति यथा महत्वं, नैवं तु काच शकले

किरणाकुलेऽपि ॥२०॥ मन्ये वरं हरि हरादय एव दृष्टा, दृष्टेषु येषु हृदयं त्वयि तोषमेति । किं वीक्षितेन भवता भुवि येन नान्यः, कश्चिन्मनो हरति नाथ ! भवान्तरेऽपि ॥२१॥ स्त्रीणां शतानि शतशो जनयन्ति पुत्रान्, नान्या सुतं त्वदुपमं जननी प्रसूता । सर्वा दिशो दधति भानि सहस्र रश्मिं, प्राच्येव दिग्जनयति स्फुरदंशु जालम् ॥२२॥ त्वामा मनन्ति मुनयः परमं पुमांस, मादित्य वर्णममलं तमसः परस्तात् । त्वामेव सम्यगुपलभ्य जयन्ति मृत्युं, नान्यः शिवः शिव पदस्य मुनीन्द्र ! पन्थाः ॥२३॥ त्वामव्ययं विभुमचिन्त्य-मसङ्ख्यमाद्यं, ब्रह्माणमीश्वरमनन्तमनङ्ग केतुम् । योगीश्वरं विदितयोगमनेक-मेकं, ज्ञान स्वरूपममलं प्रवदन्ति सन्तः ॥२४॥ बुद्धस्त्वमेव विबुधार्चित बुद्धि बोधात्, त्वं शङ्करोऽसि भुवनत्रय शंकरत्वात् । धाताऽसि धीर शिवमार्ग विधेर्विधानात्, व्यक्तं त्वमेव भगवन् ! पुरुषोत्तमोऽसि ॥२५॥ तुभ्यं नमस्त्रिभुवनार्त्तिहराय नाथ ! तुभ्यं नमः क्षितितला मल भूषणाय । तुभ्यं नमस्त्रिजगतः परमेश्वराय, तुभ्यं नमो जिन ! भवोदधि शोषणाय ॥२६॥ को विस्मयोऽत्र यदि नाम गुणैरशेषैः, स्त्वं संश्रितो निरवकाशतया मुनीश ! दोषै रुपात्त विबुधाश्रय जात गर्वैः, स्वप्नान्तरेऽपि न कदाचिद पीक्षितोऽसि ॥२७॥ उच्चैर शोक तरु संश्रितमुन्मयूख, माभाति रूपममलं भवतो नितान्तम् । स्पष्टोल्लसत्किरणमस्त तमो वितानं, बिम्बं रवेरिव पयो-धर पार्श्व वर्त्ति ॥२८॥ सिंहासने मणि मयूख शिखा विचित्रे, विभ्राजते तव वपुः कनकावदातम् । बिम्बं वियद्विलसदंशु लता वितानं, तुङ्गो दयाद्रि शिरसीव सहस्ररश्मेः ॥२९॥ कुन्दावदात चलचामर चारु शोभं, विभ्राजते तव वपुः कलधौत कान्तम् । उद्यच्छशाङ्क शुचि निर्झर वारिधार, मुच्चैस्तटं सुरगिरेरिव शान्त कौम्भम् ॥३०॥ छत्र त्रयं तव विभाति शशाङ्ककान्त, मुच्चैः स्थितं स्थगित भानु कर प्रतापम् । मुक्ताफलप्रकर जाल विवृद्धशोभं, प्रख्यापयत् त्रिजगतः परमेश्वरत्वम् ॥३१॥ उन्निद्र हेम नव पङ्कज पुञ्ज-कान्ति, पर्युल्लसन्नख मयूख शिखाभिरामौ । पादौ पदानि तव यत्र जिनेन्द्र ! धत्तः, पद्मानि तत्र विबुधाः परिकल्पयन्ति ॥३२॥ इत्थं यथा तव विभूतिरभूज्जिनेन्द्र ! धर्मोपदेशन विधौ न तथा परस्य । यादृक् प्रभा दिन-

कृतः प्रहतान्धकारा, तादृक् कुतो ग्रह गणस्य विकाशिनोऽपि ॥३३॥ श्च्योतन्मदाविल विलोल कपोल मूल, मत्त भ्रमद् भ्रमरनाद विवृद्ध कोपम्। ऐरावताभमिभमुद्धतमापतन्तं, दृष्ट्वा भयं भवति नो भवदा श्रितानाम् ॥३४॥ भिन्नेभ कुम्भ गलदुज्ज्वल शोणिताक्त, मुक्ताफल प्रकर भूषित भूमिभागः। बद्धक्रमः क्रम गतं हरिणाधिपोऽपि, नाक्रामति क्रम युगाचल संश्रितं ते ॥३५॥ कल्पान्त काल पवनोद्धत वह्नि कल्पं, दावानलं ज्वलितमुज्ज्वलमुत्स्फुलिङ्गम्। विश्वं जिघत्सुमिव सम्मुखमापतन्तं, त्वन्नाम कीर्त्तन जलं शमयत्यशेषम् ॥३६॥ रक्तेक्षणं समद कोकिल कण्ठ नीलं, क्रोधोद्धतं फणिनमुत्फणमापतन्तम्। आक्रामति क्रम युगेन निरस्त शङ्क, स्त्वन्नाम नाग दमनी हृदि यस्य पुंसः ॥३७॥ वल्गत्तुरङ्ग गज गर्जित भीम नाद, माजौ बलं बलवतामपि भूपतीनाम्। उद्यद्दिवाकर मयूख शिखा पविद्धं त्वत्कीर्त्तनात् तम इवाशुभिदामुपैति ॥३८॥ कुन्ताग्र भिन्न गज शोणित वारिवाह, वेगावतार तरणातुरयोध भीमे। युद्धे जयं विजित दुर्जय जेय पक्षा, स्त्वत्पाद पंकज वनाश्रयिणो लभन्ते ॥३९॥ अम्भोनिधौ क्षुभितभीषण नक्र चक्र, पाठीन पीठ भयदोल्वण वाडवाग्नौ। रङ्गत्तरङ्ग शिखर स्थित यान पात्रा, स्त्रासं विहाय भवतः स्मरणाद् व्रजन्ति ॥४०॥ उद्भूत भीषण जलोदर भार भुग्नाः, शोच्यां दशामुपगताश्च्युत जीविताशाः। त्वत्पादपङ्कज रजोऽमृत दिग्ध देहा, मर्त्या भवन्ति मकरध्वज तुल्य रूपाः ॥४१॥ आपाद कण्ठमुरु शृङ्खल वेष्टिताङ्गा, गाढं बृहन्निगड कोटि निघृष्ट जङ्घाः। त्वन्नाममन्त्र मनिशं मनुजाः स्मरन्तः, सद्यः स्वयं विगत बन्धभया भवन्ति ॥४२॥ मत्त द्विपेन्द्र मृगराज दवानलाहि, संग्राम वारिधि महोदर बन्धनोत्थम्। तस्याशु नाशमुपयाति भयं भियेव, यस्तावकं स्तवमिमं मतिमानधीते ॥४३॥ स्तोत्र स्त्रजं तव जिनेन्द्र ! गुणैर्निबद्धां, भक्त्या मया रुचिर वर्ण विचित्र पुष्पाम्। धत्ते जनो य इह कण्ठगतामजस्रं, तं मान तुङ्गमवशा समुपैति लक्ष्मीः ॥४४॥

नोट—भक्तामर स्तोत्र की उत्पत्ति—उज्जयिनी नगरी में भोज नाम के राजा राज्य करते थे। उनकी सभा में मयूर तथा बाण नामके दो विद्वान् पंडित थे उनमें से मयूर ने सूर्यदेव को प्रसन्न करके स्वकुष्ट रोग को मिटाया, तथा बाण ने चंडी देवी को प्रसन्न करके

श्री कल्याण मन्दिर स्तोत्र

कल्याणमन्दिर मुदारमवद्यभेदि, भीताभय प्रदमनिन्दित मङ्घ्रिपद्मम् । संसार सागर निमज्जदशेष जन्तु, पोतायमानमभिनम्य जिनेश्वरस्य ॥१॥ यस्य स्वयं सुरगुरुर्गरिमाम्बुराशेः, स्तोत्रं सुविस्तृत मतिर्न विभुर्विधातुम् । तीर्थेश्वरस्य कमठ स्मय धूमकेतो, स्तस्याहमेष किल संस्तवनं करिष्ये ॥२युग्मम्॥ सामान्यतोऽपि तव वर्णयितुं स्वरूप, मस्मादृशाः कथमधीश ! भवन्त्यधीशाः । धृष्टोऽपि कौशिक शिशुर्यदि वा दिवाऽन्धो, रूपं प्ररूपयति किं किल घर्म रश्मे ॥३॥ मोहक्षयादनुभवन्नपि नाथ ! मर्त्यो, नूनं गुणान् गणयितुं न तव क्षमेत । कल्पान्त वान्त पयसः प्रकटोऽपि यस्मा, न्मीयेत केन जलधेर्ननु रत्नराशिः ॥४॥ अभ्युद्यतोऽस्मि तव नाथ ! जडाशयोऽपि, कर्तुं स्तवं लसद सङ्ख्य गुणाकरस्य । बालोऽपि किं न निज बाहु युगं वितत्य, विस्तीर्णतां कथयति स्वधियाऽम्बुराशेः ॥५॥ ये योगिनामपि न यान्ति गुणास्तवेश, वक्तुं कथं भवति तेषु ममावकाशः । जाता तदेवमसमीक्षित कारितेयं, जल्पन्ति वा निज गिरा ननु पक्षिणोऽपि ॥६॥ आस्तामचिन्त्य महिमा जिन ! संस्तवस्ते, नामापि पाति भवतो भवतो जगन्ति । तीव्रातपोपहत पान्थ जनान्निदाघे, प्रीणातिपद्म सरसः सरसोऽनिलोऽपि ॥७॥ हृद्वर्तिनि त्वयि विभो ! शिथिली भवन्ति, जन्तोः क्षणेन निबिडा अपि कर्म बन्धाः । सद्यो भुजङ्गमया इव मध्यभाग मभ्यागते वन शिखण्डिनि चन्दनस्य ॥८॥ मुच्यन्त

अपने कटे हुए हाथों को जुड़वाया। ये देखकर राजा ने आश्चर्यान्वित होकर वैदिक धर्म की प्रशंसा करने लगे। मन्त्री ने श्री मानतुंगाचार्य को मिलने की प्रार्थना की। प्रार्थना स्वीकार करके राजा ने आचार्य को बुला कर अपना मन्तव्य प्रगट किया। राजा का मन्तव्य सुन के आचार्य महाराज ने धैर्यपूर्वक उत्तर दिया कि "हमारा प्रत्येक कार्य आत्म-धर्म के लिये है, चमत्कार के लिये नहीं।" ये सुनकर राजा ने क्रोधावेश में आचार्य को गले से पैर तक ४८ सांकलों से जकड़ कर अंधेरी कोठरी में बन्द कर दिया।

कोठरी के अन्दर बैठे हुए आचार्य महाराज ने "भक्तामर स्तोत्र" रूप भगवान् ऋषभदेव की स्तुति की रचना की और चक्रेश्वरी देवी ने स्वयं प्रगट होकर बंधन तोड़ दिये।

इस स्तोत्र की ४ गाथायें भण्डार कर दी गई हैं। जो कि उपलब्ध नहीं होतीं और जो उपलब्ध होती हैं वे नूतन हैं।

एव मनुजाः सहसा जिनेन्द्र! रौद्रै रुपद्रव शतैस्त्वयि वीक्षितेऽपि। गोस्वामिनि स्फुरित तेजसि दृष्ट मात्रे, चौरैरिवाशु पशवः प्रपलायमानैः ॥९॥ त्वं तारको जिन! कथं भविनां त एव, त्वामुद्वहन्ति हृदयेन यदुत्तरन्तः। यद्वा दृतिस्तरति यज्जलमेष नून मन्तर्गतस्य मरुतः स किलाऽनुभावः ॥१०॥ यस्मिन् हर प्रभृतयोऽपि हृत प्रभावाः, सोऽपि त्वया रति पतिः क्षपितः क्षणेन। विध्यापिता हुतभुजः पयसाऽथ येन, पीतं न किं तदपि दुर्धर वाडवेन ॥११॥ स्वामिन्ननल्प गरिमाणमपि प्रपन्ना, स्त्वां जन्तवः कथमहो हृदये दधानाः। जन्मोदधिं लघु तरन्त्यति लाघवेन, चिन्त्यो न हन्त महतां यदि वा प्रभावः ॥१२॥ क्रोधस्त्वया यदि विभो प्रथमं निरस्तो, ध्वस्तास्तदा वत कथं किल कर्म चौराः। प्लोषत्यमुत्र यदि वा शिशिरापि लोके, नील द्रुमाणि विपिनानि न किं हिमानी? ॥१३॥ त्वां योगिनो जिन सदा परमात्म रूप, मन्वेषयन्ति हृदयाम्बुज कोश देशे। पूतस्य निर्मल रुचेर्यदि वा किमन्य, दक्षस्य संभवि पदं ननु कर्णिकायाः ॥१४॥ ध्यानाज्जिनेश भवतो भविनः क्षणेन, देहं विहाय परमात्म दशां व्रजन्ति। तीव्रानलादुपल भावमपास्य लोके, चामीकरत्व मचिरादिव धातु भेदाः ॥१५॥ अन्तः सदैव जिन! यस्य विभाव्यसे त्वं, भव्यैः कथं तदपि नाशयसे शरीरम्। एतत् स्वरूपमथ मध्य विवर्त्तिनो हि, यद् विग्रहं प्रशमयन्ति महानुभावाः ॥१६॥ आत्मा मनीषिभिरयं त्वद भेदबुद्ध्या, ध्यातो जिनेन्द्र भवतीह भवत् प्रभावः। पानीयमप्यमृतमित्यनुचिन्त्यमानं, किं नाम नो विष विकार मपाकरोति ॥१७॥ त्वामेव वीत तमसं पर वादिनोऽपि, नूनं विभो हरिहरादि धिया प्रपन्नाः। किं काचकामलिभिरीश सितोऽपि शङ्खो, नो गृह्यते विविध वर्ण विपर्ययेण ॥१८॥ धर्मोपदेश समये सविधानुभावा, दास्तां जना भवति ते तरुरप्यशोकः। अभ्युद्गते दिनपतौ स महीरुहोऽपि, किं वा विबोधमुपयाति न जीवलोकः ॥१९॥ चित्रं विभो कथमवाङ्मुख वृन्तमेव, विष्वक् पतत्य विरला सुर पुष्प वृष्टिः। त्वद्गोचरे सुमनसां यदिवा मुनीश, गच्छन्ति नूनमध एव हि बन्धनानि ॥२०॥ स्थानेगमीर हृदयोदधि

संभवायाः, पीयूपतां तव गिरः समुदीरयन्ति। पीत्वा यतः परम सम्मद सङ्गभाजो, भव्या व्रजन्ति तरसाप्यजरामरत्वम् ॥२१॥ स्वामिन् सुदूरमवनम्य समुत्पतन्तो, मन्ये वदन्ति शुचयः सुर चामरौघाः। येऽस्मैः नतिं विदधते मुनि पुङ्गवाय ते नून मूर्ध्व गतयः खलु शुद्ध भावाः ॥२२॥ श्यामं गभीर गिरमुज्ज्वल हेम रत्न, सिंहासनस्थमिह भव्य शिखण्डिनस्त्वाम्। आलोकयन्ति रभसेन नदन्तमुच्चै, श्चामीकराद्रि शिरसीव नवाम्बुवाहम् ॥२३॥ उद्गच्छता तव शितिद्युति मंडलेन, लुप्तच्छदच्छविरशोक तरुर्बभूव। सान्निध्यतोऽपि यदि वा तव वीतराग, नीरागतां व्रजति को न सचेतनोऽपि ॥२४॥ भो भोः प्रमाद मवधूय भजध्वमेन, मागत्य निर्वृति पुरीं प्रति सार्थवाहम्। एतन्निवेदयति देव जगत्त्रयाय, मन्ये नदन्नभिनभः सुर दुन्दुभिस्ते ॥२५॥ उद्योतितेषु भवता भुवनेषु नाथ, तारान्वितो विधुरयं विहताधिकारः। मुक्ता कलाप कलितोच्छ्वसितातपत्र, व्याजात्त्रिधा धृत तनुर्ध्रुवमभ्युपेतः ॥२६॥ स्वेन प्रपूरित जगत् त्रय पिण्डितेन, कान्ति प्रताप यशसामिव सञ्चयेन। माणिक्य हेम रजत प्रविनिर्मितेन. साल त्रयेण भगवन्नभितो विभासि ॥२७॥ दिव्यस्रजो जिन नमन्त्रिदशाधिपाना, मुत्सृज्य रत्न रचितानपि मौलि वन्धान्। पादौ श्रयन्ति भवतो यदि वा परत्र, त्वत्संगमे सुमनसो न रमन्त एव ॥२८॥ त्वं नाथ जन्म जलधेर्वि-पराङ्मुखोऽपि, यत्तारयस्य सुमतो निज पृष्ठ लग्नान्। युक्तं हि पार्थिव निपस्य सतस्तवैव, चित्रं विभो यदसि कर्म विपाक शून्यः ॥२९॥ विश्वेश्वरोऽपि जनपालक दुर्गतस्त्वं, किं वाऽक्षर प्रकृतिरप्य लिपिस्त्वमीश। अज्ञान वत्यपि सदैव कथञ्चिदेव, ज्ञानं त्वयि स्फुरति विश्व विकाश हेतुः ॥३०॥ प्राग्भार सम्भृत नभांसि रजांसि रोषा, दुत्थापितानि कमठेन सठेन यानि। छायाऽपि तैस्तव न नाथ हता हताशो, ग्रस्तस्त्वमीभिरयमेव परं दुरात्मा ॥३१॥ यद्गर्ज्जदूर्जित घनौघमदभ्रभीमं, भ्रश्यत्तडिन्मुसलमां-सलघोरधारम्। दैत्येन मुक्तमथ दुस्तर वारि दध्रे, ते नैव तस्य जिन दुस्तरवारि कृत्यम् ॥३२॥ ध्वस्तोर्ध्वकेश विकृताकृति मर्त्यमुण्ड, प्रालम्ब-भृद्भयदवक्र विनिर्यदग्निः। प्रेतव्रजः प्रति भवन्तमपीरितो यः, सोऽस्याभव-

त्प्रतिभवंभवदुःख हेतुः ॥३३॥ धन्यास्त एव भुवनाधिप ये त्रिसन्ध्य, माराधयन्ति विधिवद्विधुतान्य कृत्याः। भक्त्योल्लसत्पुलक पक्ष्मल देहदेशाः, पादद्वयं तव विभो भुवि जन्मभाजः ॥३४॥ अस्मिन्नपारभव वारिनिधौ मुनीश, मन्ये न मे श्रवण गोचरतां गतोऽसि। आकर्णिते तु तव गोत्र पवित्र मन्त्रे, किं वा विपद्विषधरी सविधं समेति ॥३५॥ जन्मान्तरेऽपि तव पाद युगं न देव, मन्ये मया महितमीहित दानदक्षम्। तेनेह जन्मनि मुनीश ! पराभवानां, जातो निकेतनमहं मथिताशयानाम् ॥३६॥ नूनं न मोह तिमिरावृत लोचनेन, पूर्वं विभो! सकृदपि प्रविलोकितोऽसि। मर्माविधो विधुरयन्ति हि मामनर्थाः, प्रोद्यत्प्रबन्धगतयः कथमन्यथैते ? ॥३७॥ आकर्णितोऽपि महितोऽपि निरीक्षितोऽपि, नूनं न चेतसि मया विधृतोऽसि भक्त्या। जातोऽस्मि तेन जनबान्धव ! दुःखपात्रं, यस्मात्क्रियाः प्रतिफलन्ति न भावशून्याः ॥३८॥ त्वं नाथ ! दुःखिजनवत्सल हे शरण्य ! कारुण्यपुण्य-वसते वशिनां वरेण्य। भक्त्या नते मयि महेश दयां विधाय, दुःखाङ्कुरोद्दलन तत्परतां विधेहि ॥३९॥ निःसङ्ख्यसार शरणं शरणं शरण्य मासाद्य सादित-रिपुप्रथितावदातम्। त्वत्पादपङ्कज मपि प्रणिधान वन्ध्यो, वध्योऽस्मि चेद् भुवनपावन ! हा हतोऽस्मि ॥४०॥ देवेन्द्र वन्द्य विदिताखिल वस्तुसार, संसारतारक ! विभो ! भुवनाधिनाथ। त्रायस्व देव करुणाह्रद मां पुनीहि, सीदन्तमद्य भयदव्यसनाम्बुराशेः ॥४१॥ यद्यस्ति नाथ भवदंघ्रि सरोरुहाणां, भक्तेः फलं किमपि सन्तति सञ्चितायाः। तन्मे त्वदेकशरणस्य शरण्य भूयाः,

---

नोट—इस स्तोत्र के रचयिता श्री सिद्धसेन दिवाकर उपनाम कुमुदचन्द्राचार्य थे। एकदा वृद्धवादीजी से, गोवालियों के सन्मुख शास्त्रार्थ में पराजित होने पर इन्होंने वृद्धवादीजी से दीक्षा ली। अपनी कवित्व शक्ति की योग्यता से ये उज्जयिनी के राजा विक्रमादित्य के यहां राजगुरु पद से विभूषित किये गये।

राजा विक्रमादित्य को जैनधर्म मे प्रविष्ट कराने के लिए राजा के साथ मंदिर में जाकर "कल्याणमंदिर स्तोत्र" की ४८ गाथायें रचना करके शिवपिण्डि में से भगवान् पार्श्वनाथ स्वामी की प्रतिमा प्रगट करी। इस महिमा को देखकर राजा पूर्णरूपेण जैनधर्म का अनुयायी हो गया।

इसकी ४ गाथायें भण्डार कर दी गयी हैं जोकि उपलब्ध नहीं होती और जो उपलब्ध होती हैं वे नूतन हैं।

स्वामी त्वमेव भुवनेऽत्र भवान्तरेऽपि ॥४२॥ इत्थं समाहितधियो विधि वज्जिनेन्द्र, सान्द्रोल्लसत्पुलककञ्चुकिताङ्गभागाः। त्वद् बिम्ब निर्मल मुखाम्बुज बद्धलक्षाः, ये संस्तवं तव विभो रचयन्ति भव्याः ॥४३॥ जननयन 'कुमुद चन्द्र'* प्रभास्वराः स्वर्गसम्पदो भुक्त्वा। ते विगलितमल निचया, अचिरान्मोक्षं प्रपद्यन्ते ॥४४॥ युग्मम्।

जिनपञ्जर स्तोत्र

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं अर्हद्भ्यो नमो नमः। ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं सिद्धेभ्यो नमो नमः॥ ॐ ह्रीं श्रीं अर्हंआचार्येभ्यो नमोनमः। ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं उपाध्यायेभ्यो नमो नमः॥ ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं श्री गौतम स्वामी प्रमुख सर्वसाधुभ्यो नमो नमः ॥१॥ एष पञ्चनमस्कारः, सर्व पाप क्षयंकरः। मङ्गलाणां च सर्वेषां, प्रथमं भवति मङ्गलम् ॥२॥ ॐ ह्रीं श्रीं जये विजये, अर्हं परमात्मने नमः। कमल प्रभ सूरीन्द्रो, भाषते जिनपञ्जरम् ॥३॥ एक भक्तोपवासेन, त्रिकालं यः पठेदिदम्। मनोऽभिलषितं सर्वं, फलं स लभते ध्रुवम् ॥४॥ भूशय्या ब्रह्मचर्य्येण, क्रोध लोभ विवर्जितः। देवताग्रे पवित्रात्मा, षण्मासैर्लभते फलम् ॥५॥ अर्हन्तं स्थापयेद् मूर्ध्नि, सिद्धं चक्षुर्ललाटके। आचार्यं श्रोतयोर्मध्ये, उपाध्यायं तु घ्राणके ॥६॥ साधुवृन्दं मुखस्याग्रे, मनः शुद्धं विधाय च। सूर्य-चन्द्र निरोधेन, सुधीः सर्वार्थ सिद्धये ॥७॥ दक्षिणे मदनद्वेषी, वाम पार्श्वे स्थितो जिनः। अङ्ग संधिषु सर्वज्ञः, परमेष्ठी शिवङ्करः ॥८॥ पूर्वाशां श्री जिनो रक्षे, दाग्नेयीं विजितेन्द्रियः। दक्षिणाशां परब्रह्म, नैर्ऋतीं च त्रिकालवित् ॥९॥ पश्चिमाशां जगन्नाथो, वायवीं परमेश्वरः। उत्तरां तीर्थकृत सर्वामीशाने च निरञ्जनः ॥१०॥ पातालं भगवानर्हन्नाकाशं पुरुषोत्तमः। रोहिणी प्रमुखा देव्यो, रक्षन्तु सकलं कुलम् ॥११॥ ऋषभो मस्तकं रक्षे, दजितोऽपि विलोचने। संभवः कर्णयुगलं, नासिका चाभिनन्दनः ॥१२॥ ओष्ठौ श्री सुमती रक्षेद्, दन्तान् पद्मप्रभो विभुः। जिह्वा

भक्तामर स्तोत्र के बनाने वाले आचार्यों का विक्रमीय सम्वत् ६३१ के करीब है।

* कल्याणमन्दिर स्तोत्र के बनाने वाले आचार्य का समय इतिहासकारों ने विक्रम सम्वत् ८०० के करीब माना है।

सुपार्श्व देवोऽयं तालु चन्द्र प्रभाभिधः ॥१३॥ कंठं श्री सुविधि रक्षेद्, हृदयं च श्री शीतलः । श्रेयांसो बाहु युगलं, वासुपूज्य कर द्वयम् ॥१४॥ अंगुली-र्विमलो रक्षेद्, अनन्तोऽसौ स्तनावपि । सुधर्मोऽप्युदरास्थीनि, श्री शांतिर्नाभि-मण्डलम् ॥१५॥ श्री कुन्थुर्गुह्यकं रक्षे, दरो रोम कटी तटम् । मल्लि रू रु पृष्ठ वंशं, जङ्घे च मुनि सुव्रतः ॥१६॥ पादांगुलीर्नमी रक्षेत्, श्री नेमिश्चरण द्वयम् । श्री पार्श्वनाथ सर्वाङ्ग, वर्द्धमानश्चिदात्मकम् ॥१७॥ पृथ्वी जल तेजस्क, वाय्वाकाश मयं जगत् । रक्षेदशेष पापेभ्यो, वीतरागो निरञ्जनः ॥१८॥ राजद्वारे श्मशाने वा, संग्रामे शत्रु संकटे । व्याघ्र चौराग्नि सर्पादि, भूत प्रेत भयाश्रिते ॥१९॥ अकाल मरणे प्राप्ते, दारिद्र्यापत्समाश्रिते । अपुत्रत्वे महादोषे, मूर्खत्वे रोग पीडिते ॥२०॥ डाकिनी शाकिनी ग्रस्ते, महाग्रह गणार्दिते । नद्युत्तारेऽध्व वैषम्ये, व्यसने चापदि स्मरेत् ॥२१॥ प्रातरेव समुत्थाय, यः स्मरेज्जिनपंजरम् । तस्य किंचिद् भयं नास्ति, लभते सुख सम्पदम् ॥२२॥ जिनपञ्जरनामेदं, यः स्मरत्यनुवासरम् । कमल प्रभ राजेन्द्र, श्रियं स लभते नरः ॥२३॥ प्रातः समुत्थाय पठेत् कृतज्ञो, यः स्तोत्र मेतज्जिनपञ्जराख्यम् । आसादयेच्छ्री कमल प्रभाख्यं, लक्ष्मी मनोवाञ्छित पूरणाय ॥२४॥ श्री रुद्रपल्लीय वरेण्य गच्छे, देवप्रभाचार्य पदाब्ज हंसः । वादीन्द्र चूड़ामणिरेष जैनो, जीयाद् गुरु श्री कमल प्रभाख्यः ॥२५॥

श्री क्षमाकल्याणोपाध्याय विरचितं ऋषिमण्डलं स्तोत्रम्

आद्यन्ताक्षर संलक्ष्य, मक्षरं व्याप्य यत् स्थितम् । अग्निज्वाला समं नादं, विन्दु रेखा समन्वितम् ॥१॥ अग्निज्वाला समाक्रान्तं, मनो मल विशोधकम् । देदीप्यमानं हृत्पद्मे, तत्पदं नौमि निर्मलम् ॥२॥ अर्हमित्यक्षरं ब्रह्म, वाचकं परमेष्ठिनः । सिद्ध चक्रस्य सद्बीजं, सर्वतः प्रणिदध्महे ॥३॥ ॐ नमोऽर्हद्भ्य ईशेभ्य, ॐ सिद्धेभ्यो नमो नमः । ॐ नमः सर्व सूरिभ्य, उपाध्यायेभ्य ॐ नमः ॥४॥ ॐ नमो सर्व साधुभ्य, ॐ ज्ञानेभ्यो नमो नमः । ॐ नमस्तत्त्वदृष्टिभ्य, श्चारित्रेभ्यस्तु ॐ नमः ॥५॥ श्रेयसेऽस्तु श्रियेऽस्त्वेत, दर्ह-दाद्यष्टकं शुभम् । स्थानेष्वष्टसु विन्यस्तं, पृथग्बीजसमन्वितम् ॥६॥ आद्यं

पदं शिखां रक्षेत्, परं रक्षतु मस्तकम्। तृतीयं रक्षनेत्रे द्वे, तूर्यं रक्षेच्च नासिकाम् ॥७॥ पञ्चमं तु मुखं रक्षेत्, षष्ठं रक्षेतु घण्टिकाम्। नाभ्यन्तं सप्तमं रक्षेद्, रक्षेत पादान्तमष्टमम् ॥८॥ पूर्वं प्रणवतः सान्तः, सरेफो द्व्यब्धिपञ्चषान्। सप्ताष्टदशसूर्याङ्कान्, श्रितो बिन्दु स्वरान् पृथक् ॥९॥ पूज्य नामाक्षरा द्यास्तु, पञ्चातो ज्ञानदर्शन। चारित्रेभ्यो नमो मध्ये, ह्रीं सान्तसमलंकृतः ॥१०॥ ॐ ह्रां, ह्रीं, ह्रूं, ह्रं ह्रें ह्रैं ह्रौं ह्रः, असिआउसा सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्रेभ्यो नमः। जम्बूवृक्ष धरो द्वीपः, क्षारोदधिसमावृतः॥ अर्हदाद्यष्टकैरष्ट,काष्ठाधिष्ठैरलंकृतः॥११॥ तन्मध्येसंगतो मेरुः, कूटलक्षैरलंकृतः। उच्चैरुच्चैस्तरस्तार, तारामण्डलमंडितः ॥१२॥ तस्योपरि सकारान्तं, बीज मध्यस्थ सर्वगम्। नमामि बिम्ब मार्हत्यम् ललाटस्थं निरञ्जनम् ॥१३॥ अक्षयं निर्मलं शान्तं, बहुलं जाड्य ताज्झितम्। निरीहं निरहङ्कारं, सारं सारतरं घनम् ॥१४॥ अनुद्धतं शुभं स्फीतं, सात्विकं राजसं मतम्। तामसं चिरसम्बुद्धं, तेजसं शर्वरी समम् ॥१५॥ साकारं च निराकारं, सरसं विरसं परम्। परापरं परातीतं, परम्परपरापरम् ॥१६॥ एकवर्णं द्विवर्णं च, त्रिवर्णं तूर्यवर्णकम्। पञ्चवर्णं महावर्णं, सपरं च परापरं ॥१७॥ सकलं निष्कलं तुष्टं, निर्भृतं भ्रान्तिवर्जितम्। निरञ्जनं निराकारं, निर्लेपं वीत संश्रयम् ॥१८॥ ईश्वरं ब्रह्म सम्बुद्धं, बुद्धं सिद्धं मतं गुरुम्। ज्योति रूपं महादेवं, लोकालोक प्रकाशकम् ॥१९॥ अर्हदाख्यस्तु वर्णान्तः, सरेफो बिन्दुमण्डितः। तूर्य स्वर समायुक्तो, बहुधा नाद मालितः ॥२०॥ अस्मिन् बीजे स्थिताः सर्वे, ऋषभाद्या जिनोत्तमाः। वर्णैं निजैर्निजैर्युक्ता, ध्यातव्यास्तत्र संगताः ॥२१॥ नादश्चन्द्र समाकारो, बिन्दुर्नील समप्रभः। कलारुण समासान्तः, स्वर्णाभः सर्वतोमुखः ॥२२॥ शिरः संलीन ईकारो, विनीलो वर्णतः स्मृतः। वर्णानुसार संलीनं, तीर्थकृन्मण्डलंस्तुमः ॥२३॥ चन्द्रप्रभ पुष्पदन्तौ, नाद-स्थिति समाश्रितौ। बिन्दुमध्यगतौ नेमि, सुव्रतौ जिनसत्तमौ ॥२४॥ पद्म प्रभ वासुपूज्यौ, कलापदमधिश्रितौ। शिरसि स्थिति संलीनौ, पार्श्वमल्ली जिनेश्वरौ ॥२५॥ शेषास्तीर्थकृतः सर्वे, हरस्थाने नियोजिताः। मायाबीजा-क्षरं प्राप्ता, श्चतुर्विंशतिरर्हताम् ॥२६॥ गत राग द्वेष मोहाः, सर्व पाप

विवर्जिताः। सर्वदा सर्वकालेषु, ते भवन्तु जिनोत्तमाः ॥२७॥ देवदेवस्य यच्चक्रं, तस्य चक्रस्य या विभा। तयाच्छादित सर्वाङ्गं, मा मां हिंसन्तु डाकिनी ॥२८॥ देवदेवस्य यच्चक्रं॰ मा मां निघ्नन्तु राकिनी ॥२९॥ देवदेवस्य यच्चक्रं॰ मा मां निघ्नन्तु लाकिनी ॥३०॥ देवदेवस्य यच्चक्रं॰ मा मां हिंसन्तु काकिनी ॥३१॥ देवदेवस्य यच्चक्रं॰ मा मां हिंसन्तु शाकिनी ॥३२॥ देव देवस्य यच्चक्रं॰ मा मां निघ्नन्तु हाकिनी ॥३३॥ देवदेवस्य यच्चक्रं॰ मा मां निघ्नन्तु याकिनी ॥३४॥ देवदेवस्य यच्चक्रं॰ मा मां हिंसन्तु पन्नगाः ॥३५॥ देव दे॰ य॰ मा मां हिंसन्तु हस्तिनः ॥३६॥ देव दे॰ य॰ मा मां निघ्नन्तु राक्षसाः ॥३७॥ देव दे॰ य॰ मा मां निघ्नन्तु वह्नयः॥३८॥ देव दे॰ य॰ मा मां हिंसंतु सिंहकाः ॥३९॥ देव दे॰ य॰ मा मां निघ्नन्तु दुर्ज्जनाः ॥४०॥ देव दे॰ यच्चक्रं॰ मा मां निघ्नन्तु भूमिपाः ॥४१॥ श्री गौतमस्य या मुद्रा, तस्या या भुवि लब्धयः। ताभिरभ्युद्यत ज्योति, रर्हं सर्व निधीश्वराः ॥४२॥ पाताल-वासिनो देवाः, देवा भूपीठवासिनः। स्वर्वासिनोऽपि ये देवाः, सर्वे रक्षन्तु मामितः ॥४३॥ येऽवधिलब्धयो ये तु, परमावधिलब्धयः। ते सर्वे मुनयो देवाः, मां संरक्षन्तु सर्वदा ॥४४॥ दुर्जना भूत बेतालाः, पिशाचा मुद्गला-स्तथा। ते सर्वेऽप्युपशाम्यन्तु, देव देव प्रभावतः ॥४५॥ ॐ ह्रीं श्रीश्च धृतिर्लक्ष्मीः, गौरी चण्डी सरस्वती। जयाम्बा विजया नित्या, क्लिन्नाजिता मद द्रवा ॥४६॥ कामाङ्गा कामबाणा च, सानन्दा नन्दमालिनी। माया माया-विनी रौद्री, कला काली कलिप्रिया ॥४७॥ एताः सर्वा महा देव्यो, वर्त्तन्ते या जगत्त्रये। मह्यं सर्वाः प्रयच्छन्तु, कान्ति कीर्ति धृतिं मतिम् ॥४८॥ दिव्यो गोप्यः सदुष्प्राप्यः, ऋषिमण्डलसंस्तवः। भाषितस्तीर्थनाथेन, जगत्त्राणकृतेऽनघः ॥४९॥ रणे राजकुले वह्नौ, जले दुर्गे गजे हरौ। श्मशाने विपिने घोरे, स्मृतो रक्षति मानवम् ॥५०॥ राज्य भ्रष्टा निजं राज्यं, पद-भ्रष्टा निजं पदम्। लक्ष्मी भ्रष्टा निजां लक्ष्मीं, प्राप्नुवन्ति न संशयः ॥५१॥ भार्यार्थी लभते भार्यां, पुत्रार्थी लभते सुतम्। वित्तार्थी लभते वित्तं, नरः स्मरण मात्रतः ॥५२॥ स्वर्णे रूप्ये पटे कांस्ये, लिखित्वा यस्तु पूजयेत। तस्यैवेष्टमहासिद्धि, र्गृहे वसति शाश्वती ॥५३॥ भूर्जपत्रे लिखित्वेदं, गलके

मूर्ध्नि वा भुजे। धारितं सर्वदा दिव्यं, सर्व भीति विनाशकम् ॥५४॥ भूतै प्रेतैर्ग्रहैर्यक्षैः, पिशाचैर्मुद्गलैर्मलैः। वात पित्त कफोद्रेकै मुच्यते नात्र संशयः ॥५५॥ भूर्भुवः स्वस्त्रयीपीठ, वर्तिनः शाश्वता जिनाः। तैः स्तुतैर्वन्दितैर्दृष्टै. र्यत् फलं तत्फलं श्रुतौ ॥५६॥ एतद्गोप्यं महास्तोत्रं, न देयं यस्य कस्य-चित्। मिथ्यात्ववासिनो दत्ते, बालहत्या पदेपदे ॥५७॥ आचाम्लादि तपः कृत्वा, पूजयित्वा जिनावलीम्। अष्टसाहस्त्रिको जापः, कार्यस्तत्सिद्धिहेतवे ॥५८॥ शतमष्टोत्तरं प्रात, र्ये पठन्ति दिने दिने। तेषां न व्याधयो देहे, प्रभवन्ति न चापदः ॥५९॥ अष्टमासावधिं यावत्, नित्यं प्रातस्तु यः पठेत्। स्तोत्रमेतद् महातेजो, जिनबिम्बं स पश्यति ॥६०॥ दृष्टे सत्यर्हतो बिम्बे, भवे सप्तमके ध्रुवम्। पदं प्राप्नोति शुद्धात्मा, परमानन्द नन्दितः ॥६१॥ विश्ववन्द्यो भवेद् ध्याता, कल्याणानि च सोऽश्नुते। गत्वा स्थानं परं सोऽपि, भूयस्तु न निवर्त्तते ॥६२॥ इदं स्तोत्रं महास्तोत्रं, स्तवानामुत्तमं परम्। पठनात्स्मरणाज्जापाल्लभ्यते पदमुत्तमम् ॥६३॥

श्री मल्लिनाथ जिन स्तोत्र

जन समुदय हंसे क्ष्वाकु वंशा वतंसो, बुध जन मत कुम्भ श्री प्रभा-वत्यपत्यम्। शशि सित दल मार्गैकादशी लब्ध जन्मा, स जयति जन वन्द्यो मल्लिनाथो जिनेन्दुः ॥१॥ मदयति मिथिला यज्जन्म सम्प्राप्त कीर्त्तिः, शत कर वर मानं श्यामलं यस्य देहम्। कलश कलित जानु भानुमाँल्लोक नेता, स जयति जनवन्द्यो मल्लिनाथो जिनेन्दुः ॥२॥ सहसि चरम शिक्षा येन दीक्षा गृहीता, सित दल हरि तिथ्यां कार्त्तिके ज्ञान मासम्। अनल शत गणानां नायको यस्य कुम्भः, स जयति जन वन्द्यो मल्लिनाथो जिनेन्दुः ॥३॥ अधिक दश सहस्रे णेह लक्षेण सम्यक्, कृत पद युगलार्चो जैन सन्यासिभिर्यै। सकल सुर सुरस्त्री ज्ञान सन्दोह दाता, स जयति जन वन्द्यो मल्लिनाथो जिनेन्दुः ॥४॥ युग वसु युत लक्ष श्रावकैः श्राविकाभिः, युगल नग समेतैर्वह्नि लक्षैश्चलब्धः। जिन वचन विवेको येन यः पूजितस्तैः, स जयति जन वन्द्यो मल्लिनाथो जिनेन्दुः ॥५॥ सुर वरुण कुबेराक्रान्त

सम्मेत शृङ्गे, शितिदल नव शुक्ले येन निर्वाण मासम्। वर मति नरदत्ता यक्षिणी दुःखहारी, स जयति जनवन्द्यो मल्लिनाथो जिनेन्दुः ॥६॥ पूज्यपाद गुरुश्रेष्ठो रत्नसूरि स्व संघकम्। अपायात्सर्वदापायान्मोतीचन्द्रोऽहमर्थये ॥७॥

बृहत् शान्ति

भो भो भव्याः! शृणुत वचनं, प्रस्तुतं सर्व मेतद्। ये यात्रायां त्रिभुवनगुरो, रार्हतां भक्ति भाजः॥ तेषां शान्तिर्भवतु भवता मर्हदादि प्रभावा। दारोग्य श्री धृतिमति करी क्लेश विध्वंस हेतुः ॥१॥

भो भो भव्यलोका! इहहि भरतैरावतविदेहसम्भवानां समस्ततीर्थकृतां जन्मन्यासन प्रकम्पानन्तरमवधिना विज्ञाय सौधर्माधिपतिः सुघोषाघण्टा चालनानन्तरं सकल सुरासुरेन्द्रैः सह समागत्य सविनयमर्हद् भट्टारकं गृहीत्वा गत्वा कनकादिशृङ्गे विहित जन्माभिषेकः शान्तिमुद्‌घोषयति यथा ततोऽहं कृतानुकारमिति कृत्वा "महाजनो येन गतः स पन्थाः" इति भव्य जनैः सह समागत्य स्नात्र पीठे स्नात्रं विधाय शान्ति मुद्‌घोषयामि, तत्पूजायात्रा-स्नात्रादि महोत्सवानन्तरमिति कृत्वा कर्णं दत्वा निशम्यतां निशम्यतां स्वाहा।

ॐ पुण्याहं पुण्याहं प्रीयन्तां प्रीयन्तां भगवन्तोऽर्हन्तः सर्वज्ञाः सर्वदर्शिन स्त्रिलोकनाथा स्त्रिलोकमहिता स्त्रिलोकपूज्या स्त्रिलोकेश्वरा स्त्रिलोकोद्योतकराः।

ॐ श्री केवलज्ञानि, निर्वाणि, सागर, महायश विमल सर्वानुभूति श्रीधर दत्त दामोदर सुतेज स्वामि मुनिसुव्रत सुमति शिवगति अस्ताग नमीश्वर अनिल यशोधर कृतार्थ जिनेश्वर शुद्धमति शिवकर स्यन्दन सम्प्रति एते अतीत चतुर्विंशति तर्थङ्कराः।

ॐ श्री ऋषभ अजित सम्भव अभिनन्दन सुमति पद्मप्रभ सुपार्श्व चन्द्रप्रभ सुविधि शीतल श्रेयांस वासुपूज्य विमल अनन्त धर्म शान्ति कुन्थु अर मल्लि मुनिसुव्रत नमि नेमि पार्श्व वर्द्धमान एते वर्तमान जिनाः।

ॐ श्री पद्मनाभ शूरदेव सुपार्श्व स्वयंप्रभ सर्वानुभूति देवश्रुत उदय पेढ़ाल पोटिल शतकीर्त्ति सुव्रत अमम निष्कषाय निष्पुलाक निर्मम चित्रगुप्त समाधि सम्वर यशोधर विजय मल्लि देव अनन्तवीर्य्य भद्रङ्कर एते भावि तीर्थंकराः जिनाः शान्ताः शान्तिकरा भवन्तु स्वाहा।

ॐ मुनयो मुनिप्रवरा रिपुविजय दुर्भिक्षकान्तारेषु दुर्गमार्गेषु रक्षन्तु वो नित्यं स्वाहा। ॐ श्री नाभि जितशत्रु जितारि सम्वर मेघ धर प्रतिष्ठ महसेन सुग्रीव दृढ़रथ विष्णु वासुपूज्य कृतवर्म सिंहसेन भानु विश्वसेन सूर सुदर्शन कुम्भ सुमित्र विजय समुद्र विजय अश्वसेन सिद्धार्थ इति वर्तमान चतुर्विंशति जिन जनकाः।

ॐ श्री मरुदेवी विजया सेना सिद्धार्था सुमङ्गला सुसीमा पृथिवी माता लक्ष्मणा रामा नन्दा विष्णु जया श्यामा सुयशा सुव्रता अचिरा श्री देवी प्रभावति पद्मा वप्रा शिवा वामा त्रिशला इति वर्त्तमान जिन जनन्यः।

ॐ श्री गोमुख महायक्ष त्रिमुख यक्षनायक तुम्बरु कुसुम मातङ्ग विजय अजित ब्रह्मा यक्षराज कुमार षण्मुख पाताल किन्नर गरुड गन्धर्व यक्षराज कुवेर वरुण भृकुटि गोमेध पार्श्व ब्रह्मशान्ति इति वर्त्तमान जिन यक्षाः।

ॐ चक्रेश्वरी अजितबला दुरितारी काली महाकाली श्यामा शान्ता भृकुटि सुतारका अशोका मानवी चण्डा विदिता अंकुशा कन्दर्पा निर्वाणी बला धारिणी धरणप्रिया नरदत्ता गान्धारी अम्बिका पद्मावती सिद्धायिका इति वर्तमान चतुर्विंशति तीर्थंकर शासन देव्याः शान्ताः शान्तिकरा भवन्तु स्वाहा।

ॐ ह्रीं श्रीं धृति मति कीर्त्ति कान्ति बुद्धि लक्ष्मी मेधा विद्या साधन प्रवेश निवेशनेषु सुगृहीतनामानो जयन्तु ते जिनेन्द्राः।

ॐ रोहिणी प्रज्ञप्ति वज्रश्रृङ्खला वज्रांकुशा अप्रतिचक्रा पुरुषदत्ता काली महाकाली गौरी गान्धारी सर्वास्त्रमहाज्वाला मानवी वैरोट्या अच्छुप्ता मानसी महामानसी एता षोड़श विद्या देव्यो रक्षन्तु मे स्वाहा।

ॐ आचार्योपाध्यायप्रभृतिचातुर्वर्णस्य श्री श्रमणसंघस्य शान्तिर्भवतु ॐ तुष्टिर्भवतु पुष्टिर्भवतु।

ॐ ग्रहाश्चन्द्रसूर्याङ्गारक बुद्ध बृहस्पति शुक्र शनैश्चर राहु केतु सहिताः सलोक पालाः सोम यम वरुण कुबेर वासवादित्य स्कन्द विनायका ये चान्येऽपि ग्राम नगर क्षेत्र देवतादयस्ते सर्वे प्रीयन्तां, प्रीयन्तां अक्षीण कोष कोष्ठागारा नरपतयश्च भवन्तु स्वाहा।

ॐ पुत्र मित्र भ्रातृ कलत्र सुहृत स्वजन सम्बन्धि बन्धुवर्ग सहिता नित्यं

चामोद प्रमोद कारिणः। अस्मिंश्च भूमंडलेआयतन निवासिनां साधुसाध्वी श्रावक श्राविकाणां रोगोपसर्ग व्याधि दुःख दुर्भिक्ष दौर्मनस्योपशमनाय शान्तिर्भवतु।

ॐ तुष्टि पुष्टि ऋद्धि वृद्धि माङ्गल्योत्सवाः सदा प्रादुर्भूतानि पापानि शाम्यन्तु दुरितानि शत्रवः पराङ्मुखा भवन्तु स्वाहा।

श्रीमते शान्तिनाथाय, नमः शान्ति विधायिने। त्रैलोकस्यामराधीश मुकुटाव्यर्चिताङ्घ्रये ॥१॥ शान्तिः शान्तिकरः श्रीमान्, शान्ति दिशतु मे गुरुः। शान्तिरेव सदा तेषां, येषां शान्तिर्गृहे गृहे ॥२॥ ॐ उन्मृष्ट रिष्ट दुष्ट ग्रह गति, दुःस्वप्न दुर्निमित्तादि। सम्पादित हित सम्पन्नाम ग्रहणं जयति शान्तेः ॥३॥ श्रीसंघ जगज्जनपद, राजाधिपराजसन्निवेशानाम्। गोष्ठिक पुर मुख्याणां व्याहरणैर्व्याहरेच्छान्तिम् ॥४॥

श्री श्रमणसंघस्य शान्तिर्भवतु। श्री पौरलोकस्य शान्तिर्भवतु। श्री जनपदानां शान्तिर्भवतु। श्रीराजाधिपानां शान्तिर्भवतु। श्री राजसन्निवेशानां शान्तिर्भवतु। श्री गोष्ठिकानां शान्तिर्भवतु। श्री पौरमुख्याणां शान्तिर्भवतु। श्रीब्रह्मलोकस्य शान्तिर्भवतु। ॐ स्वाहा ॐ स्वाहा ॐ श्रीपार्श्वनाथाय स्वाहा।

एषा शान्ति प्रतिष्ठा यात्रा स्नात्राद्यवसानेषु शान्ति कलशं गृहीत्वा कुङ्कुम चन्दन कर्पूरागुरुधूपवास कुसुमाञ्जलि समेतः स्नात्र (पीठे) चतुष्किकायां श्री संघसमेतः शुचि शुचिवपुः पुष्पवस्त्र चन्दनाभरणाऽलंकृतः पुष्पमालां कण्ठे कृत्वा शान्तिमुद्‌घोषयित्वा शान्तिपानीयं मस्तके दातव्यमिति।

नृत्यन्ति नृत्यं मणिपुष्पवर्षं, सृजन्ति गायन्ति च मङ्गलानि। स्तोत्राणि गोत्राणि पठन्ति मन्त्रान्, कल्याणभाजो हि जिनाभिषेके ॥१॥ अहं तित्थयरमाया, सिवादेवी तुम्ह णयर निवासिणी। अम्ह सिवं तुम्ह सिवं, असिवोवसमं सिवं भवतु ॥२॥ शिवमस्तु सर्वजगतः, परहितनिरता भवन्तु भूतगुणाः। दोषाः प्रयान्तु नाशं, सर्वत्र सुखीभवन्तु लोकाः ॥३॥ उपसर्गाः क्षयं यान्ति, छिद्यन्ते विघ्न वल्लयः। मनः प्रसन्नतामेति, पूज्यमाने जिनेश्वरे ॥४॥

बृहत् शान्ति के बनाने वाले आचार्य वृद्धवादीजी का विक्रमीय सं० ११०० के करीब है।

गौतमाष्टक

श्रीइन्द्रभूतिं वसुभूति पुत्रं, पृथ्वीभवं गौतम गोत्र रत्नम् । स्तुवन्तिदेवा सुर मानवेन्द्राः, सगौतमो यच्छतु वाञ्छितं मे ॥१॥ श्रीवर्धमानस्त्रिपदीम-वाप्य, मुहूर्त्त मात्रेण कृतानि येन । अङ्गानि पूर्वाणि चतुर्दशापि, स गौ० ॥२॥ श्रीवीर नाथेन पुरा प्रणीतं, मन्त्रं महानन्द सुखाय यस्य । ध्यायन्त्यमी सूरिवराः समग्राः, स गौ० ॥३॥ यस्याभिधानं मुनयोऽपि सर्वे, गृह्णन्ति भिक्षां भ्रमणस्य काले । मिष्टान्नपानाम्बर पूर्णकामाः, स गौ० ॥४॥ अष्टापदाद्रौ गमने स्वशक्त्या, ययौ जिनानां पदवन्दनाय । निशम्य तीर्थातिशयं सुरेभ्यः, स गौ० ॥५॥ त्रिपञ्च संख्या शत तापसानां, तपः कृशानामपुनर्भवाय । अक्षीण लब्ध्या परमान्नदाता, स गौ० ॥६॥ सदक्षिणं भोजनमेव देयं, स्वधार्मिकं संघ समर्पयेति । कैवल्य वस्त्रं प्रददौ मुनीनां, स गौ० ॥७॥ शिवङ्गते भर्तरि वीर नाथे, युग प्रधानत्वमिहैव मत्वा । पट्टाभिषेको विदधे सुरेन्द्रैः, स गौ० ॥८॥ त्रैलोक्य बीजं परमेष्ठि बीजं, सज्ज्ञान बीजं जिन-राज वीजं। यन्नाम चोलं विदधाति सिद्धिं, स गौ० ॥९॥ श्रीगौतमस्याष्टक मादरेण प्रबोधकाले मुनिपुङ्गवाय । पठन्ति ते सूरि पदं सदैवानन्दं लभन्ते सुतरां क्रमेण ॥

भजन

तेरे दरशन से भगवान्, कटेगा कर्मका पाप महान् । तू मोक्ष गामी कहलाता, तेरे दरशन को सब आता ॥ तेरी पूजन से भगवान्, कटेगा कर्म का पाप महान् ॥ तेरे० १ ॥ तुम जगके पालनहारे, बहुतों के दुःख तुमने टारे । तेरी शरण पड़े जो आन, कटेगा कर्म का पाप महान् ॥ तेरे० २ ॥

नोट—ये वृहत् शान्ति वादिवेताल श्रीशान्तिसूरिजी की बनाई हुई है। यह कोई स्वतन्त्र स्तोत्र नहीं है। किन्तु उक्त आचार्य के रचे हुए 'अर्हद्भिषेक विधि' नामक ग्रन्थ में 'शान्तिपर्व' नाम का सातवां हिस्सा है। इसके सबूत मे "इति शान्तिसूरि वादिवेतालीयेऽर्हद्भिषेकविधौ सप्तमं शान्तिपर्वकं समाप्तमिति" यह उल्लेख मिलता है। इसमें मुख्यतया शान्तिनाथ भगवान् की स्तुति की गई है। मागलिक महोत्सवों की शान्ति के लिए तथा विशेप कर पाक्षिक, चातुर्मासिक तथा सावत्सरिक प्रतिक्रमणों के अन्तभाग मे बोला जाता है।

जब कोई महोत्सव आवे, नर नारी खुस हो जावे। वे तो करते धर्म और ध्यान, कटेगा कर्म का पाप महान् ॥ तेरे० ३ ॥ मण्डल महावीर ये गावे, मौका बार बार नहिं आवे। कर लो धरम ध्यान और ज्ञान, कटेगा कर्म का पाप महान् ॥ तेरे० ४ ॥

भजन

मन्दिर के बीच बैठ के गावें, प्रभू का ध्यान लगावें। सोने की झारी गङ्गाजल पानी, प्रभू को उससे नहलावें ॥ मन्दिर० १ ॥ घिस घिस केशर भर भर प्याले, प्रभू की अंगिया रचावें। चुन चुन कलियां फूल सजाकर, प्रभू के खूब चढ़ावें ॥ मन्दिर० २ ॥ दीया भर भर घी का लेकर, प्रभु की आरती उतारें। सब सज्जन हिल मिलकर गावें, दिल से शीश नवावें ॥ मन्दिर० ३ ॥

॥ इति स्तोत्र विभाग ॥

नोट--यह भजन मिरजापुर निवासी ज्ञानचन्द सीपाणी का बनाया हुआ है।

नोट—यह भजन हीरालाल बदलिया बी० ए० की तरफ से भेट स्वरूप आया है।

परिशिष्ट

स्याद्वाद* सप्तभंगी

संसार मे जितने भी मत-दर्शन और जातिया है सभी सत्य की खोज करती है। उसके सम्मान्य विद्वानोंने अथाक प्रयत्न कर तत्त्वरूपेण सत्य को प्राप्त कर, अनुभव से अपने अपने अनुभव दुनियाके सामने रक्खे है। उसके बादके अनुयायियों ने. उनकी मान्यता को समझ कर उसका अनुसरण कर येन केन प्रकारेण उसे सिद्ध करने की कोशिश की है। सत्य तो स्वयं जैसा है वैसा शुद्ध है, पर उसे प्राप्त करने के साधनों में विभिन्नता है, सत्य को स्वयं समझने मे अधिकाधिक मतभेद है। जितने मतभेद है और जिन्होंने इस विषयका गहरा विचार अपने अपने निराले तरीकों से किया है, उतने ही दर्शन आज मौजूद हैं। तत्त्व ज्ञान के विषय में जितने जितने प्रमाण हो सकते है, सभी ने लेकर अपनी अपनी मान्यता को सिद्ध करने की कोशिश की है। यों बुद्धि की कसौटी ज्यों ज्यों अधिक होने लगी त्यों त्यों यह विषय फैलने लगा, अब अलग विषय वाला शास्त्र न्याय शास्त्र कहलाता है। प्रत्येक दर्शन मत की जो मान्यतायें है उनको प्रमाणादि से जिस शास्त्र मे सिद्ध किया जाय वह न्याय शास्त्र कहलाता है। परमत का निरूपण और उसका खंडन भी इस में रहता है।

संसार के दर्शनों में जैन दर्शन का विशेष स्थान है। प्रत्येक पदार्थ पर स्वतन्त्रता से गहरा विचार इस दर्शन मे किया हुआ है। उसमें भी इसकी खास खासियत स्याद्वाद है। सभी तत्त्व विचारक जब एक दूसरा या एक ही तरफ झुक जाते है, एक ही वस्तु के प्रतिपादन मे दूसरी को भूल जाते है, भूल ही नहीं जाते वरन् खंडन कर देते ? अपने माने हुए, कल्पे हुए विषय ही को एकान्त सत्य कहकर दूसरा सारा झूठा बताते हैं तब जैन दर्शन प्रत्येक विषय का सम्यक्दृष्टि से विचार करता है और वह स्याद्वाद के जरिये स्याद्वाद ही इस दर्शन का मूल स्तंभ है।

स्याद्वाद का दूसरा नाम है—अनेकान्तवाद या इसे अपेक्षावाद भी कह सकते है। एक ही वस्तु को एक ही दृष्टि से देखकर इसे एक ही तरह का प्रमाणित करना, एकान्त है। जैसे आप एक सिपाही देखते है, आप जब एक ही बात पर उतर पडते है तो आप यही कहेंगे बस यह सिपाही ही है। यह हुआ एकान्त पर नहीं, सिपाही नहीं, वह और भी बहुत कुछ है, सिपाही के अलावा वह आदमी भी है, वह किसी का चाचा है, किसी का भाई, किसी का मामा और किसी का कुछ। इस तरह से इसका अनेक अवस्थाओं का जो प्रमाण भूत कथन है वह है अनेकान्त। चूंकि यह भिन्न भिन्न विषयों की अपेक्षा से प्रतिपादित होता है, इसीलिये इसे अपेक्षावाद कह देते है।

इसलिये अगर एक ही बात को एक ही अवस्था से देखकर उस पर निर्णय दिया जायगा तो वह गलत होगा। दर्शनों का मतभेद गहरे विषयों मे पडता है। आत्मा के गुण धर्म उसका स्वभाव आदि

---

* इसी स्याद्वाद सप्त भंगीको श्री शङ्कराचार्य जी खण्डन करने लगे थे किन्तु खण्डन कर नहीं सके कारण सत्यता का खण्डन हो नहीं सकता।

मुख्य हैं। अगर इनको एकान्त नित्य या एकान्त अनित्य ही मान लिया जाय तो कोई भी बात साबित नहीं होती। एकान्त नित्य माना जायगा तो वह सदा एक स्वभाव में स्थित रहेगा, उसकी अवस्था में भेद न होगा। अवस्था भेद हुए बिना संसार और मोक्ष भी न होंगे। यों सारी गड़बडी मचेगी, अगर संसार और मोक्ष को कल्पित कहा जाय तो उसकी उपलब्धिका भी अभाव हो जायगा। अतः एकान्तरूप से आत्मा नित्य नहीं हो सकती। और एकान्त अनित्यत्व तो कोई तरह से घटना नहीं। क्योंकि इसमें तो असद् की उत्पत्ति और सद् का अभाव का प्रसंग आता है जो सर्वथा असंभव है। लेकिन जब उसे अनेक धर्मों की अपेक्षा से नित्य और अमुक की अपेक्षा से असत्य मानते हैं तो कोई झगडा खड़ा नहीं होगा।

सद् असद् का विचार भी इस में हो जाता है। सद् वही है जो उत्पन्न होता हो, नष्ट होता हो, स्थिर भी रहता हो। आपने सुनार को सोने का कड़ा दिया और कहा अंगूठी बना दो। अब देखिये, सोने की दृष्टि से सोना तो कायम ही रहता है और कडा नष्ट हो जाता है और अंगूठी की उत्पत्ति हो जाती है। संसार में जितने पदार्थ आप देखते हैं सभी में आप ये लक्षण पायेंगे। जिन में ये लक्षण न हों उसका प्रादुर्भाव ही नहीं हो सकता। इसलिये ये हुआ सत्का लक्षण। और इसकी सिद्धि अपेक्षा से होती है। जिस मूल रूप में वस्तु सदा स्थित रहती है वह द्रव्य कहलाता है और जिस रूप में इसका एक तरह से नाश और दूसरी तरह से उत्पत्ति होती है वह पर्याय कहलाता है। द्रव्य की दृष्टि से देखा जाय तो सभी घटपटादि पदार्थ नित्य हैं, अर्थात् वे किसी न किसी मूल रूप में अवश्य स्थित हैं। और पर्याय रूप से देखा जाय तो सभी अनित्य हैं। वेदान्त औपनिषद-शांकरमत सत् को केवल नित्य मानते हैं। बौद्ध लोग सभी वस्तुओं को अनित्य क्षणस्थ भी मानते हैं। सांख्य दर्शनवाले चेतन तत्त्वरूप सत् को केवल ध्रुव नित्य और प्रकृति तत्त्व रूप सत नित्यानित्य मानते हैं। जब जैन दर्शन की मान्यतानुसार जो सार वस्तु है वह पूर्ण रूप से फकत नित्य या उसका अमुक भाग अनित्य या अमुक परिणाम नित्य और अमुक अनित्य नहीं हो सकता। चाहे जीव हो या अजीव, रूपी हो या अरूपी, सूक्ष्म हो या स्थूल सभी सत कहलानेवाली वस्तुएं इन तीन धर्मों मे युक्त होंगी।

इन सब धर्मों की विवक्षा अच्छी तरह से समझ में आ सके इसलिये इस के सात रास्ते बताये है जो जैन तत्त्वज्ञान में सप्तभंगी (सत् भग भेद) के नाम से प्रसिद्ध है।

१ स्यादस्ति,	कुछ (अमुक दृष्टि से) है।
२ स्यान्नास्ति,	कुछ नहीं है।
३ स्यादस्तिनास्ति।	कुछ है कुछ नहीं। एक साथ में—
४ स्याद्वक्तव्यम्।	एक तरह से अवाच्य है।
५ स्यादस्ति अवक्तव्यम्।	कुछ है कुछ अवाच्य है।
६ स्याद्नास्ति अवक्तव्यम्।	कुछ नही है और कुछ अवाच्य है।
७ स्यादस्ति नास्ति अवक्तव्यम्।	कुछ है कुछ नहीं है और कुछ अवाच्य है।

प्रश्न वशात् एकस्मिन् वस्तुनि अविरोधेन विधि प्रतिषेध कल्पना-सप्तभगी। अर्थात् एक वस्तु के भिन्न-भिन्न धर्मों का निरूपण विधि निषेध की कल्पना से करना सप्त भंगी है। सत् के तीन लक्षण बताये है। उत्पात, व्यय, और ध्रुव। दूसरे उदाहरण के तौर पर आप तीन अंक १-२-३ को लीजिये।

इनको प्रकारान्तर में लिखे जांय। १२३, २३१, ३२१, २१३, ३१२, १३२ ये छ रूप हुए सातवां नहीं का। इससे ज्यादा रूप नहीं हो सकते। इसे आप कोई भी वस्तु में घटा सकते हैं।

वस्तु है। यह पहला भंग है। इसमे अन्य धर्मों की गौणता है। वस्तु नहीं है—अर्थात् जब कुछ भी दूसरी वस्तु पर ध्यान दिया जाय तो उस समय वस्तु का अभाव मालूम होगा तब कहा जायगा—स्यान्नास्ति। पर दर असल मे वह वस्तु है पर ध्यान से चूके हैं इसलिये एक ही समय मे अस्ति नास्ति का भेद लागू होगा। जब वस्तु अस्तित्व और नास्तित्व इन दोनों धर्मों से वस्तु युक्त है। यह बात तो विवक्षित हो, परन्तु दोनों का क्रमसे वर्णन करना विवक्षित न हो उस वक्त उस वस्तु को न सत् कह सकते हैं और न असत् तब उसे स्यादवक्तव्य कहते हैं। शेप भग विकल्पों के सयोग रूप में हैं।

सप्तभंगी के दो भेद हैं। एक सकलादेश दूसरा विकलादेश। सकलादेश—जैसा नामसे स्पष्ट है यह वस्तु के अन्य धर्मों का भी बोध कराता है। और समूची वस्तु का विचार करने के कारण ये द्रव्यका विचार करता है। जब विकलादेश में वस्तु के अमुक अंश का विचार होता है।

१-२-४ ये भंग सकला देश के हैं शेप विकला देश के।

संक्षेप मे कहा जाय तो वस्तु के गुण धर्मों को अच्छी तरह समझने के लिये स्याद्वाद ही ऐसा सिद्धान्त है जिसमें पूर्णता पाई जाती है। कई मानते हैं—कहते हैं—अजी यों भी हां, और त्यों भी हां। ये भी कोई मान्यता है। ऐसा कहनेवाले ही एक तरफ झुक जाते हैं। जब प्रत्यक्ष है कि बाप बेटे की दृष्टि से बाप है और खुद के बाप की दृष्टि से तो बेटा ही है फिर क्यों कर झूठ माना जाय। तो अपेक्षा दृष्टि से वस्तु का सम्पूर्ण विचार करना ही उसका पूरा विचार है। और इसलिये जैन दर्शन का स्याद्वाद अनेकान्त सिद्धान्त सर्वथा ठीक है।

सप्त नय

प्रत्येक चीज की सिद्धि के लिये प्रमाण चाहिये। और वे भिन्न भिन्न प्रत्यक्ष और परोक्ष दो तरह के माने गये हैं। उनके भी भेद प्रभेद चलते हैं। पर सभी का मतलब वस्तु परीक्षण से ही है। प्रमाण वस्तु को सारी बाजुओं से देखता है यह बात भी सच है कि अनेक चीजों के विपयक एक या अनेक व्यक्तियों के अनेक तरह के विचार होते हैं। अगर एक ही वस्तु के विपयक भिन्न भिन्न विचारों की गणना की जाय तो वे अपरिमित मालूम होंगे। और इससे वस्तु का बोध करना ही अशक्य हो जायगा। प्रमाण जब सर्व ग्राही होने से वस्तु का समग्र विचार करता है जब अति विस्तृत मार्ग को छोड़कर वस्तु का निरूपण नयों द्वारा होता है। या नयों का अर्थ हम यों कर सकते हैं—नय अर्थात् भिन्न भिन्न पदार्थ एक दूसरे में मिश्रित न हो जायें इस तरह के सिद्धि के वचनों को सिद्ध करने का साधन। वस्तु के मूल मे पहुंच कर उनके एक अंश को लेकर उस पर पूरा विचारने का, साधन। या स्पष्टार्थ यह होगा कि नय याने विचारों का वर्गी करण। विचारों की मीमांसा।

कई दफा एक ही वस्तु के विपयक अमुक अमुक विपयों के भिन्न भिन्न अभिप्राय होते हैं—देखने में वे भिन्न मालूम होते हैं पर एक या दूसरी तरह से उस पर गौर किया जाय तो उसमें विशेप अंतर मालूम नहीं होता। नय ये ही काम करते हैं, जो विचार भिन्न दिखाई देते हैं पर वास्तव मे भिन्न नहीं है, उनका एकी करण करते हैं।

नय सात है। नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजु सूत्र, शब्द, समभिरूढ़, और एवं भूत। इनके दो विभाग हैं, पहले तीन द्रव्यार्थिक नय कहलाते है—बाद के चार पर्यायार्थिक ?

दुनिया के सभी पदार्थ उनकी जातीयता की दृष्टि से प्रायः सामान्य होते हैं—और उनके व्यक्तित्व की दृष्टि से वे अपनी अपनी विशेषता रखते हैं। अर्थात् वस्तु मात्र सामान्य विशेषात्मक है। इन्सान के विचार भी कभी मात्र सामान्य ही की तरफ झुकते हैं—कभी मात्र विशेष की तरफ। जब पदार्थों का सामान्य दृष्टि से विचार किया जाता है तो वह द्रव्यार्थिक नय कहलाता है और जब विशेष पर विचार किया जाता है तो वह पर्यायार्थिक नय कहलाता है।

इन सामान्य और विशेष दृष्टियों में एक समानता नहीं रहती कुछ फरक रहता है। इसी का मार्ग दर्शन करने को फिर इनके भिन्न भिन्न विभाग किये हैं। जो हम ऊपर लिख चुके हैं। साथ में द्रव्य का विचार करते वक्त विशेष अर्थात् पर्याय और विशेष-पर्याय का विचार करते वक्त द्रव्य-सामान्य का विचार भी गौण रूप में रहता है। कपड़े की मीलमें हजारों तरह का कपड़ा निकलता है जब आप उसे कपड़े की दृष्टि से देखते है तो वह द्रव्यार्थिक नय होगा पर जब आप उनकी भिन्न जातियों-रंग-आदि। पतला आदि का विचार करेंगे तो वह वस्तु की विशेषता का विचार होने से पर्यायार्थिक नय कहलायेगा। दृश्य अदृश्य सूक्ष्म स्थूल कोई भी पदार्थ पर चाहे भूत भविष्य और वर्तमान सम्बन्धी क्यों न हो यह घटाया जा सकता है।

पहला नय नैगम है। शब्द और वाच्य पदार्थों के एक विशेष और अनेक सामान्य अंशों को प्रकाशित करने की अपेक्षा रखकर सामान्य विशेषात्मक अध्यवसाय को जिसका कि व्यवहार परस्पर विमुख अमान्य विशेष द्वारा हुआ करता है नैगम नय है। या दूसरा अर्थ होगा नैगम अर्थात् देश-लोक, और लोक में रूढ़ि अनुसार या सस्कार अनुसार जो उत्पन्न है वह होगा नैगम। देश काल और लोक सम्बन्धी भेदों की विविधता से नैगम नय के भी अनेक भेद प्रभेद हो सकते हैं।

कभी सुना जाता है इस दफा की मंदीमें हिन्दुस्तान खलास हो गया या कुष्टे के व्यापार में हिन्द मालामाल हो गया। इन शब्दों से मतलब हिन्दुस्तान के लोगों के आदमियों का ही रहता है।

महावीर जन्मोत्सव चैत्र सुदि १३ को मनाया जाता है उस वक्त हम यही कहते है—महावीर स्वामी का आज जन्म है हालाँ कि उन्हें हुए २५०० वर्ष हो चूके पर उस दिन वे ही बातें याद करी जाती हैं लोग भी उसकी वास्तविकता समझे होते है।

इत्यादि जो बातें लोक रूढ़ि में जैसे कही जाती हैं या मानी जाती हैं उनका वास्तविक शब्दार्थ पर ध्यान नहीं देकर प्रसिद्ध अर्थ ही ग्रहण होता है और यह सब नैगम नयान्तरगत है।

(२) जो सामान्य ज्ञेय को विषय करता है साथ में गोत्वादिक सामान्य और खंड मुंडादि विशेष में प्रवृत्त होता है वह संग्रह नय है। सत्ता रूपी सामान्य तत्त्व संसार के सभी जड चेतन पदार्थों में मौजूद है और दूसरे पदार्थों पर विशेष लक्ष्य न देकर केवल सामान्य पर दृष्टि रखना संग्रह नय का विषय है। कागज के माल मे हजारों कागजों की ओर ध्यान न देकर उन्हें कागज की तौर पर ही सामान्य रूप में देखने से यह नय है। वैसे तो सामान्य को छोड़ विशेष और विशेष को छोड सामान्य नहीं रह सकता। इसलिये सामान्य रूप में दोनों का ग्रहण करता है।

संग्रह नय में भी तरतम भाश से अनेक उदाहरण हो सकते हैं। जितना छोटा सामान्य होगा संग्रह नय भी उतना ही छोटा और जितना बड़ा सामान्य होगा संग्रह नय भी उतना ही बड़ा होगा।

गोया मतलब यह कि सामान्य तत्त्व का आश्रय लेकर विविध वस्तुओं के एकीकरण के जो विचार हैं वे सभी संग्रह नय में अंतरगत होते है।

(३) संग्रह नय में जो सद्रूप सामान्य कहा है उसे महा सामान्य समझना चाहिये। तब महा सामान्य का विशेष रूप से बोध करना पडता है या व्यवहार में उपयोग करना पड़ता है तब उनका विशेष पृथक् करण करना पड़ता है। जल कहने मात्र से भिन्न भिन्न जलों का बोध नहीं होता। जिसे खारा पानी चाहिये वह खारे मीठे का बोध हुए विना उसे नहीं पा सकता। इसी लिये खारा पानी मीठा पानी इत्यादि भेद भी करने पड़ते हैं। मतलब यह कि सामान्य के जो भेद करने पड़ते हैं। वे व्यवहार मे आते है।

(४) व्यवहार नय के विषय किये हुए पदार्थ का केवल वर्तमान विषयक विचार ऋजु सूत्र नय करता है। हम भूत भविष्य की उपेक्षा अलबत्ता नहीं कर सकते फिर हमारी बुद्धि वर्तमान काल की तरफ पहले और अधिक झुक जाती है। क्योंकि उसी का उपयोग है भूत भावि कार्य साधक तो है नहीं इसी-लिये उनका होना न होना बराबर है निकम्मा है। कोई मनुष्य वैभव शाली था या वैभव शाली होगा इससे कोई मतलब नहीं; वर्तमान मे वैभव शाली होना ही वैभव का उपयोग रखता है। ऐसे जो केवल वर्तमान विषयक विचार रखता है वह ऋजु सूत्र नय कहलाता है।

(५) व्यवहार नय में से ऋजु सूत्र में आकर हम केवल वतमान विषयक विचार करते हैं पर कई दफा बुद्धि और भी सूक्ष्म हो जाती है और शब्दों के उपयोग की तरफ पूरा ध्यान देती है। अर्थात् जब वर्तमान काल, भूत और भविष्य से भिन्न है तो काल लिंग आदि को लेकर शब्दों का अर्थ भी अलग अलग क्यों न माना जाय? जब कि तीनों कालों मे कोई सूत्र रूप एक वस्तु नहीं है तो लिंग संख्या कारक उपसर्ग काल आदि से युक्त शब्दों द्वारा कही जाने वाली वस्तुएें भी भिन्न भिन्न हैं।

किसी ने कहा हिन्दुस्तान की राजधानी देहली में थी तब उसमे भूत काल का क्यों प्रयोग हुआ क्योंकि दिल्ली तो अब भी है पर कहने वाले का मतलब पुरानी दिल्ली से है न कि नयी से। और पुरानी दिल्ली नयी दिल्ली से भिन्न भी है। यह हुआ काल से अर्थ भेद।

गढ़ और गढैया। ये भी लिग भेद से अपने अपने अर्थ मे फरक रखते है। उपसर्ग लगने से अर्थ भेद हो जाता है जैसे आगमन, वहिर्गमन, निर्गमन। प्रस्थान, उपस्थान, आराम, विराम, प्रताप, परिताप आदि मे धातु एक होने पर भी उपसर्ग लगने से अर्थ भेद हो जाता है। यही शब्द नय भी शुरुआत करता है।

इस तरह केवल शब्दो पर आधार रखने वाला शब्द नय है।

(६) समभि रूढ़, शब्द नय से एक कदम आगे और बढना है अर्थात् जब लिंग संख्या काल आदि से शब्दार्थ मे भेद होता है तो व्युत्पत्ति से क्यों नहीं अर्थात् एकार्थक जितने भी शब्द लोक मे प्रचलित हैं उन की व्युत्पत्ति व्याख्या के अनुसार उनके अर्थ मे भी भेद हैं। साधु वाचक कई शब्द साधु, मुनि, यति भिक्षु ऋषि आदि लोक में प्रचलित है और साधारण व्यवहार मे उनसे साधु का मतलब ले लिया जाता है फिर वे सब अलग अलग अर्थ के अनेक होने से भिन्न भिन्न हैं यत्न करे वही यति। भिक्षा मांगे तो वही भिक्षुक मौन करे वही मुनि इत्यादि। इस तरह व्युत्पत्ति से अर्थ भेद बताने वाला समभिरूढ़ नय है। पर्याय भेद से अर्थ भेद की सभी कल्पनायें इसी श्रेणी की हैं।

(७) जब एक आदमी एक ही बाजू झुकता है तो वह गहरा उतरता ही जाता है और व्युत्पत्ति से अर्थ भेद से भी वह संतुष्ट नहीं होता और कहता है जब व्युत्पत्ति से अर्थ भेद मानें तब तो ऐसा क्यों न मानना चाहिये जब व्युत्पत्ति सिद्ध अर्थ घटित होता है। तभी वह शब्द सार्थक है अन्यथा नहीं ऐसा अर्थ लेने पर हम साधु को मुनि नहीं कह सकते अर्थात् जिस समय वह मौन क्रिया में प्रवृत्त होगा तभी वह मुनि कहलायेगा। जब भिक्षा ले रहा होगा तभी भिक्षुक कहायेगा। जिस समय नौकरी करता हो उसी वक्त नौकर कहायेगा। सार यह है कि तात्कालिक सम्बन्ध रखने वाले विशेष और विशेष्य नाम का व्यवहार करने वाली मान्यतायें एवं भूत नयान्तरगत आती हैं।

इस तरह सातों नयों का स्वरूप है। यह बात सहज ही समझ मे आ जाती है कि ये एक दूसरे से सूक्ष्मातिसूक्ष्म होते जाते हैं फिर भी एक दूसरे से अवश्य संबंधित हैं। अतः एक दूसरे से सामान्य और एक दूसरे से विशेष है। ऐसी परंपरा से नैगम से संग्रह और संग्रह से व्यवहार विशेष को ग्रहण करता है तो उसे पर्यायार्थिक कहना होगा पर ऐसा नहीं क्योंकि किसी न किसी रूप में यह जाति को ग्रहण करते हैं काल को भी ग्रहण करते है इस लिये यह तो अवश्य है कि एक दूसरे की अपेक्षा से विशेष अवश्य है पर वैसे ये द्रव्यार्थिक ही है और शेष चार वर्तमान विषयक ही विचार करते है इससे पर्यायार्थिक हैं।

इस तरह प्रमाण सिद्ध वस्तु के अंशों का सूक्ष्म विवेचन नयों द्वारा ही होता है।

निक्षेप

संसार में कोई ऐसी वस्तु नहीं है, जिसमें चार निक्षेप न हों। निक्षेप शब्द का अर्थ तो व्याकरणानुसार दूसरा होता है, जिसके फलस्वरूप निक्षेप वस्तु का स्वधर्म सिद्ध नहीं होता, क्योंकि 'नि' उपसर्ग पूर्वक 'क्षिप' प्रेरणे धातु से 'निक्षिप्यते अन्यत्र' इस व्युत्पत्ति से निश्चय रूप से क्षेपण किया जाय अन्य वस्तु मे, उसका नाम निक्षेप है। यद्यपि व्युत्पत्ति को लेकर यह अर्थ ठीक है, पर यह कृत्रिम अर्थ मे ही ऐसा माना जायगा स्वाभाविक अर्थ में तो संकेत के अनुसार निक्षेप वस्तु का स्वधर्म ही सिद्ध होता है।

निक्षेप शब्द के अर्थ पर प्राचीन व्याख्याताओं का यही शंका समाधान है, पर विचार करने पर व्युत्पत्ति भेद से भी समाधान होता है, जैसे—'निक्षिप्यते ज्ञातुरग्रे दीयते पदार्थोऽनेनेति निक्षेपः' अर्थात् 'बोद्धा के सामने पदार्थ जिस (धर्म) के द्वारा लाया जाता है, वही निक्षेप है'। ऐसी व्युत्पत्ति और 'नि' उपसर्ग पूर्वक 'क्षिप' प्रेरणे धातु से 'हलश्च' इस सूत्र से करणार्थक वञ् प्रत्यय करके अगर निक्षेप शब्द बना लेते हैं तो निक्षेप का अर्थ सीधा धर्म ही होता है। फिर दूसरा समाधान खोजने की आवश्यकता ही नहीं।

निक्षेप चार होते हैं। नाम निक्षेप, स्थापना निक्षेप, द्रव्य निक्षेप, और भाव निक्षेप। यदि वस्तुओं के ये चार स्वधर्म रूप निक्षेप न माने जाय तो व्यावहारिक कार्यक्षेत्र में बड़ी ही संकट पूर्ण परिस्थिति उपस्थित हो जायगी। प्रत्येक पदार्थ का अपना अलग नाम होता है और उसके जरिये उस पदार्थ की पहिचान होती है। अगर नाम न हो तो किसी पदार्थ की पहिचान ही असम्भव है। किसी ने सच कहा है—

देखिय रूप नाम आधीना। रूप ज्ञान नहि नाम विहीना॥
रूप विशेष नाम बिनु जाने। करतल गत न परहिं पहिचाने॥

इसलिये नाम वस्तुओं का स्वधर्म है। दूसरा स्थापना निक्षेप है। स्थापना आकार का पर्याय

है। किसी वस्तु की जानकारी में आकार भी सहायता प्रदान करता है। क्योंकि कोई किसी पदार्थ को उसके आकार के द्वारा ही निश्चित करता है अतएव स्थापना भी वस्तु का स्वधर्म है। तीसरा द्रव्य निक्षेप है। द्रव्य शब्द आकार गत गुण का बोधक है। पदार्थ के निश्चय करने में आकार गत गुण भी निश्चयात्मक होते हैं। अगर कोई काली गौ लाने के लिये कहता है तो लानेवाला 'गौ' इस नाम और लोम, लाङ्गुल, शृङ्ग प्रभृति अंगों से समन्वित आकार के साथ-साथ उसके आकारगत कालापन को देख कर ही ला सकता है। इसलिये द्रव्य भी वस्तु का स्वधर्म है। चौथा भाव निक्षेप है। भाव का अर्थ है उपयोग। दूध के लिये गौ लाने को कहा जायगा तो लानेवाला दुग्धदायिनी प्रकृति की भी जानकारी कर लेगा, तब कहीं गौ ला सकेगा। इसलिये मानना पड़ेगा कि भाव भी वस्तु का स्वधर्म है।

एक और उदाहरण लीजिये कि किसी मनुष्य ने किसी से कहा कि तुम भण्डार से घड़ा ले आओ। लानेवाला 'घडा' यह नाम सुन कर चला गया और भण्डार में अनेक वस्तुओंके होते हुए भी आकार-प्रकार से घड़े को पहिचान लिया। बाद में द्रव्य भी पहिचाना कि घडा कच्चा है या पक्का, लाल है या काला। फिर उसने इस बात की भी जानकारी प्राप्त की कि इस के द्वारा पानी भरा जा सकेगा। इस भांति चारों स्वधर्मों के द्वारा निश्चय करके ठीक-ठीक घड़े को उठा लाया।

इसी तरह जिन भगवान् की हमलोग मूर्त्ति बनवाते है और उस मूर्त्ति का नाम कहा करते हैं 'जिन भगवान्'। यद्यपिवह मूर्त्तिपाषाण काष्ठधात्वादिकागज और रंगोंके सिवाय और कुछ नही है, फिर भी हमलोग उस मूर्त्तिका नाम करण करते हैं 'जिन भगवान्'। यह आकार जिन भगवानका है, ऐसा समझ कर स्थापना करते हैं। तदनन्तर उस मूर्त्ति में जिन भगवान् की आत्मा का अनुभव करते हुए हम उनके दया, दान, क्षमा, तपस्या आदि गुणों को अपने स्मृति-पथ के पान्थ बनाया करते हैं, उनकी शान्त मुद्रा पद्मासन योग प्रभृति स्वरूपों का हमारे मानस पर शनैः शनैः सफल असर पड़ता है और हम सोचते हैं कि हममें भी किसी दिन भगवान् के ये गुण आ जायगें और हम मुक्त हो जायगें। अन्त में फल भी वही होता है जो कि होना चाहिये। किसी ने सच कहा है—

जाको जा पर सत्य सनेहू। सो तेहि मिले न कछु सन्देहू॥

यही कारण है कि हमलोग बडी भक्ति और श्रद्धा से मूर्त्तियों को वन्दन नमन किया करते हैं।

नाम निक्षेप।

नाम निक्षेप के दो भेद है। एक अनादि एवं स्वाभाविक, दूसरा सादि तथा कृत्रिम। अनादि स्वाभाविक के भी दो भेद हैं, अनादि स्वाभाविक दूसरा अनादि संयोग सम्बन्ध जन्य। अनादि स्वाभाविक का उदाहरण लीजिये, जीव और अजीव। चेतनात्मक (चेतनास्वरूप) ज्ञान से वंचित होने के ही कारण 'ससारी जीव' ऐसा नाम पड़ा है। इस जीव को ही कोई 'आत्मा' कोई 'ब्रह्म' कोई परमात्मा कह कर पुकारा करता है। पर यह नाम कब पडा? किसने रखा? यह कोई नहीं बता सकता। इसलिये यह अनादि स्वाभाविक नाम निक्षेप है।

इसी तरह आकाश, धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय और पुद्गल परमाणु ये सब अजीव है। और इन सबों के ये नाम अनादिकालिक तथा स्वाभाविक हैं; क्योंकि इनके सादित्व और कृत्रिमता के निश्चायक कोई आधार नहीं है। दूसरा है अनादि संयोग सम्बन्ध जन्य। जीवों का कर्मों से अनादि काल से लेकर सुदृढ़ सम्बन्ध है। जिसके फल स्वरूप जीव चौरासी लाख योनियों मे चक्कर काटा

करते हैं और उस उस योनि में भिन्न भिन्न जातिवाचक नाम से सम्बन्धित हुआ करते है। यहां यह कोई नहीं बता सकता है कि इन चौरासी लाख योनियों के नाम किसने रखे? और वे नाम कब से व्यवहृत हुए। इसीलिये अनादित्व (अर्थात् जिसकी आदि नहीं है) और कर्मों के सम्बन्ध से संयोग सम्बन्ध जन्यत्व अच्छी तरह सिद्ध हो जाता है। कृत्रिम नाम के भी दो भेद है। एक तो सांकेतिक दूसरा आरोपक। सांकेतिक नाम वह है जो माता, पिता या गुरु कृत होता है। अथवा किसी व्यक्ति विशेष के द्वारा रखा गया होता है। उस नाम का उद्देश्य व्यवहार सम्पादन मात्र होता है। किसी गुण या योग्यता की हैसियत से वह नाम निर्वाचित नहीं होता है। कोई जन्म सिद्ध दरिद्र अपने लड़के का नाम प्रेम से 'राजकुमार' रखता है। बाद में वह लड़का बदनसीबी से चिथड़ों में लिपटे हुए भी—काफी सूरत से भूत की तरह होते हुए भी आम जनता में 'राज कुमार' नाम से ही पुकारा जाता है। कार्य क्षेत्र में कोई अड़चन नहीं आती है। प्रत्युत उस नाम से सम्बन्धित सभी काम खुशी से सम्पादित हुआ करते हैं। इसी तरह हम लोग पाषाण, काष्ठ, मिट्टी वगैरह की मूर्ति लाते हैं और उसका नाम रख लेते है—'जिन भगवान्' फल स्वरूप उसी मूर्त्ति के सांकेतिक नाम से अपनी इष्ट सिद्धि भी कर लेते हैं। सांकेतिक नाम से किसी गुण या योग्यता का सम्बन्ध नहीं है। सांकेतिक नाम अपेक्षाकृत स्थायी होता है। आरोपक नाम वह है जो सीमित एवं अल्प कालके लिये स्थायी हो। जैसे कोई अपनी गाय भैंस वगैरह का नाम प्यार से गंगा, सरयू आदि कहा करता है। पर वह नाम उसी के परिवार तक सीमित होता है, दूसरी जगह जाने पर उस गाय या भैंस का वह नाम नहीं कहा जाता। वह तो तभी तक था, जब तक कि नामी वहां था। लड़के लोग सड़क पर लकड़ी के कुन्दे को दोनों पैरों के बीच में रखकर और जमीन में हाथ से दबाकर दौड़ते हैं और कहते है—हटो! हटो!! घोडा आता है। यहां यह कुन्दा रूपी घोड़ा क्षण भर के लिये है और उसी लडके तक वह नाम व्यवहृत हुआ है। उपर्युक्त उदाहरणों से यह सिद्ध होता है कि आरोपक नाम सीमित एवं अपेक्षाकृत अस्थायी होता है।

यही कारण है कि शिल्पी लोग मिट्टी आदि उपादानों से रामकृष्ण, लक्ष्मी, गणेश, साधुसन्त, महात्मा, दयानन्द प्रभृति देवी देव महापुरुषों की मूर्त्तियां बनाकर बाजार में लाते हैं और लोग पैसा खर्च करके ले जाते हैं और अपनी अपनी रुचि के अनुसार पूजते तथा इष्ट प्राप्ति किया करते हैं। इसमें वस्तुतः सचाई है, जो कि दुराग्रह रहित बुद्धि से देखी जा सकती है।

स्थापना निक्षेप।

किसी वस्तु में, या निराधार, जो किसी के आकार का आरोप होता है, वह स्थापना निक्षेप है। यह दो तरह से होता है एक तो सादृश्य से दूसरा व्यक्तिगत विचारानुकूल। जो आधार गत आकार का आरोप होगा, वह कहीं सादृश्य से होगा और कहीं व्यक्तिगत विचारानुकूल होगा। एवं जो निराधार स्थापना होगी, वह केवल वैयक्तिक विचारानुकूल ही होगी। आप देखेंगे कि किसी चित्र में, चाहे वह हाथी का हो या घोड़े का, देवता या मनुष्य का, स्त्री या पुरुष का, किसी का क्यों न हो, कुछ सादृश्य को लेकर असली वस्तु के आकार की स्थापना की जाती है। "यह घोड़ा है" ऐसा व्यवहार होता है; क्यों? इस लिये कि उस चित्र में घोड़े के समान कान, नाक, मुंह वगैरह सभी अङ्ग लिखे गये हैं। इसी तरह मूर्त्तियों के उपासक अपने अपने उपास्य देव की मूर्त्तियों में शास्त्रवर्णित गुण और महत्ता के स्मारक लक्षणों के बदौलत ही 'ये राम हैं' 'ये भगवान् जिन है' इस तरह की भावना रखते हैं एवं उनकी हार्दिक उपासना

किया करते हैं। अगर कोई यह शंका करता है कि मूर्त्ति तो पाषाण, काष्ठ या और किसी जड़ पदार्थ की होती है, उसकी उपासना से इष्ट सिद्धि कैसी ? तो मैं कहूंगा कि अगर तुम पक्षपात शून्य हृदय से विचार करोगे तो मालूम पड़ जायगा कि जब किसी सुन्दरी नव युवती औरत को कोई सिनेमा की तस्वीर में या कागज वगैरह के चित्र मे देखता है तो प्रत्यक्ष उसकी सुप्त आसक्ति जाग पड़ती है एवं स्त्री विषयक नया प्रेम मानस मैदान मे चक्कर काटने लग जाता है। अगर संघर्ष बढ़ता गया तो वह धीरे धीरे मन को कार्य रूप मे परिणत करने की ओर खींच ले जाता है। नतीजा यह होता है कि अन्त मे पथ भ्रष्ट होकर रहता है। यही कारण है कि 'चित्त भित्तं ण णिज्झाए' अर्थात् चित्र में बनाई गई स्त्री को भी मत देखो इस भांति साधुओं को मनाई की गई है। कहने का मतलब यह है कि जब इस तरह सौन्दर्यवान चित्र से पतन होता है तो जिन भगवान् की मूर्त्ति के अवलोकन पूजन नमन के अभ्यास से उनके मोक्ष साधक गुणों की ओर खींचकर हम लोग एक रोज निर्वाण पद प्राप्त करेंगे—अपने लक्ष्य स्थल पर पहुंचेंगे, यह कोई भी सहृदय स्वीकार करेगा। अस्तु, कोई अगर अपने पिता का तैल चित्र बना रखा है तो उसे देखकर वह कह उठता है कि ये पिताजी हैं। यह सब स्थापना सादृश्य गुण से आधार गत हुई। यह कोई नियम नहीं कि यह स्थापना निर्जीव मात्र में ही हुआ करती है। किसी ब्राह्मण को श्राद्ध मे प्रेत बनाकर सनातनी लोग श्राद्ध कर्म किया करते हैं, वहा तो जीव मे ही आकार का आरोप होता है। कहीं यह स्थापना आधार गत वैयक्तिक विचार के अनुसार हुआ करती है। जैन वैष्णव मत में, विवाह मे मिट्टी की डली को पूजक अपने विचार मात्र से गणेश मान कर पूजा करते हैं। वहा मिट्टी की डली ही गणेश होता है। वैष्णव लोग शालिग्राम पत्थर को ही विष्णु समझ कर पूजा करते हैं। कहीं स्थापना निराधार होगी—व्यक्तिगत विचारानुकूल (अर्थात् पूजक के अपने विचार के मुताबिक) होगी। जैसे जैन मत मे यति साधु लोग शंख, चन्दन, गोमती चक्र प्रभृतियों का बिना किसी आधार के आकार का आरोप करते हैं। इसी तरह सनातनी लोग कटोरे में बिना किसी शक्ल को आधार बनाये, लक्ष्मी, सरस्वती, राम, कृष्ण आदि देवताओं का आकार मान कर पूजा किया करते हैं। यह सब निराधार वैयक्तिक विचारानुकूल स्थापना है।

उपर्युक्त स्थापना प्राचीन दृष्टिकोण से दो प्रकार की होती है। एक सद्भूत, दूसरी असद्भूत मिट्टी की डली को गणेश मान लेना असद्भूत स्थापना है। बिना आकार के शंख, चन्दन, गोमती चक्र प्रभृतिकी स्थापना भी असद्भूत स्थापना है। क्योंकि यहा उन पदार्थों को कुछ समानता नहीं है। सद्भूत स्थापना भी कृत्रिम और अकृत्रिम भेद से दो तरह की होती है। कृत्रिम वह है जो मनुष्यों के द्वारा बनायी गई जिन भगवान् की प्रतिमायें इस लोक में पूजी जाती है। अकृत्रिम वे है जो नन्दीश्वर मेरुपर्वत द्वीप, या देवलोक आदि मे जिन भगवान् की प्रतिमायें हैं।

उपर्युक्त विचारों से यह सिद्ध होता है कि पाषाण, काष्ठ मिट्टी आदियों से बनी हुई मूर्त्तियों में देवत्त्व बुद्धि से पूजा उपासना करना वस्तुतः युक्ति संगत है। और उपासकों को अपने लक्ष्य स्थल तक ले जाने का यह एक सुन्दर तरीका है।

द्रव्य निक्षेप

जिसका नाम, आकार गुण और लक्षण मिलते हों पर आत्म उपयोग न मिले तो वही द्रव्य निक्षेप है। जीव अपने असली स्वरूप को जब तक नहीं पहिचानता है, तब तक द्रव्य जीव है। क्योंकि उपयोग रहित जो पदार्थ होगा, वह द्रव्य है। "अनुयोग द्वार सूत्र" में कहा है—"अणुवओगो दव्वं" अर्थात्

उपयोग के बिना जो चीज होगी, वही द्रव्य है। किसी ने सच कहा है—"ज्ञानेन हीनाः पशुभिः समानाः" अर्थात् ज्ञान के बिना मनुष्य पशु के समान हैं।"

इस द्रव्य निक्षेप के दो भेद है। आगम विषयक (अर्थात् आगम से) दूसरा आगम भिन्न विषयक (अर्थात् नो आगम से) आगम से वह होता है कि शास्त्र तो पढ़ा, पर शास्त्र का मतलब नहीं समझा। अतएव उपयोग के बिना वह आगम विषयक द्रव्य निक्षेप है। इसी तरह "परोपदेशे पाण्डित्यम्" अर्थात् दूसरों को उपदेश देने में तो बड़ी योग्यता है, व्याख्यान कला के द्वारा आम जनता में तो खूब वाहवाही है, पर स्वयं अपने मे उपदेश का क्रियात्मक उपयोग नहीं है। ऐसी स्थिति में भी आगम विषय द्रव्य निक्षेप है।

दूसरे नो आगम से होने वाले द्रव्य निक्षेप के तीन भेद हैं, एक द्रव्य शरीर, दूसरा भव्य शरीर और तीसरा तद्व्यतिरिक्त। ज्ञ शरीर वह है कि तीर्थंकर निर्वाण पदवी प्राप्त कर चुके है, उनका मृत शरीर पड़ा है। अग्नि संस्कार होने वाला है तो जब तक अग्नि संस्कार नहीं हुआ है, तब तक वह ज्ञ शरीर कहाता है। थैली में रुपये थे, खर्च हो गये। थैली खाली पड़ी है जरूरत पड़ने पर आप कहते है रुपये की थैली ले आओ। यहां पर यह थैली ज्ञ शरीर। दूसरा भेद भव्य शरीर है। तीर्थंकर भगवान् अपनी माता के पेट से जन्म लेने के बाद बचपन अवस्था में जबतक रहे, उनके उस शरीर को भव्य शरीर कहा जायगा। आप किसी बछिये को देखकर कहेंगे, यह बड़ी दुग्धवती गौ होगी तो वह तात्कालिक बछिये का शरीर भव्य शरीर है। तद्व्यतिरिक्त अर्थात् ज्ञ शरीर और भव्य शरीर अतिरिक्त द्रव्य निक्षेपके अनेक उदाहरण हैं, जो कि तीसरे भेदमें आ जाते है। जसे—"ज्ञान हीन मनुष्य है" ऐसा कहा गया है, क्योंकि मनुष्य तो है पर मनुष्यत्व जो ज्ञान है उसका उपयोग नहीं है। इसलिये वह आगम भिन्न तृतीय भेद वाले द्रव्य निक्षेप के उदाहरण में आ जाता है। इसी तरह और भी दृष्टान्त अन्वेष्टव्य है।

उपर्युक्त विचार विमर्शोंका सारांश यह है कि लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश, काली, भवानी, तीर्थंकर भगवान् आदियों की मूर्त्तियां उपयोग रहित हैं, इसलिये द्रव्य निक्षेप में आ जाती है। एवं अपने अपने उपासकों से किसी नय की अपेक्षा से वन्दनीय हैं।

भाव निक्षेप

जिसका नाम, आकार और लक्षण गुण के साथ-साथ मिलते हों, वही भाव निक्षेप के उदाहरण है। क्योंकि अनुयोग द्वार मे कहा है—"उवओगो भाव" अर्थात् जिसमें उपयोग हो, वही भाव निक्षेप का आवास स्थल है। इसीलिये दान, शील, तपस्या, क्रिया, ज्ञान ये सभी भाव निक्षेप से समन्वित होने पर ही लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। अगर कोई निर्विवेकी मनुष्य बुद्धि की विचक्षणता से यह साबित करने की चेष्टा करे कि मन के परिणाम को सुदृढ़ करके जो कुछ काम किया जायगा, वह भाव युक्त होगा तो वह उसकी गलती है। क्योंकि ढोंग रचने वाले भी अपने स्वार्थ साधन के लिये मन को स्थिर बना कर तपध्यान आदि किया करते हैं, ताकि लोग उसकी माया में फंसा करें और वह अपना उल्लू सीधा किया करे। कमठने पञ्चाग्नि तपस्या की जो कि वस्तुतः खूब कठिन थी, पर थी उसकी तपस्या दम्भ-पूर्ण, तो क्या वह काम भावयुक्त माना जा सकता है ? नहीं ! कभी नहीं !!

यहां सूत्रानुसार विधि और वीतराग की आज्ञा में हेय और उपादेय का वर्णन हुआ है। उसकी असलियत को समझ कर अजीव, आश्रव, और बन्ध के ऊपर हेय अर्थात त्यागभाव और जीवका स्वगुण, सम्बर, निर्जरा, मोक्ष उपादेय अर्थात् ग्राह्य हैं। रूपी गुण है, इसलिये उसे द्रव्य समझ कर छोड़

दें। जैसे मन, वचन, काय, लेश्यादिक सभी पुष्पालीक रूपी गुण समझ कर छोड़ दें और ज्ञान, दर्शन, चारित्र, वीर्य, ध्यान प्रभृति जीव के गुणों को अरूपी समझ कर संगृहीत करे। यही भाव निक्षेप है। सूत्रों मे बयालीस भेद निक्षेप के कहे गये है। हमने सक्षेपमें वर्णन किया है। बुद्धिमान मनुष्य उपर्युक्त तरीके से हरेक वस्तु मे चारों निक्षेपों को उतार सकते है।

इसी तरह जिन भगवान् की प्रतिमाओं मे हमलोग "ये जिन भगवान् है" ऐसी आस्था रखते है और यह सोचते है कि जैसे मूर्त्तियों मे पद्मासन योग शान्त मुद्रा आदि भाव है और इन्हीं भावों के द्वारा इनकी भव्य आत्मायें मोक्ष पदवी प्राप्त कर चुकी है; वैसे ही हमलोग भी इन्हीं भावों की प्राप्ति से निर्वाण पद गन्ता बनेंगे, ऐसी भावना निज मनमें हमलोग किया करते है। अतएव भावयुक्त प्रतिमायें माननीय है— वन्दनीय है, इसमे कोई शक सन्देह नहीं।

मूर्त्तिवाद

दिवाल पर टंगे हुए या लिखे हुए स्त्रियों के चित्र भी साधुओं को नहीं देखने चाहिये, क्योंकि मानसिक वृत्तिया विकृत होकर—विकारयुक्त होकर ब्रह्मचर्य से च्युत कर देती है। — दशवैकालिक सूत्र

[सूत्र मे जो कुछ कहा गया है, वह हूबहू सच है, इसमें अत्युक्ति की बू तक नहीं है। क्योंकि कोई भी सहृदय सिनेमा वगैरह के चित्रों को देखकर अथवा यों ही सुन्दरी स्त्रियों के चित्रों को देख कर इसकी प्रत्यक्ष सचाई को महसूस कर सकता है। ऐसी हालत मे यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब चित्रों के अवलोकन से ब्रह्मचर्य से भ्रष्ट होने की गुञ्जाइश है, तब सन्मार्ग के प्रवर्त्तक भगवान् तीर्थङ्कर देव की मूर्त्ति को वन्दन, नमन, और दर्शन करके हमलोग सन्मार्गके सुदृढ़ पन्था क्यों नहीं बन सकते ? अगर बन सकते तब मूर्त्ति पूजा की अवहेलना क्यों ?]

मल्ली राजकुमारी के साथ छ राजकुमार, जो कि राजकुमारी के पूर्वजन्म मे मित्र थे और स्वयं राजकुमारी भी उस जन्म में पुरुष ही थी, शादी करना चाहते थे। राजकुमारी ने सोचा कि जबतक प्रभाव पूर्ण तरीके से काम नहीं लिया जायगा, तब तक ये राजकुमार लोग झूठी शादी से विरक्त नहीं हो सकते। यही सोच कर उसने एक सोने की मूर्त्ति बनवाई और उस मूर्त्ति के उदर गर्भ में एक-एक ग्रास भोजन नित्य प्रति डालने लगी। नतीजा यह हुआ कि मूर्त्ति का मुख ढक्कन खोल देने पर भोजन के सड़ जाने के कारण बडी बदबू आने लगी थी। बाद में जब राजकुमारी से शादी करने के लिये छहों राजकुमार आये तो राजकुमारी ने छहों राजकुमारों को विवाह मण्डप में बुलाया और स्वयं उस मूर्त्ति के मुख ढक्कन को खोल कर खडी हो गई। जब राजकुमार लोग आये तो बदबू के मारे वे सब बेहद घबड़ाने लगे, राजकुमारी ने कहा, महाराज ! इस सोने की मूर्त्ति मे मैं कुछ ही दिनों से एक-एक ग्रास भोजन डालती रही हूं, जिसका फल यह हुआ है कि अभी आपलोग इस मूर्त्ति के पास ठहरने मे भी असमर्थ हो रहे हैं, फिर आपलोग जिस मुझको, जो कि मैं केवल हाड मास की मूर्त्ति के सिवाय और कुछ नहीं हूं, पाने के लिये पागल हो रहे हैं उसमे तो कितने ग्रास भोजन रोज डाले जाते है, तब उससे आखिर जो गन्ध आयेगी, उससे आपलोगों की क्या दशा होगी, क्या यह भी सोचते है ? इस प्रकार मूर्त्ति के दृष्टान्त से राजकुमार लोग विरक्त हो गये, फलतः सच्चे ज्ञान का उदय हो गया। —ज्ञाता सूत्र

[यदि नकली सोने की मूर्त्ति से असली विराग प्राप्त हो सकता है तो भगवान् वीतराग को मूर्त्तियों से हमे वह सच्चा विराग क्यों प्राप्त नहीं होगा ? इस सवाल का कोई मुनासिब जवाब नहीं, फिर मूर्त्ति पूजा की सार्थकता से इनकार क्यों ?]

आर्द्रकुमार को उपदेश देने के लिये अभयकुमार ने कोई मूर्त्तिमान् पदार्थ भेजा। जिसे देखकर आर्द्र कुमारके मानस पट पर पूर्व जन्म के सारे ज्ञान चित्रित हो आये। --आचाराङ्ग सूत्र

[जब आर्द्र कुमार के पूर्व जन्म का ज्ञान, जिस पर काल के अन्तराय से अज्ञान का परदा पड़ गया था, किसी मूर्त्तिमान् पदार्थ को देखने से उसके मानस विचार तरङ्गों पर लहराने लगा, जो कि आखिर मोक्ष का कारण बना तो हमें भी उम्मीद करनी चाहिये कि हमारी आत्मा का छिपा हुआ ज्ञान, जिस पर अनेक जन्मों का परदा पड़ गया है, भगवान् वीतराग की मूर्त्ति के वन्दन नमन और मूर्तिमान पदार्थके दर्शन से निरन्तर अनेक गुणों के संस्मरण से एक न एक दिन मेघ निर्मुक्त चन्द्रमा की तरह चमक उठेगा और हम संसार बन्धन से छूट सकेंगे, इसमें कोई भी आश्चर्य जनक बात नहीं है।]

एक समय श्रेणिक राजा ने नरक के कष्टों से भयभीत होकर भगवान् महावीर से पूछा, महात्मन्! ऐसा कोई उपाय बतलाइये कि मुझे नरक न जाना पड़े। भगवान् ने कहा, अगर तुम अपने नगर के काल्ू कसाई को एक दिन के लिये भी दैनिक पांच सौ भैंसों की हत्या से रोक सको तो तुम्हे नरक न जाना पड़े। श्रेणिक ने काल्ू कसाई को बुलाया और समझाया कि तुम एक दिन के लिये भी हिंसा छोड़ दो। पर वह दुष्ट क्यों मानने वाला था, उसने तो पांच सौ भैंसों को नित्य प्रति मारने का संकल्प ले रखा था। आखिर राजा ने उसे दोनों पैर बांधकर कूएें मे लटका दिया, जिससे कि उसे हिंसा करने का मौका ही न मिले। राजा को अब पक्की धारणा थी कि उस कसाई ने आज हिंसा न की होगी। अतएव भगवान महावीर से राजा ने जाकर सुनाया कि भगवन्! मुझे अब तो नरक जाना न पड़ेगा, क्योंकि काल्ू कसाई ने हिंसा नहीं की। भगवान् ने कहा, नहीं, उसने हिंसा की है। अगर विश्वास न हो तो दरयाफ्त कर लो। राजा के पता लगाने पर मालूम हुआ कि उसने तो पाच सौ भैसों की चित्र के द्वारा मूर्त्तियां बनाकर काटी हैं। राजा सन्न रह गये। आशा पूरी न हो सकी। क्योंकि उन काल्पनिक मूर्त्तियों से हिंसा पूरी हो गई थी।

[यहां पर प्रश्न उठता है कि जब चित्रित भैंसों के मारने से हिंसा हो गई, क्योंकि कसाई के मन का भाव वैसा ही था जैसा कि असली भैंसों के मारने के वक्त रहा करता था, तब भगवान् वीतराग की मूर्त्ति को भावावेश से साक्षात् भगवान् समझ कर अगर कोई पूजा या दर्शन करता है तो कटाक्ष पात क्यों ? यह निश्चित बात है कि यदि श्रद्धा और भक्ती से भगवान् की दर्शन व पूजा की जायगी तो अपना अभीष्ट सिद्ध होकर रहेगा।]

एकलव्य नामक भिल्ल द्रोणाचार्य से शस्त्र विद्या सीखने गया। पर द्रोणाचार्य ने भिल्ल को पढ़ाने से इनकार कर दिया। आखिर उस भिल्ल नें द्रोणाचार्य की मूर्त्ति बनाकर बड़े प्रेम से उस मूर्त्ति में प्राण प्रतिष्ठा की। और अच्छी तरह उसी मूर्त्ति के द्वारा शस्त्र विद्या सीखी। —महाभारत

[इस उदाहरण से मूर्त्ति पूजा की असलियत पर विश्वास करना चाहिये।]

अमूर्त्ति पूजक जैन श्वेताम्बर साधु लोग नरक में होने वाली दुर्दशाओं को चित्र द्वारा दिखाकर लोगों को पापों से विरक्त करने की चेष्टा करते हैं। वस्तुत उन चित्रों का प्रभाव भी पड़ता है, यह कोई भी सहृदय मान सकता है।

[जब नारकीय चित्रों का प्रभाव मनुष्यों के हृदय पर पड़ता है, तब भगवान् तीर्थङ्कर देव की मूर्त्ति का प्रभाव क्यों नहीं पड़ सकता है, उनकी शान्त मुद्रा, योग पद्मासन आदि लक्षण और उनके सद्गुण लोगों के हृदय पर क्यों प्रभाव नहीं डाल सकते, यह बात समझ में नहीं आती। अगर हृदय पर हाथ रखकर सोचा जाय तो कोई भी हृदयवान मूर्त्ति पूजा की महत्ता को स्वीकार करेगा।]

अंग्रेजी सरकार ने अश्लील चित्रों को इसलिये बन्द कर दिया है कि उनके देखने से जनता का मानसिक पतन होगा। यही कारण है कि कोक शास्त्र के चौरासी आसन आज कल नहीं निकाले जासकते।

[जब अभद्र चित्रों के द्वारा मानसिक पतन अवश्यम्भावी है तब भद्र पूज्य जनक तीर्थङ्करों की मूर्त्तियों से मानसिक उत्थान क्यों नहीं होगा? फिर मूर्त्ति पूजा से दिमाग में खुजली क्यों?]

कुछ दिन पहिले की बात है, इलाहाबाद के मासिक 'चाँद' ने फासी अङ्क निकाला था। अंग्रेजी सरकार ने उसे जब्त कर लिया। क्यों? इसलिये कि उसमें अंग्रेजी हुकूमत मे जितने देश भक्त फासी पर लटकाये गये है, उन सभो के चित्र और चरित्र निकाले गये थे। और उन चित्रों एवं चरित्रों के द्वारा अंग्रेजी सरकार के प्रति जनता की सामूहिक घृणा उठ खड़ी होती और अशान्ति फैल जाती।

[इसका स्पष्ट अर्थ यह हुआ कि लोगों के सामने जैसे चित्र आते है, वैसा ही प्रभाव द्रष्टाओं के दीमाग पर पड़ता है, तब क्या कारण है कि धर्म-प्राण तीर्थङ्करों की प्रभावोत्पादक मूर्त्तियों द्वारा मूर्त्ति पूजकों के दीमाग पर तदनुकूल प्रभाव न पड़े।]

अनुत्तरोप पातिक सूत्र मे स्थानकवासी अमूर्त्ति पूजक उपाध्याय श्री आत्मारामजी ने अपना फोटो दिया है और उस फोटो के नीचे लिख दिया गया है कि यह फोटो परिचय के लिये है।

[जब चित्र से परिचय प्राप्त किया जाता है, तब मूर्त्तिपूजक सम्प्रदाय भी तो तीर्थङ्कर भगवान् की मूर्त्ति से परिचय ही प्राप्त करना चाहती है, उनके सल्लक्षणों, शुभ गुणों से अपने हृदय को परिचित ही कराना चाहता है, फिर इसमे आपत्ति क्यों? क्या इसी का नाम असूया नहीं है?]

जैन श्वेताम्बर सम्प्रदाय, स्थानकवासी, तेरापन्थी भी सामायिक करने के समय श्री सीमन्धर स्वामी का वन्दन नमन किया करते है सीमन्धर स्वामी महा विदेह क्षेत्र मे विराजमान है, ऐसा माना जाता है।

[जब जिस वक्त सीमन्धर स्वामी का वन्दन नमन होता है, उस वक्त अगर सीमन्धर स्वामी का निर्वाण हो जाय, तब वन्दन नमन किसको होगा? क्योंकि सीमन्धर स्वामी की सत्ता तो रहेगी नहीं तब तो मानना पड़ेगा कि वन्दन नमन काल्पनिक सीमन्धर स्वामी को लक्ष्य करके किया जाता है। फिर काल्पनिक तीर्थङ्करों की मूर्त्तियां से एतराज क्यों?]

उपर्युक्त प्रमाणों और युक्तियों से यह सिद्ध हो जाता है कि मूर्त्ति पूजा युक्ति युक्त है। कोई भी धर्म कोई भी सम्प्रदाय ऐसा नहीं है, जो प्रकारान्तर से मूर्त्ति पूजा न करता हो, चाहे वह अपने को अमूर्त्ति पूजक बनावे चाहे मूर्त्ति पूजक। वैदिक धर्मावलम्बियों के मन्दिरों मे मूर्त्तियां है ही। मूर्त्ति पूजा के विरोधी आर्य समाजियों में भी दयानन्द की मूर्त्ति आदर सद्भाव की दृष्टि से रक्खी ही जाती है उस मूर्त्ति के प्रति अगर कोई दूसरा आदमी अपमान जनक तरीके से पेश आये तो आर्य समाजी भी मर मिटेंगे। क्या यह मूर्त्ति पूजाका द्योतक नहीं है? किसी समय सनातनियों ने दयानन्द की मूर्त्ति के लिये भरी सभा में अपमान जनक तरीका अख्तियार किया था, जिसके लिये आर्य समाजियों की तरफ से खूब मुकदमा बाजी हुई थी।

मुसलमान लोग अपने को मूर्त्ति पूजक नहीं मानते, पर विचार करने पर मालूम होगा कि वे लोग भी काल्पनिक मूर्त्ति को मानते ही हैं। मुसलमान लोग पश्चिम दिशा की ओर मुह करके नमाज पढ़ते हैं। मुसलमानी रियासतों मे पच्छिम तरफ पैर रखकर सोना या टट्टी पेशाब करना कानूनन मना है। क्यों? इसलिये कि मक्का मदीना पच्छिम मे ही है। मक्का मदीना मे कभी मोहम्मद साहेब थे,

अभी तो नहीं हैं, तब फिर यह अनर्थक आवेश क्यों ? मानना पड़ेगा कि मानसिक कल्पना के द्वारा मोहम्मद साहेब की सत्ता (मौजूदगी) वहां मान कर ही वैसा आदर प्रदर्शित किया जाता है, फिर मूर्त्ति पूजा हुई कि नहीं ? कबर की पूजा, ताजिया रखना क्या मूर्त्तिका द्योतक नहीं है ?

ईसाई लोग भी गिरजे में शूली का चिन्ह बनाते हैं, ताकि उनके उपासकों में उनके कर्त्तव्य की यादगारी का भाव बना रहे यह भी प्रकारान्तर से मूर्त्ति पूजा ही है। अगर इन लोगों में पूजा भाव की मौजूदगी नहीं है तो बड़े आदमी (जो कि कोई महत्त्वपूर्ण काम कर चुके हैं) का तैल चित्र (प्रस्तर मूर्त्ति) क्यों बनाया जाता है ? सैकड़ों प्रस्तरे मूर्त्तियां (Images) तो कलकत्ते में ही दीख पड़ती हैं। इसी तरह देखा जाय तो प्रत्येक धर्म या सम्प्रदाय में मूर्त्ति की पूजा किसी न किसी रूप में हुआ करती है।

कट्टर अमूर्त्ति पूजक कहते हैं कि अगर प्रस्तर मूर्त्ति पूजनेसे मुक्ति मिलती है तो सिलकी ही पूजा क्यों न की जाय ? पर उन्हें सोचना चाहिये कि मूर्त्ति और सिल दोनों पत्थर जरूर है, पर दोनों में भाव भिन्न भिन्न है, इसीलिये उसके फल भी भिन्न २ हुआ करते हैं। लड़की और पत्नी दोनों स्त्री जाति ही है, पर दोनों पर भिन्न दृष्टिकोण पड़ते हैं, सिल जिस काम के लिये है, उस काम के लिये उसका आदर है ही कहने का तात्पर्य यह है कि पूजा के सुदृढ़ सिद्धान्त पर कोई कीचड़ उछालकर अपने मलिन हृदय का ही परिचय देता है; इसमें कोई शक सन्देह की गुञ्जाइश नहीं।

मूर्त्ति पूजा

जैन धर्म विनय मूलक धम है, जैन धर्म का सार विनय ही है। इसीलिये कहा गया है कि 'विणय मूले धम्मे पण्णते''। इसलिये तीर्थङ्कर भगवान् की मूर्त्ति का जितना भी विनय किया जाय जीव को उतना ही उच्च कोटिका आत्म कल्याण प्राप्त होगा। फलतः विनय करना या कराना महाधर्म है। इस विनय धर्म की तह में ऐसा विलक्षण रहस्य छिपा है, जिसकी बदौलत जीव एक दिन तीर्थङ्करकी उपाधि धारण कर सकता है, यही कारण है कि मूर्त्ति की पूजा द्रव्य और भाव के जरिये अनादि काल से होती चली आ रही है। अगर कोई शंका करता है कि द्रव्य पूजा अच्छी नहीं है, द्रव्य के द्वारा पूजा नहीं करनी चाहिये तो उसे समझना चाहिये कि द्रव्य के विना भाव का प्रादुर्भाव नहीं हो सकता है, यह सुदृढ़ सिद्धान्त है। किसी भी व्यवहारिक या धार्मिक कार्य में पहिले द्रव्य क्रिया करनी पड़ती है, उसके बाद भाव का उदय होता है। उदाहरण लीजिये कि अगर कोई दूकानदारी करना चाहता है तो पहिले उसे दूकान खरीदनी पड़ेगी या भाड़े पर लेनी होगी अथवा अपने पैसों से बनानी पड़ेगी। बाद में दूकान को प्रभावोत्पादक बनाने के लिये खूब सजाना पड़ता है। फिर खाता बही रखता है और दूकान का एक नाम रख कर विशुद्ध भाव से काम शुरु कर दिया जाता है अर्थात् लोगों में लेने देने का व्यवहार जारी हो जाता है। एक चालू दूकान के आधार पर तमाम काम होने लगते हैं। अगर दुकान ही नहीं हो, बही खाते ही नहीं हों तो देन लेन ही किसके नाम हो ? इसी तरह पहिले जीव को व्यवहार शुद्धि के लिये द्रव्य क्रिया करनी पड़ती है, बाद में भाव का उदय होता है। सामायिक करने वाले को पहिले द्रव्य सामायिकके लिये आसन, पूंजनी, मुंहपत्ति, क्षेत्र से स्थान, उपाश्रय वा शुद्ध स्थान, काल से जितना लगाने की इच्छा हो, उतना समय ग्रहण करना पड़ता है। इसी को द्रव्य सामायिक कहा जाता है। अगर कोई चाहे कि भाव सामायिक ही आये, द्रव्य सामायिक न करना चाहिये तो वह उसकी गलती है। अनादि अनन्तकाल गुजर गया, अबतक भाव सामायिक का प्रादुर्भाव न हुआ और कब होगा, यह भी निर्णीत नहीं है। इसलिये द्रव्य सामायिक करना ही चाहिये ताकि आधार पर एक दिन आधेय आ ही जायगा। (दीवार) रहेगी तो

चित्र भी लिखा जायगा। पर भित्ति के विना चित्र कैसा ? इसी भांति साधु चारित्र लेने के समय गृहस्थ का वेष छोड़ कर साधु का द्रव्य वेष अर्थात् द्रव्य चारित्र, चोलपट्टा, चद्दर पागरनी, ओघा, मुंहपत्ति आदि साधु लोग धारण किया करते हैं। इसी का नाम द्रव्य चारित्र अथवा सामायिक चारित्र है। इसी द्रव्य चारित्र के द्वारा साधु वन्दे पूजे जाते हैं भाव चारित्र तो यथाख्यात चारित्र के आने के बाद आता है और वह यथाख्यात चारित्र जम्बू स्वामी के बाद विच्छिन्न हो गया अब यदि द्रव्य चारित्र भी लोग न लें तो साधु धर्म या साध्वी धर्म का विच्छेद हो जायगा। और यदि तीर्थङ्कर भगवान् का संघ ही नहीं रह सकेगा तब जैन धर्म का अस्तित्व कहां से रहेगा ? इसलिये द्रव्य चारित्र लेना परमावश्यक है। भाव चारित्र आयेगा भी तो द्रव्य चारित्र के आधार पर ही आयेगा। क्योंकि द्रव्य करणी से ही भाव करणी का उदय होता है। इसी तरह मूर्त्ति पूजक लोग मूर्त्ति की द्रव्य पूजा करते हैं। भाव पूजा का आविर्भाव मनुष्याधीन नहीं है। वह तो कर्मों की निर्जरा के ऊपर निर्भर है। परन्तु जब कभी भाव पूजा मानस पट पर आंकी जायगी द्रव्य पूजा की महत्ता से ही, द्रव्य पूजा के चिराभ्यास से ही, अतएव द्रव्य पूजा करना परम आवश्यक है। पर द्रव्य पूजा विवेक, विचार एवं शास्त्रानुसार ही करनी चाहिये। कोई शंका कर सकता है कि द्रव्य पूजा से तो पहिले पाप ही होता है, तब वह क्यों की जाय ? पर उसको सोचना चाहिये कि प्रत्येक द्रव्य क्रिया में पहिले थोड़ा पाप ही हुआ करता है, बाद में धर्म होता है। कोई एक धर्मशाला बनाता है तो उसमें कीट पतङ्गों के नाश जन्य पहिले कुछ पाप ही होता है, पर बाद में साधु महात्मा, दीन, दुःखी, पथिक वगैरह की सेवा ही से अपार धर्म सचित होता है। ठीक इसी तरह सामायिक, पोसह, प्रति क्रमण, व्याख्यान सुनना या देना, आहार पानी देना या लेना, इन सभी कार्मो मे पहिले कुछ पाप होता है, बाद मे असीम धर्म होता है। मूर्त्ति पूजा में भी यही बात लागू है। फिर अगर थोड़े पाप के डर से अनन्त धर्म का लाभ नहीं किया जाता है तो इसे अज्ञानता छोड़कर क्या कहा जा सकता है। अगर किसी के सौ रुपये खर्च करने पर हजारका लाभ मिलता है तो वह क्या सौ का व्यय नहीं करेगा ? यही कारण है कि मूर्त्ति पूजक लोग द्रव्य पूजा को लाभ का हेतु मानते हुवे और भावी लाभ की बलवती आशा से मूर्त्ति की जल चन्दनादि उपकरणों से अष्ट प्रकारी पूजा किया करते हैं। यही कारण है कि ज्ञाता सूत्र मे "द्रौपदी ने सम्यक्त्व पाने के बाद पूजा की थी" ऐसा उल्लेख मिलता है। प्रश्न व्याकरण में संवर द्वार और आश्रव द्वार का वर्णन चला है, जिसमें मूर्त्ति पूजा को संवर द्वार में माना है। राय पसेणी सूत्र में लिखा है कि प्रदेशी राजा के जीवने अव्रती होते हुए भी सम्यक्त्व सहित मूर्त्ति पूजा की। आवश्यक सूत्र मे कहा गया है कि 'कित्तिअ वंदिअ महिआ' अर्थात् तीर्थङ्कर भगवान् वन्दन करने योग्य हैं, कीर्त्तन करने योग्य हैं। और द्रव्य व भावसे पूजन करने के योग्य हैं इसी तरह और धर्मों में भी मूर्त्ति पूजा के प्रचूर प्रमाण मौजूद हैं। अतएव मूर्त्ति पूजा करना प्रत्येक गृहस्थ श्रावक का परम कर्त्तव्य है। विज्ञेषु किमधिकम्।

ईश्वर कर्तृत्व और जैन धर्म

ईश्वर ही की कृपा है कि हमारी आज दुनियां में हस्ती कायम है। वही सारे संसार का कर्णधार है, वही सुख दुख देता है, और उसीके आधार से सारा घटना चक्र चलता है। ईश्वर ही सब जानता है। वही हमें उसकी इच्छानुसार हमारे कर्मानुसार हमें भिन्न भिन्न परिस्थिति मे रख सकता है। कितना ही पापी पाप कर उसकी आराधना उसका जप कर उसे प्रसन्न कर सकता है। उससे वरदान ले उसी के सामने अपने स्वेच्छित कर्म कर सकता है। सारी दुनिया का खयाल उसे हर वक्त रहता है।

इतने बड़े ब्रह्मांड का वह अपने अकेले हाथों संचालन करता है। यह उसकी परम शक्ति है। वह खुद मन माना रूप ले सकता है और मन मानी जगह पर जा सकता है। संक्षेप में वह सर्वगामी है, सर्व-व्यापी है, सर्व शक्तिमान् है और है सर्वज्ञ। धर्म से उसे प्रेम है दुनिया में अधर्म का फैलना उसे नापसंद है और इसीलिये जब अधर्म फैलता है तो स्वयं उत्पन्न* होकर पुनः धर्म की स्थापना करता है।

क्या ये बातें सच नहीं है? क्या दुनिया को कोई बनाने वाला नहीं है? यह नहीं हो सकता। क्योंकि बगैर बनाए कोई चीज नहीं बनती। दुनियां भी एक कार्य है और कोई भी कार्य जब तक उसका कोई कर्ता न हो वहां तक नहीं बन सकता आखिर कुंभार घड़ा बनाएगा तभी तो बनेगा। वरना तो कहां से बनेगा जब दुनियां में नाना चीजें हैं पैदा होती हैं तो अवश्य उनका बनाने वाला कोई न कोई है। और वह सर्व शक्तिमान् केवल ईश्वर ही है। दूसरा नहीं।

दुनियां के कई दर्शन मत धर्म इस बात में सहमत है। कई उसे ज्ञानमय बताकर अमुक अंश मे उसे सर्जक स्वीकार करते हैं। पर दर असल में यह रचना शक्ति क्या है इसका कुछ पता नहीं लगता। मनुष्य जब अपनी कल्पना की दौड़ को नहीं दौड़ा सकता वहां पर वह जाकर ईश्वराधीन होकर रुक जाता है पर हमें देखना है कि इस मान्यता मे कितना सत्य है।

पहले प्रश्न उठता है ईश्वर एक हैं या अनेक। ईश्वर कर्तृत्व की मान्यता वाले एक ही ईश्वर मानते हैं। क्योंकि नाना ईश्वर मानें तो वैमनस्य उत्पन्न होने की सम्भावना है और फिर कौन सा काम कौन करे, किस पर किसकी सत्ता चले इत्यादि सब गड़ बड़ मच जाती है। अतः उनका मानना ठीक है कि ईश्वर एक है। जब हम यह स्वीकार कर लेते है कि ईश्वर एक है तो प्रश्न उठता है वह क्या उत्पन्न करता है और क्या नहीं? सभी वह उत्पन्न करता है, ऐसा तो मानना पड़ेगा। अच्छा भी और बुरा भी। केवल अच्छे का उत्पादक मानते हैं तो बुरे का उत्पादक दूसरे को मानना पड़ता है अधर्म का नाशक और धर्म का प्रचारक मानते हैं तो अधर्म का उत्पादक और धर्म का नाशक दूसरे को मानना पड़ता है। दूसरे को स्वीकार करलें तो बड़ी गड़बड़ी मच जाती है अतः दोनों का उत्पादक भले भिन्न भिन्न परिस्थिति मे हो पर केवल वही एक है।

ईश्वर का स्वभाव दयालु है, महान् करुणा का यह महासागर है तो फिर दुनियां में दुःख क्यों दीख पड़ता है। यह दुःख की कल्पना किस लिये सूझी। अपने करुणा सागर में यह दुनियां का खारापन कहां से आया। स्वर्ग से यह दुःख का बरसात क्यों बरसा? और फिर से यह बात कि दुनियां मे जब अधर्म फैलता है तो मैं उत्पन्न होकर धर्मकी स्थापना करता हूं, कहां तक ठीक है। दुनियां के नाना प्राणियों को पहले जमाकर ऊपर से शान्ति के लिये तेल लगाने वाली बात ईश्वर करे यह कैसे माना जाय वह किस लिये प्रपंच करेगा ?

तब कई यह कहते हैं कि मनुष्य का स्वभाव कुछ ऐसा ही है वह ऐसे ही कर्म करता है इससे उसे दुःख उठाना पड़ता है, तब तो हम वही बात पूछते हैं, कि उसका ऐसा स्वभाव किसने बनाया? तो एक मान्यता और आती है कि माया है जो उसे सत्य के रास्ते से घेर कर ले जाती है। जैसे रस्सी को देख कर सांप का भ्रम हो जाता है। तो यह भ्रम माया द्वारा ही होता है, यह माया उसमें दुष्ट स्वभाव उत्पन्न करती है और सत्याचरण से उसे विमुख करती है। पर माया को ईश्वर से भिन्न माना जाय

---

* यदा यदाहि धर्मस्य, ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य, तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

या अभिन्न। अगर अलग मानें तो दो चीजें साबित होती है और दूसरी चीज साबित होने पर वही दोष आ जायगा। ईश्वर की एक मात्र सत्ता नहीं रहेगी। और अभिन्न मानें तो ईश्वर माया मय साबित होता है। तब फिर माया को मानने का मतलब ही क्या ? अतः ईश्वर का माया द्वारा पाप फैलाना, और पुनः आकर उसका उद्धार करना यह तो केवल प्रपंच ही है। और जब हम साधारण संसारी भी ठोक पीटकर थप्पा करने के कार्य को ही कारण की नजरों से देखते है तो इतने बड़े ईश्वर का यह कार्य कैसे ठीक माना जाय।

दूसरी बात जब दुनियां एक कार्य है तो उसका बनानेवाला कोई न को कोई अवश्य है। अर्थात् कारण बगैर कोई कार्य होता नहीं। पर हम पूछते हैं कि ईश्वर कैसा कारण है। घड़े को बनानेमें कुँभार कारण अवश्य है पर वह उपादान कारण नहीं, केवल निमित्त कारण है। ईश्वर को कैसा कारण माना जाय ? दोनों कारण तो स्वयं हो नहीं सकते। शंकराचार्यके मत से ईश्वर दोनों कारण है, पर हम माया द्वारा फंसाये गये हैं इससे स्पष्ट देख नहीं सकते, माया विषयक हम ऊपर विवेचन कर चुके हैं। माया को मानने से ईश्वर का एकत्व और उसका सर्व सत्ता सिद्ध नहीं होती। एक कारण मानते है तो दूसरे की उत्पत्ति कहा से हुई। अतः यह बात भी सिद्ध नहीं हो सकती।

फिर एक प्रश्न उठता है कि जितनी भी चीजें जिसकी रचना अमुक व्यक्ति या शक्ति द्वारा हुई है, उन सबका आदिकाल अवश्य है। जब ये नहीं बनी थी, और अमुक आदमी ने उसे बनाई उसके पहले क्या था आखिर विश्व की ईश्वर ने रचना की, उसके पहले की क्या कल्पना है ? विश्वका पूर्व रूप क्या था ?

"प्रयोजनमनुद्दिश्य न मूढोऽधि प्रवर्तते" बगैर किसी खास हेतु के मूर्ख भी कोई कार्य नहीं करता है। ईश्वर का इतनी बडी सृष्टि रचने का क्या प्रयोजन था ? उसे क्या जरूरत पडी ? क्या उसे किसी ने प्रेरणा की ? क्या किसी ने आज्ञा की ? नहीं ऐसा तो हो नहीं सकता। क्योंकि वह खुद स्वतन्त्र है, उसपर किसी की सत्ता नहीं। अगर कहा जाय कि यह उसका स्वभाव है तो स्वभाव जन्य दोष उसमे आ गया वह स्वभाव से बाधित हुआ, और उसकी स्वतन्त्रता नष्ट हुई। उस पर प्रकृति की सत्ता कायम हुई।

सृष्टि रचना के पहले ईश्वर का क्या कार्य था, वह कहा रहता था। किन साधनों से उसने दुनियां बनाई। उसके परम कारुणिक होते हुए भी यह दुनिया दुःखमयी क्यों। उसकी एक मात्र सत्ता होते हुए भी यह नाना विधि गति विधि और प्रपंच क्यों ? इत्यादि प्रश्नों का कहा कुछ जवाब है।

एक और भी बात कि ईश्वर स्वयं कहा से आया ? अगर ईश्वर की उत्पत्ति नहीं मानते है तो वह भी कुछ नहीं रह जाता है, आखिर तुमही तो कह रहे हो जो चीज है, कार्य है उसका कोई न कोई कर्त्ता अवश्य हैं, तो ईश्वर क्या कोई चीज नहीं, कैसा भी उसका स्वरूप क्यों न हो पर कुछ न कुछ है तो अवश्य तो वह कहां से आया ? यह कहा जाय कि वह अनादि है तो फिर इस दुनिया को भी अनादि क्यों न मान लिया जाय ईश्वर के जिम्में यह सारा प्रपंच रचकर उसे दुनियावी क्यो बनाया जाय ?

ईश्वर का स्वरूप और आकार कैसा मानें ? अगर यह कहा जाय कि वह सच्चिदानद मय है तो प्रत्यक्ष नहीं दिखता। जो सच्चिदानद मय होगा वह प्रपंच में क्यों पड़ेगा, तो दोनों चीज भी परस्पर भिन्न हैं। जो दुनियादारी को समझेगा वह अपने उस वक्त के स्वभाव से दृष्टि से सच्चिदानन्द मय नहीं हो सकता। उससे भिन्नत्व मानने से स्वरूप दोष जाहिर है। ईश्वर का आकार भी तो मानना

होगा। क्योंकि आकार नहीं मानें तो अरूपी साबित होगा और स्वयं अरूपी रूपी पदार्थों का निर्माण कर ही नहीं सकता। निश्चित आकार मानते है तो उसका स्थान क्या! क्योंकि रूपी पदार्थ कहीं न कहीं अवश्य स्थित है। अगर उसका भी स्थान है और निश्चित है तो वह कहा? ऐसा मानने से उसके सर्व व्यापकत्व में दोष आ ही जाता है।

अब जो यह कहा जाता है कि ईश्वरको मनमाने रूप धारणकर लेना है तो जब वह अपनी पूर्वावस्था को छोड़ दूसरे रूप में आता है तो एक अंश से आता है या सर्वांश से। एक अंश से आता है तो वह शक्ति नहीं। सर्वांश से आता है तो दूसरी बाजू कौन ध्यान देता है।

इस तरह जो ईश्वर* कर्तृत्व में जो हेतु इस मान्यता वाले बनाते है वे कैसे भी सिद्ध नहीं होते है। इस दुनिया का वास्तव में कोई बनाने वाला नहीं है। यह अनादि है अनन्त समय तक इसकी यही रफ्तार रहेगी। उनकी मान्यता मूजब ईश्वर करता है तो वह केवल विचार मात्र, जैसे सोने के नाना रूप देकर वह भिन्न भिन्न जेवर बना देता है, दर असल में वह सुवर्ण को उत्पन्न नहीं कर सकता। एक बात और है कि दुनिया में जितने भी पदार्थ मूल भूत विद्यमान है उनका नाश नहीं हो सकता और जो पदार्थ नहीं है उनकी उत्पत्ति नहीं हो सकती। "नासतो जायते भावः, न भावोऽसद् जायते।" सत् पदार्थों में नाना विकार होकर उनका कितनी ही तरह से रूपान्तर हो जायगा, पर परमाणु रूप में भी वह चीज कायम रहकर अपने असली पन में स्थित रहेगी। और रूपान्तर पर रूपान्तर लेनेके बाद भी वह कभी न कभी अपने रूप को ग्रहण कर लेगी। अर्थात् उसका विनाश नहीं होगा। और जो चीज है ही नहीं, उसे कोई पैदा नहीं कर सकता इसलिये जैन दर्शन की यह मान्यता कि इस जगत् का कोई बनाने वाला संचालन करने वाला नहीं है बिलकुल ठीक है। ईश्वर तो ज्ञान दर्शन और चारित्र की पूर्णता को पाकर कर्म रहित हो आत्मतत्त्व का चिन्तन करता हुआ सच्चिदानन्द मय है। उसे दुनिया के साथ कोई मतलब नहीं। ईश्वर को भी यह सब प्रपंच रहे तो फिर क्यों ईश्वर माना जाय वह तो मुक्त है।

आत्म निन्दा

हे जीव! तेरा जिन धार्मिक क्रियाओं का सम्पादन करके निर्वाण प्राप्ति करने के लिये आना हुआ है, क्या उन क्रियाओं में तू अपना सारा समय लगा रहा है? तुझे इसका ध्यान कहां? तू तो उन खोटी श्रद्धाओं के सिकञ्जे में फंसता जा रहा है जो तुझे एक दिन सर्वनाश की भीषण परिस्थिति में खड़ा होने के लिये बाध्य कर देंगी। तू उन कार्यों को कर लेने की हिम्मत बटोरा करता है एवं प्रवृत्ति बढ़ा रहा है जो करने लायक या होने लायक नहीं हो सकते। तुझे षट्रसों की नित्य नयी चाह पैदा होती रहती है। तेरी काम वासनाओं की अविच्छिन्न धारा उत्ताल तरङ्गों की माला से सुसज्जित होती हुई दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है उसका कहीं अवसान नहीं दीखता। हे आत्मन्! क्या तू इन कामों से अपनी भलाई सोचता है? तू सच समझ; अगर तेरी यही रफ्तार रही तो इसमें शक करने की कोई गुञ्जाइस नहीं कि इस दुर्लभ मनुष्य चोले में आकर भी तू आत्म कल्याण प्राप्त करने से वञ्चित ही रहेगा। जो बड़ा ही खेद जनक विषय है।

* न कर्तृत्वं नकर्माणि, लोकस्य सृजति प्रभुः। नकर्म फल संयोग, स्वाभावस्तु प्रवर्तते ॥१४॥ परमात्मा किसी मनुष्य का न करनेवाला है न कर्म और न वह कर्ता को फल देनेवाला है यह सब स्वभाव से ही है। गीता अ० ५।

बड़े दु:ख की बात है कि तू सामायिक पोसह और देसाव गासिक में भी दुनियावी चिन्तनाओं को भली भांति छोड़कर मन नहीं लगा सकता है। सम्यक्त्व मोहिनी, मिश्र मोहिनी एवं मिथ्यात्व मोहिनी के चमकीले सौन्दर्य पर तू अपने को न्यौछावर करने के लिये तुल रहा है। काम राग, स्नेह राग और दृष्टिराग से तू ने बड़ी दोस्ती जोड रक्खी है। तुझे कुदेवों मे भक्ति, कुगुरुओं मे श्रद्धा, कुधर्म में आस्था करने की बात जरूरी जचने लग जाती है। किसी समय तू ज्ञान विराधना दर्शन विराधना, और चारित्र विराधना मे तल्लीन हो जाता है। जब तेरे शिर कठिनाइयों का जबर्दस्त बोझा आ जाता है तब तू मन दण्ड, वचन दण्ड, काय दण्ड, हास्य, रति, अरति, भय, शोक और दुगंछा का आश्रय बन जाता है। फलतः कृष्ण, नील, कापोत लेश्यायें भी दु:खों के धक्के देने लग जाती हैं। ऋद्धिगारव, रस गारव. शाता गारव तेरे सामने अकड कर खड़े हो जाते हैं। माया शल्य, नियाणा शल्य और मिथ्यात्व दर्शन शल्य भी तेरह काठियों की सेना बटोर कर मैदान मे उतर आते हैं। अठारह पाप स्थानकों ने तुझे अपनी अभेद्य किलेबन्दी मे कैद कर रखा है। अनन्तानुबन्धी क्रोध, अनन्तानुबन्धी मान, अनन्तानुबन्धी माया, और अनन्तानुबन्धी लोभ, अप्रत्याख्यानी क्रोध, अप्रत्याख्यानी मान, अप्रत्याख्यानी माया और अप्रत्याख्यानी लोभ, प्रत्याख्यानी क्रोध, प्रत्याख्यानी मान, प्रत्याख्यानी माया और प्रत्याख्यानी लोभ, संज्वलन क्रोध, संज्वलन मान, संज्वलन माया और संज्वलन लोभ, इन चार चौकड़ियों के आवर्त्त मे तू हमेशा चक्कर काटता रहता है। जब तेरे सामने इतने विघ्न बाधायें हैं और तू स्वयं निश्चेष्ट निर्व्याघात होकर पाप एवं दुराचार के गहरे गर्त्त में उत्तरोत्तर फसता जा रहा है, तब भव बन्धन से मुक्त होकर तुझमे अपने लक्ष्य पथ का पान्थ बनने की आशा कैसे की जा सकती है? सच तो यह है कि तू अपने को—अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानता ही नहीं। पहचाने भी कैसे? इन्द्रियों का विश्वस्त गुलाम होने के कारण तुझे मालिक के हुक्म बजाने से फुर्सत कहा? निरन्तर दुराचारों की हुल्ड़ बाजी मे शक्त चोट खाकर तेरे हृदय की आंखों मे सर्वाङ्गीण फोले पड़ गये है, फिर उसमे पहचान करने की शक्ति कहां से?

यही कारण है कि तेरे गुणस्थान आज तक फल दे नहीं सके हैं, धैर्यगुण आ नहीं सका है, तृष्णा की बढ़ती ज्वाला शान्त नही हो सकी है, तू अस्त व्यस्त हो रहा है। जैसे सागर में लहर पर लहर आया करती है, उसी प्रकार तेरे मन मे कामनाओं की हिलोरें अनवरत जारी रहती है। तू बड़े से बड़े ओहदे के लिये लालायित रहता है। ऐसी दशा में असली उद्देश्य की सिद्धि की चेष्टा तू क्यों करने लगा? एक तो तू धार्मिक क्रियायें करता ही नहीं, अगर करता भी है तो शून्य मन से। और शून्य मन से की गई धार्मिक क्रियायें आकाश मे चित्र खींचने की भाति व्यर्थ हो जाती हैं। जिनसे कोई लाभ नहीं, केवल व्यवहार साधन मात्र है। व्यवहार भी जीव के लिये कल्याणकारी जरूर है किन्तु निश्चय शून्य वह भी अभिष्ट फल का प्रदायक नहीं हो सकता है। हे चेतन, व्यवहार मार्ग मे व्रत उपवासादिक तपस्यायें नितान्त आवश्यक हैं, अन्यथा महान् पापों का संचय होता है। इसलिये स्थिर चित्त से व्रत उपवासादि कार्यों का सम्पादन किया कर। पर याद रख, अगर मन की स्थिरता न होगी तो वह (चित्त) इष्ट सिद्धि के विरुद्ध कुत्सित चिन्तनाओं मे फँसाकर तुझे पथभ्रष्ट बना देगा। क्योंकि शास्त्रकार ने खुला संदेश दे रखा है—

"मनएव मनुष्याणा कारणं बन्धमोक्षयो:"।

अर्थात् मनुष्यों का मन ही वन्धन और मोक्ष का कारण होता है। अगर मनुष्य मन को स्थिरता का सच्चा पाठ पढ़ाकर मुक्ति पथ का अन्वेषक पन्थ बनाता है तो निश्चय है कि वह उसे मुक्ति के द्वार तक पहुँचा देगा। और अगर विषयों के असमतल मैदान में तुरङ्गोपम मन की वागडोर छोड देता है तो कभी न कभी अपने मंजिल के विरुद्ध पतन के गम्भीर गर्त्त में फेंक देगा, जहां से उद्धार पाना दुश्वार हो जायगा। इसलिये सबसे पहले चित्त को स्थिर एवं विषय विमुख बनाना तेरा एकान्त कर्त्तव्य है। इसी सिलसिले में तुझे एक बात और समझ लेनी चाहिये कि तप, संयम, आदि कार्यों का नहीं करने वाला तो पापी है ही, पर करके तोड़ देने वाला तो महा पापी है।

हे जीव! तू भी महा पापी है, क्योंकि तू अपने संकल्प के प्रतिकूल अनन्तकायों एवं अभक्ष्यों से भोला बना हुआ है। जर्दा, भांग, अफीम, तमाखू आदि मादक पदार्थों का सेवन करके "पच्चक्खाण" नियम तू ने तोड़ डाला है। बता कैसा भयङ्कर पाप कर रहा है? शील और सन्तोष को तू अपने हृदय में स्थान ही नहीं देता। फिर तुझे वह सच्चा सुख आनन्द कैसे मिलेगा! जिसके लिये कि तुझे कितने जन्म जन्मान्तर गुजारने पड़े हैं। पर आज तुझे उन सब बातों की सुध कहां? तू तो पुद्गल पदार्थ के पीछे अस्त व्यस्त हो रहा है।

तू समझता है कि मेरे पास बड़े बड़े रत्न है, बड़े बड़े निधान हैं, रसायनों से परिपूर्ण कोथल (थैली) है। मेरे पास चित्रावेली और अमृत गुटिका है। मेरे पास ऐसे ऐसे मन्त्र हैं कि बड़े बड़े देवताओं को भी काबू में कर सकता हूं एव राजा, महाराजा, शाहंशाह जो चाहूं बन सकता हूं। या धनोपार्जन करके संसार में सबसे ऊंचे दर्जे का धनी मानी बन सकता हूं। ऐसी ऐसी विचार धारायें न जानें, कितनी तेरे हृदय में हिमांचल से हमेशा ही तरङ्गित होती रहती हैं एवं उसके अनुसार तू प्रयत्नवान् भी बनता रहता है। पर क्या तेरे ये सब विचार कभी भी पूरे हो सकते हैं? या पूर्ण होने पर ही लोभ शृंखलायें टूट सकती है? कभी नहीं; जब दशवें गुण स्थान पर पहुँचे हुवे जीव के भी लोभ की इति श्री नहीं होती, तब तेरी लोभ शृंखलता के टूटने की क्या आशा? तुझे यह मालूम होना चाहिये कि—

न जातु कामः कामना मुपभोगेन शम्यति॥
तविसा कृष्ण वर्त्मेव भूयएवाभि वर्द्धते॥१॥

इच्छाओं की पूर्त्ति से वे शान्त नहीं होती, घृत डालने से आग की शान्ति नहीं होती, प्रत्युत बढ़ती ही जाती हैं।

हे आत्मन्! लोभ की शान्ति तो तब होगी, जब तू सन्तोष का अनुपूरण करेगा। किसी ने सच कहा है—

"जब आवे सन्तोष धन, सब धन धूल समान"।

हे चेतन! तू खूब सोचा करता है कि इस संसार में मेरे इतने कुटुम्ब है, कि मेरा इतना वडा परिवार है, मेरा ऐसा घर, मेरे ये पिता, माता, पुत्र, कलत्र प्रभृति है, यह मेरी धनदौलत है। पर इन्हीं विचारों के कारण तू ने अपनी संसार यात्रा में चौरासी लाख घर बना डाले, जिनमें कि तू अनवरत चक्कर काटता रहता है। फिर भी तेरी मृग तृष्णा आज तक शान्त न हुई। क्या तू अपने अतीत के कार्यों को कभी सोचता है? तू संसार नाटक के रंगमंच पर मा, वाप, स्त्री पुत्र इत्यादि सम्बन्धों में

असंख्य भूमिकाओं को लेकर आ जा चुका है, पर तेरे वे आज कुटुम्ब कहा है ? जरा हृदय पर हाथ रखकर विचार करके तो देख।

एक ठग की लड़की ने, जो वञ्चक वृत्ति के बल पर पैसा पैदा करती थी और अपने पितृ परिवार का भरण पोषण करती थी, अपनी मा से पूछा, मा मैं जो पाप करती हू उनके भोक्ता कौन कौन होंगे ? मा ने कहा, बेटी, जो करेगा वह भोगेगा। ठग की बेटी विस्मित रह गई उसने क्षुब्ध होकर कहा, मा, यदि ऐसी ही बात है, तब सासारिक स्वार्थ को धिक्कार है। झूठी माया ममता को धिक्कार है। और धिक्कार है उस मृग तृष्णा की, जिसके वश में आकर मनुष्य वास्तविकता को भूल जाता है। मा, मैं अब इस निश्चित सिद्धान्त पर जा चुकी यह झूठा संसार न किसी का है, तथा, न होगा।

हे जीव ! तुझे भी उसी तरह सोचकर ठोस सिद्धान्त पर आना चाहिये। तू ने मनुष्य का दुर्लभ शरीर, आर्य देश, उत्तम कुल, पूर्ण आयु, श्रावकपन और जिनेश्वर देव का धर्म, बड़े भाग्य से अत्यन्त पुण्य से प्राप्त किया है, पर तू इसका दुरुपयोग कर रहा है, सासारिक क्षण विनश्वर सुखों मे लीन होकर इनका असली उद्देश्य ही नष्ट कर रहा है। एक मूर्ख ब्राह्मण ने जिस तरह कौवे को उड़ाने की गरज से दुर्लभ चिन्तामणि रत्न को फेंक मारा और इच्छा की पूर्त्ति करने वाली वस्तु की परवाह न की, ठीक यही हालत अब तेरी है, पर मूर्ख ब्राह्मण तो अपनी मूर्खता पर खूब शरमाया, पर क्या तुझे आज अपनी करनी पर तनिक भी शर्म आती है ? हे आत्मन् ! लोक परलोक दोनों जगह सुख शांति देने वाले जैन धर्म के पवित्र प्राङ्गण में आकर भी तूने मन्द बुद्धि वाले कुगुरुओं के वाह्याडम्बर में फंसकर उस (जैन धर्म) का स्वरूप ही बिगाड़ डाला, फलतः अपने लोक, परलोक, दोनों को बिगाड़ डाला, बता, तेरे निस्तारे का अब क्या रास्ता होगा ?

हे नित्यानन्द स्वरूप ! मान रूपी पागल हाथी के ऊपर चढ़कर बाहुबल जी मुनि गौरवान्वित हो रहे थे, उन्हे संज्वालन मान का उदय था। निश्चय था कि उन्हें वह प्रमत्त हस्ती—अपनी अमिट मस्ती मे कहीं न कहीं खतरे में गेर देता, उनका सर्वनाश हो जाता। पर संयोग वश ब्राह्मी सुन्दरी जी साध्वी जैसी उपदेष्ट्री मिल गई, फलतः वे बाल बाल बच गये। पर तुझे तो वैसा होने की भी आशा नहीं है, कारण एक तो सफल उपदेशक का मिलना ही आजकल के जमाने में असम्भव प्रतीत होता है। दूसरा तू स्वयं अत्यन्त गहरे कीचड़ में फंसा हुआ है गिरी अवस्था में है, जहा से उद्धार होना बडा कठिन है। तू महाक्रोधी, महामानी, महामायी महालोभी बना बैठा है। तू जानता है, शास्त्रकार ने क्या कहा है ?

"कोहो पियं पणासेई माणो विणय णासणो ॥
माया मित्ताणु णासेई लोहो सव्व विणासणो ॥१॥"

अर्थात् क्रोध चिर कालिक एवं स्थिर प्रीति को भी नष्ट कर देता है। अभिमान विनय धर्म का नाश कर देता है। कपट मित्रता का अन्त कर देता है और लोभ तो सारी कल्याण परम्परा को खतम कर डालने वाला है।

इसलिये धीरे धीरे इन चारों का परित्याग करने मे ही तेरा कल्याण होगा। महाराजा भरत चक्रवर्त्ती छः खण्ड के भोक्ता, चौदह रत्न के धारक चौसठ हजार राणियों के रमता, देवी देवताओं से प्राप्त साहाय्य थे। पर वह दुनिया की सम्पदाओं को तमाम अनर्थों की जड़ एवं अनित्य समझ कर

उससे दूर होने के लिये समय समय पर बड़ी चेष्टा करते रहते थे निरन्तर मानसतल पर विराग का अङ्कुर जमाकर उसे बढ़ाने की तरकीब सोचा करते थे। इसी शुभ भावना के सहारे उन्होंने केवल ज्ञान और केवल दर्शन प्राप्त करके अपनी आत्मा का कल्याण सम्पादन कर लिया। हे स्वप्रकाश! क्या तू उनकी बराबरी करने की हिम्मत रखता है। ? अगर रखता है तो तेरी गलती है तेरी हिम्मत पस्त हो जायेगी। जानता है? वह त्रेसठ शलाका के पुरुष चौथे आरे के जीव थे, उनकी बराबरी करना पंचम काल के जीव के लिये सामर्थ्य से परे की चीज नहीं तो कठिन जरूर है। फिर भी उद्देश्य सिद्धि के लिये सफल चेष्टा तो होनी चाहिये, पर तुझे क्या फिकर है?

हे ज्ञान स्वरूप! तू पूर्ण चैतन्यवान है और कर्म है चैतन्य शून्य। ऐसे वैषम्य के होते हुये भी तू किस के साथ संचय परिचय करता रहता है। क्या यह ठीक है? संसार का निश्चित नियम है कि लोग बराबरी वाले के साथ ही संचय परिचय, बैठना उठना इत्यादि सांसरिक क्रियाएँ किया करते हैं, पर तेरी तो "मुरारे स्तृतीयः पन्थाः" इस लोकोक्ति को चरितार्थ करने वाली नीति ही निराली है।

पर इस तेरी अज्ञानता का फल तेरे लिये ही बुरा हुआ है और होगा। तेरी अवस्था तेरे स्वरूप की ठीक विपरीत दिशा की ओर प्रवाहित हो रही है। तू चेतन से जड़, ज्ञानी से अज्ञानी, बलवान् से कमजोर हो गया, हो रहा है और अगर यही रफ्तार रही तो तेरा भविष्य नितान्त दुःख मय होगा। इन कर्मों ने चौदह पूर्वधारी मुनियों को गिराया। ग्यारहवें गुण स्थान पर चढ़े हुए भुवन भानु केवली जी महाराज श्री कमल प्रभाचार्य आदि कतिपय जीव भी इसी कर्म की संगति से गिर चुके हैं। यहाँ तक कि महा विदेह क्षेत्र के मनुष्य भी इस कर्म के बुरे प्रभाव से अपनी दृढ़ता के अभाव के कारण वरी न रह सके; तब तेरी क्या ताकत है कि इस कर्म की संगति करते हुए भी तू कल्याण पथ का पांथ बना रह सकेगा। सच तो यह है कि तू आठ कर्म और अट्ठावन प्रकृतियों के जाल मे इस प्रकार जकड़ गया है कि तेरा छूटना अत्यन्त कठिन हो गया है।

इसी तरह ऐसा जबदस्त मोह कर्म तेरे पीछे हाथ धोकर पड़ा है, जिसका जीतना बहुत मुश्किल है कारण, इस मोह कर्म की सत्तर कोड़ा कोड़ियाँ सागरोपम की स्थिति दुस्तर नदियों की तरह अथाह एवं भयङ्कर हैं, जिनका पार कर लेना आसान काम नहीं। तुझे तो न जानें कितने जन्म लग जायगे। पर तुझे तो इसका विचार करना परमावश्यक है कि इस मोह पिशाच के हाथ से छुटकारा कैसे होगा? हे चेतन! तेरी रिहाई का तरीका जरूर है, पर करेगा तो वही! अगर तू चारित्र धन का धनी होकर शास्त्रों की प्राप्ति, सद्बुद्धि का अर्जन, सन्तोष का धारन और तृष्णा का सुतरां त्याग करे अग्रसर होता है तो निस्संदेह तेरे उद्धार का मार्ग सुप्रशस्त हो जायगा और तू अपने लक्ष्य तक बेशक पहुंच जायगा। यह महा पुरुषों के मस्तिष्क से सुप्रसूत अटल सिद्धान्त है।

धन्य थे वे साधु मुनिराज, जो पञ्च सुमति, तीन गुप्ति से समन्वित छः कायों के पालक, सात महा-भयों से निर्भय, अष्टमदों के विजेता, नौ बाड़ से ब्रह्मचर्य के पालक, दश प्रकार के यति धर्मों के धारक, द्वादशांग वाणी के ज्ञाता, मिताहारी, मल मलीन गात्री, लुञ्चन और मुण्डन पर समभावी, बयालीस दूषण को टाल कर आहार के ग्राही, चरण सप्तति करण सप्तति चारित्र के पालक थे। धन्य होगा वह दिन, जिस दिन ऐसे महा पुरुषों का त्रिकाल कल्याणकारी दर्शन होगा।

हे आत्मन्! इस प्रकार के तेरे चारित्र कब उदित होंगे? होंगे भी कैसे? इनके लिये तू यतिवान् ही कहां है? तुझे तो संसार में अभी चक्कर काटना अभीष्ट है। हे जीव, अगर तुझसे ये सब काम न

बन पड़े तो देश विरति संयम पालन करके अपने कल्याण का साधन कर। प्रातःकाल उठकर सामायिक, प्रति क्रमण, देव दर्शन द्वादशाङ्गी वाणी का श्रवण, देव वन्दन, गुरु वन्दन, दानशील भावना इत्यादि नित्य क्रियायें अच्छी तरह किया कर। सायङ्काल मे देव सी प्रतिक्रमण एवं पर्व तिथि में पौषध प्रेम पूर्वक किया कर। इन सब कामों का नतीजा यह होगा कि कभी तेरे परम कल्याण साधक सज्ज्ञान का उदय होगा। पर तू यह सब क्यों करने लगा। तुझे तो बुरे कामों की ओर ही वह जाने की वान पड़ गई है। और बुरे कामों के परिणाम बुरे ही होते हैं। तब तेरी सुव्यवस्था कैसी ? इसलिये हे चेतनानन्द, तू जरा अपने स्वरूप को पहचान एवं सच्चे आनन्द की तलाश कर। इस दुनियावी प्रतिपन्न नाशमान आनन्द की ओर से अपना मुंह मोड़।

पढ़ने गुणने में प्रवृत्त होकर चित्त निरोध करने की आवश्यकता है। इसी ठोस नौका के सहारे भव-सागर पार करना होगा। तू ने श्रुत ज्ञान की भक्ति नहीं की। तब तुझे आत्म ज्ञान कैसे पैदा हो। जो जीव आत्म ज्ञान की भक्ति करते हैं और उस भक्ति की वदौलत केवल ज्ञान केवल दर्शन पाकर अष्ट कर्म बन्धनों से छुटकारा पाकर मोक्ष प्राप्त कर लेते हैं। यदि अब भी तेरा विचार मोक्ष प्राप्ति का है तो सच्चे हृदय से धार्मिक क्रिया कर।

सभी प्राणियों में समता का वर्त्ताव कर, जिससे तेरे सामायिक की सफलता में सहायता मिलेगी। क्योंकि कहा है—

"समता सव्व भूएसु तस्ससू थावरे सूग ॥
तस्स सामाइयं होई इमं केवली भासियं ॥"

अर्थात् जो स्थावर जङ्गम सब मे अपनी आत्मा के समान सुख दुःख का ध्यान रखता है, उसकी सामायिक सिद्ध होती है। यह केवलीयों ने कहा है। और ज्ञानी पुरुषों ने आत्म कल्याण के लिये केवल एक सामायिक का सम्यक् सम्पादन करना पर्याप्त कहा है। हे स्वप्रकाश, तू ने अपने जीवन में सैकड़ों सामायिक कीं, फिर भी कुछ लाभ की झलक अब तक नहीं मिली। वास्तविक सामायिक आनन्द, कामदेव, शंख, पुस्कली आदि उत्तम पुरुषों ने की थी। जिससे कि उनका उद्धार हो गया। उसका कारण क्या था। ? वे लोग अपनी आत्मा को समता में रखकर शान्त वृत्ति के साथ व्यावहारिक कार्य मे रहते हुए भी अन्तरात्मा काही ध्यान किया करते थे। तू ने समस्त जीवन में बहिरात्मा का ध्यान करके अपने बल और पौरुष की अज्ञानता के अतुल कीचड मे फंसा दिया; फिर क्यों तेरी सामायिक सफल हो सकेगी है। कहा है—

काम काज घर का चितवे, निन्दा विकथा कर खिज रहे ॥
आरत रौद्र ध्यान मन धरे, क्यों सामायिक निष्फल करे ॥१॥

वस्तुतः ऐसी सामायिक कभी नहीं करना चाहिये, क्योंकि इससे कुछ होने जाने का नहीं। असल सामायिक तो यह है—

अपना पराया सरखा गिनें, कञ्चन पत्थर समवड धरें ॥
साचो थोड़ो आतम भणें, ते सामायिक शुद्धे करें ॥१॥

शुद्ध भाव से सम्पादित सामायिक वस्तुतः संसार के उलझे बन्धन को काटने के लिये तीक्ष्ण तलवार है। पूलमिया सेठ को ऐसे ही सामायक की वदौलत आत्म कल्याण प्राप्त हुआ था।

हे आत्मन्! तू किसी की बुराई चाहनाछोड़ दे, क्योंकि वह तेरे लिये ही दुःखदायी सिद्ध होगी।

एवं उससे तेरी वह शक्ति नष्ट हो जायगी जो सहाय्य पाकर कभी न कभी तुझे लक्ष्य की ओर अग्रसर करेगी। इसी तरह मिथ्या भाषण भी भयङ्कर पाप है—आत्म विनाश का प्रधान कारण है। इसलिये जो कुछ बोलना हो सचाई के साथ बोल। कहा है—"सत्यपूतं वदे द्वांक्यम्" अर्थात् सत्य से पवित्र वाक्य बोले। सत्य भाषण आत्मोद्धार का सफल सहायक और आत्मस्थ दोषों को प्रकट कर उनसे मुंह मोड़ लेने के लिंये विवश कर देता है। हे आत्मन् ! यद्यपि तू निरीह, निस्ताप, नित्यशुद्ध, बुद्ध, अविनाशी अयोगी इत्यादि उपाधियों से विभूषित है, इसलिये कोई तेरा कुछ बना बिगाड़ नहीं सकता है, फिर भी अष्ट कर्म रूपी स्वाभाविक शत्रुओं के फन्दे में फंस कर अपने स्वरूप को छोड़कर पर स्वरूप में रमण कर रहा है, जिसका नतीजा यह हुआ कि निकट भवी से दूर भवी और अभवी तक पहुंच गया है यही कारण है कि संसार का प्राङ्गण बहुत लम्बा चौड़ा मालूम होता है। परन्तु अपने सच्चे स्वरूप को पाने के लिये तुझे शुद्ध श्रद्धा की आवश्यकता है। जब तक तुझे सच्ची श्रद्धा नहीं आती है तब तक निर्वाण पद बहुत दूर है। कहा है—"सद्धा परम दुल्लहा" श्रद्धा बड़ी दुर्लभ है। श्रद्धा के बिना सम्यक्त्व नहीं आ सकती और सम्यक्त्व के बिना आत्म ज्ञान सम्भव नहीं। सम्यक्त्व के स्वरूप का वर्णन शास्त्र ने यों किया है—

सच्चांईं जिणेसर भासियाइं वयणाइं णण्हा हुंति ॥
इय बुद्धि जस्स मणे सम्मत्तं निश्चलं तस्स ॥

अर्थात् जिनेश्वर देव ने जो वचन अपने मुखार विन्द से कहे हैं, उन वचनों को बिलकुल झूठ न समझने वाली बुद्धि जिस जीव के मन में हो, उसका सम्यक्त्व निश्चल है।

इसलिये अच्छी तरह शोच विचार कर श्रद्धा को हृदय में स्थान दे, श्रद्धा से सम्यक्त्व का सम्पादन कर। सम्यक्त्व से आत्म ज्ञान हो जायगा पर यह हमेशा याद रख कि दूसरे की निन्दा विकथा करना महा पाप है, इसलिये दूसरे की निन्दा करना छोड़कर अपनी निन्दा किया कर, जिससे तू दुर्वृत और दुराचारों से मुड़ कर अपनी भलाई की राह पकड़ कर अग्रसर हो सकेगा।

आतम निन्दा आपनी ज्ञानसार मुनि कीन ॥
जो आतम निन्दा करे सो नर सुगुण प्रवीण ॥१॥

बारह मास पर्वाधिकार

चैत्र मास पर्व

चैत्र मास में चैत्र सुदि ७ से चैत्र सुदि १५ पर्य्यंत ये ९ दिन जैन शास्त्रानुसार अति उत्तम माने गये हैं। क्यों कि बारह मास में छः अट्ठाई महोत्सव आते हैं जिसमें चैत्र और आसोज के दोनों अट्ठाई महोत्सव शाश्वत है। चैत्र सुदि अष्टमी से चैत्र सुदि पूनम तक और आसोज सुदि अष्टमी से असोज सुदि पूर्णमाशी तक चारों निकायों के देवता सम्मिलित होकर आठवें नंदीश्वर द्वीप में जाते है। वहा जिन भगवान् की अष्ट द्रव्य से पूजा रचाते है, मांगलिक, गान, वाद्य एवं नाटक आदि करते हैं, इस प्रकार अनेक प्रकार की भक्ति करते हुए नवमें दिन अपने अपने स्थानों को चले जाते हैं। तीसरा अट्ठाई महोत्सव आषाढ़ चौमासे की चउदस (१४) से ४२ दिन बीतने पर भादों वदि १२ से भादों सुदि ४ तक आती है। चूंकि इस पर्व में कई दफा चार निकायों के देवता नहीं भी जाते हैं अथवा आगे पीछे जाते हैं इसलिये ये अट्ठाई महोत्सव शाश्वत नहीं है।

ये नवपद ओली शाश्वत अट्ठाई में कही जाती है। अतएव बड़ों की और सूत्रों की आज्ञा मानते हुए इस अट्ठाई मे नवपद जी की ओली विधि सहित अवश्य करनी चाहिये (विधि प्रकरण में उक्त विधि दे दी गयी हैं। पाठक गण देख लेवें।)

इसकी प्रथा को श्री श्रुत केवली भद्रबाहु स्वामी जी ने विधि वाद सूत्र से उद्धृत कर भव्य जीवों को अनंत सुख की प्राप्ति के लिये प्रसिद्ध की है। अतएव ये तप अवश्य आदरणीय है। ऐसा न कर जो पुरुष कुयुक्ति एवं अपनी कुबुद्धि से इसका खण्डन करते हैं उनको चौरासी लाख जीव योनियों मे अनंत काल तक भ्रमण करना पड़ता है।

भगवान् महावीर ने स्वयं कहा है कि हे गौतम! सर्वज्ञ के वचन सूत्रों में है और जो भी उन सूत्रों के अर्थों को तोड़ कर नये अर्थों की प्ररूपणा करते हैं वह अनंत संसारी होंगे। सूत्र किसको कहते है:—

सुत्तं गण हर रइयं, तहेव पत्तेय बुद्धि रइयं च।
सुय केवली णा रइयं, अभिण्ण दस पुव्विणा रइयं॥

अर्थात् गणधरों के रचे हुए, प्रत्येक बुद्ध के रचे हुए, श्रुत केवली चौदह पूर्व धारियों के रचे हुए और सम्पूर्ण दश पूर्वधारी के रचे हुए को सूत्र की संज्ञा दी है।

श्री वीर जन्म कल्याणक पर्व

चैत्र सुदि त्रयोदशी के दिन शासनाधिपति भगवान् महावीर स्वामी का जन्म हुआ, अतएव इस दिन जलयात्रादि विधि के अनुसार भगवान् के सम्पूर्ण जन्म कल्याणक के महोत्सव करने चाहिये। अगर इतना न बन सके तो भगवान् के च्यवन कल्याणक से लेकर निर्वाण कल्याणक पर्य्यंत वर्ष में जिस दिन जो कल्याणक हो, उसी का महोत्सव करना चाहिये। इससे धर्म का उद्योत होता है। सकल संघ में शांति एवं आनंद रहता है।

वीर चरित्र

आज से लगभग ढाई हजार वर्ष पहले जब भगवान् महावीर का जन्म नहीं हुआ था, भारत की सामाजिक एवं राजनैतिक परिस्थिति ऐसी थी जो एक विशिष्ट आदर्श की अपेक्षा रखती थी। देश में शूद्रों के साथ बड़ी निर्दयता का व्यवहार किया जाता था। उन्हें ज्ञान, ध्यान, शास्त्र-अध्ययन और मोक्ष प्राप्ति के अधिकारों से वंचित समझा जाता था। उनके पास खड़ा होना भी पाप समझा जाता था। हा, जिन शूद्रों से अपना निजि काम लेते थे उन्हे तो हर कोई छूता था, लेकिन जो शूद्र और चंडाल निर्विचिकित्स भाव से घृणोत्पादक जीवन दशाओं में भी लोक की सेवा करते थे उन्हें अछूत कह कर अवनति के गड्ढे मे डाल दिया गया था। यज्ञादिकों मे अनंत पशुओं का होम किया जाता था। लोग धर्म के असली अर्थ को भूल कर आडम्बर को ही धर्म मान बैठे थे। ब्राह्मण तरह तरह की तामसिक तपस्याएं करते थे और सर्वेसर्वा माने जाते थे। मांस का सर्वत्र प्रचार था। ऐसी विकट परिस्थिति में भगवान् महावीर का जन्म हुआ।

ईसवी की ७ वीं शताब्दी के पूर्व बिहार प्रान्त मे लच्छवाडा क्षत्रियो का राज संघ प्रसिद्ध था। इस संघ मे आस पास के क्षत्रियों के प्रतिनिधि सम्मिलित थे और वे मिल कर राज व्यवस्था करते थे। उन क्षत्रियों में कुण्ड ग्राम के क्षत्रिय भी शामिल थे। उनके प्रमुख राजा सिद्धार्थ थ। उनकी पट्टरानी त्रिशला की पावन कोख से चैत्र सुदि त्रयोदशी को भगवान् का जन्म हुआ। भगवान् के एक बड़ा भाई और एक बड़ी बहिन थी। बड़े भाई का नाम नंदीवर्धन एवं बहिन का नाम सुनंदा था।

माता पिता के बहुत आग्रहकरने पर और उनके चित्त को संतोष देने के लिए भगवान् ने वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित किया। उनकी पत्नी का नाम यशोदा था। उनके एक कन्या भी हुई जिसका नाम प्रिय दर्शना था।

माता पिताके स्वर्गवास होने पर वर्धमान स्वामी ने दीक्षा लेनेकी पूरी तैयारी कर ली थी, इससे ज्येष्ठ बन्धु को कष्ट होते देख उन्होंने गृहस्थ जीवन की अवधि दो वर्ष और बढ़ा दी। इन दोनों बातों से भगवान् के स्वभाव के दो दृष्य स्पष्ट रूप से विदित होते हैं। एक तो बड़े बूढ़ों के प्रति आदर तथा बहुमान और दूसरे मौके को देख कर मूल सिद्धान्त में बाधा न पड़ने देते हुए समझौता करने की उदारता।

इस प्रकार ३० वर्ष की तरुण अवस्था में वर्धमान स्वामी ने गृह को सर्वथा त्याग कर दीक्षा ग्रहण की। १२ वर्षों तक अनेक उपसर्ग सहे उनके पांवों पर ग्वाले ने खीर पकाई, उनके कानों में कीले गाड़े गये। इतने भीषण एवं हृदय विदारक उपसर्गों को सहते हुए जब पूर्ण सत्य सामने आ गया और अज्ञान का नाश होकर केवल ज्ञान रूपी सूर्योदय का प्रकाश हुआ तब उन्होंने कहा :—

न श्वेताम्बरत्वे न दिगाम्बरत्वे, न तत्त्ववादे न च तर्क वादे।
न पक्षसेवा श्रयणेन मुक्ति, कषाय मुक्ति किल मुक्ति रेव॥

अर्थात् न श्वेताम्बर हो जाने से ही, न दिगम्बर हो जाने से ही और न तर्कवाद के आश्रय से ही मुक्ति होनी है प्रत्युत् सच्ची मुक्ति तो क्रोध, मान, माया और लोभ रूप कषायों से छुटकारा पाने से ही मुक्ती होती है। भगवान्की भावनाएं उदार थीं। उनका अन्तः करण विशाल था। उन्होंने किसी एक क्षेत्रमें नहीं, एक उपाश्रय एवं मंदिर में नहीं, वरन् जगह जगह पर जाकर उपदेश दिये उनके समवसरण में प्रत्येक जाति के लोग सम्मिलित होते थे। भगवान् के उपदेश तत्त्व पूर्ण थे। उनमें किसी तरह का आडम्बर अथवा मान पाने की इच्छा न थी यही वह धर्मोपदेश किसी वस्त्रधारी साधु या देश के लिये था प्रत्युत् सारे संसार के लिए था।

उन्होंने साम्यवाद (अर्थात् धर्म ऊंच नीच, स्त्री पुरुष, ब्राह्मण व चंडाल सब बराबर हैं) के सिद्धांत को प्राणी मात्र के लिए व्यापक बना दिया।

भगवान् वीर ने लोगों को स्वावलम्बी बना कर उन्हें धर्मवीर, कर्मवीर, युद्धवीर और दानवीर बनाया। उन्होंने बताया कि संयम और तप के एक साथ मेल का नाम अहिंसा है। तप के अन्दर निष्काम प्रेम और दया तथा संयम में सेवा का समावेश किया। उन्होंने समभाव से ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र को जैन बनाया और बताया कि प्राणी मात्र से प्रेम करना और कषायों का निरोध करना ही ईश्वर पद पाना है। सक्षेप से भगवान् का उपदेश आचार में पूर्ण अहिंसा एवं तत्त्व ज्ञान में अनेकात वाद, इन दो ही बातों में समझा जा सकता है।

श्रमण भगवान् ने साधु साध्वी एवं श्रावक श्राविका संघ की प्ररूपणा की। उनके १४००० साधु और ३६००० साध्वियों का परिवार था, इसके सिवाय लाखों की संख्या में श्रावक श्राविकाएं थीं। गौतम गणधर आदि ब्राह्मण, उदायी एवं मेघकुमार आदि क्षत्रिय, शालिभद्र आदि वैश्य तथा हरिकेशी जैसे शूद्रों ने भी दीक्षा ग्रहण कर उच्च पद को प्राप्त किया था।

इस प्रकार आज से २४६६ वर्ष पूर्व राजगृही के पास पावापुरी नामक पवित्र स्थान में कार्तिक कृष्णा अमावस्या की रात्रि को इस शांति पूर्ण तपस्वी का ऐहिक जीवन पूर्ण हुआ अर्थात् उन्होंने निर्वाण पद

प्राप्त किया और देवताओं के आगमन से संसार जगमगा उठा। उन्हीं की पुण्य स्मृति को लेकर हम दीपावली मनाते हैं।

+ + + +

चूंकि चैत्र सुदि पूर्णिमा के दिन श्री आदिनाथ भगवान् के प्रथम गणधर श्री पुण्डरीक जी ५०० साधुओं सहित मोक्ष गये हैं इसीलिए श्री भरत चक्रवर्ती ने इस पर्व को आराधन करके चैत्री पूनम पर्व को सर्वत्र प्रसिद्ध किया।

इस पर्व के आराधना से इस भव में तथा पर भव में अनेक सुखों की प्राप्ति होती है। स्त्रियों के मनोरथ पूर्ण होते हैं। और आधि, व्याधि, शोक, भय, दरिद्रता आदि दूर होकर परभव में देवादिक ऋद्धि की प्राप्ति होती है। इसलिए इस पर्व को यथाशक्ति अवश्य करना चाहिये।

वैशाख मास पर्वाधिकार

वैशाख सुदि दूज का दिन अक्षय तृतीया पर्व के नाम से सर्वत्र प्रसिद्ध है। भगवान् ऋषभदेव स्वामीने दीक्षा लेकर मौन धारण कर एक बरस तक निराहार रह आर्य और अनार्य देशोंमें विहार किया। पारने के दिन प्रभु को कहीं से भी आहार न मिला। अंत मे हस्तिनागपुर नगर में सोमयश राजा के पुत्र श्री श्रेयास कुमार ने जाति स्मरण ज्ञान से शुद्ध आहार की विधि जान कर प्रभु को इक्षुरस से पारना कराया। उत्तम दान के प्रभाव से देवताओं ने हर्षित होकर १२॥ करोड़ सोनइयों की वर्षा की और देव दुन्दुभी बजाते हुए पांचों द्रव्य प्रगट किये। वैशाख सुदि ३ के दिन श्रेयास कुमार का दिया हुआ ये दान अक्षय हुआ, इससे ये दिन पर्व होकर अक्षय तृतीया कहलाने लगा। संसार में अन्य व्यवहार भगवान् श्री ऋषभदेव जी ने चलाये परन्तु दान देने का व्यवहार श्रेयास कुमार ने चलाया और तभी से यतियों को आहार देने की विधि प्रचलित हुई।

इस दान के प्रभाव से श्रेयास कुमार को अक्षय सुख की प्राप्ति हुई अतः ये पर्व श्री संघ मे मंगलकारी है। इस दिन अच्छे वस्त्र पहन कर मंदिर जी में आना चाहिये। अष्ट द्रव्य से प्रभु का पूजन कर अष्ट प्रकारी, सत्तरहभेदी आदि पूजायें करानी चाहिये। गुरु के मुख से यथाशक्ति एकासन आदि का पच्चक्खाण ग्रहण कर इस पर्व की महिमा सुननी चाहिये।

साधु मुनिराजों को, वहरा कर, कुटुम्ब के सभी व्यक्ति सम्मिलित होकर भोजन करें। शुभ कर्मों के शुरू करने के लिये ये दिन अत्यन्त उत्तम है। और इस दिन शुरू किया हुआ कार्य उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त होगा।

भगवान् आदिनाथ चरित्र

तीसरे आरे की समाप्ति में जब चौरासी लाख पूर्व और नवासी पक्ष बाकी रहे तब आषाढ़ कृष्णा चतुर्दशी के दिन, नाभि कुलकर की पत्नी मरुदेवी की गर्भ में देवलोक से च्यव कर वज्र नाम का जीव आया और चैत्र वदी अष्टमी के दिन मरुदेवी ने युगल पुत्र को जन्म दिया। भगवान् की जंघा में ऋषभ का चिह्न था और मरुदेवी माता ने स्वप्न में भी सर्व प्रथम ऋषभ (बैल) को ही देखा था इसलिये भगवान् का नाम ऋषभ रखा गया और कन्या का नाम सुमंगला रखा गया।

वंश-स्थापना के लिए इन्द्र जब प्रभु के पास आये और साथ में भगवान् को देने के लिये इक्षु (गन्ना) लाये। प्रभु ने सर्व प्रथम इक्षु हाथ मे ग्रहण किया, इसलिये उनके वंश का नाम 'इक्ष्वाकु' हुआ।

उस समय युगलिया* धर्म टूट चुका था क्योंकि पहले ही पहिले एक दिन ताड़ के वृक्ष के नीचे बैठे हुए बहन भाई युगलियेके जोड़ेमें, ताड़ वृक्षके फल टूटनेसे भाईकी मृत्यु होगई इसलिये वह कन्या इधर उधर भटकने लगी। कई युगलिये उसको लेकर नाभि कुलकर राजा के पास गये। नाभि राजा ने पूर्ण वृत्तान्त सुन कर कहा कि ये ऋषभ की धर्मपत्नी होवे। फिर उन्होंने उसको अपने पास रख लिया। उस स्त्री का नाम सुनंदा था।

युवावस्था में प्रवेश करने पर, अपने भोगोपभोग कर्मों को अवधिज्ञान के द्वारा जान कर, सौधर्मेन्द्र की प्रेरणा से बड़ी धूम धाम से सुमगला और सुनंदा के साथ भगवान् ने पाणी ग्रहण किया और तभी से लोक में विवाह की रीति प्रचलित हुई।

उस समय में कालदोष से कल्प वृक्षों का प्रभाव कम हो चला था, युगलियों में काषायिक भाव और झगड़े बढ़ने लगे थे तब इन्द्र ने आकर राज्याभिषेक कर प्रभु को दिव्य अलंकारो से अलंकृत किया क्योंकि युगलिये राज्याभिषेक की विधि नहीं जानते थे। तब इन्द्र ने कुबेर को विनीता नगरी निर्माण करने का आदेश दिया। सर्व प्रथम ऋषभदेव ही राजा हुए इसीलिये उन्हें आदिनाथ कहा जाता है। भगवान् ने लोगों को असि, मसि, कृषि, वाणिज्य और शिल्प के काम सिखलाये।

विवाह के पश्चात् भगवान् ने कुछ वर्ष कम ६ लाख वर्ष तक सुमंगला और सुनंदा से सुखोपभोग किया। सुमंगला ने भरत ब्राह्मी को एक साथ जन्म दिया और ४९ युग्म पुत्रों को जन्मा। सुनन्दा ने बाहुबली और सुन्दरी के जोड़े को उत्पन्न किया।

अन्त में लोकांतिक देवों की प्रेरणा से, और पूर्व भव के सुखों को विचार कर, संसार को अनित्य जान कर, भरत को राज्य दिया। एक वर्ष तक वर्षी दान देकर प्रभु ने चार हजार राजाओं के साथ चैत्र वदि अष्टमी को दीक्षा ग्रहण की। पारने के दिन प्रभु को कहीं भी निर्मल आहार नहीं मिला इस लिये वे निराहार ही विहार करने लगे।

हस्तिनागपुर में सोमप्रभ राजा के पुत्र श्रेयांस कुमार के हाथों से प्रभु का पारना हुआ और वह दिन अक्षय तृतीया के नाम से प्रसिद्ध हुआ, सो हम पहले लिख ही आये हैं।

प्रभु को अयोध्या नगरी में फागुन वदि एकादशी के दिन कैवल्यज्ञान की प्राप्ति हुई। देवों ने समवसरण की रचना की और भगवान् ने जीवों को भवसागर तार देने वाली धर्म देशना दी। उनके देशना को सुन कर भरत के ऋषभसेन मरीचि आदि ५०० पुत्रों ने, और ब्राह्मी आदि ने दीक्षा ग्रहण की। उसी समय से ऋषभसेन आदि साधुओं, ब्राह्मी आदि साध्वियों, भरत आदि श्रावकों और सुन्दरी आदि श्राविकाओं से चतुर्विध संघ की स्थापना हुई। गोमुख नामक यक्ष प्रभु का अधिष्ठायक और चक्रेश्वरी देवी शासन देवी हुई।

एक लाख पूर्व दीक्षा के पश्चात् बीतने पर, प्रभु अपना निर्वाण समीप जान कर अष्टापद पर्वत

---

* प्राचीन समय मे युगलिये जोड़े से उत्पन्न हुआ करते थे। जब तक वे युवावस्था को प्राप्त नहीं होते थे तब तक उनमें वह न भाई का सम्बन्ध रहता था जब युवावस्था होती तब उनमें स्त्री पुरुष का सम्बन्ध हो जाता था उसी समय ऋषभदेव स्वामी तथा सुमगला युवावस्था में प्रवेश कर रहे थे अचानक एक युगलिये की मृत्यु हो गई तब उसकी बहन का ऋषभदेव स्वामी के साथ विवाह हुआ। जो युगलियां मरा था वह उस स्त्री का पतित्व रूप होकर नहीं मरा था इसलिये भगवान् का विधवा विवाह नहीं हुआ था जो लोग ऋषभदेव स्वामी पर विधवा विवाह का झूठा लाछन लगा कर अपनी पाप मनोवृत्ति को लोगों में प्रचलित करते हुए भगवान् को विधवा विवाह के प्रमाण स्वरूप जनता मे प्रगट करते हैं यह उनकी बड़ी भारी भूल है। दूसरों के यहां से लड़की लाना उसी वक्त से चला है।

पर आये और अनशन ग्रहण किया और माघ वदि त्रयोदशी को प्रातः काल चौरासी लाख पूर्व की आयु को पूर्ण कर भगवान् मोक्ष को गये। भगवान २० लाख पूर्व कुमारावस्था मे, ६३ लाख पूर्व राज्य के पालन और सुखभोग में में, १००० वर्ष छद्मावस्था में और १००० वर्ष कम एक लाख पूर्व केवली अवस्था में रहे।

ज्येष्ठ मास पर्वाधिकार

ज्येष्ठ वदि त्रयोदशी के दिन सोलहवें तीर्थंकर श्री शान्तिनाथजी मोक्ष गये है इसीलिए ये दिन अति उत्तम माना जाता है। इस दिन समस्त श्री संघ सम्मिलित होकर मंदिर-जी में जावे। विधि सहित शाति पूजा करावे और उस शान्ति जल को अपने २ घर ले जाकर छींटे। इससे श्री संघ के सामूहिक बीमारी, हैजा आदि हरएक रोगों का कभी प्रकोप नहीं होगा।

कदाचित् किसी श्रावक के घर में कोई रोग हो अथवा अति चिन्ता फैली हुई हो तो शुभ दिन में शान्ति पूजा का महोत्सव कराना चाहिये। इससे आधि, व्याधि, दुःख, दरिद्रता आदि का अवश्य नाश होगा और आनन्द, मंगल की प्राप्ती होगी।

शांति नाथ चरित्र

इस जम्बुद्वीप के भरत क्षेत्र मे हस्तिनागपुर नाम का नगर था। उस नगरी के राजा विश्वसेन थे। उनकी रानी अचिरा की कूख से ज्येष्ठ वदि द्वादशी के दिन भगवान् ने जन्म लिया। प्रभु का रंग सुवर्ण जैसा था और शरीर पर मृग का चिह्न था।

प्रभु के गर्भ में आने से ही कुरुदेश में महामारी आदि उपद्रव शांत हो गये थे इसलिये माता पिता ने आपका नाम शांति नाथ रखा। युवावस्था को प्राप्त होने पर विश्वसेन राजा ने इनका अनेक राजकुमारियों से पाणि ग्रहण कर दिया। और २५००० वर्ष की अवस्था मे इनको राज्य भार सौंपा।

एक दिन आयुधशाला में चक्ररत्न के उत्पन्न होने पर, प्रभु ने पृथ्वी के छहो खण्डों को जीता और चक्रवर्त्ती कहाये। भगवान् चौदह रत्नों, (जिनमें एक २ रत्नके १००० हजार यक्ष अधिष्ठायक थे) चौंसठ हजार स्त्रियों, ८४-८४ लाख हाथियों, घोड़ों, रथों, नव महानिधियों, ९६ करोड़ ग्रामों के स्वामी थे।

लोकान्तिक देवों की प्रेरणा से प्रभु ने वर्षी दान देकर १००० राजाओं के साथ ज्येष्ठ वदि चौदस को अपने पुत्र चक्रायुध को राज्य सौंप कर, दीक्षा ग्रहण की और दूसरे दिन मदिर पुर के राजा सुमित्र के घर पारना किया। एक वर्ष तक विहार कर प्रभु को पोष सुदि नवमी के दिन केवल ज्ञान हुआ।

उसी समय चारों निकायों के देवों ने समवसरण की रचना की और भगवान् ने मधु क्षीरा मुख लब्धिवाली तथा ३५ अतिशय वाणी मे धर्म देशना कही। उस मोक्ष दायक देशना को सुन कर उनके पुत्र चक्रायुध ने भी ३५ राजाओं सहित, अपने पुत्र को राज्य सौंप कर दीक्षा ले ली और वे प्रथम गणधर हुए।

इसप्रकार पृथ्वीपर विहार करते हुए प्रभुने बासठ हजार मुनियों और इकसठ हजार ६०० साध्वियोंको दीक्षा दी। गरुड़ नामक यक्ष प्रभु का अधिष्ठायक हुआ और निर्वाणी नाम की शासन देवी हुई। प्रभु ७५ हजार वर्ष गृहस्थावास मे, एक वर्ष छद्मस्थ अवस्था में और एक वर्ष कम पचीस हजार वर्ष केवली अवस्था मे रहे। सब मिला कर प्रभु का आयु एक लाख वर्ष की थी। जिस २ देश में प्रभु विहार करते थे वहां २ लोगों के सब उपद्रव शांत हो जाते थे। अंत मे अपना निर्वाण काल समीप जान कर सम्मेत शिखर

पर पधारे। वहां नौ सौ केवलियों के साथ प्रभु ने एक मास तक अनशन किया। ज्येष्ठ मास की कृष्ण त्रयोदशी के दिन, जब चन्द्रमा भरणी नक्षत्र में था, तब प्रभु ने मोक्ष पद को प्राप्त किया।

"यस्योपसर्गाः स्मरणेन यांति, विश्वे यदीयाश्च गुणा न भांति।
'मृगांक लक्ष्म्या कनकस्य कांतिः, संघस्य शांतिं स करोतु शांतिः॥

अर्थात् जिनके स्मरण से सब उपसर्ग दूर होते हैं, जिनके गुण सारे विश्व में भी नहीं समाते, जिनके मृग का लांछन है, और जिनके शरीर की कांति सुवर्ण के समान है, वे श्री शांतिनाथ भगवान् श्री संघ की शांति करें।"

आषाढ़ मास पर्वाधिकार

आषाढ़ सुदि ८ से पूर्णिमा तक चातुर्मासिक अट्ठाई के दिन अति उत्तम हैं। इसमें आषाढ़ सुदि १४, चौमासी चतुर्दशी के नाम से प्रसिद्ध है। जैसा कहा भी है कि—

सामायिकावश्यक पौषधानि, देवार्चनं स्नात्र विले पनानि।
ब्रह्म क्रिया दान तपो मुखानि, भव्याश्चतुर्मासिक मंडनानि॥१॥

अर्थ सामायिक करना, पौषध लेना, देव पूजन करना, यथाशक्ति दान करना, तप करना आदि कृत्य चतुर्मास के अलंकार भूत हैं अर्थात् करने योग्य हैं।

अतएव इस अठाई में यथाशक्ति सामायिक, प्रतिक्रमण, पोसह आदि करना चाहिये। मंदिर जी में नाना प्रकार की पूजायें करवानी चाहियें। शीलव्रत का पालन करना चाहिये। जहां तक बन सके सुपात्रदान देना चाहिये और तपस्या करनी चाहिये। मतलब ये है कि जहां तक भी हो सके धर्म का उद्योत एवं वृद्धि करनी चाहिये।

चतुर्दशी के दिन मंदिर जी में जाकर शक्रस्तव से देव वंदना करनी चाहिये। गुरु महाराज से चौमासिक पर्व का व्याख्यान सुनना चाहिये। सब चीजों का प्रमाण करना चाहिये अर्थात् श्रावक के चौदह नियम धारने चाहिये जितनी चीजों का त्याग हो सके उनकी सौगंध लेनी चाहिये। इसी प्रकार कार्त्तिक चौमासे और फागुन चौमासे का भी विधान समझना।

जिनदत्त सूरिजी चारित्र

आषाढ़ सुदि एकादशी, को दादा जी का स्वर्गवास हुआ। इसलिये इस दिन जिनदत्त सूरि जी जयंति मनाई जाती है क्यों कि इससे संघ में किसी तरह का उपद्रव नहीं फैलता और संघ में आनन्द मंगल का प्रादुर्भाव रहता है।

श्री महावीर स्वामी के शिष्य पांचवें गणधर श्री सुधर्मा स्वामी की पट्ट परांपरा में शासन प्रभावक, चरित्र नायक श्री जिनदत्त सूरि जी हुए। इन सूरि जी का गुजरात के धुंधुका नगर में संवत् ११३० में जन्म हुआ माता श्री का नाम 'वाहरदे' और पिता श्री का नाम (हुम्बड जातीय) वांछिग मंत्री था। आपका जन्म नाम सोमचन्द्र था। 'होनहार बिरवान के होत चीकने पात' की कहावत आप में बचपन से ही दृष्टि गोचर होने लगी। ५ वर्ष की उम्र में पढ़ने को भेजे गये और शीघ्र ही अपनी तीक्ष्ण बुद्धि से सब को आश्चर्यान्वित कर दिया। संवत् ११४१ में जिनेश्वर सूरि जी के शिष्य उपाध्याय धर्म देव से इन्होंने ११ वर्ष की बाल अवस्था में दीक्षा ली।

२० वर्ष की अल्प अवस्था में ही सम्पूर्ण शास्त्र-अभ्यास कर लिया और गीतार्थ जैन साधु बन

गये। इसी अवसर पर सारंग पुर में इन्होंने कुमार पाल उपाध्याय को अन्त समय का अनशन करवा धर्मध्यान कराया जिससे मर कर वह देव हुआ। देवता ने अवधिज्ञान से इनको अपना उपकारी जान इनके पास आया और नमस्कार करके कहने लगा "हे मुनि! आप शीघ्र ही आचार्य होंगे परन्तु कुछ उपयोग रखियेगा आपके सूरि पद के तीन मुहुर्त्त निकलेंगे प्रथम में मरणांत कष्ट होगा। दूसरे मे गच्छ भेद बहुत होंगे। इन कारणों से आप तीसरे मुहुर्त्त में सूरि पद ग्रहण करें इससे शासन में उन्नति होगी। परन्तु होनहार बलवान् है। सवत् ११६८ वैशाख वदि ६ शनिवार को दूसरेमुहुर्त्त में ही श्री देव भद्राचार्य द्वारा सूरि पद दिया गया। आप का नाम जिनदत्त सूरि रखा गया। और उन्होंने ग्रामानुग्राम विहार करके भव्यात्माओं को प्रतिबोध देना शुरु कर दिया।

एकदा गुरु महाराज ने तीन करोड़ माया बीज मंत्र के जाप का अनुष्ठान किया। परन्तु देव ने सूचित कर दिया कि ६४ योगनियां विघ्न उपस्थित करेंगी।सूचना पानेके पश्चात् गुरु महाराजने श्रावकोंसे कहा कि आज व्याख्यान में ६४ स्त्रिया आवेंगी उनके सम्मानार्थ ६४ पट्टे रखो। और फिर उन पट्टों को गुरु महाराज ने मंत्रित कर दिया। जब ६४ योगनियां ६४ स्त्रियों के वेश में आई तब श्रावकों ने उन्हे बड़े सम्मान से बैठाया। व्याख्यान समाप्त होने पर जब उन्होंने उठना चाहा तो वे उठ नहीं सकी, अर्थात् वहीं की वहीं स्तंभित हो गई। ये चमत्कार देख सब आश्चर्य करने लगे। और योगनियों ने नम्र शीस होकर कहा 'महात्मन् हम तो आपको चलायमान् करने आई थीं मगर आपने ही हमको निश्चल कर दिया। अब हम आपके आधीन है। भविष्य में हम आपकी आज्ञानुसार काम करेंगी। हमको मुक्त कीजिएगा' छोड़ने के पहले गुरु महाराज ने कहा कि "अब से हमारे परम्परा के आचार्य तथा साधु को कभी दुःख न देना और धोखे मे न लेना" योगनियों ने तथास्तु कहा और प्रसन्न होकर सात वर दिये :—

१ आपका श्रावक तेजस्वी होगा। २ प्रायः निर्धन न होगा। ३ अकाल मृत्यु न होगी। ४ अखड ब्रह्मचारिणी साध्वी को ऋतु नहीं आवेगा। ५ आपके नाम से विजली उपसर्ग दूर होंगे। ६ सिंध देश मे गया श्रावक धनवंत होगा। ७ चतुर्विध संघ के आपको स्मरण से सब कष्ट दूर होंगे परन्तु इनके साथ २ इतना और विशेष करना होगा तभी सात वरदान सफलीभूत होंगे।

१ आपका पट्टधर २००० सूरि मंत्र का जाप करे। २ साधु दो हजार नवकार गुने। ३ श्रावक प्रभात और संध्या को ७ स्मरण पढ़े या सुने। ४ एक नवकार व एक उवसग्गहर ऐसी १०८ बार ३ खीचड़ी की माला गुणे। ५ श्रावक एक मास में २ आयंबिल करे। ६ साधु निरन्तर यथाशक्ति एकासना करे। ७ आचार्य पंचनदी के अधिष्टायकों का साधन करे।

एकदा अजमेर में श्रावक पाक्षिक प्रतिक्रमण करने लगे। उस समय विजली बड़े वेग से चमकने लगी और सभी श्रावकों का डर से ध्यान भंग होने लगा। उस समय गुरु महाराज ने मंत्र बल से उसको आकर्षित कर अपने पात्र के नीचे दबा दिया। प्रतिक्रमण के बाद उसे छोड़ दिया। छोड़ने पर आवाज आई कि मैं आपके नाम स्मरण करने वाले पर कभी नहीं गिरूंगी।

परम कृपालु गुरु महाराज विहार करते वड़ नगर में आये। उस समय उनकी अतुल वैभव और महिमा देख द्वेषियों ने एक मरी हुई गाय को जैन मन्दिर के द्वार पर डाल दिया। और गोहत्या का द्वेष लगा कर घबराये हुए श्रावकों की विनती पर उन्होंने एक व्यंतर देव को गौ के अन्दर प्रवेश कराकर उसको जीवित कर द्वेषियों के मंदिर भेज दिया वहा वह गौ मृत होकर शिव लिंग पर गिर पड़ी। फिर वे द्वेष

भाव को छोड़कर इनके चरणोंमें गिर पड़े और जैन धर्म को धारण कर लिया तब गौ उठ कर निकल गई।

एक दफा गिरनार पर्वत पर अंबड नाम के श्रावक ने अट्ठम तप करके अम्बिका देवी का आराधन किया। देवी के प्रत्यक्ष दर्शन देने पर नागदेव श्रावक ने शासन प्रभावक युग प्रधान का पता पूछा देवी ने सुवर्णाक्षरों से उसके हाथ में एक श्लोक लिख दिया और कहा कि इसके पढ़ने वाला ही शासन प्रभावक युग प्रधान होगा। नागदेव ने अनेक आचार्यों को हाथ दिखाया मगर कोई पढ़ न सका। अनुक्रमसे वो पाटण पहुंचा। सूरि जी को हाथ दिखाया। चूंकि श्लोक उन्हीं से सम्बन्ध रखता था इसलिए गुरु महाराज ने उसके हाथ पर वासक्षेप कर अपने एक शिष्य को पढ़ने की आज्ञा दी उसमे लिखा था :—

दासानुदासा इव सव देवाः, यदीय पादाब्ज तले लुठंति।
मरुस्थली कल्पतरुः स जीयाद्, युग प्रधानो जिनदत्त सूरिः ॥१॥

अर्थात् जिनकी सेवा में सब देव दासों की तरह सेवा करते हैं जो मरुस्थल की भूमि के लिए कल्प वृक्ष के समान हैं ऐसे युग प्रधानाचार्य श्री जिनजत्त सूरिः जयवंता हों। इसी समय से इनको युग प्रधानाचार्य की पदवी दी गई। इसी तरह ग्रामानुग्राम विहार करते हुए आप मुलतान पधारे। यहां के लोगों ने बड़ी भक्ति भाव से उनका स्वागत किया। दैवयोग से आपकी इस कीर्त्ति और महिमा को देख कर अंबड ईर्ष्या करने लगा। एक दिन घमंड से उसने कहा कि यदि आप मेरे पाटन में इस तरह महोत्सव से आवें तो मैं आपको चमत्कारी जानूं। गुरु महाराज ने अत्यन्त नर्मी से उत्तर दिया कि "हे श्रावक जिसका पुण्य प्रबल होता है उसी को मान मिलता है।" कालान्तर में आप पाटन गये और आपका नगर प्रवेश बड़ी घूमधाम से किया गया। द्वेषी अंबड़ भी मौजूद था मगर काल चक्र ने उसको निर्धन बना दिया था। किन्तु फिर भी उसने द्वेष भाव को नहीं छोड़ा। कपट से गुरु महाराज से क्षमा मांगी और अपने आपको परम भक्त जितलाने लगा। सरल परिणामी गुरु महाराज इस की चाल में फंस गये, इस ने समय पाकर विष मिश्रित शक्कर का पानी उपवास के पारणे में बहरा दिया। थोड़ी ही देर में विष ने अपना असर दिखाया। परन्तु जाको राखे साइयां मार न सक्के कोए, वाली कहावत के अनुसार जब, श्री संघ को विष पान का पता चला तब नगर सेठ आबुशाह ने विष अपहरण जड़ी मंगवा कर गुरु महाराज को सेवन कराई। श्री संघ ने अंबड़ को खूब लज्जित किया। और वह मर व्यंतर देव हुवा।

एक समय विक्रमपुर में महामारी का उपद्रव हुआ। दादाजी ने जैन संघ में महामारी का उपद्रव दूर किया तब माहेश्वरी जाति के लोगों ने गुरु महाराज से प्रार्थना की हमें भी बचाइये। गुरुजी के उपदेश से वे माहेश्वरी जैनी हुए और बहुतों ने तो दीक्षा ही ग्रहण कर ली और इस तरह महामारी के उपद्रव से बच गये।

इस प्रकार जीवों का उपकार करते हुए श्री जिनदत्त सूरिजी महाराज ७९ वर्ष की आयु पूर्ण करके विक्रम संवत् १२११ आषाढ़ सुदी ११, गुरुवार को अजमेर में अनशन करके स्वर्ग सिधारे। ये सौधर्म देवलोक में टक्कर नाम के विमान में चार पल्योपम की आयुष्य वाले देव हुए। वहां से च्यव कर महाविदेह में मोक्ष जावेंगे।

जिनदत्त सूरिजी के रचित ग्रन्थ

१ संदेह दोहावली, २ उत्सूत्र पदोदूघाटन कुलक, ३ उपदेश कुलक, ४ अवस्था कुलक, ५ चैत्यवंदन कुलक, ६ गणधर साध शतक, ७ चरचरी प्रकरण, ८ पदस्थान विधि. ९ प्रबन्धोदय ग्रन्थ, १० कालस्वरूप

द्वात्रिंशिका, ११ अध्यात्म दीपिका, १२ पट्टावली, १३ तंजय स्तोत्र। १४ गुरु पारतन्त्र्य स्तोत्र, सिग्घ-मवहरउ स्तोत्र।

भाद्रपद मास पर्वाधिकार

भादव वदी ११-१२ या तेरस से पर्युषण पर्व आरंभ होकर भादव सुदी ४ अथवा कभी पंचमी को समाप्त होता है। इस पर्व की महिमा शास्त्रों ने बहुत वर्णन की है और लिखा है कि जिस तरह आसमान मे उगने वाले तारों को कोई नहीं गिन सकता, गगा नदी के रेत के कणों का हिसाब नहीं कर सकता, माता के स्नेह की सीमा नहीं देख सकता, वैसे ही इस पर्युषण पर्व की महिमा का पार पाना भी किसी के लिए संभव नहीं है। इसलिए यह सब पर्वों से उत्तम पर्व है।

पर्युषण पर्व मे अवश्य करने योग्य ग्यारह द्वार बतलाये गये हैं। इनको अवश्य करना चाहिये—

१ चतुर्विध श्री संघ मिल कर वीतराग प्रभु की पूजा करना। २ यति महाराजों की भक्ति करना। ३ कल्प सूत्र श्रवण करना। ४ वीतराग प्रभु की अर्चना और अंग रचना नित्य करना। ५ चतुर्विध संघ मे प्रभावना करना। ६ सहधर्मियों से प्रेम प्रगट करना। ७ जीवों को अभय दान देने की घोषणा करना और करवाना। ८ अट्ठम तप करना। ९ ज्ञान की पूजा करना। १० श्री सघ से क्षमा-याचना करना। ११ और संवत्सरी प्रतिक्रमण करना।

इसी प्रकार नित्य सामायिक, प्रतिक्रमण, पोसह आदि करना, ब्रह्मचर्य का पालन करना, यथा-शक्ति दान देना, दया का भाव रखना, घर गृहस्थी के समस्त झंझट छोड़ देना, भूमि पर शयन करना सचित्त और सावद्य व्यापार से दूर रखना, रथयात्रा आदि महोत्सव कराना, इस प्रकार ज्ञान की वृद्धि करना, मांगलिक गीत गाना आदि कृत्य श्रावकों को करने चाहियें। और धर्म कार्यों मे लग जाना चाहिये। जो मनुष्य ऐसा नहीं करते वे अपना जन्म वृथा ही गवाते है। जो भव्य प्राणी इसकी आराधना करते हैं वे इस लोक में ऋद्धि, वृद्धि, सुख सम्पदा को प्राप्त करते हैं, परलोक मे इन्द्र की पदवी पाते हैं और क्रम से तीर्थंकर पद प्राप्त कर मोक्ष पदवी प्राप्त करते है।

कल्पलता शास्त्र मे पर्युषण की महिमा का वर्णन करते हुए लिखा है कि जैसे जगत् मे नवकार के समान मंत्र नहीं है, तीर्थों मे शत्रुंजय के समान कोई तीर्थ नहीं है, पाच दानों में अभयदान और सुपात्र दान के समान कोई दान नहीं है, गुणों मे विनय गुण, व्रतों मे ब्रह्मचर्य व्रत, नियमो में संतोष नियम, तपों मे उपशम तप, दर्शनों में जैन दर्शन, जल में गगा जल, तेजवंतों में सूर्य, नृत्यकला में मोर, गजों मे ऐरावत, दैत्यों मे रावण, वनों में नन्दन वन, काष्ठ में चन्दन, सतियों मे सीता, सुगन्ध मे कस्तूरी, स्त्रियों मे रंभा, धातुओं मे स्वर्ण, दानियों मे कर्ण, गौ में कामधेनु, वृक्षों में कल्पवृक्ष के समान उत्तम कोई और नहीं है उसी तरह सब पर्वों में यह उत्कृष्ट पर्व है और इससे उत्तम कोई पर्व नहीं।

पर्युषण पर्व में यतियों को सवत्सरी प्रतिक्रमण करना, बीच बीच में क्षमा प्रार्थना करना, कल्पसूत्र बाचना, सिर के बालों का लोच करना, तेले का तप करना, सर्व मंदिरों में भाव पूजा करना इत्यादि धार्मिक कृत्य करने चाहियें।

श्रावकों को अन्य धार्मिक कृत्यों के साथ ही साथ श्रुत ज्ञान की भी भक्ति करनी चाहिये। कल्प सूत्र जी को विधि सहित अपने घर में ले जावे। रात्रि जागरण करे। दूसरे दिन प्रभात समय नगर के सर्व श्री संघ को निमन्त्रित कर उनका यथायोग्य सन्मान करे। फिर कल्पसूत्र को ले जाने वाला श्रावक

उत्तम वस्त्र एवं आभूषण पहन कर हाथी ऊपर अथवा पाल की के ऊपर बैठे। अष्ट मांगलिक रचित थाल में कल्प सूत्र धर कर अपने दोनों हाथों में थाल रखे। पालकी अथवा रथ अथवा अम्बारी के दोनों ओर दो पुरुष चमर ढालें। इस प्रकार अनेक तरह के बाजे गाजे, दुन्दभि, वाजों के साथ दान देते हुए मांगलिक गीत गाते हुए नगर की प्रदक्षिणा करके गुरु महाराज के पास आवे। गुरु महाराज भी खड़े होकर विनय सहित पुस्तक को नमस्कार करके, श्री संघ की आज्ञा से बाचे। इस प्रकार जो श्रावक एक चित्त से इसको सुनते हैं और आराधन करते हैं वे आठवें भव में मोक्ष को प्राप्त होते हैं। और जो भव्य जीव अट्ठम आदि तप करके कल्प सूत्र को वांचते हैं, सुनने वाले प्रमाद को छोड़कर, अट्ठमादि तप करके, शुद्ध भाव से इक्कीस बार सुनते हैं वह देवगति को प्राप्त करके तीसरे भव में मुक्ति प्राप्त करते हैं।

कल्प सूत्र की महत्ता

यह कल्प सूत्र नवम पूर्व से उद्धृत किये हुए दशाश्रुत स्कंध का आठवां अध्ययन है। चौदह पूर्व-धारी श्री भद्रबाहु जी ने श्री संघ के कल्याण के लिए प्रसिद्ध एवं प्रचलित किया। जैसे अरिहंत से बढ़ कर कोई देव नहीं है, मुक्ति से बढ़ कर कोई उत्तम पदवी नहीं है, स्निग्धों में घृत से बढ़ कर कोई उत्तम पदार्थ नहीं है वैसे ही कल्प सूत्र से बढ़ कर कोई सूत्र नहीं है। यह कल्प सूत्र पाप का बंधन काटने के लिऐ एक अनोखी वस्तु है। यह ठीक कल्पवृक्ष की भाति सुनने वालोंके सारे मनोरथ पूर्ण करता है अतएव जो भव्य प्राणी शुद्ध मन से विधि सहित इसको श्रवण करेंगे वे ऋद्धि और सुख सम्पदा को प्राप्त करेंगे।

भाद्र पद कृष्ण १४ को श्री मणिधारी जिनचन्द्र सूरिजी का स्वर्गवास हुआ है अतः उनका संक्षिप्त जीवन चरित्र लिखा जाता है।

आज से सात सौ वर्ष पहिले की बात है, जैन शासन में अत्यन्त सुप्रसिद्ध, खरतरगच्छ नायक जङ्गम युग प्रधान, बृहद् भट्टारक, मणिधारी जिनचन्द सूरि जी महाराज हो गये हैं। इनका जन्म ११९७ भाद्र सुदि ८ को ज्येष्ठा नक्षत्र में जेसलमेर के निकट विक्रम पुर के सेठ साहरासल के यहां देल्हण देवी के गर्भ से हुआ था। आप जन्म सिद्ध सुशील थे। माता पिता ने आपका नाम रासलनन्दन रखा था। आप बचपन में ही शुभ लक्षणों के बदौलत होनहार मालूम होते थे। एक समय की बात है कि आचार्य महाराज श्री जिनदत्त सूरि जी विचरते हुए आपके यहां आये। और उन्होंने ज्ञान बल से जाना कि यह बालक मेरे उत्तराधिकारित्व को अच्छी तरह निभाने वाला होगा! आचार्य महाराज इनको अपने साथ ले अजमेर पधारे। वहां भगवान् पार्श्वनाथ स्वामी के मन्दिर में सं० १२०३ फाल्गुन सुदि ९ के दिन शुभ मुहूर्त्त में आपको सविधि दीक्षा दी गई। आप बड़े बुद्धिमान् और मेधावी थे। केवल २ वर्ष की पढ़ाई से आपकी योग्यता प्रातः कालीन सूर्य की तरह प्रस्फुटित हो उठी। आपकी कुशाग्र बुद्धि की वाह-वाही जनता में हवा की तरह दौड़ गई। किसीने सच कहा है—"होनहार विरवान के, होत चीकने पात"। सं० १२०५ वैशाख वदि ६ को विक्रम पुर नगरी में भगवान् महावीर स्वामी के मन्दिर में गुरु प्रवर श्री जिनदत्त सूरि जी ने आपको बड़े आनन्द से आचार्य पद प्रदान किया! आचार्य पद देने के बाद आपका नाम 'श्री जिनचन्द सूरि' रखा गया। आचार्य पद का महोत्सव आपके पिता ने बड़े समारोह और धूमधाम से सम्पादन किया! इनकी योग्यता और नम्रता से इन पर गुरुदेव की असीम कृपा थी। फलतः इन्हें गुरुदेव ने स्वयं जैनागम, मन्त्र, यन्त्र, तन्त्र, ज्योतिष आदि विद्याओं का उपदेश दिया, जिसके द्वारा आप योग्यतापूर्ण चतुरस्र विद्वान् और लोगों के दृष्टिकोण में बहुत ऊंचे उठ गये! ये

गुरुदेव की सेवा में सच्चे दिल से सदैव तत्पर रहा करते थे। आपको गुरुदेव गच्छ सञ्चालन की शिक्षा तथा आत्मोन्नति का भी पाठ पढ़ाया करते थे। पर गुरुदेव इन्हे दिल्ली जाने की मनाई हमेशा किया करते थे। सं० १२१४ मे हमारे चरित्र नायक श्रीमान् जिनचन्द्र सूरि जी महाराज त्रिभुवन गिरि पधारे। वहां दादा श्रीमान् जिनदत्त सूरि जी के हाथ से प्रतिष्ठापित, श्री शान्तिनाथ भगवान् के मन्दिर के ऊपर स्वर्ण दण्ड, कलश, और पताका इन्होंने बड़े महोत्सव के साथ चढ़वाई। इसके वाद साध्वी हेम गणवती देवी को प्रवर्त्तिनी पद दिया। वहा से विहार कर मथुरा आये। वहा सं० १२१७ मे फाल्गुन वदि १० को पूर्णदेव गणि, जिनरथ, वीरभद्र, वीरनय, जगहित, जयशीलभद्र और नरपति आदियों को श्री महावीर स्वामी के मन्दिर में दीक्षा दी। उसके वाद मरोठ आये। मरोठ मे चन्द्र प्रभु स्वामी के मन्दिर पर स्वर्णदण्ड कलश, और ध्वजा चढ़वाई। मरोठ से आचार्य महाराज स० १२१८ मे सिन्ध प्रात की ओर चल पड़े। सिन्ध प्रान्त में विनय शील, गुण वर्द्धन, भानुचन्द्र आदि साधुओं और जग श्री, सरस्वती, गुण श्री, नाम की तीन साध्वियों को दीक्षा दी। इसी तरह और भी साध्विया और साधु समय समय पर दीक्षित होते रहे। सं० १२२१ में आप सागर पाडा गये। वहा से अजमेर जाकर आपने स्वर्गीय श्री जिनदत्त सूरि जी महाराज के स्तूप की प्रतिष्ठा की। उसके वाद वब्बेरक गये जहां आपसे गुणभद्र गणि, अभयचन्द्र, यशचन्द्र, यशोभद्र, देवभद्र और देवभद्रकी स्त्री को दीक्षा दी गई। हासी मे नागदत्तको उपाध्याय पद दिया गया महावन नामक स्थान मे श्री अजित नाथ स्वामी के मन्दिर की आपने विधि पूर्वक प्रतिष्ठा की। इन्द्र पुर में शान्तिनाथ भगवान् के मन्दिर पर स्वर्णदण्ड कलश और ध्वजा की प्रतिष्ठा की। लगता ग्राम में वाचक गुण भद्र गणि के पिता महलाल श्रावक के वनवाये हुए अजित नाथ स्वामी के मन्दिर की प्रतिष्ठा की। सं० १२२२ में वादली नगर के भगवान् पार्श्वनाथ स्वामी के मन्दिर पर स्वर्ण दण्ड कलश, और पताका लगवाई, इसी तरह अम्बिका देवी के मन्दिर पर भी। उसके वाद आचार्य महोदय सद्दुपल्ली गये। सद्दुपल्ली से विहार करते हुए नरपाल पुर पधारे। वहा एक मानी ज्योतिषी आप से मिला। वहस छिड़ गई। आचार्य ने कहा, चर, स्थिर, और द्विस्वभाव तीन तरह के लग्न होते हैं, तुम इनमे से किसी एक का भी स्वभावतः प्रभाव दिखाओ, तव मैं समझू कि तुम सच्चे ज्योतिष शास्त्र के ज्ञाता हो। पर ज्योतिषी से कुछ भी जवाव देते न वना, क्योंकि लग्न के स्वभावानुकूल काम प्रत्यक्ष दिखा देना वडा ही कठिन था। अतएव उसको हार मान लेनी पड़ी। और आचार्य देव ने वृष (स्थिर) लग्न के १६ से ३० अंशों के अन्दर मार्गशीर्ष महीने मे श्री पार्श्वनाथ स्वामी के मन्दिर के सामने एक शिला स्थापित की और कहा कि यह शिला १७६ वर्षों तक निरन्तर अविचल रहेगी। वहां से आचार्य देव रुद्रपल्ली आये, जहां पद्मचन्द्राचार्य से राज्य के सुप्रवन्ध में शास्त्रार्थ हुआ। पद्मचन्द्राचार्य को अपने अध्ययन का वडा ही गर्व था, पर शास्त्रार्थ में आचार्य देव से परास्त होना पड़ा। आचार्य देव को इस जीत से न हर्ष था, न विषाद। हो भी कैसे? वे तो विनय और ज्ञान की साक्षात् मूर्त्ति थे उसके वाद श्रीमान ने संघ के साथ विहार करते हुए वोरसीदान ग्राम में पड़ाव डाला, जहां म्लेच्छों की सेना आने वाली थी। आ भी गई। संघ के लोग डर गये और गुरु महाराज से कहा कि अव क्या किया जाय? आचार्य ने कहा, आप लोग घवडाइये नहीं, जिनदत्त सूरि जी की दया से म्लेच्छ सेना कुछ नहीं कर सकती। आप लोग अपने पशुओं को इकट्ठे कर एक जगह हो जाइये। वैसा ही हुआ आचार्य प्रभु ने संघ के चारों तरफ ध्यान पूर्वक दण्ड से रेखा खींच दी, जिसका नतीजा यह हुआ कि म्लेच्छ सेना की दृष्टि भी संघ पर कामयाव न हो सकी। पड़ाव वाले अदृश्य रहे; फिर भी ये लोग पास से ही गुजरती सेना को

अच्छी तरह देखते थे। इसके बाद दिल्ली के निकट विहार करते हुए आ पहुंचे, जहां आचार्य देव की पधारने की खबर पाकर ठक्कुर लोहट साह, पाल्हण साह, कुलचन्द्र साह, महीचन्द्र साह, आदि संघ के मुख्य मुख्य श्रावक वन्दन नमन करने के लिये आये। इन लोगों को बड़े ठाट बाट से नगर के बाहर जाते हुए देख कर महल पर बैठे हुए दिल्ली नरेश मदन पाल ने मन्त्री से पूछा कि ये लोग कहां जा रहे है? मन्त्री ने कहा, इन लोगों के गुरु देव आ रहे हैं, जिनके स्वागत में ये लोग जाते दिखाई पड़ते है। राजा ने यह सुनकर स्वयं भी जाने की अभिलाषा प्रकट की और अपने घोड़े को सजाने की आज्ञा दी। कर्मचारियों को भी साथ चलने की सूचना दी। फलतः बड़े साजबाज के साथ — वीर सैनिक और प्रमुख लोगों के साथ राजा श्रावकों से भी पहिले ही आचार्य पाद की अगवानी में दाखिल हुए। वहां गुरुवर के उपदेशों से राजा बहुत प्रसन्न हुए, और अपने नगर में जाने के लिये बहुत अनुरोध किया। पर आचार्य देव गुरु की बात स्मरण कर चुप रह गये। राजा ने कहा, महाराज क्या कारण है कि आप हमारे नगर में नहीं जाना चाहते? श्रीमान् आप क्यों चुप रह गये? क्या हमारा नगर जाने लायक ही नहीं है? आचार्य देव ने कहा, नहीं, आपका नगर तो प्रधान धर्म क्षेत्र है। अन्ततोगत्वा दिल्लीपति के अनुरोध पूर्ण हठ से भवितव्यतावश गुरुवर को दिल्ली में जाना पड़ा। महाराज के प्रवेशोत्सव आश्चर्य जनक तरीके से मनाया गया, जो देखते ही बनता था। वहां इनके उपदेशामृत के पान से कितनों ने अपने जीवन को सफल बनाया। महाराज मदन पाल ने भी इनके उपदेशों से अच्छी तरह ज्ञान प्राप्त किया। एक दिन की बात है, अत्यन्त भक्त कुलचन्द श्रावक की दरिद्रता देखकर आचाय को बड़ी दया आई; फलतः इन्होंने मन्त्राक्षर सहित यन्त्र पट्ट उसको दिया और यन्त्र पट्ट की पूजा के लिये एक मुट्ठी वासक्षेप बतलाया। उस यन्त्र पट्ट की पूजा के प्रभाव से वह श्रावक कुछ ही दिनों में बड़ा धनवान् हो गया। आपने अपने जीवन काल में एक मिथ्या दृष्टि देवता को प्रतिबोध देकर सम्यक्त्व दिया। इस भांति धर्म प्रभावना करते हुए आचार्य मणिधारी श्री जिनचन्द्र सूरि जी सं० १२२३ के दूसरे भाद्र पद वदि १४ को इस शरीर को छोड़कर स्वर्ग पधारे। स्वर्ग जाने के समय श्रावकों के सामने एक भविष्य वाणी की कि जितनी दूर शहर से बाहर हमारे शरीर का अग्नि संस्कार किया जायगा उतनी दूर तक शहर की आबादी बढ़ जायगी। लोगों ने भी उनकी आज्ञा के मुताबिक ही विमान पर ले जाकर नगर की बहुत दूरी पर बड़े समारोह के साथ चन्दन कपूर वगैरह सुगन्धित पदार्थ के द्वारा अग्नि संस्कार सम्पादन किया।

आश्विन मास पर्वाधिकार

आसोज मास में आसोज सुदि ७ से आसोज सुदि पूर्णिमा नवपद ओली तथा अष्टापद ओली विधि युक्त करनी चाहिये। इनकी विधियां पूर्व की तरह ही है। पाठक देख लेवें।

अकबर प्रतिबोधक श्री जिनचन्द्र सूरीश्वरजी का आश्विन कृष्ण २ को स्वर्गवास हुआ है। अतः उनका संक्षिप्त जीवनचरित्र दिया गया है।

मारवाड़ के जोधपुर राज्य में खेतसर नामक एक सुप्रसिद्ध ग्राम है। यह आज से लगभग सवा चार सौ वर्ष पहिले की बात है, ओसवाल जाति के रोहिड़ गोत्र में चमकते हीरे की तरह श्रीवन्त साह नामक एक सेठ थे। उन्हीं सेठ की पति परायणा श्रियादेवी के गर्भ से सम्वत् १५६५ की मिती चैत्र कृष्ण १२ के दिन शुभ लग्न में अत्यन्त सुन्दर एक पुत्र रत्न का जन्म हुआ। सेठ जी ने बड़ी उदारता से जन्मोत्सव मनाया एवं दशवें दिन गुरुजनों के द्वारा लड़के का नाम 'सुलतान कुमार' रखा गया। यह

बालक "शुक्ल पक्षे यथा शशी" की तरह बढ़ने लगे एव बाल्य काल में ही अनेक कलाओं से परिचित हो गये। इनकी प्रतिभा से सब चकित थे। माता पिता को बड़ा आनन्द था।

विक्रम सवत् १६०४ मे खरतरगच्छ के नायक श्री जिन माणिक्य सूरि जी का अपने शिष्य समाज के साथ खेतमर में आना हुआ। वे बड़े ही विद्वान् एवं प्रभावशाली व्याख्यान दाता थे। खेतसर में उन्होंने अपने धर्म के ऊपर एवं संसार की क्षणभंगुरता के ऊपर बड़ा ही हृदयस्पर्शी उपदेश दिया। जिसका जनता के ऊपर भी बड़ा प्रभाव पड़ा, पर सुलतान कुमार के दिमाग पर तो जादूका-सा असर कर गया। फलतः सुलतान कुमार ने अपने माता-पिता को अनेक युक्तियों के द्वारा राजी करके स० १६०४ में श्री जिन माणिक्यसूरिजी से दीक्षा ले ली। अब इनका नाम सुमति धीर पड़ा। दीक्षा लेने के समय इनकी उमर ६ साल की थी, फिर भी मेधावी होने के कारण एकादश अंगादि सभी शास्त्रों का अध्ययन कर पूर्ण योग्य तथा व्याख्यान कुशल हो गये। ये अपने गुरु के सदा साथ विचरा करते थे। एक समय अपने गुरु के साथ १६१२ मे देराउर के रास्ते जेसलमेर आ रहे थे अचानक श्री जिन माणिक्य सूरिजी की जीवनलीला सं० १६१२ की आषाढ शुक्ल पञ्चमी को समाप्त हो गई। अग्नि संस्कारादि काम करा लेने के बाद अन्य साधुओं के साथ वे जेसलमेर पहुंचे। यद्यपि श्री माणिक्य सूरि जी के २४ शिष्य थे, फिर भी वे अपने पद पर किसी को स्थापित न कर सके थे। अतएव जेसलमर आने पर पदाधिकारी के निर्वाचन मे मतभेद उठ खड़ा हुआ। पर समस्त सघ तथा वहां के रावल श्रीमालदेवजी ने (राज्यकाल सं० १६०७ से १६१८ तक) वेगड़गच्छ के श्री पूज्य गुण प्रभ सूरिजी की सम्मति से बड़े समारोह के साथ नन्दी महोत्सव कराकर सवत् १६१८ की भाद्र शुक्ल नवमी गुरुवार को श्री सुमतिधीर जी को आचार्यपद पर प्रतिष्ठित किया। माणिक्य सूरिजी ने ही इन्हे सूरि मन्त्र दिया एवं श्री जिन हंस सूरिजी के विद्वान शिष्य महोपाध्याय श्री पुण्य सागरजी ने इन्हे आचार्य पदोचित योग्यता की शिक्षा दी। जिस रोज ये आचार्य पद पर आसीन हुए उसी रात मे श्री जिन माणिक्य सूरिजी ने इन्हें स्वप्न मे दर्शन दिया और समवसर की पुस्तक में साम्नाय सूरि मन्त्र का संकेत करके अन्तर्हित हो गये। याद रहे अब सुमति धीर नाम न रहकर इनका नाम श्री जिनचन्द्र सूरीजी पड़ा। सम्वत् १६१८ का चातुर्मास इनका जेसलमेर में ही बीता। बाद मे विहार करते हुए लोक कल्याण मे दिलोजान से आप लग पड़े।

इन्हीं महापुरुष के समय में तपगच्छ में एक विद्वान् किन्तु दुराग्रही उपाध्याय धर्मसागर थे। जो कहा करता था कि नवाङ्गी वृत्ति कर्त्ता श्री अभयदेव सूरि खरतरगच्छमें नहीं हुए है, क्योंकि इस गच्छ की तो उत्पत्ति ही उनके बाद सम्वत् १२०४ मे हुई है। इसके अतिरिक्त उसने गच्छवालों को 'उत्सूत्रभाषी' सिद्ध करने के लिये "औष्ट्रिक मतोत्सूत्र दीपिका" "तत्त्व तरङ्गिणी वृत्ति" तथा (कुमति कन्द कुद्दाल) आदि विपला साहित्य लिखकर जैन शासन में फूट पैदा करना शुरू कर दिया था। भट्टारक श्री जिनचन्द्र सूरिजी का सम्वत् १६१७ का चातुर्मास गुजरात के सुविख्यात नगर पाटण मे हुआ। फलत. आपने जैन समाज मे एकता कायम रखने की इच्छा से पाटण के सभी गच्छों के आचार्यों को १६१७ की कार्त्तिक शुक्ला चौथ को बुलाया और उन लोगों की देखरेख में धर्मसागर को शास्त्रार्थ के लिये आह्वान किया। पर वारम्वार बुलाने पर भी धर्मसागर शास्त्रार्थ करने के लिये उपस्थित नहीं हुआ। आखिर सभी गच्छवालों ने मिलकर श्री जिनचन्द्र सूरिजी की अध्यक्षता में धर्मसागर के मत का खण्डन किया और समाज में एकता सुव्यवस्थित रखने के लिये धमसागर का वहिष्कार कर दिया। इस काम से इनकी बड़ी प्रतिष्ठा हुई।

आचार्यजी के सम काल में भारत का शासन मुसलमानों के हाथ में था। दिल्ली के राज्यसिंहासन पर उन दिनोंमें अकबर बैठा था। उनकी नीति बड़ी अच्छी थी। इसलिये क्या हिन्दू, क्या मुसलमान सब समान रूपेण अकबर से प्रसन्न रहा करते थे। और उसकी सभा मे हरएक मजहब के लोग आया जाया करते थे। पण्डित, मौलवी, करामाती, फकीर, साधु, संन्यासी सभी समान दृष्टि से देखे जाते थे और बुलाये भी जाते थे। यही कारण है कि सम्वत् १६५१ में अकबर बादशाह का दरबार लाहौर में लगा हुआ था, जैन धर्म के सबसे बड़े विद्वान् श्री जिनचन्द्र सूरि को आग्रह पूर्वक बुलाया गया। जब आचार्य ने दरबार मे पदार्पण किया कि इनके सम्मानार्थ मुगल साम्राज्य के सबसे बड़े काजी (न्यायाधीश) ने उठ कर खड़ा होते हुए साथ-साथ परीक्षा भी ली। उसने अपनी टोपी अद्भुत करामात से आकाश में उड़ाई, इसलिये कि देखें ये कुछ इस बहाने अपनी महत्ता दिखाते हैं कि नहीं। यति प्रवर ने उसके मनकी बात ताड़ ली। फलतः अपनी चमत्कारी शक्ति से उसकी उड़ती टोपी को लाकर उसके सिर पर ज्यों की त्यों रख दिया। अकबर सहित सारा दरबार चकित रह गया। सम्राट ने इन्हे बैठने के लिये कहा, इन्होंने कहा कि यहां जीव हैं फलतः बैठना मेरे लिये नियम विरुद्ध होगा। अकबर ने कहा बतलाइये कि कितने जीव हैं? आचार्य ने कहा, तीन जीव हैं। काजी ने देखा तो ठीक तीन जीव थे। एक बकरी थी और उसने दो बच्चे जने थे। काजी, अकबर तथा सारी सभा आश्चर्य चकित रह गई। अकबर को इनपर बड़ी श्रद्धा हुई। इन्हें बहुत कुछ देना भी चाहा पर त्यागी ये महात्मा क्यों लेने लगे? अकबर की तरह उसका बेटा जहांगीर भी इन्हे सम्मानपूर्ण दृष्टि से देखा करता था। अकबर तथा उसका पुत्र जहांगीर ने इनकी महनीयता—योग्यता से प्रभावित होकर, विशिष्ट धार्मिक तिथियोंमें, वर्ष के बारह दिनों में अपने समस्त राज्य में कतई जीव हिंसा न करने का फरमान निकाला था। इन बारह दिनों में भाद्रपद के पर्युषण के आठ दिन तो मुख्य थे ही, शेष चार दिनों में भी जीवहिंसा न होती थी। इसी तरह इन महान आत्मा के जरिये अगणित लोकोपकार हुए। सच तो यह है कि ऐसे महात्मा का आविर्भाव ही समाज, शास्त्र, संसार, धर्म, नीति आदि की रक्षार्थ हुआ करता है। नहीं तो सृष्टि कब नाश को प्राप्त कर गयी होती।

मेरे चरितनायक ने सम्पूर्ण भारत की परिक्रमा की थी और सर्वत्र अपने उपदेशामृत से लोगों को कृतार्थ किया था। आपने कई ग्रन्थ भी लिखे, जिनमें सबसे आदर्श 'निर्मल चरित्र' है। आचार्यदेव का देहावसान सं० १६७० की आश्विन कृष्ण द्वितीया को बेनातट (बेलाड़ा) मे हुआ।

कार्त्तिक मास पर्वाधिकार

कार्त्तिक मास में कार्त्तिक बदि अमावस्या दीपमालिका (दीवाली) के नाम से प्रसिद्ध है।

चौवीसवें तीर्थंकर श्री महावीर स्वामी साधु साध्वियों के साथ विहार करते हुए अन्त में पावापुरी आकर रहे। अपना अन्तिम समय निकट जानकर "हस्तिपाल राजा" की शुल्क शाला में आये। अपने ऊपर गौतम स्वामी (प्रथम गणधर) का अत्यधिक स्नेह देखकर उन्हे समीप के ग्राम में देवशर्मा नामक ब्राह्मण को प्रतिबोध देने के लिये भेजा।

उनके जाने के बाद पद्मासन धारण करके सोलह प्रहर तक अखण्ड देशना दी। इस प्रकार बहत्तर वर्ष की आयु पूर्ण करके इसी अमावस्या के दिन रात्रि को स्वाती नक्षत्र आनेपर निर्वाण को प्राप्त हुए। उसी समय चौसठ इन्द्रों के आने से अनुपम उद्योत हुआ। उस समय भगवानरूपी दीपक के अस्त हो जाने से सभी ने रत्नों से उद्योत किया और तभी से दीपावली पर्व मनाया जाने लगा।

प्रात.काल देवताओं के मुख से भगवान् का मोक्ष-गमन सुनकर श्री गौतम स्वामी को केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। इसी तरह भगवान् की बहन सुदर्शना ने अपने भाई नन्दीवर्द्धन को घरमें बुला कर जिमाया और शोक को दूर किया, इससे भाई दूज पर्व का श्री गणेश हुआ।

दीपावली की रात्रि को—"श्री महावीर स्वामी सर्वज्ञाय नमः"। "श्री महावीर स्वामी पारंगताय नमः"। "श्री गौतम स्वामी सर्वज्ञाय नमः"।

इस एक एक पद का २००० गुणना गुने। उपवास करे। रात्री जागरण करे। निर्वाण के समय अष्टद्रव्य से थाल भर कर मन्दिर जावे। रोशनी करे। निर्वाणकल्याणक की आरती करे। दीपमाला चैत्यवन्दन करके स्तवन बोले। और उपाश्रय में आकर व्याख्यान तथा गौतम रास सुने।

ज्ञान पञ्चमी पर्व

दूसरा पर्व कार्त्तिक मास मे कार्त्तिक सुदि पञ्चमी "ज्ञान पञ्चमी" के नामसे प्रसिद्ध है। जैन शास्त्रोंमें इस पर्व की महिमा बहुत वर्णित की है। ज्ञान के समान संसार में उत्तम पदार्थ कोई भी नहीं है क्योंकि ज्ञान और क्रिया दोनों से ही मोक्ष प्राप्ति हो सकती है। तप करके, पूजा पाठ करके, खुद मेहनत करके और दूसरों को यथाशक्ति ज्ञान की मदद करके और ज्ञान का महोत्सव करके ज्ञान पञ्चमी का आराधन किया जाता है। सब तत्त्वों मे ज्ञान के समान कोई तत्त्व नहीं है अतएव सभी भव्य प्राणियों को इसका आराधन करना चाहिये। इस पर्व के आराधने से अनेक अशुभ कर्मों का विच्छेद होता है। गूँगापन, मूर्खपन, वक्रपन और कोढ़ आदि रोग सर्वथा नाश को प्राप्त होते है। और ज्ञानावरणी कर्म के क्षय होने से क्रमशः पांचो ज्ञान प्रगट होते हैं जैसे वरदत्त गुणमञ्जरी के सर्व उपद्रव दूर होकर मनोरथ पूर्ण हुए।

कार्त्तिक चौमासी पर्वाधिकार

कर्त्तिक मास में कार्त्तिक सुदि १४ भी चौमासी चतुर्दशी के नाम से विख्यात है। इस दिन आषाढ़ चौमासी की तरह सभी धार्मिक कृत्य मन्दिर जी मे जाना, व्याख्यान सुनना, सामायिक प्रतिक्रमण करना आदि कृत्य करने चाहियें।

कार्त्तिक पूर्णमासी पर्वाधिकार

प्रथम कार्त्तिक वदि एकम से शत्रुञ्जय रास सुने। प्रति दिन नीवि, एकासना अथवा बयासना आदि तप करे। दोनों समय प्रतिक्रमण करे देव वन्दन करे। "ॐ ह्रीं श्री सिद्धक्षेत्र अनन्तसिद्धाय नमः" इसी का एक जाप नित्य करे। अगर शक्ति हो तो सिद्धगिरि की यात्रा करने जावे कार्त्तिक पूनम के दिन विस्तार युक्त शत्रुञ्जय तीर्थ की पूजा करावे, अट्ठाई महोत्सव करे, विस्तार पूवक देववन्दन करे, २१ दफा शत्रुञ्जय रास सुने।

कदाचित् सिद्धगिरि (शत्रुञ्जय) जाने की क्षमता न हो तो जहा शत्रुञ्जय जी के पट्ट को विराजमान किया हो वहा महोत्सव पूर्वक दर्शन करने को जावे। पूजा इत्यादि सब विधि करे। बेला अथवा तेला करके इस पर्व की आराधना करे। गुरु की भक्ति करे एवं साधर्मी वत्सल करे। इस प्रकार विधि सहित शत्रुञ्जय की भक्ति करने से अशुभ कर्मों का नाश होकर पुण्य कर्मों का उदय होता है।

भरतक्षेत्र मे इस तीर्थ के समान कोई उत्तम तीर्थ नहीं है। इसी दिन श्री द्राविड़ वारखिल्ल आदि दस करोड़ साधु मुनिराज मोक्ष को गये, इसलिये इस दिन का किया हुआ धार्मिक कृत्य का दस गुणा फल मिलता है।

इस तीर्थ में बारह हजार तीन सौ अट्ठावन (१२३५८) जिन बिम्ब है और चरणों की स्थापना की तो गिनती ही नहीं है। अनंते मुनिराज इसी दिन निर्वाण को प्राप्त हुए अतएव जो श्रावक इस पर्व को शुद्ध भावना से आराधना करेंगे वे उत्तरोत्तर सुख और सम्पदा को प्राप्त करेंगे।

मार्गशीर्ष मास पर्वाधिकार

मगसिर मास में मार्गशीर्ष सुदि ११ मौन एकादशी पर्व नाम संग्रह इसके गुणने अनंतर दिये गये हैं। इसी से ये दिन अधिक उत्तम माना जाता है। जैन सिद्धान्तों में इस पर्व की महिमा विस्तृत रूप से लिखी हुई है।

२२ वें तर्थंकर श्री नेमिनाथ जी के समय में एक सुव्रत नाम के सेठ थे। वे बड़े ही योग्य, पवित्र एवं धर्मात्मा थे। एक दिन उन्होंने मार्गशीर्ष वदि ११ को आठ प्रहर का पौषध लिया और चारों प्रकार के आहारों का त्याग कर एवं कहीं भी स्वस्थान छोड़ आने-जाने का नियम लेकर अपने घरमें विराजमान थे। चोरों को भी किसी तरह इस व्रत का पता चल गया। उन्होंने समय पाकर सेठ के सब माल की गठरी बांधी और चलनेको तैयार ही थे कि इतने में धर्मरक्षक शासनदेव प्रगट हुई और उन्हें स्तम्भित कर दिया। प्रातःकाल राजा ने भी आकर ये वार्ता देखी। राजा ने राजनीति के विरुद्ध कार्य देख चोरों को प्राणदण्ड की आज्ञा दी परन्तु उस दयालु ने अपनी धार्मिक दया दिखला कर उन चोरों को मुक्त करवा दिया।

इसी तरह एक समय उसी नगर में आग लग गई। सेठजी पौषध व्रत लेकर घर में ही बैठे थे। केवल सेठ की दूकान एवं घर के अतिरिक्त समस्त नगर जल गया। इससे सहज ही मे इस पर्व की महिमा समझ में आ सकती है।

इस दिन मौन युक्त उपवास करना चाहिये। अठ पहरी पोसह करके मौन एकादशी का गुणना करना चाहिये। कदाचित् पोसह करने की शक्ति न हो तो देसावगासिक लेकर गुणना करे। ग्यारह वर्ष मे ग्यारह उपवास करे अगर अधिक इच्छा हो तो मास में वदि, सुदि की दोनों एकादशी ग्यारह वर्ष और ग्यारह मास करे। इस तपस्या के करते हुए ग्यारह अंगों को शुद्धभाव से सुनें। अगर शक्ति हो तो उनको लिखावे। पढ़नेवालों की सहायता करे। अन्त में यथाशक्ति उद्यापन करे। आगम पूजा करावे। साधर्मीवत्सल करे। इससे सर्वदा सुख की प्राप्ति होगी। एक एक कल्याणक की एक एक माला गुणनी चाहिये। कुल १५० माला गुणनी चाहिये।

मौन एकादशी का गुणना

जम्बुद्वीप भरतक्षेत्र के अतीत २४ जिन पंच कल्याणक नाम

४ श्री महायश सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री सर्वानुभूति अर्हते नमः। ६ श्री सर्वानुभूतिनाथाय नमः। ६ श्री सर्वानुभूतिसर्वज्ञाय नमः। ७ श्री श्रीधरनाथाय नमः।

जम्बुद्वीप भरतक्षेत्रके वर्त्तमान २४ जिन पंच कल्याणक नाम

२१ श्री नमि सर्वज्ञाय नमः। १९ श्री मल्लिअर्हते नमः। १९ श्री मल्लिनाथाय नमः। १९ श्री मल्लि सर्वज्ञाय नमः। १८ श्री अरनाथाय नमः।

जम्बुद्वीप भरतक्षेत्रके अनागत २४ जिन पंच कल्याणक नाम

४ श्री स्वयंप्रभु सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री देवश्रुत अर्हते नमः। ६ श्री देवश्रुत नाथाय नमः। ६ श्री देवश्रुत सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री उदयनाथाय नमः।

धातकीखण्डके पूर्व भरतमें अतीत २४ जिन पंच कल्याणक नाम

४ श्री अकलंक सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री शुभंकर अर्हते नमः। ६ श्री शुभंकरनाथाय नमः। ३ श्री शुभंकर सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री सप्तनाथाय नमः।

धातकीखण्डके पूर्व भरतमें वर्त्तमान २४ जिन पंच कल्याणक नाम

२१ श्री ब्रह्मेंद्र सर्वज्ञाय नमः। १६ श्री गुणनाथ अर्हते नमः। १६ श्री गुणनाथ नाथाय नमः। १६ श्री गुणनाथ सर्वज्ञाय नमः। १८ श्री गांगिलनाथाय नमः।

धातकीखण्डके पूर्वभरतमें अनागत २४ जिन पंच कल्याणक नाम

४ श्री साम्प्रति सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री मुनिनाथ अर्हते नमः। ६ श्री मुनिनाथ नाथाय नमः। ६ श्री मुनिनाथ सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री विशिष्ट नाथाय नमः।

पुष्कराद्ध पूर्व भरतमें अतीत २४ जिन पंच कल्याणक नाम

४ श्रीमृदु सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री व्यक्त अर्हते नम। ६ श्री व्यक्त नाथाय नमः। ६ श्री व्यक्त सर्वज्ञाय नमः। ७ श्रीकैलाश नाथाय नमः।

पुष्कराद्ध पूर्वभरतमें वर्त्तमान २४ जिन पंच कल्याणक नाम

२१ श्रीअरण्यवास सर्वज्ञाय नमः। १६ श्री योगनाथ अर्हते नमः। १६ श्री योगनाथ नाथाय नम.। १६ श्री योगनाथ सर्वज्ञाय नमः। १८ श्री अयोग नाथाय नमः।

पुष्कराद्ध पूर्व भरतमें अनागत २४ जिन पंच कल्याणक नाम

४ श्री परमसर्वज्ञाय नमः। ६ श्री शुद्धार्त्ति अर्हते नमः। ६ श्री शुद्धार्त्ति नाथाय नमः। ६ श्री शुद्धार्त्ति सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री निष्केश नाथाय नमः।

धातकीखण्डके पश्चिम भरतमें अतीत २४ जिन पंच कल्याणक नाम

४ श्री सर्वार्थ सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री हरिभद्र अर्हते नमः। ६ श्री हरिभद्र नाथाय नमः। ६ श्री हरिभद्र सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री मगधाधि नाथाय नमः।

धातकीखण्डके पश्चिम भरतमें वर्त्तमान २४ जिन पञ्चकल्याक नाम

२१ श्री प्रयच्छ सर्वज्ञाय नमः। १६ श्री अक्षोभ अर्हते नमः। १६ श्री अक्षोभ नाथाय नमः। १६ श्री अक्षोभ सर्वज्ञाय नमः। १८ श्री मलिसिंह नाथाय नमः।

धातकीखण्डके पश्चिमभरतमें अनागत २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

४ श्री आदिकर सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री धनद अर्हते नमः। ६ श्री धनद नाथाय नमः। ६ श्री धनद सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री पौष नाथाय नमः।

पुष्कराद्ध पश्चिम भरतमें अतीत २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

४ श्री प्रलम्ब सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री चारित्रनिधि अर्हते नमः। ६ श्री चारित्रनिधि नाथाय नमः। ६ श्री चारित्रनिधि सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री प्रशमजित नाथाय नमः।

पुष्कराद्ध पश्चिम भरतमें वर्त्तमान २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

२१ श्री स्वामी सर्वज्ञाय नमः। १६ श्री विपरीत अर्हते नमः। १६ श्री विपरीत नाथाय नमः। १६ श्री विपरीत सर्वज्ञाय नमः। १८ श्री प्रशाद नाथाय नमः।

पुष्करार्द्ध पश्चिम भरतमें अनागत २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

४ श्री अघटित सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री भ्रमणेन्द्र अर्हते नमः। ६ श्री भ्रमणेन्द्र नाथाय नमः। ६ श्री भ्रमणेन्द्र सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री ऋषभचन्द्र नाथाय नमः।

जम्बुद्वीपके ऐरवतक्षेत्रमें अनागत २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

४ श्री दयांत सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री अभिनन्दन अर्हते नमः। ६ श्री अभिनन्दन नाथाय नमः। ६ श्री अभिनन्दन सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री रत्नेश नाथाय नमः।

जम्बुद्वीपके ऐरवतक्षेत्रमें वर्त्तमान २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

२१ श्री शामकाष्ट सर्वज्ञाय नमः। १६ श्री मरुदेव अर्हते नमः। १६ श्री मरुदेव नाथाय नमः। १६ श्री मरुदेव सर्वज्ञाय नमः। १८ श्री अतिपार्श्व नाथाय नमः।

जम्बुद्वीपके ऐरवतक्षेत्रमें अनागत २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

४ श्री नन्दिषेण सवज्ञाय नमः। ६ श्री व्रतधर अर्हते नमः। ६ श्री व्रतधर नाथाय नमः। ६ श्री व्रतधर सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री निर्वाण नाथाय नमः।

धातकीखण्डके पूर्व ऐरवतमें अतीत जिन पञ्चकल्याणक नाम

४ श्री सौन्दर्य सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री त्रिविक्रम अर्हते नमः। ६ श्री त्रिविक्रम नाथाय नमः। ६ श्री त्रिविक्रम सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री नरसिंह नाथाय नमः।

धातकीखण्डके पूर्व ऐरवतमें वर्त्तमान २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

२१ श्री खेमन्त सर्वज्ञाय नमः। १६ श्री सन्तोषित अर्हते नमः। १६ श्री सन्तोषित नाथाय नमः। १६ श्री सन्तोषित सर्वज्ञाय नमः। १८ श्री काम नाथाय नमः।

धातकीखण्डके पूर्व ऐरवतमें अनागत २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

४ श्री मुनिनाथ सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री चन्द्रदाह अर्हते नमः। ६ श्री चन्द्रदाह नाथाय नमः। ६ श्री चन्द्रदाह सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री शिलादित्य नाथाय नमः।

पुष्करार्द्ध पूर्व ऐरवतमें अतीत २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

४ श्री अष्टाहिक सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री वणिक अर्हते नमः। ६ श्री वणिक नाथाय नमः। ६ श्री वणिक सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री उदयज्ञान नाथाय नमः।

पुष्करार्द्ध पूर्व ऐरवतमें वर्त्तमान २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

२१ श्री तमोनिकन्दन सर्वज्ञाय नमः। १६ श्री सायकाक्ष अर्हते नमः। १६ श्री सायकाक्ष नाथाय नमः। १६ श्रीसायकाक्ष सर्वज्ञाय नमः। १६ श्रीखेमन्त नाथाय नमः।

पुष्करार्द्ध पूर्व ऐरवतमें अनागत २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

श्री निर्वाण सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री रविराज अर्हते नमः। ६ श्री रविराज नाथाय नमः। ६ श्री रविराज सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री प्रथमनाथ नाथाय नमः।

धातकीखण्डके पश्चिम ऐरवतमें अतीत २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

४ श्री पुरूरव सर्वज्ञाय नमः। ३ श्री अववोध अर्हते नमः। ६ श्री अववोध नाथाय नमः। ६ श्री अववोध सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री विक्रमेन्द्र नाथाय नमः।

धातकीखण्डके पश्चिम ऐरवतमें वर्त्तमान २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

२१ श्री सुशान्त सर्वज्ञाय नमः। १० श्री हर अर्हते नमः। १६ श्री हर नाथाय नमः। १६ श्री हर सर्वज्ञाय नमः। १८ श्री नन्दकेश नाथाय नमः।

धातकीखण्डके पश्चिम ऐरवतमें अनागत २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

४ श्री महामृगेन्द्र सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री अशौचित अर्हते नमः। ६ श्री अशौचित नाथाय नमः। ६ श्री अशौचित सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री धर्मेन्द्र नाथाय नमः।

पुष्करार्द्ध पश्चिम ऐरवतमें अतीत २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

४ श्री अश्ववृन्द सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री कुटिल अर्हते नमः। ६ श्री कुटिल नाथाय नमः। ६ श्री कुटिल सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री वर्द्धमान नाथाय नमः।

पुष्करार्द्ध पश्चिम ऐरवतमें वर्त्तमान २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

२१ श्री नन्दिफू सर्वज्ञाय नमः। १६ श्री धर्मचन्द्र अर्हते नमः। १६ श्री धर्मचन्द्र नाथाय नमः। १६ श्री धर्मचन्द्र सर्वज्ञाय नमः। १६ श्री विवेक नाथाय नमः।

पुष्करार्द्ध पश्चिम ऐरवतमें अनागत २४ जिन पञ्चकल्याणक नाम

४ श्री कलाप सर्वज्ञाय नमः। ६ श्री विसोम अर्हते नमः। ६ श्री विसोम नाथाय नमः। ६ श्री विसोम सर्वज्ञाय नमः। ७ श्री आरण नाथाय नमः।

श्री जिन कल्याणक संग्रह

कल्याणक की टीप और जाप

कार्त्तिक वदी

तिथि		जन्मादिनगरी
५	श्री संभव सर्वज्ञाय नमः	सावत्थी
१२	,, नेमि परमेष्ठिने नमः	सौरीपुर
१२	,, पद्मप्रभ अर्हते नमः	कौशाम्बी
१३	,, पद्मप्रभ नाथाय नमः	कौशाम्बी
३०	,, वीर पारंगताय नमः	पावापुर

कार्त्तिक सुदी

तिथि		जन्मादिनगरी
३	श्री सुविधि सर्वज्ञाय नमः	काकन्दी
१२	,, अर सर्वज्ञाय नमः	हस्तिनापुर

मार्गशीर्ष वदी

तिथि		जन्मादिनगरी
५	श्री सुविधि अर्हते नमः	काकन्दी
६	,, सुविधि नाथाय नमः	काकन्दी
१०	,, महावीर नाथाय नमः	क्षत्रीकुण्ड
११	,, पद्मप्रभ पारंगताय नमः	शिखरजी

मार्गशीर्ष सुदी

तिथि		जन्मादिनगरी
१०	श्री अरनाथ अर्हते नमः	हस्तिनापुर
१०	,, अरनाथ पारगताय नमः	शिखरजी
११	,, अरनाथ नाथाय नमः	हस्तिनापुर

११ श्री मल्लि अर्हते नमः — मिथिला
११ „ मल्लिनाथ नाथाय नमः — मिथिला
११ „ मल्लिनाथ सर्वज्ञाय नमः — मिथिला
११ „ नमि सर्वज्ञाय नमः — मिथिला
१४ „ संभव अर्हते नमः — सावत्थी
१५ „ संभव नाथाय नमः — सावत्थी

पौष वदी

तिथि		जन्मादिनगरी
१०	श्री पार्श्वनाथ अर्हते नमः	बाणारसी
११	„ पार्श्वनाथनाथाय नमः	बाणारसी
१२	„ चन्द्रप्रभ अर्हते नमः	चन्द्रावती
१३	„ चन्द्रप्रभ नाथाय नमः	चन्द्रावती
१४	„ शीतल सर्वज्ञाय नमः	भद्दिलपुर

पौष सुदी

तिथि		जन्मादिनगरी
६	श्री विमल सर्वज्ञाय नमः	कम्पिलपुर
९	„ शान्ति सर्वज्ञाय नमः	हस्तिनापुर
११	„ अजित सर्वज्ञाय नमः	अयोध्या
१४	„ अभिनन्दन सर्वज्ञाय नमः	अयोध्या
१५	„ धर्म सर्वज्ञाय नमः	रत्नपुरी

माघ वदी

तिथि		जन्मादिनगरी
६	श्री पद्मप्रभ परमेष्ठिने नमः	कौशम्बी
१२	„ शीतल अर्हते नमः	भद्दिलपुर
१२	„ शीतलनाथ नाथाय नमः	भद्दिलपुर
१३	„ ऋषभ पारंगताय नमः	अष्टापद
३०	„ श्रेयांस सर्वज्ञाय नमः	सिंहपुर

माघ सुदी

तिथि		जन्मादिनगरी
२	श्री अभिनन्दन अर्हते नमः	अयोध्या
२	„ वासुपूज्य सर्वज्ञाय नमः	चम्पापुर
३	„ विमल अर्हते नमः	कम्पिलपुर
३	„ धर्म्म अर्हते नमः	रत्नपुरी
४	श्री विमल नाथाय नमः	कम्पिलपुर
८	„ अजित अर्हते नमः	अयोध्या
९	„ अजित नाथाय नमः	अयोध्या
१२	„ अभिनन्दन नाथाय नमः	अयोध्या
१३	„ धर्म्म नाथाय नमः	रत्नपुरी

फाल्गुन वदी

तिथि		जन्मादिनगरी
६	श्री सुपार्श्व सर्वज्ञाय नमः	बनारस
७	„ सुपार्श्व पारंगताय नमः	शिखरजी
७	„ चन्द्रप्रभ सर्वज्ञाय नमः	चन्द्रावती
९	„ सुविधि परमेष्ठिने नमः	काकन्दी
११	„ ऋषभ सर्वज्ञाय नमः	पुरिमताल
१२	„ श्रेयांस अर्हते नमः	सिंहपुर
१२	„ मुनि सुव्रत सर्वज्ञाय नमः	राजगृही
१३	„ श्रेयांस नाथाय नमः	सिंहपुर
१४	„ वासुपूज्य अर्हते नमः	चम्पापुर
३०	„ वासुपूज्य नाथाय नमः	चम्पापुर

फाल्गुन सुदी

तिथि		जन्मादिनगरी
२	श्री अर परमेष्ठिने नमः	हस्तिनापुर
४	„ मल्लि परमेष्ठिने नमः	मिथिला
८	„ संभव परमेष्ठिने नमः	सावत्थी
१२	„ मल्लि पारंगताय नमः	शिखरजी
१२	„ मुनि सुव्रत नाथाय नमः	राजगृही

चैत्र वदी

तिथि		जन्मादिनगरी
४	श्री सुपार्श्व परमेष्ठिने नमः	बाणारसी
४	„ पार्श्व सर्वज्ञाय नमः	बाणारसी
५	„ चन्द्रप्रभ परमेष्ठिने नमः	चन्द्रावती
८	„ ऋषभ अर्हते नमः	अयोध्या
८	„ ऋषभ नाथाय नमः	अयोध्या

चैत्र सुदी

तिथि		जन्मादिनगरी
३	श्री कुन्थु सर्वज्ञाय नमः	हस्तिनापुर

५ श्री अजित पारंगताय नमः	शिखरजी
५ ,, संभव पारंगताय नमः	शिखरजी
५ ,, अनन्त पारंगताय नमः	शिखरजी
६ ,, सुमति पारंगताय नमः	शिखरजी
११ ,, सुमति सर्वज्ञाय नमः	अयोध्या
१३ ,, महावीर अर्हते नमः	क्षत्रीकुण्ड
१५ ,, पद्मप्रभ सर्वज्ञाय नमः	कौशाम्बी

वैशाख वदी

तिथि	जन्मादिनगरी
१ श्री कुन्थु पारंगताय नमः	शिखरजी
२ ,, शीतल पारंगताय नमः	शिखरजी
५ ,, कुन्थु नाथाय नमः	हस्तिनापुर
६ ,, शीतल परमेष्ठिने नमः	भद्दिलपुर
१० ,, नमि पारंगताय नमः	शिखरजी
१३ ,, अनन्त अर्हते नमः	अयोध्या
१४ ,, अनन्त नाथाय नमः	अयोध्या
१४ ,, अनन्त सर्वज्ञाय नमः	अयोध्या
१४ ,, कुन्थुनाथ अर्हते नमः	हस्तिनापुर

वैशाख सुदी

तिथि	जन्मादिनगरी
४ श्री अभिनन्दन परमेष्ठिने नमः	अयोध्या
७ ,, धर्म्म परमेष्ठिने नमः	रत्नपुरी
८ ,, अभिनन्दन पारंगताय नमः	शिखरजी
८ ,, सुमति अर्हते नमः	अयोध्या
६ ,, सुमति नाथाय नमः	अयोध्या
१० ,, महावीर सर्वज्ञाय नमः	ऋजुवालिका नदी
११ ,, कुन्थु पारंगताय नमः	शिखरजी
१२ ,, विमल परमेष्ठिने नमः	कम्पिलपुर
१३ ,, अजित परमेष्ठिने नमः	अयोध्या

ज्येष्ठ वदी

तिथि	जन्मादिनगरी
६ श्री श्रेयांस परमेष्ठिने नमः	सिंहपुर
८ ,, मुनि सुव्रत अर्हते नमः	राजगृही
६ ,, मुनि सुव्रत पारगताय नमः	शिखरजी
१३ श्री शान्ति अर्हते नमः	हस्तिनापुर
१३ ,, शान्ति पारंगताय नमः	शिखरजी
१४ ,, शान्ति नाथाय नमः	हस्तिनापुर

ज्येष्ठ सुदी

तिथि	जन्मादिनगरी
२ श्री सुपार्श्व परमेष्ठिने नम.	वाणारसी
५ ,, धर्म्म पारंगताय नमः	शिखरजी
६ ,, वासुपूज्य परमेष्ठिने नमः	चम्पापुर
१२ ,, सुपार्श्व अर्हते नमः	वाणारसी
१३ ,, सुपार्श्व नाथाय नमः	वाणारसी

आषाढ़ वदी

तिथि	जन्मादिनगरी
४ श्री ऋषभ परमेष्ठिने नमः	अयोध्या
७ ,, विमल पारंगताय नमः	शिखरजी
६ ,, नमि नाथाय नम	मिथिला

आषाढ़ सुदी

तिथि	जन्मादिनगरी
६ श्री महावीर परमेष्ठिने नमः	क्षत्रीकुण्ड
८ ,, नेमि पारंगताय नमः	गिरिनार
१४ ,, वासुपूज्य पारंगताय नमः	चम्पापुर

श्रावण वदी

तिथि	जन्मादिनगरी
३ श्री श्रेयांस पारंगताय नमः	शिखरजी
७ ,, अनन्त परमेष्ठिने नमः	अयोध्या
८ ,, नमि अर्हते नमः	मिथिला
६ ,, कुन्थु परमेष्ठिने नमः	हस्तिनापुर

श्रावण सुदी

तिथि	जन्मादिनगरी
२ श्री सुमति परमेष्ठिने नमः	अयोध्या
५ ,, नेमि अर्हते नमः	सौरीपुर
६ ,, नेमिनाथाय नमः	द्वारिका
८ ,, पार्श्व पारंगताय नमः	शिखरजी
१५ ,, मुनि सुव्रत परमेष्ठिने नमः	राजगृही

भाद्रपद वदी

तिथि		जन्मादिनगरी
७	श्री चन्द्रप्रभ पारंगताय नमः	शिखरजी
७	„ शान्ति परमेष्ठिने नमः	हस्तिनापुर
८	„ सुपार्श्व परमेष्ठिने नमः	बाणारसी

भाद्रपद सुदी

तिथि		जन्मादिनगरी
६	श्री सुविधि पारंगताय नमः	क्षत्रीकुण्ड

आश्विन वदी

तिथि		जन्मादिनगरी
१३	श्री महावीर गर्भापहाराय नमः	क्षत्रीकुण्ड
३०	„ नेमि सर्वज्ञाय नमः	गिरिनार

आश्विन सुदी

तिथि		जन्मादिनगरी
१५	श्री सुविधि परमेष्ठिने नमः	मिथिला

१ च्यवन* कल्याणकमें सोना चढ़ावे।

२ जन्म कल्याणकमें घी गुड़ चढ़ावे।

३ दीक्षा कल्याणकमें वस्त्र चढ़ावे।

४ केवल कल्याणकमें स्वेत गोला चढ़ावे।

५ मोक्ष कल्याणकमें गुड़, लोहा, लड्डू, चढ़ावे।

पौष मास पर्वाधिकार

पौष मासमें पौष वदि दशमी 'पौष दशमी' के नाम से प्रसिद्ध है। इस दिन श्री पार्श्वनाथ भगवान् का जन्म कल्याणक है। इस दिन दोनों समय प्रतिक्रमण करना चाहिये। जहां श्री पार्श्वनाथ स्वामी का तीर्थ है वहां यात्रा करने को जावे। कदाचित् वहां न जा सके तो जहां श्री पार्श्वनाथजी की स्थापना अथवा देवालय हो वहां महोत्सव पूर्वक दर्शन करने जावे। जलयात्रादिक महोत्सव करके अष्टोत्तरी स्नात्र करावे। अष्ट प्रकारी एवं सत्रहभेदी पूजा विविध आडम्बरों सहित करे। पीछे गुरु महाराज के समीप जाकर पौष दशमी का व्याख्यान सुने। पीछे एकासन आदि का पच्चक्खाण करे। चतुर्विध आहार का नियम लेवे। ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए भूमि पर शयन करे। हो सके तो रात्रि जागरण करे और गीत, गान, नाटकादि करे। जन्म कल्याणक स्तवन, पास जिनेसर जग तिलो ए, वाणी ब्रह्मा वादिनी इत्यादि पार्श्वनाथ स्वामी के गुणगर्भित स्तवन पढ़े।

शास्त्रों में विधान है कि नवमी, दशमी और एकादशी इन तीनों दिन एक बार भोजन करना चाहिये। इस तरह मन, वचन और काया से जो भी भव्य दस वर्ष तक इस पर्व का आराधन करेंगे वे इस भव में तो धन, धान्य, पुत्र, कलत्र, आदि सुख सम्पदा को प्राप्त करेंगे तथा परभव में देवादिक ऋद्धियों को प्राप्त करते हुए क्रमश निर्वाण प्राप्त करेंगे। इसीलिये इस पर्व की भी समुचित आराधन करना चाहिये।

श्री पार्श्वनाथजी का संक्षिप्त जीवन चरित्र

श्री पार्श्वनाथजी २३ वें तीर्थङ्कर थे। आज से लगभग २८०० वर्ष पहिले काशी देश की बनारस नगरी में अश्वसेन राजा राज्य करते थे। ये बड़े प्रतापी सरल एवं न्यायप्रिय थे। इनकी रानी वामादेवी पतिव्रता और विदुषी थी।

इन्हीं रानी की पवित्र कोख से, विक्रम सवत् से ६०० वर्ष पूर्व पौष वदि दशमी के दिन इन्होंने जन्म लिया। नगर भर में अपूर्व उत्सव मनाया गया। ज्योतिषी के कथन पर, कि "ये आपका पुत्र बड़ा यशस्वी होगा। पारस के समान जो लोहे को भी सोना बना देता है, लोगों को धर्ममार्ग बता कर सुखी करेगा" पिता ने इनका पार्श्व कुमार रख दिया।

* उपरोक्त जापो में च्यवनमें, परमेष्ठीनेपद, जन्ममें, अर्हते, दीक्षामें, नाथ, केवलज्ञानमें, सर्वज्ञाय, और मोक्षमें, पारंगताय नमः हैं।

यौवनावस्था को प्राप्त होने पर राजा प्रसेनजित की कन्या प्रभावती से इनका विवाह सम्पन्न हुआ।

एक समय इन्होंने सुना कि कमठ नाम का तपस्वी इस नगर में आया है अपने चारों ओर अग्नि जला कर तप करता है। ये भी हाथी पर सवार होकर गये। अवधिज्ञान से प्रभु ने लकडी में सर्प देखा और उस तपस्वी से कहा देख उस लकड़ी में सर्प जल रहा है। सन्यासी ये सुनकर आगबबूला हो गया। तब कुमार ने लकड़ी फड़वाई। वास्तव में उसमें तड़पता हुआ सर्प देख कर सभी को भारी विस्मय हुआ। पार्श्व कुमार ने उसे ॐ ह्रीं असिआउ साय नमः, नमस्कार मन्त्र सुनाया जिससे वह मरकर धरणेन्द्र हुआ और कमठ मर कर मेघमाली नाम का देव हुआ।

कुछ समय पश्चात् लोकांतिक देवताओंने प्रभु से प्रेरणा की। प्रभु ने भी जीवों को सच्चा मार्ग दर्शाने के लिए एक वर्ष तक वर्षी दान देकर पौष वदि एकादशी के दिन ३०० पुरुषों के साथ दीक्षा धारण की।

इस प्रकार दीक्षा लेकर प्रभु कठिन तपस्या करने लगे। एक समय प्रभु जब ध्यानावस्थित खड़े थे, उस समय मेघमाली ने अपना पूर्व भव स्मरण करके, अपने तिरस्कार का बदला लेने के लिये प्रभु पर अति वृष्टि की। शीघ्र ही जल भगवान् के गले तक पहुंच गया। तब धरणेन्द्र ने झट आकर भगवान् को एक कमल के सिंहासन पर बिठाया और अपना सर्प का रूप बना कर अपने फणों से उनके सिर पर छाया की। ये देखकर कमठ को लज्जा आई और वो प्रभु से क्षमा माग. नमस्कार कर स्वस्थान को चला गया।

इसी प्रकार अनेक तपस्याय करते उपसर्गों को सहते हुए भगवान् को चैत्र वदि चतुर्दशी के दिन केवलज्ञान प्राप्त हुआ।

प्रभु ने विचर विचर कर लोगों को उपदेश देना आरंभ किया। अनेक भटकते हुए जीवों को संसाररूपी महासागर से पार लगाया।

विक्रम संवत से ८२० वर्ष पूर्व, श्रावण वदि अष्टमी के दिन सम्मेतशिखर पर्वत पर १०० वर्ष की आयुष्य पूर्ण करके निर्वाण पद को प्राप्त किया। इसी कारण आजकल इस पर्वत को पार्श्वनाथ हिल (पहाड़ी) भी कहते हैं।

माघ मास पर्वाधिकार

माघ मास मे माघ वदि १३ मेरु तेरस के नाम से प्रसिद्ध है। इसी दिन श्री ऋषभ देव स्वामी का निर्वाण कल्याणक है। इस पर्व की उत्पत्ति कुमर पिंगल राय ने की।

अयोध्या नगरीमें अनन्तवीर्य राजा राज्य करता था। उसके एक पगु (पैरहीन) पुत्र हुआ जिसका नाम पिंगल राय था। उसने गागिल मुनि से इस पर्व का अधिकार सुनकर १३ मास तक तपस्या की। उसके फलस्वरूप उसका पगुपन जाता रहा और सुन्दर रूप प्रगट हुआ। इस प्रकार पुन. तेरह १३ वर्ष तक इस पर्व की आराधना करके नगर में ऊजमना किया। तेरह मन्दिरों का निर्माण करवाया। उसमे तेरह प्रतिमा सुवर्णमयी, तेरह चांदीमयी और तेरह प्रतिमा रत्नमयी स्थापित की। तेरह दफा श्री संघ सहित तीर्थों की यात्रा की। तेरह साधर्मीवत्सल किये। इस तरह बहुत ज्ञान की भक्ति की। अन्त मे श्री सुव्रताचार्य मुनि से दीक्षा लेकर क्रमशः सब कर्मों को खपा कर जीवों को प्रतिबोध देते हुए मोक्ष गये।

इसीलिये ये पर्व अति उत्तम और कल्याणकारी है। जो भव्य इसकी आराधना करेंगे वे रूप, गुण, तेज और समृद्धी को प्राप्त करेंगे।

इस दिन उपवास करना चाहिये। रत्नमयी पांच मेरु भगवान् के सन्मुख चढ़ावे। कदाचित् ऐसी शक्ति न हो तो चांदी के अथवा घृत के मेरु चढ़ावे। स्नात्र, अष्ट प्रकारी या सत्रहभेदी पूजा करावे। दोनों समय प्रतिक्रमण करे। अष्टद्रव्य से पूजा करे, देववन्दना करे। "श्री ऋषभदेव स्वामी पारंगताय नमः" इस पद का २००० गुणना करे। अगर जो भव्य तेरस के दिन पोसह करे और पूजादिक सब विधि पारने के दिन करे। इसी प्रकार तेरह वर्ष अथवा तेरह मास तपस्या करनी चाहिये। पीछे यथाशक्ति तप का उद्यापन करे, साधर्मीवत्सल करे। तीर्थों की यात्रा करे। गुरु भक्ति अवश्य करे।

फाल्गुन मास पर्वाधिकार

फाल्गुन मास में मिति फाल्गुन सुदि १४ तीसरी चौमासी चतुर्दशी के नाम से प्रसिद्ध है। इस दिन की सर्व विधि आषाढ़ चौमासी चतुर्दशी के समान करनी चाहिये।

होली अधिकार

भगवान् महावीर स्वामी ने वर्ष में ६ उत्तम पर्व कहे हैं:—तीन चौमासा, दो ओली तथा एक पर्युषण। जिन में से दो ओली एक पर्युषण तथा कार्त्तिक चौमासे का महोत्सव तो प्रायः सभी जगह विधि विधान पूर्वक होता है। फाल्गुन चौमासा ठीक विधि से नहीं होता।

शास्त्रों में लिखा है कि :—

होलिका फाल्गुन मासे, द्विविधा द्रव्य भावतः।
तत्राद्या धर्महीनानां, द्वितीया धर्मिणां मता ॥१॥

अर्थात् होली दो प्रकार से मनाई जाती है १ द्रव्य से २ भाव से। द्रव्य से होली मनाने में अधर्म होता है और भाव से मनाने में सुख की प्राप्ति होती है। शुभध्यान रूपी अग्नि से अष्ट कर्म रूपी लकड़ी को जलाना चाहिये इसी से कर्मों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है!

पूर्व में होली के विशेष स्तवन लिखे हैं सो उन्हें बोलना चाहिये अथवा बसन्त के स्तवन बोलने चाहियें। रात्री जागरण करना चाहिये। मन्दिरजी में पूजायें करानी चाहिये। यथाशक्ति सुन्दर नाटक करना, साधर्मी वत्सल करना और अगर यथेष्ट इच्छा हो तो जल, चन्दन, केशर, गुलाल इत्यादिक से क्रीड़ा करनी चाहिये इसी प्रकार प्रतिक्रमण व्रत जिन पूजादि धर्म कार्यों में समय व्यतीत करना चाहिये।

श्री जिन कुशल सूरिजी महाराज का संक्षिप्त जीवन चरित्र

मारवाड़ देश के 'समियाना' ग्राम में छाजेहड़ गोत्रीय मन्त्री देवराज के पुत्र मल्लिराज श्री जैसेला जेल्हागर रहते थे। उसकी परम प्रेयसी पत्नी जयश्री थी। उन्हीं के गर्भ से मेरे चरित्रनायक का जन्म हुआ। आपका नाम 'कर्मण' रखा गया था। जब आप दश साल के थे, कलिकाल केवली श्री जिन चन्द्र सूरिजी इनके ग्राम में आये। वे बड़े ही प्रभावशाली धर्मोपदेशक थे, फलतः उनके उपदेश का प्रभाव आप पर बहुत अधिक पड़ा। अथवा यों कहिये कि जैसे अच्छे खेत में पड़ कर बीज उग आते हैं—व्यर्थ नहीं होते, ठीक उसी तरह उनके उपदेश मेरे चरितनायक के मानस पर—तथा मस्तिष्क पर सफल सिद्ध हुए। यद्यपि माता ने सांसारिक मोह ममता के वश होकर इन्हें रोकने की चेष्टा की फिर भी इन्होंने माता को समझा बुझा कर श्री जिनचन्द्र सूरिजी महाराज से खूब समारोह के साथ दीक्षा ले ही ली। दीक्षा कालिक नाम 'कुशल कीर्ति' रखा गया। उन दिनों वयोवृद्ध उपाध्याय 'विवेक समुद्र' जी बड़े ही उच्चकोटि के विद्वान् थे,अतएव उन्हीं से आपने विद्या पढ़ी।

वाद मे श्री जिनचन्द्रसूरिजी नागोर आये तो वहा के प्रतिष्ठित आदमियों ने उत्सव प्रारम्भ कराया, जगह जगह पर दानशालायें खोलीं, जिन मन्दिरों मे नन्दी उत्सवादि शुरू किये गये। उस महोत्सव मे सोमचन्द्र आदि साधु और शील समृद्धि आदि साध्वियों को दीक्षा दी गई। जगचन्द्रजी को वाचनाचार्य पद प्रदान किया गया। कुशलकीर्त्तिजी को भी वाचनाचार्य पद प्रदान किया गया।

वाद की वात है, श्री जिनचन्द्र सूरिजी विहार करते हुए खण्ड सराय मे आकर चातुर्मास कर रहे थे कि वहा उनको 'कम्प रोग हो गया। उन्होंने अपने ज्ञान ध्यान से अपनी आयु शेष समझ कर अपने हाथ से दीक्षित, तर्क साहित्य, अलङ्कार ज्योतिष और पर-दर्शनो के प्रकाण्ड विद्वान् वाचनाचार्य कुशल कीर्त्ति गणि को अपना सूरि पद प्रदान करने के लिये राजेन्द्र चन्द्राचार्यजी के पास पत्र भेजा और कुछ स्वस्थ होकर मेडता होते हुए कोशवाणी आये एवं अनशन करके स्वर्ग सिधार गये।

इधर जयवल्लभ गणि के द्वारा उक्त सूरिजी का पत्र राजेन्द्र सूरिजी को मिला। यद्यपि उन दिनों मे वहा महा भयङ्कर अकाल पड़ रहा था। फिर भी दिवंगत श्री जिनचन्द्र सूरिजी की आज्ञा पालन करना उन्होंने अपना परम कर्त्तव्य समझा फलतः सूरि पद प्रदान मुहूर्त्त निकाल दिया। सच्चे महात्मा की अभिलाषा आप ही आप पूरी हो जाती है, श्रावक जाल्हण के पुत्र तेजपाल और रुद्रपाल ने सूरि पद स्थापन महोत्सव को अपनी ओर से सुसम्पन्न करने का भार स्वीकार कर लिया फलत श्रीमान् आचार्य की आज्ञा लेकर योगिनीपुर, उच्च नगर, देवगिरि, चित्तौड, खम्भात आदि चारो दिशाओं मे आमन्त्रण पत्रिकाएं भेजी गयीं, संघ आने लगे।

वड़े समारोह के साथ—संवत् १३७७ की जेठ वदि ११ को श्री राजेन्द्र चन्द्राचार्य जी ने महामहोपाध्याय विवेक समुद्रजी, प्रवर्त्तक जयवल्लभ जी आदि ३३ साधुओ जयर्द्धि आदि २३ साध्विओ और समस्त संघ के समक्ष स्वर्गीय आचार्य पाद की आज्ञानुसार शान्तिनाथ स्वामी के मन्दिर मे सूरि पद पर कुशल कीर्त्ति जी को बैठाया और आचार्यपाद का नाम कुशल सूरि रखा।

पद प्राप्त करने के वाद सूरिजी महाराज ने भीम पल्ली की ओर विहार किया। वहां पहुंचने पर वीरदेव श्रावक ने प्रवेश महोत्सव मनाया। वहा से आप पाटण गये और सूरिजी का दूसरा चातुर्मास वहा ही सम्पन्न हुआ। सवत् १३७६ मार्गशीर्ष कृष्ण पञ्चमी को इन्होंने शान्तिनाथ स्वामी के मन्दिर मे प्रतिष्ठा महोत्सव कराया। वाद मे शत्रुञ्जय पर्वत पर ऋषभदेव स्वामी के मन्दिर की नीव डलवाई और मूर्त्तियों की प्रतिष्ठा कराई। इसी तरह सूरिजी अनेक शहरों मे प्रतिष्ठा अष्टाह्निका आदि उत्सव कराते हुए पाटण पहुचे।

इधर दिल्ली निवासी श्रावक रायपति दिल्ली सम्राट गयासुद्दीन तुगलक के दरवार मे अपना प्रस्ताव रखा कि मैं संघ निकालना चाहता हूं, ताकि मैं चारों दिशाओं मे भ्रमण कर सकू और जहा कहीं भी मुझे जिस चीज की आवश्यकता पड़े, सहायता मिले। सम्राट से मंजूरी मिल गई। यह समाचार सूरिजी के पास पाटण भेज दिया। संघ यात्रार्थ रवाना हो गया। कई तीर्थों की यात्रा करता हुआ संघ पाटण पहुंचा। वहा संघ ने सूरिजी को यात्रा करने के लिये राजी कर लिया। सूरिजी १७ साधुओं और १६ साध्वियों के साथ विहार करने के लिये चल पड़े। आचार्यपाद संघ के साथ विहार करते हुए शत्रुञ्जय जी की तलहट्टी मे पहुंचे। वहा पार्श्वनाथ स्वामी की पूजा करके संघ पर्वत पर चढ़ा। ऋषभदेव भगवान् के आगे सूरिजी ने अनेक स्तोत्रों का निर्माण किया और वहीं यशोभद्र, देवभद्र नामक क्षुल्लकों को दीक्षा दी। वहां पर संघ ने श्री आदिनाथ स्वामी के मन्दिर मे नेमिनाथजी आदि की तथा जिनपति सूरि

जिनेश्वर सूरि आदि गुरुओं की मूर्त्तियां स्थापित कराई और सूरिजी ने अपने हाथों से आपाढ़ वदि ८ को प्रतिष्ठा की। वहां से विहार करते हुए गिरिनार आये। संघ द्वारा नेमिनाथ स्वामी के भण्डारमें ४०००० रुपयों की आमदनी हुई। इसी भांति विहार करते हुए सूरि जी पाटण में चातुर्मास करने के लिये ठहर गये और संघ दिल्ली पहुंचा।

इसी तरह और जगहों में भी प्रतिष्ठायें की गयीं। सिन्ध देश मे भी सूरिजी का आना हुआ और कई मन्दिरों की प्रतिष्ठायें हुईं। इनके द्वारा धर्म की बड़ी तरक्की हुई। अन्तिम चौमासा इनका देवराज (देराउल) पुर में हुआ। यहीं माघ शुक्ल १३ संवत् १३८९ में सूरिजी को अत्यन्त तीव्र ज्वर हुआ। अपना अन्तिमकाल उपस्थित समझ कर श्री तरुण प्रभाचार्य और लब्धि निधानोपाध्याय को इन्होंने अपने मुख से कहा कि लक्ष्मीधर के पुत्र, अम्बा देवी के तनय पञ्चदश वर्षीय आयु वाले पद्म मूर्त्ति को मेरे बाद सूरि पद देना। और भी गच्छ सम्बन्धी शिक्षायें देकर फाल्गुन वदि ५ को स्वर्ग सिधार गये।

आवश्यक

कौन आवश्यक से किस आचार की शुद्धि होती है?

सामायिक प्रतिक्रमण और काउसग्ग इन तीन आवश्यकों से चारित्राचार की विशुद्धि होती है। चउव्विसत्था (चतुर्विंशति स्तव लोगस्स) आवश्यक से दर्शनाचार की विशुद्धि होती है। वन्दन आवश्यक से दर्शनाचार, ज्ञानाचार और चारित्राचार की विशुद्धि होती है। पच्चक्खाण आवश्यक से तपाचार की विशुद्धि होती है और इन छहों आवश्यकों मे वीर्य का विकास करने से वीर्याचार की विशुद्धि कहाती है।

कौन आवश्यक कहा से कहां तक है?

१ सामायिक—"इच्छाकारेण संदिसह भगवन् देवसिअं (राईअं) पडिक्कमणो ठाउ" इस सूत्र से प्रतिक्रमण की क्रिया शुरू होती है। वहा से लेकर "करेमि भंते" सूत्र द्वारा ८ णमोकार का जो काउसग्ग किया जाता है वहां तक सामायिक नाम का प्रथम आवश्यक कहा जाता है।

२ चउव्विसत्था—८ णमोक्कार के काउसग्ग के बाद जो लोगस्स बोला जाता है वह दूसरा आवश्यक कहा जाता है।

३ वंदणा—लोगस्स कहने के बाद तीसरी आवश्यक सूत्र वंदणा मुंहपत्ति पडिलेह कर दो वंदणा दी जाती हैं वह तीसरा वंदना नाम का आवश्यक है।

४ पडिक्कमणा—वंदना देने के बाद 'इच्छाकारेण संदिसह भगवन् देवसिअं (राइयं) आलोउ" वहा से लेकर "आयरिय उवज्झाए" पर्यन्त प्रतिक्रमण नाम का चौथा आवश्यक है। पक्खी चौमासी और सम्वत्सरी प्रतिक्रमण इस चतुर्थ आवश्यक के अन्तर्भूत हैं।

५ "आयरिअ उवज्झायके बाद जो दो लोगस्स, एक लोगस्स और एक लोगस्सका काउसग्ग किया जाता है वह काउसग्ग नाम का पांचवां आवश्यक है।

६ पच्चक्खाण—पच्चक्खाण करना छठा आवश्यक है।

नोट—गुर्वावलियों में सूरिजी की निर्वाण तिथि सवत् १३८९ फाल्गुन वदि १५ मिलती है, यही प्रथा लोगों में अधिक बद्ध मूल है।

चौदह नियम चितारने की विधि

दिन के चार पहर के नियम सवेरे मुंह धोने के पहले ग्रहण कर साम को पार लीजिये, रात्रि के चार पहर के फिर शाम को ग्रहण कर सवेरे पार लीजिये, नियम तीन णमोक्कार गुन के लीजिये और तीन णमोकार गुनके पारिये। पारने के वख्त जो रक्खा था उसको याद करके संभाल लीजिये, कमती लगा उसका लाभ हुआ, भूल से जास्ती लगा उसका "मिच्छामि दुक्कडं" दीजिये, चाहे आठ पहर के चितारिये, परन्तु चार पहरमे चितारनेसे पारने के वख्त (कितना नियम चितारते हुए रक्खा है और कितना भोग मे आया है उसकी) विधि मिलानेमे सुगमता रहती है।

कोई व्रतधारी श्रावक जन्म भर के निर्वाह के वास्ते जादे जादे वस्तु रखते हैं तो १४ नियम चितारने से उनका भी आश्रव संक्षेप हो जाता है इस वास्ते व्रतधारी और अविरती को अवश्य १४ नियम चितारने चाहिये।

चौदह नियमों की गाथा

(१) सचित्त, (२) दव्व, (३) विगइ, (४) वाणह, (५) तंबोल, (६) वत्थ, (७) कुसुमेसु, (८) वाहण, (९) सयण, (१०) विलेवण, (११) बंभ, (१२) दिसि, (१३) न्हाण, (१४) भत्तेसु।

गाथा का संक्षिप्त अर्थ

१ सचित्त—कच्चा पानी, हरी तरकारी, फल, पान, हरा दातून, नमक आदि।

२ द्रव्य—जितनी चीज मुह मे जावे उतने द्रव्य जल, मंजन, दातून, रोटी, दाल, चावल, कढी, साग, मिठाई, पूरी, घी, पापड़, पान, सुपारी, चूरण आदि।

३ विगय—१०, जिनमे से मधु, मास, मक्खन, और मदिरा ये ४ महाविगय अभक्ष होने से श्रावकों को अवश्य त्याग करना चाहिये और ६ विगय श्रावक के खाने योग्य है। घी, तेल, दूध, दही, गुड़ अथवा मीठा पक्वान्न (जो कडाही मे भरे घी में तला जाय)।

४ उपानत्—जूता, चट्टी, खड़ाऊं, मौजा आदि (जो पाव मे पहना जाय)।

५ तंबोल—पान, सुपारी, इलायची, लौंग, पान का मसाला आदि।

६ वत्थ (वस्त्र)—पगड़ी, टोपी, अंगरखा, चोला, कुड़ता, धोती, पायजामा, दुपट्टा, चद्दर, अंगोछा, रुमाल आदि मरदाना जनाना कपडा (जो ओढ़ने पहरने में आवे)।

७ कुसुमेसु—फूल, आदि की चीजें जैसे सिज्या, पंखा, सेहरा, तुर्रा, हार, गजरा, इत्र (जो चीज सूंघने मे आवे)।

८ वाहन (सवारी)—गाड़ी, फिटन, सिगरम, हाथी, घोड़ा, रथ, पालकी, डोली, रेल, ट्राम्वे, मोटर नाव, जहाज स्टीमर, बलून आदि यानि तैरता, फिरता, चलता और उड़ता।

९ शयन—कुरसी, चौकी, पट्टा, पलंग, तखत, मेज, शय्या आदि (सोने वा वैठने की चीज)।

१० विलेपन—तेल, केशर, चन्दन, तिलक, सुरमा, काजल, उबटन, हजामत, बुरस, कंघा काच देखना, दवाई आदि (जो चीज शरीर मे लगाई जावे।)

११ बंभ (ब्रह्मचर्य)—स्त्री पुरुषमें, सुई डोरे के नाप तथा बाह्य विनोद की संख्या करलेनी श्रावक परदारा त्याग और स्वदारा से ही सन्तोष रखे, उसका भी प्रमाण करें।

१२ दिसि (१० दिशा)—शरीर से इतने कोस (लम्बा, चौड़ा, ऊंचे, नीचे) जाना आना, चिट्ठी तार इतने कोस भेजना, माल आदमी इतने कोस भेजना तथा मंगाना।

१३ न्हाण (स्नान) सारे शरीर से स्नान करना (मोटा स्नान) कितनी बार हाथ पैर धोना (छोटा स्नान) एक बार।

१४ भत्तेसु—अशन, पान, खादिम, स्वादिम, ये चारों आहार में से, खाने मे जितनी चीजे आवें सब का कुल वजन इतना।

ये १४ नियम के ऊपर ६ काय और ३ कर्म की मरजाद चितारनी अवश्य है।

६ काय

१ पृथवीकाय—मट्टी, नमक आदि (खाने में वा उपभोग में आवे) उसका वजन।

२ अप्पकाय—जो पानी पीने में वा दूसरे उपभोग में आवे उसका वजन†।

३ तेऊकाय—चूल्हा, अंगीठो, भट्टी, चिराग आदि का प्रमाण।

४ वायुकाय—हिंडोले और पंखे (अपने हाथ से वा हुकुम से) जितने चलते हों उनकी संख्या का प्रमाण, रुमाल से वा कागज से हवा लेनी यह भी पंखे में गिनी जाती है, उसकी जयणा।

५ वनस्पतिकाय—हरी तरकारी तथा फलादि इतनी जात के खाने, घर सम्बन्धी मंगाने, जिसकी गिनती तथा वजन।

६ त्रसकाय—त्रसजीव अपराधी, बिनापराधी, यह ६ काय का परिमाण कर लेना।

३ कर्म

१ असी (शस्त्र औजार)—तरवार, बन्दूक, तमंचा, भाला आदि, छूरी, कैंची चक्कू, सरौता, चिमटी तथा औजार आदि।

२ मसी (लिखना पढ़ना)—कागज कलम, दवात, पेन्सिल, बही पुस्तक, छापा, टाइप आदि।

३ कृषी (करसी)—खेत, बगीचे आदि का परमाण।

जैन तिथि मन्तव्य

श्री हरिभद्र सूरिजी कृत तत्त्व तरङ्गिणी ग्रन्थ की आज्ञा है :—

तिहि पडणे पुव्वा तिहि कायव्वा जुत्त धम्म कज्जेव।
चउद्दसी विलोवे, पुण्णमिअं पक्खिपडिक्कमणं ॥१॥

अर्थात् किसी तिथि का क्षय* हो तो पूर्ण तिथि मे धर्म कार्य करना उचित है। जो कदाचित् एकम तिथि कम हो तो धर्म कार्य पिछली अमावस्या तिथि को करे। अष्टमी का क्षय हो तो सप्तमी को व्रत आदि करे। यदि चतुर्दशी का क्षय हो तो पूर्णिमा या अमावस्या में पाक्षिक प्रतिक्रमण करना चाहिये कारण कि समीपवर्ती पर्वतिथि (पूर्णमा तथा अमावस्या) को छोड़कर अपर्वतिथि में पर्वतिथि का आराधन करना युक्त नहीं है।

---

† पानी की जात, कूवां, बावड़ी, तलाव, नदी, नहर, समुद्र, गङ्गा, मेघ आदि का प्रमाण संख्या भी करना अच्छा है।

* यदि तिथि क्षय होकर घड़ी आध घड़ी से कम मिले तो सारे दिन नहीं मानी जाती। क्योंकि यह नियम गच्छ परम्परा जैन सिद्धान्तानुसार ही माना जायगा, ज्योतिष शास्त्र के अनुकूल नहीं। तेरस का क्षय हो जाय तो बारस में मिलेगी, चतुर्दशी में नहीं।

यहां ये प्रश्न उठता है कि यदि पर्वतिथि का आराधन अपर्व तिथि में नहीं करना तो अष्टमी आदि के क्षय होने पर सप्तमी आदि में धर्मकार्य्य करना कैसे उचित हो सकता है ?

उत्तर यह है कि अष्टमी के अनन्तर पर्व तिथि का योग न होने से पूर्वमे रही हुई सप्तमी आदिमे ही धर्मकार्य करना उचित है। इसी तरह साम्वत्सरिक चौथका क्षय हो तो पञ्चमी को साम्वत्सरिक प्रतिक्रमण करना परन्तु तीजको नहीं करना चाहिये। यदि चौथ दो हों तो प्रथम चौथमें ही धर्म कार्य करना उचित है। इसी प्रकार की शास्त्रों की आज्ञा है।

मास प्रतिबद्ध जितने पर्व है वे सब मास की वृद्धि में कृष्ण पक्ष वाले पर्व प्रथम मास मे और शुक्ल पक्ष में आने वाले पर्व द्वितीय मास में आराधन करने चाहियें। कदाचित् कार्त्तिक मास बढ़े तो पहले कार्त्तिक में चौमासा करे। फाल्गुण या आषाढ़ दो होने पर द्वितीय फाल्गुण या आषाढ़ में चौमासा करे। आषाढ़ चौमासे की चौदस'1' को प्रतिक्रमण करने के बाद पूर्णिमा से ४९ वें या ५० वे दिन सम्वत्सरी पर्व※ करे। चौथ कम हो तो पचमी के दिन करे। चौमासे में यदि श्रावण, भादों या आसोज ये तीन मास बढ़े तो पंचमास का चौमासा करना शास्त्र सम्मत एवं वृद्ध परम्परानुसार मान्य है।

चंदोवा रखने के स्थान

प्रत्येक श्रावक को अपने घर मे निम्न १० स्थानों में चंदोवे जरूर बाधने चाहिये।

१ चूल्हे पर। २ पानी के परेन्डे पर। ३ भोजन के स्थानों में। ४ चक्की की जगह। ५ खाने पीने की चीज पर। ६ दूध दही आदि पर (छाछ बिलोने के स्थान पर)। ७ शयनगृह मे। ८ स्नानगृह में। ९ सामायिक आदि धर्म क्रिया के स्थान में अथवा पौषधशाला और १० मन्दिरजी में।

और साथ ही साथ घर में हमेशा उपयोग करने के लिये सात छनने रखने चाहियें।

१ पानी छानने का। २ घृत छानने का। ३ तेल छानने का। ४ दूध छानने का। ५ छाछ या मट्ठा आदि छानने का। ६ गरम अचित्त जल छानने का और ७ आटा छानने (छनना या चालनी) का।

अभक्ष्य

बाईस अभक्ष

१ गूलर। २ प्लक्ष। ३ बड़ के फल। ४ काकोदुम्बरी। ५ पीपल। ६ मांस। ७ मदिरा। ८ मक्खन। ९ मधु। १० अनजाने फल। ११ अनजाने फूल। १२ बर्फ। १३ विष (जहर)। १४

'1' आषाढ सुदी चतुर्दशी को पिछला चातुर्मास पूरा होता है चैत्र, वैशाख, जेठ, आषाढ। आषाढ सुदी चतुर्दशी को (चउण्ह मासाण अट्ठण्ह पक्खाण विसोत्तरसय राइ दियाण) का पाठ पढकर पिछले चातुर्मास की क्षामणा की जाती है। कालकाचार्यजी महाराज ने पक्खी, चतुर्मासी, प्रतिक्रमण, अम्मावस तथा पूर्णिमा से चतुर्दशी का किया है, वर्तमान समय मे भी यति साधु पक्खी चातुर्मासी प्रतिक्रमण चतुर्दशी को ही करते हैं।

कल्पद्रुम कलिका पृष्ठ १६० ।

※ दशपञ्चकेषु कुर्वत्सु आषाढ पूर्णिमादिवसे प्रथम पञ्चक अग्रे एव पञ्चभि. पञ्चभिर्दिवसैः एकैक पर्व साधुना पञ्चाशद्दिने एकादश पर्वाणि भवन्ति ते एते एकादश पर्व दिवसेषु पर्युषणा पर्व कर्तव्य इति।

आषाढ पूर्णिमा से लेकर अगाडी ग्यारहवें पचकडे मे निश्चय ही सम्वत्सरी पर्व कर लेना चाहिये। हरएक पचकडा ५ दिन का होता है और पहला पचकडा आषाढ सुदी ११ से १५ तक होता है। इसी तरह सब पचकडे होते हैं।

पञ्चमी से चौथ का सम्वत्सरी पर्व कालकाचार्यजी ने ही किया।

ओले। १५ सचित्त मिट्टी। १६ रात्री भोजन। १७ दही बड़े। १८ बैगन। १९ पोस्ता। २० सिंघाड़ा। २१ कार्यवानी। २२ खसखस के दाने।

दही को गरम करके जिस चीज मे डाला जाता है वो अभक्ष्य नहीं होता है।

३२ अनन्तकाय

१ भूमि कन्द। २ कच्ची हलदी। ३ कच्ची अदरख। ४ सूरन। ५ लहसुन। ६ कच्चू। ७ सतावरी। ८ विदारी कन्द। ९ घीकुआर। १० थुहरी कन्द। ११ नीम गिलोय। १२ प्याज। १३ करेला। १४ लोना। १५ गाजर। १६ लोढी पद्म कन्द। १७ गिरिकर्णी। १८ किसलय (कोमल पत्ते काला सफेद)। १९ खीर सुआ कन्द (कसेरू)। २० थेग कन्द। २१ मोथा। २२ लोन वृक्ष का छाल। २३ खिलोड कन्द। २४ अमृत वेल। २५ मूली। २६ भूमीफोड़। २७ बथुआ। २८ बरुहा। २९ पालक। ३० कोमल इमली। ३१ सुअरवल्ली। ३२ आलू कन्द।

४ महाविगय

मांस, मदिरा, मक्खन, मधु। ये बिलकुल अभक्ष्य हैं।

मक्खन में छा से निकालने के दो घड़ी बाद जीव उत्पन्न हो जाते हैं इसलिये मक्खन अभक्ष्य माना गया है। यदि छा में ही पड़ा रहे तो जीव नहीं उत्पन्न होते हैं या मक्खन को छा से निकालने के बाद तपा लेने से जीव नहीं पैदा होते है।

५ उम्बर फल

उम्बर फल, बड़ का फल, पीपल का फल, नीम का फल (कच्ची निमोली), गूलर।

"कोमल फलं च सव्वं" इस पाठ के अनुसार जितनी भी कोमल चीजें हैं भक्षण करने योग्य नहीं हैं। और जिस चीज के बीज अच्छी तरह न गिन सकें वे तब तक अनन्नकाय हैं।

इन अभक्ष्यों सब्जियोंको सुखाकर रखना जैन समाजमें जो प्रथा चल रही है वह जैन सिद्धान्तानुसार बिलकुल विपरीत है कारण अभक्ष्य पदार्थ सूख जाने पर भी भक्ष्य नहीं हो सकते।

खाने योग्य पदार्थ

व्यञ्जन (तरकारी, शाक)

आम्बी (कैरी), इमली, ओलगोभी (वङ्गाल), कमरख, काचर, करेला, केला कच्चा, करोंदा, कद्दू (लौकी), कुँदरू, ककरोल, कैर, केले का फूल, कचनार, गोभी (फूल) गोभी (गांठ), गोभी (पत्ता), चना (छोला), टमाटर, तुरइ (अर्रा), तुरइ (घीआ), पीपल (चूर्णकी), परवल, बड़हर, भिण्डी, मिरच बड़ी, मिरच पतली, मटर, लसोढ़ा (ल्हेसुआ), बावलिया, सेंव की फली, सहाजने की फली, सोगरी (मोगरी), गेहूं की फली, कचनार की फली, जौ का सिट्टा, जवार का सिट्टा, बाजरे का सिट्टा। चवलाई की फली, मकई की फली, बोड़े की फली, मूंग की फली।

कन्द

अदरख, अरवी, आलू, ओल कसेरू, कमलगट्टे की जड़ (भें), गाजर, प्याज, मूंगफली (चीना बदाम), मूली, लहसुन, सकरकन्द आदि।

जैन शास्त्रों में श्रावकों को अभक्ष्य अर्थात् (नहीं खाने योग्य पदार्थ) खाना नहीं बताया है।

कारण तामसी, राजसी, सात्विकी ये तीन प्रकार के भोजन हैं। इसमें से तामसी भोजन करने से तामसी वृत्ति आती है इसलिये धार्मिक पुरुषों को तामसी भोजन के खाने से बचना चाहिये। उपरोक्त जो कन्द (अभक्ष्य) वर्णन किये गये हैं ये सब तामसी हैं।

"राजसी भोजन" साधु तथा श्रावक दोनोंको खाना मना है कारण उसमें शुद्धाशुद्धिका विचार रहने की आशा बिलकुल नहीं होती इसलिये राजसी भोजन राजाओं के लिये ही है, साधु और श्रावकों के लिये नहीं। अतः दोनों को इस भोजन से बचना चाहिये।

"सात्विकी भोजन" सब से श्रेष्ठ है विचार से यदि बनाया जाय तो निर्दूषित और शान्तिप्रद होता है। इसीलिये फलाहार तथा शाकाहार करने की मनाई नहीं की गई है।

महीने की बारह तिथियों में श्रावकों को फलाहार तथा साकाहार करने की मना ही की गई है उसका खास कारण यह है—२-५-८ ज्ञान तिथि, ११-१४-३०-१५ चारित्र तिथि हैं। इन तिथियों में शास्त्रों का पढ़ना पढ़ाना, सुनना सुनाना तथा चारित्र पालन करने का विधान है। श्रावक लोग इन बातों से विमुख हो गये इन बातों की यादगारी के लिये इन तिथियों मे आचार्यों ने सचित्त का त्याग रक्खा है।

इन्हीं तिथियों मे आगे की गती का बन्ध भी पड़ता है इसलिये पाप से जितना भी बचा जाय उतना बचे और संवर भाव धारण करे ताकि आगे की गती खोटी न बंधे। इसलिये इन तिथियों मे सचित्त का त्याग रक्खा गया है। यह त्याग व्रती श्रावकों के लिये है।

फल

अनार, अनारस, (अनन्नास) अमरूद, अलूचा, अमड़ा, आम, आडू, आलूबुखारा आवला, ऊख, अंजीर, अंगूर, ककड़ी, केला पका, कटहल, कमलानींबू (संतरा), कमलगट्टे का छत्ता कमरख, कइत्थ, (कत्था) कुष्माण्ड (पेठा), कागजी (नींबू), खरबूजा, खजूर (पिंड) खीरा, खुरमानी, खोरना, खीरणी (खिन्नी), खट्टा (नींबू पजाब), गुलाबजामुन, गुलहर, गोंदनी, गन्ना (पौण्डा), चिरमिट, चकोतरा (बिजोरा), जमरूद (टींबरू), जामुन, जमीरी (नींबू), टिपारी (पिटारी रस भरी), डाब (कच्चा नारियल), तरबूज, तलकुन (बंगाल मे होता है) दुरयान (सिंगापुर), नारंगी, नागफली, नींबू (पाती), नासपाती, नारियल, पपीता काकडी (एरण्ड), पीचू, पेठा, पीलू, फालसा, फरेन्दा, फूट, बेर, बादाम (पात बंगाल), बेल, बेनची, भुट्टा, मेंगुस्तीन (सिंगापुर), मौसमी (मीठा नींबू), माल्टा, महुआ, लोकाट, लीचू, सेव, सिंघाडा, सफेदा सहतूत (काला, सफेद हरा, लाल), सरदा (सरधा) सरबती (नींबू बम्बई) शरीफा (सीताफल)।

मेवा

काजू, बादाम, किसमिस, अखरोट, नोजे, पिस्ता, चिरौंजी, मुनक्का, छुआरे।

फूल

कमल, केवड़ा, कुमुदिनी, कामिनी, केतकी, कुन्द, कनेर, गेंदा, गुलाब (पांच तरह के), गुढैल, चम्पा, चन्द्र विकासी (कमल), चमेली, जूही, जाई, दामिनी, दमनक, नरगिस (नील कमल), पुण्डरीक कमल, पद्मनी कमल, बकुल, बेला, नाग, पुन्नाग, मल्लिका, मरुवा, मचकुन्द, मोगरा, मोतिया, मालती, रजनीगंध, रात की रानी, लाखी, बासन्ती, सूर्य विकासी (कमल), श्वेत कमल, हसीना, हार सिंगार।

श्री भद्रबाहु स्वामी विरचितं ग्रहशान्ति स्तोत्रम्

जगद्गुरुं नमस्कृत्य, श्रुत्वा सद्गुरु भाषितम्। ग्रहशान्ति प्रवक्ष्यामि, लोकाना सुख हेतवे ॥१॥ जिनेन्द्रः खेचरा ज्ञेयाः, पूजनीया विधि क्रमात्। पुष्पैर्विलेपनैर्धूपै, नैंवेद्यैस्तुष्टि हेतवे ॥२॥ पद्म प्रभस्य मार्त्तण्ड, श्चन्द्रश्चन्द्र प्रभस्य च। वासु पूज्यो भूमि पुत्रः, बुधोप्यष्ट जिनेश्वराः ॥३॥ विमलानन्त धर्माणा, शान्ति कुन्थुः नमिस्तथा। वर्द्धमानो जिनेन्द्राणां, पादपद्मे बुधं न्यसेत् ॥४॥ ऋषभाजित सुपार्श्वाश्चा, भिनन्दन शीतलौ। सुमतिः सम्भव स्वामी, श्रेयांसश्च बृहस्पतिः ॥५॥ सुविधे कथितः शुक्रः सुव्रतश्च शनैश्वरः। नेमिनाथो भवेद्राहु, केतुः श्रीमल्लिपार्श्वयोः ॥६॥ जन्म लग्ने च राशौ च यदा पीडन्ति खेचराः। तदा सम्पूजयेद्धीमान्, खेचरैः सहितान जिनान् ॥७॥

नवग्रह-पूजा

सूर्य पूजा—पद्मप्रभ जिनेन्द्रस्य, नामोच्चारेण भास्कर। शान्ति तुष्टिं च पुष्टिं च, रक्षा कुरु कुरु श्रियम् ॥८॥ चन्द्र पूजा—चन्द्रप्रभ जिनेन्द्रस्य, नाम्ना तारागणाधिपः। प्रसन्नो भव शान्ति च-रक्षा कुरु जयं ध्रुवम् ॥९॥ भौम (मंगल) पूजा—सर्वदा वासुपूज्यस्य, नाम्ना शान्ति जयश्रियम्। रक्षां कुरु धरासूनो, अशुभोऽपि शुभो भव ॥१०॥ बुध पूजा—विमलानान्त धर्माराः, शान्तिः कुन्थुनमिस्तथा। महावीरश्च तन्नाम्ना, शुभोभूयाः सदा बुधः ॥११॥ गुरु पूजा—ऋषभाजित सुपार्श्वाश्चा भिनन्दन शीतलौ। सुमतिः सम्भव स्वामी, श्रेयांसश्च जिनोत्तमः ॥१२॥ एतत्तीर्थ कृता नाम्ना, पूज्योऽशुभः शुभो भव। शान्ति तुष्टिंच पुष्टिं च कुरु देवगणार्चित ॥१३॥ शुक्र पूजा—पुष्पदन्त जिनेन्द्रस्य, नाम्ना दैत्य गणार्चित। प्रसन्नो भव शान्ति च, रक्षां कुरु कुरु श्रियम् ॥१४॥ राहु पूजा—श्री नेमिनाथ तीर्थेश, नामतः सिंहिकासुत। प्रसन्नो भव शान्ति च, रक्षां कुरु कुरु श्रियम् ॥१५॥ शनैश्चर पूजा—श्री सुव्रत जिनेन्द्रस्य, नाम्ना सूर्याङ्ग सम्भव। प्रसन्नो भव शान्ति च, रक्षां कुरु कुरु श्रियम् ॥१६॥ श्री केतु पूजा—राहो सप्तम राशिस्थ, कारेण हव्य सम्बरे। श्री मल्लिपार्श्वयोर्नाम्ना, केतो शांतिं जयश्रियम् ॥१७॥ इति भणित्वा स्वस्ववर्णं कुसुमाञ्जलिं क्षिप्य जिनग्रह पूजा कार्या। तेन सर्वपीडायाः शान्तिर्भवति ॥

सर्वग्रहाणां पीडायाशान्तिमयं विधि

नवकोष्टक मालेख्यं, मण्डलं चतुरस्रकम्। ग्रहास्तत्र प्रतिष्ठाप्या, वक्ष्यमाणाः क्रमेण तु ॥१८॥ मध्ये हि भास्करः स्थाप्यः, पूर्व दक्षिणतः शशी। दक्षिणस्यां धरासुनुः, बुंध पूर्वोत्तरेण च ॥१९॥ उत्तरस्या सुराचार्यः, पूर्वस्यां भृगु नन्दनः। पश्चिमायां शनिः स्थाप्यो, राहु दक्षिण पश्चिमे ॥२०॥ पश्चिमोत्तरत केतु, रिति स्थाप्या क्रमाद् ग्रहा। पट्टे स्थालेऽथ वाग्नेय्यां, ईशान्यां तु सदा बुधः ॥२१॥ आदित्य सोम मंगल बुध गुरु शुक्राः, शनैश्वरो राहुः। केतु प्रमुखाः खेटा, जिनपति पुरतोऽवतिष्ठन्तु ॥२२॥ इति भणित्वा पञ्चवर्ण कुसुमाञ्जलिं क्षिप जिनपूजा च कार्या। पुष्पगन्ध्यादिभिर्धूपैः, नैवेद्यैः फल संयुतै ॥२३॥ जिनानाम कृतोच्चारा देशनक्षत्र वर्णकैः। स्तुताश्च पूजिता भक्त्या, ग्रहाः सन्तु सुखावहाः ॥२४॥ जिनानामाग्रतः स्थित्वा ग्रहाणां तुष्टि हेतवे। नमस्कार शतं भक्त्या, जपेदष्टोत्तरं शतम् ॥२५॥ एवं यथानाम कृताभषेकै, रालेपनै-र्धूपन पूजनैश्च। फलैश्च नैवेद्यवरैर्जिनानां, नाम्ना ग्रहेन्द्रा वरदा भवन्तु ॥२६॥ साधुभ्यो दीयते दानं, महोत्साहो जिनालये। चतुर्विधस्य संघस्य, बहुमानेन पूजनम् ॥२७॥ भद्रबाहुरुवाचेदं, पञ्चमः श्रुतकेवली। विद्याप्रभावतः पूर्वाद् ग्रहशान्तिर्विनिर्मिता ॥२८॥

८४ रत्नों के नाम तथा उनकी पहिचान

१ माणिक (माणक)—लाल रंग का होता है। इसके धारण से सूर्य ग्रह की शान्ति होती है। २ हीरा—सफेदऔर गुलाबी रंग का होता है। इसके धारण से शुक्र ग्रह की शान्ति होती है। ३ पन्ना—सब्ज और गुलाबी रंग का होता है। इससे बुध ग्रह की शान्ति होती है। ४ नीलम—नीले रंग का होता है। इससे शनि ग्रह की शान्ति होती है। ५ लसनिया—बिल्ली के आख के समान होता है। इससे केतु ग्रह की शान्ति होती है। ६ मोती—सफेद होता है। किन्तु कहीं कहीं काला गुलाबी भी पाया जाता है। इससे चन्द्र ग्रह की शान्ति होती है। ७ मूंगा—लाल रंगका होता है। इससे मंगल ग्रह की शान्ति होती है। ८ पुखराज—पीला, सफेद एवं नीले रंग का होता है। इससे बृहस्पति ग्रहकी शान्ति होती है। ६ गोमेदक—लाल धूंएं के समान होता है। इससे राहू ग्रहकी शान्ति होती है। १० लालड़ी—गुलाब के फूल के समान होती है। २४ रत्ती के ऊपर होने से लाल कहा जाता है। ११ फीरोजा—आस्मानी रंग का होता है। किन्तु ये पत्थर नहीं, कांकरों में उत्पन्न होता है। १२ ऐमनी—अधिक लाल थोड़ा स्याहीपन लिये होता है। इसे मुसलमान अधिक पसन्द करते हैं। १३ जबर जद्द—सब्ज स्याही लिये हुए होता है। १४ तुरमनी—रंग पांच प्रकार के, जात पुखराज की है। लेकिन हल्का और नरम होता है। १५ उपल—रंग नाना प्रकार का, और इसके ऊपर एक तरह का अभ्र पड़ता है। १६ नरम—लाल जरदपन लिए होता है। १७ सुनहला—सोने में धुएं के समान होता है। १८ धुनेला—सोने मे धुएं के समान होता है। १६ कटेला—बैंगन के समान रग का होता है। २० संगेसितारा—बहुत प्रकार का रंग, ऊपर सोने का छींटा होता है। २१ स्फटिक बिल्लोर—सफेद रंग का होता है। २२ गउदन्ता—गौ के दात के समान थोड़ो जर्दी लिये सफेद रंग का होता है। २३ तामड़ा—काला सुर्ख रंग का होता है। २४ लुधिया—मजन्टा अथवा चिरमी (रत्ती) के समान लाल होता है। २५ मरियम—सफेद रंग का। इसकी पालिस अच्छी होती है। २६ मकनातीस—थोड़ा स्याहीपन लिये सफेद चमकदार होता है। २७ सिन्दूरिया—सफेदपन लिये गुलाबी रंग का होता है। २८ लीली—जात नीलम की है किन्तु नीलम से नर्म एवं थोड़ा जर्द होता है। २६ वैरूज—हल्का सब्ज। इसकी खान (टोड़ा) में है। ३० मरगज—जात पन्ने की, रंग सब्ज, इसमें पानी नहीं होता। ३१ पितोनिया—सब्ज के ऊपर सुर्ख छींटेदार होता है। ३२ बासी—सब्ज, हल्का और सगे सम से हल्का एवं नरम होता है। लेकिन पालिश अच्छी होती है। ३३ दुरेंलजफ़—कच्चे धान के समान रंग का। पालिश अच्छी होती है। ३४ सुलेमानी—काला ऊपर सफेद डोरा। ३५ आलेमानी—भूरा रंगदार ऊपर डोरा, जात सुलेमानी की। ३६ जजेमानी रंग पारे के समान, जात सुलेमानी की। ३७ सिवार—सब्ज ऊपर भूरे रंग की रेखा। ३८ तुरसावा—गुलाबीपन लिये जर्द होता है। पत्थर बहुत नरम होता है। ३६ अहवा—गुलाबी ऊपर बड़े बड़े छींटे होते हैं। ४० आवरी—कालापन लिये सोने के माफिक होता है। ४१ लाजवर्द—नीले रंग का होता है। ४२ कुदरत—काला रंग का होता है। सफेद एवं जर्द दाग होता है। ४३ चित्ती—काले ऊपर सोने का छींटा और सफेद डोरा मालूम देता है। ४४ संगेसम—जात दो। अंगूरी और सफेद। जिसमे अगूरी अच्छा होता है। ४५ लास—जात मारजर की। ४६ माखर—रंग पारे के समान। रंग लाल व सफेद मिला होने से सकराना कहलाता है। ४७ दाना फिरंग—पिस्ते के समान

१३, ४१, ४७, ४६ इन चार रत्नों का विवेचन, श्री सुरेन्द्र मोहन ठाकुर म्यूजिक डाक्टर रचित "मणिमाला" पुस्तक से जो कि श्रीयुत् बाबू बहादुर सिंहजी सिंघी (सघवी) से प्राप्त हुई।

थोड़ा सब्ज होता है। यह तीन प्रकार का है (१) सोनाकस* (२) लोहाकस (३) चांदीकस। अन्त के दो तो मिलते हैं। प्रथम का उपलब्ध नहीं होता। ४८ कसौटी—काला रंग। इससे सोने की कस की परीक्षा होती है। ४९ दारचना—चने की दाल के समान पीला तथा लाल टिकिया के मुताबिक स्याह जमीन पर होता है। ५० हकीके कुलबहार—सब्जपन के साथ जर्द मिला होता है। मुसलमान जपने की माला बनाते हैं। ये पत्थर जल में होता है। ५१ हालन—गुलाबी मैला। हिलाने से हिलता है। ५२ सिजरी—सफेद ऊपर श्याम दरख्त दीखता है। ५३ सुवेन जफ—सफेद में बाल के समान लकीर होती है। ५४ कहरवा—पीला रंग का। जिसका बोरखा तथा माला बनती है। ५५ झरना—मटिया रंग का। जिसमें पानी देने से सब पानी झर जाता है। ५६ संगेबसरी—आंख के सुरमे मे पड़ता है। रंग काला होता है। ५७ दांतला—जरदपन लिये सफेद। पुराने शंख की माफिक होता है। ५८ मकड़ी—सादापन लिये हुए काला। ऊपर मकड़ी के जाल के समान। ५९ सगीया - शंख के समान सफेद। इसका घड़ी का लाकेट बनता है। ६० गुदरी—नाना प्रकार के रंगवाला होता है। इसे फ़कीर लोग पहनते हैं। ६१ कासला—सब्जपन लिये सफेद होता है। ६२ सिफरी—सब्जपन लिये आस्मानी रंग का होता है। ६३ हदीद—भूरापन लिये स्याह, वजन का भारी होता है। मुसलमान इसकी तसबीह बनाकर जाप करते है। ६४ हवास—सोनापन लिये सब्ज होता है। औषधियों में काम आता है। ६५ सींगली—जाति माणिक (माणक) की। स्याही और सुर्खी मिला हुआ रंग होता है। ६६ ढेडी—काला रग। इसके खरल तथा कटोरे बनते हैं। ६७ हकीक—अनेक प्रकार के रंगों वाला, जिसका घड़ी का मुट्ठा, कधोरे एवं खिलौने बनते है। ६८ गोरी—अनेक प्रकार के रंगों वाला तथा सफेद सूत होता है। इसके कटोरे तथा जवाहर तौलने के बाट बनते है। ६९ सीचा—काला रंग। इसकी नाना प्रकार की मूर्त्तियां बनती हैं। ७० सीमाक—लाल, जर्द एवं कुछ स्याहमाइल होता है। ऊपर सफेद, जर्द और गुलाबी छींटा होता है। इसके खरल तथा कटोरें बनते हैं। ७१ मूसा—सफेद रंग। इसके खरल तथा कटोरे बनते हैं। ७२ पनधन—कुछ सब्जपन लिये काले रंग का होता है। ७३ अमलीया—कुछ कालापन लिये गुलाबी रंग का होता है। ७४ डूर—कत्थे के समान रंग का होता है। इसके खरल बनते हैं। ७५ तिलीमर—काला ऊपर सफेद छींटा। इसके खरल बनते हैं। ७६ स्वारा—सब्जपन लिये काले रंग का होता है। इसके खरल बनते है। ७७ पायजहर—सफेद पारे के समान रंग का होता है। विष के घाव पर घिस कर लगाने से घाव सूख जाता है। ७८ सिरखड़ी—मिट्टी के समान रंग का होता है। खिलौने बनते हैं। घाव पर घिस कर लगाने से घाव सूख जाता है। ७९ जहरमोहरा—कुछ सफेदपन लिये सब्ज रग का होता है। किसी विप मिश्रित चीज में इसको रख देने से विष का दोष जाता रहता है। ८० रतुबा—लाल रंग का। जिसको रात्रि में ज्वर आता हो तो गले में बांधने से आराम होता है। ८१ सोनामक्खी—नीले रंग का। औषधियों मे काम आता है। ८२ हजरतेयहूद—सफेद मिट्टी के समान। इससे मूत्रकी बीमारी में लाभ होता है। ८३ सुरमा—काला रंग। अंजन के काम आता है। ८४ पारस—काला रंग। इसको लोहे के लगाने से लोहा सोना हो जाता है।

मोती की जातियां तथा उनके नाम

गजमुक्ता। मत्स्यमोती। सर्पमोती। वांसभिरेके मोती। शंखकेमोती। खानके मोती। सूअरकेमोती।

---

* लोहे के टुकड़े पर नींबू के रस को निचोड़ कर रगड़ने से यह तीन कस होते हैं। दरद गुरदे में कमर में बांधने से आराम होता है।

मणियों के नाम

सूर्यकान्त मणि। चन्द्रकान्त मणि। इन्द्रनील मणि। पद्मराग मणि। मरकत मणि। सर्प मणि। करकेतक मणि। स्फटिक मणि। वेरुड्या मणि। लसनिया मणि। लाजवर्दी मणि। पुष्पराग मणि। गोमेदक मणि। मासर मणि। विजना मणि।

प्रत्येक ग्रह की शान्ति के लिये जो रत्न उपयुक्त बताये गये हैं, उन रत्नों को अंगूठी में इस प्रकार जड़ा कर पहनें कि उन रत्नों का सवदा अंगुली से स्पर्श होता रहे। इसीलिये इनके नाम तथा स्वरूप उपयोगी समझ कर दे दिये गये हैं।

नवग्रह सम्बन्धी अन्य उपयोगी बातें तथा नाम

सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र, तारे ये पांच ज्योतिष्क देवता हैं। जो आकाश में वर्तुलाकार परिभ्रमण करते हैं। इस जम्बूद्वीप व भरतक्षेत्र मे जैन धर्मानुसार दो सूर्य तथा दो चन्द्रमा हैं। ये दोनों ही ज्योतिष्क देवताओं के इन्द्र हैं।

८४ ग्रह माने गये हैं परन्तु वर्त्तमान समय मे इन ९ ग्रहों से ही काम लिया जाता है। उनके नाम ये हैं :—१ सूर्य। २ चन्द्रमा। ३ मंगल। ४ बुध। ५ बृहस्पति। ६ शुक्र। ७ शनिश्चर। ८ राहु और ९ केतु। ये भी अपनी अपनी गति के अनुसार आकाश में भ्रमण करते हैं।

इसी प्रकार आकाश मे अट्ठाइश नक्षत्रों की व्यवस्था है।

नक्षत्र

१ अश्विनी। २ भरणी। ३ कृत्तिका। ४ रोहिणी। ५ मृगशिरा। ६ आर्द्रा। ७ पुनर्वसु। ८ पुष्य। ९ अश्लेषा। १० मघा। ११ पूर्वा फाल्गुनी। १२ उत्तरा फाल्गुनी। १३ हस्त। १४ चित्रा। १५ स्वाति। १६ विशाखा। १७ अनुराधा। १८ ज्येष्ठा। १९ मूला। २० पूर्वाषाढ़ा। २१ उत्तराषाढ़ा। २२ अभिजित्त। २३ श्रवण। २४ धनिष्ठा। २५ शतभिषक। २६ पूर्वाभाद्रपद। २७ उत्तराभाद्रपद। २८ रेवती। तारे असख्य हैं। अश्विनी नक्षत्र से प्रारंभ कर बारह राशी मानी गई है। ज्योतिषी इन्हीं राशियोंसे मनुष्योंके शुभाशुभ का विचार करते हैं। बारह राशियोंके नाम तथा उनके अक्षर इस प्रकार :—

राशि तथा अक्षर

१ मेष—चू चे चो ला ली लू ले लो अ। २ वृष—इ उ ए ओ वा वी वू वे वो। ३ मिथुन—का की कू घ ङ छ के को ह। ४ कर्क—ही हू हे हो डा डी डू डे डो। ५ सिंह—मा मी मू मे मो टा टी टू टे। ६ कन्या—टो प पी पू प ण ठा पे पो। ७ तुला—रा रि रु रे रो ता ती तू ते। ८ वृश्चिक—तो ना नी नू ने नो या यि यू। ९ धन—ये यो भा भी भू धा फा ढ़ भे। १० मकर—भो ज जि जू जे जो खा खी खू खे खो गा गी। ११ कुभ—गू गे गो सा सी सू से सो दा। १२ मीन - दी दू थ झ ञ दे दो चा ची।

मेष, सिंह, धन राशि का चन्द्रमा पूरब मे होता है अतः इन राशि वालों को पूर्व में प्रयाण करते समय सन्मुख चन्द्रमा लेना चाहिये। वृष, कन्या, मकर राशि का चन्द्रमा दक्षिण में होता है। कर्क, मीन, वृश्चिक राशि का चन्द्रमा उत्तर मे होता है। सन्मुख चन्द्रमा अत्यन्त लाभदायक होता है। दाहिने चन्द्रमा धन सम्पत्ति का देने वाला होता है। पीठ पीछे का चन्द्रमा प्राण के हरण करने वाला और बायें चन्द्रमा धन का नाश करने वाला होता है। इसलिये दो चन्द्रमा शुभ है और दो अशुभ है अतः शुभ चन्द्रमा में ही गमन विचार करना चाहिये।

सोमवार और शनिवार को पूरब में दिशाशूल होता है अतः इस दिन पूर्व में गमन न करना चाहिये। इसी तरह बुध और मंगल को उत्तर दिशा में, रविवार और शुक्र को पश्चिम दिशा की तरफ और बृहस्पतिवार को दक्षिण में दिशाशूल होता है अतः इन दिनों में इन दिशाओं में गमन न करना चाहिये। दिशाशूल बायां अच्छा होता है। एकम व नवमी को पूरब में योगिनी होती है। तीज व एकादशी को अग्निकोण में योगिनी होती है। अमावस व अष्टमी को ईशानकोण मे योगिनी होती है। दूज व दशमी को उत्तर में योगिनी होती है। पूर्णमाशी व सप्तमी को वायव्यकोण में योगिनी होती है। छठ और चतुर्दशी को पश्चिम में योगिनी होती है। चौथ और बारस को नैऋृत्यकोण में योगिनी होती है। पंचमी और तेरस को दक्षिण में योगिनी होती है। बायीं योगिनी सुख देने वाली होती है। पीठ पीछे की योगिनी मनोवांछित फल देने वाली होती है। दाहिनी योगिनी धन का नाश करती है। सन्मुख योगिनी मौत की निशानी है। अतः पिछली दोनों टाल देनी चाहिये। मुहूर्त्त देखने वालों को इन बातों का विशेष ख्याल रखना चाहिये। सब दोषों को टाल कर शुभ मुहुर्त्त निकालना चाहिये। मुहुर्त्त निकालने में सरलता हो अतः संक्षिप्त विवरण दे दिया गया है।

दिन का चौघड़िया

र	चं	मं	बु	गु	शु	श
उ	अ	रो	ला	शु	चं	का
चं	का	उ	अ	रो	ला	शु
ला	शु	चं	का	उ	अ	रो
अ	रो	ला	शु	चं	का	उ
का	उ	अ	रो	ला	शु	चं
शु	चं	का	उ	अ	रो	ला
रो	ला	शु	चं	का	उ	अ
उ	अ	रो	ला	शु	चं	का

रात का चौघड़िया

र	चं	मं	बु	गु	शु	श
शु	चं	का	उ	अ	रो	ला
अ	रो	ला	शु	चं	का	उ
चं	का	उ	अ	रो	ला	शु
रो	ला	शु	चं	का	उ	अ
का	उ	अ	रो	ला	शु	चं
ला	शु	चं	का	उ	अ	रो
उ	अ	रो	ला	शु	चं	का
शु	का	चं	उ	अ	रो	ला

आशंसा

हो सका यदि यह कहीं अज्ञानतम का दीप धारण,
एक भी जन जैन यदि इससे हुआ उपकार भाजण।
यदि विपथ का पान्थ कोई कर सका निज मार्ग धारण
हो सकेगा श्रम सफल इस ग्रन्थ का संकलन कारण॥

॥ समाप्तोऽयं ग्रन्थः ॥